दर शहरे कूराँ आदमे यकचश्मी बादशाह अस्त।	अन्धो में काना राजा।
दर ज़िर्फ़ खाली सदा ज़ियाद बुवद।	थोता चना बाजे घना।
सलामत दर खमूशी अस्त।	सब से भली चुप।

(उपरोक्त कहावतो में बाद में वृद्धि की गई है)

फ़ारसी	उर्दू
मूए बीनीए कसे बुदन।	किसी की नाक का बाल होना।
नमक बर सोख़्ता पराशंदन।	जले पर नमक छिड़कना।

ख़ोद

ख़्वाब बरादरे मर्ग अस्त।	सोया मरा बराबर।
ख़्वास्तन तवानिस्तन अस्त।	जहाँ चाह वहाँ राह।
ख़्वाह संग बर शीशा जन व ख़्वाह शीशा बर संग, दर हर दो हाल शीशा ख़्वाहद शिकस्त।	चाहे खरबूज़ा छुरी पर गिरे या छुरी। खरबूज़े पर, नुक़्सान खरबूज़े का ही है।
ख़्वाही अज़ीज़ शवी या दूर शौ या कूर शौ।	क़द्र मरे पीछे होती है या बिछड़े पीछे, मुहब्बत दूर की चटनी अमचूर की।
ख़ूब गो ख़ूब बिशिनव।	न तो कह न तो सुन न भूत मे डीला डालो न छीटें उड़ें।
ख़ूबी गुम नमी शवद।	नेकी बरबाद नहीं होती।
ख़ुदरा फ़ज़ीहत दीगरां रा नसीहत।	दूसरो को नसीहत आप को फ़ज़ीहत।
ख़ूने नाहक़ हरगिज़ न मी ख़्वाबद।	ख़ूँ सिर चढ़कर बोलता है।
दारोग़ा बिया मरा बिगीर।	आ बैल मुझे मार।
दरख़्ते पुर बार संग मी ख़ूरद।	जहाँ बेरी होती है, पत्थर आते ही हैं (जहाँ बेटी होती है, बर आते हैं)।
दर दरवाज़ा हा रा तवांग बस्त, दिहान ख़ल्क़ रा न तवां बस्त।	मारते का हाथ पकड़ा जाता है, कहते की ज़बान नहीं पकड़ी जाती।

फ़ारसी	उर्दू
दस्त अज़ सरे कसे बरदाश्तन।	सिर पर से हाथ उठा लेना।
दस्त अज़ यक्क़ए कसे बर नदाश्तन।	गिरेबाँ पकड़ लेना।
दस्त बर सर ओ रूए कसे कशीदन।	सिर पर हाथ फेरना।
दस्त बुरीदा बूदन अज़ चीज़े।	हाथ कटकर रह जाना।
दस्त बदस्त दादन।	हाथ में हाथ देना।
दस्त बसियाह् ओ सफ़ेद न गुज़ाश्तन।	किसी के सियाह ओ सुफ़ेद से मतलब न रखना।
दस्त पेशे कसे दराज़ करदन।	किसी के आगे हाथ फैलाना।
दस्त रूए दस्त गुज़ाश्तन।	हाथ पर हाथ धरकर बैठना।
क़वी दर आँजा न परद।	वहाँ परिन्दा पर नहीं मारता।
गिरह् बर बाद मी ज़नद।	हवा में गिरह् लगाता है।
ज़मीं रा बा आसमाँ मी दोज़द।	ज़मीन आसमाँ के कुलाबे मिलाना।
मार दर आसतीन परवरदन।	आसतीन में साँप पालना।
मुर्ग़ रा ब शिगाल सिपुरदन।	चोरों के हाथ मोर भरवाना।
मिस्ले देव अज़ लाहौल गुरेख़्तन।	ऐसे भागना जैसे लाहौल से शैतान।

फ़ारसी	उर्दू
ख़ूने जिगर ख़ुर्दन।	ख़ून जिगर पीना।
ख़ूँ बचश्महाए कसे रा गिरफ़्तन।	आँखों में ख़ून उतरना।
ख़ूने ख़ूँरा ख़ुर्दन।	ख़ून के घोंट पीना।
ख़ूने कसे रा जोश आमदन।	ख़ूँ का जोश मारना।
ख़याबाँ गज़ करदन।	ज़मीं का गज़ करना।
ख़याली पिलाव पुख़्तन।	ख़याली पुलाव पकाना।
ख़ुम ब आबरू नयावुर्दन।	आबरू पर बल न आना।
दामन बर आतिश ज़दन।	शोलों को हवा देना।
दामन बर कमर ज़दन।	कमर कसना।
दर बाग़े सब्ज़ निशान दादन।	सब्ज़ बाग़ दिखाना।
दर पोस्ते ख़ुद न गुंजीदन।	खाल मे न समाना।
दर शशदरे हैरत उफ़्तादन।	हैरान और शशदर रह जाना।
दर किश्ती निशिस्तन ब बा नाख़ुदा जंगीदन।	दर्या में रहना और मछली से बैर।
दस्त अज़ जाँ शुस्तन।	जान से हाथ धोना।
दस्त अज़ चीज़े शुस्तन।	किसी चीज से हाथ धोना।

फ़ारसी	उर्दू
आब दर दिहान आमदन।	मुँह में पानी आना।
आब दर दीदा न दाश्तन।	आँख का पानी ढलना।
आब देज़ीरा अफज़ूदन।	(मेहमान आ जाए तो) दाल में पानी बढ़ा दे।
आब शुदन।	शर्म से पानी पानी होना।
आबशुदने ज़ोहरा।	पित्ता पानी होना।
आबे कसे रा बुर्दन।	किसी की आबरू लेना।
आतिशरा दामन ज़दन।	आग को हवा देना।
आफ़ताब ब गिल अन्दूदन।	चान्द पर ख़ाक डालना।
हाले कसे रा जा आवुर्दन।	तबीयत साफ़ कर देना।
हब्बास कुब्बा कर्दन।	तिल का पहाड़ बनाना, राई का पहाड़ बनाना।
हर्फ़े तोई हर्फ़ आवुर्दन।	बात से बात निकलती है।
हरफ़हाई अज़ दिहाने ख़ुद मन्दातर ज़दन।	बड़ा बोल बोलना, छोटा मुँह बड़ी बात।
ख़ार दर चश्मे कसे बूदन।	किसी का दायाँ या बायाँ खुलिया होना।
ख़ाया माली कर्दन।	ख़ुसिए सहलाना।
ख़रोश मी ख़्वानद।	उस का तूती बोल रहा है।

फ़ारसी	उर्दू
हनूज़ मस्जिद साख़्ता नशुदा कि कूरे बर दरश निशिस्त ।	लोबान जला नहीं मुर्दे आने शुरू हुए ।
हीच दाना बच्चए बुतरा न याजमूदा शना ।	मछली के जाए को तैरना कौन सिखाए ।
हीच कस अज़ शिकमे मादर आलिम न जादा अस्त ।	माँ के पेट से सीख कर कोई पैदा नहीं होता ।
हीच कसरा बगोरे दीगरे न नमी गज़ारदं ।	कोई किसी की क़ब्र में नहीं सोता ।
हीच कस नज़नद बर दरख़्ते बे बर संग ।	जहाँ बेरी होती है वहाँ पत्थर आते ही हैं ।
यक तीर ओ दो निशान ।	एक पन्थ दो काज ।
यक ज़देन आहंगर सद ज़दने ज़रगर ।	सौ सुनार की एक लोहार की ।

मुहाविरे

आब अज़दिहान सरा ज़ेर शुदन या आब उफ़्तादन दिहान ।	मुँह से राल टपकना या बहना ।
आब अज़ सर गुज़श्तन ।	पानी सिर से गुज़रना ।
आब बाज़ करदने दिहान ।	मुँह में पानी आना ।
आब ब पोस्त आमदन ।	मुँह पर पानी फिरना ।
आब बर अतिश ज़दन ।	जले पर पानी छिड़कना ।
आब बर चश्म नदाश्तन ।	आँख का पानी मर जाना ।
आब दरदिल तकान नमीखुरद ।	पेट का पानी न हिले ।

फारसी	उर्दू
नाखुन नदारद कि पुश्त खारद ।	खुदाने गंजे को नाखुन न दिये जो सिर खुजलाए ।
नाज बर आँकुन कि खरीदारे तस्त नाज़कश बारी नाजकुन न दारी पायत रा दराज़कुन ।	मानकर मानदार सेसौदा कर खरीदार से ।
नाने गंदुम फौलादीत मी ख्वाहद ।	गेहूँ की रोटी हज़्म करने के लिये फौलाद का मादा चाहिए ।
नकूईकुन व दर आब अन्दाज ।	नेकी कर और दर्या में डाल ।
नोकरे मा नोकर दारद नौकरश हम चाकर दारद ।	नोकर आगे चाकर सैया । मैं भक सरकार के, मेरे घर भरे सक्का ।
नेकी नेक रा बदी बदरा ।	नेकी नेक बदी पेश ।
हरचि न हिम्मतश जनी, गदश जियादा शवद ।	जितना छाँ उतना ही करकरा ।
हरचि दर देग अस्त बकमचा बर मी आयद ।	जो कुछ हंडिया में हो वही डोई में आयेगा।
हरचि कारी बदरवी ।	जो बोओगे सो काटोगे।
हर खरे रा बयक चूब नमी राननन्द ।	घोड़े गधे को एक ही लाठी से नहीं हाँका जाता ।
हर कि दर काने नमकरफ्त नमकशुद।	नमक की खान में हर चीज नमक ।
हमीन गो व हमीं मी दान ।	यही गो और यही मैदान ।
हुनज दिल्ली दूर अस्त ।	अभी दिल्ली दूर अस्त है ।

फ़ारसी	उर्दू
माले हराम बूद ब जाए हराम रफ़्त।	हराम का माल जैसा आता है वैसा जाता है।
माह अज़ कुदाम तरफ़ दर आमदा।	आज चाँद किधर से निकल आया ?
माहे बुज़ुर्ग माहे कूचकरा मी ख़ूरद।	बड़ी मछली छोटी मछली को खाती है।
मिस्ले तपाला–ए–गाव न बू दारद न खासियत।	बिल्ली का गू न लीपने का न पोतने का।
मरा ब क़बरे शुमा नमी गुज़ारन्द।	मुझे तुम्हारी कबर में थोड़ा ही सोना है।
मुर्दा शवा ज़ामिने बहिश्त ओ जहन्नम नीस्त।	मुर्दा जन्नत में जाये या दोजख में (यारों को तो अपने हलवे माण्डे से काम।
मुर्ग़ाबी बचा रा शना न बायद आमोख़्त।	मछली के जाये को कौन तैरना सिखाए।
मुर्ग़ कि फर्बा बिशवद कूनश तंग मी गर्दद।	जितनी मोटी मुर्ग़ी उतनी ही दुम सुकीड़े।
मगर रीश तरा दर आसियाब सफ़ेद कर्दा ई ?	क्या धूप में बाल सुफ़ेद किये हैं ?
मूर हमाँ बदकि न बाशद परश।	चिऊँटी के पर लगे अब खैर नहीं।
मूरे कि पर बरारद उमरिश रसद ब आख़िर।	चिऊँटी के पर निकल आये हैं।
मूश ब सूराख़ नमी रफ़्त जारूब ब दस्त बस्त, या, मूश ब सूराख़ नमी रफ़्त जारूब ब दम बस्त।	चूहा बिल में समाता नहीं, दुम से बांधे छाज।
मैमून बला गरदने तवीलास्त।	बंदर की बला तबीले के सर।

फ़ारसी	उर्दू
इज़्ज़ते हर कस बदस्ते औनकस अस्त।	अपनी इज़्ज़त अपने हाथ है।
इश्क़ ओ मुश्क पिनहान नमीबाशद।	इश्क़ और मुश्क छुपाये नहीं छुपता।
इल्लत बिरवद आदत न रवद।	इल्लत जाये आये आदत क्योंकर जाये।
कसम बराए ख़ुरदन अस्त।	कसम खाने के लिये है।
कस न गोयद दूगे मन तुर्शस्त।	अपनी छाछ को कौन खट्टा बताता है?
कमतर बिख़ूर व नौकर बिगीर।	कम खाओ और नौकर रक्खो।
कूरचि ख़्वाहद दुचश्म या कूरचि ख़्वाहद बजुज दो दीदये रौशन।	अन्धा क्या चाहे दो आँखें।
कोह कन्दन व मूश बर आवुर्दन।	खोदा पहाड़ निकली चुहिया।
कि हीच कस न ज़नद बर दरख़्ते बे बर संग।	जहाँ बैरी होती है वहाँ पत्थर आते ही हैं।
गुर्ग ओ मेश बाहम आब मी ख़ूरद।	शेर बकरी एक घाट पानी पीते हैं।
गोसाला ब ज़ोरे मेख मी जिहद।	बछड़ा खूँटे के बल कूदता है।
गोश्तरा अज नाख़ुन या उस्तुख़्वान जुदा न मी तवानद कर्द।	गोश्त नाख़ुन से जुदा नहीं होता।
गोश्त ओ पोस्तश अज़ तू उस्तुख़्वानश अज मन।	गोश्त तुम्हारा और हड्डियाँ हमारी। या गोश्त गोश्त तुम्हारा और हड्डियाँ सब हमारी।
मार दर ख़ाना रास्त अस्त।	(साँप सब जगह लहराता है पर) बिल में सीधा जाता है।

फ़ारसी	उर्दू
सर सलामत बाशद, कुलाह बिसियार अस्त ।	सिर सलामत रहे जूते बहुत हैं ।
संगी रान तवान बरदाश्त बायद बोसीद व बिगुज़ाश्त ।	भारी पत्थर देखा चूमा और छोड़ दिया ।
सुलेमाने बेईमान यकमन आरद व नीम मन नान ।	सुलेमाने बेईमान । — —
शुतर सवार दोला दोला मी रवद ।	ऊँट की चोरी और झुके झुके, ऊँट की सवारी और झुके झुके ।
शराबे मुफ्त रा काज़ी गम ख़ूरद ।	मुफ़्त की शराब काज़ी को भी हलाल है।
शर्मे उरूस अज़ बेचादरी अस्त ।	इसमत बीबी अज बे चादरी ।
शमा पुश्त व रू नदारद या शमारा पुश्त ओ रू न बाशद ।	शमा का पुश्त ओ रू बराबर है ।
सदा अज़ हर दो दस्त बर मी आयद ।	एक हाथ से ताली नहीं बजती ।
सद पतक ज़रगर, एक पतक आहिनगर ।	सौ सुन्नार की एक लौहार की ।
सद दर शवद कुशादा अगर बस्ता शुद दरे ।	एक दर बन्द और सत्तर दर खुले ।
आमिने बहिश्ते दोज़ख़श नीस्तम मुर्दारा पाक बायद बिशवीम ।	यारों को तो अपने हलवे माण्डे से काम उनकी (या अपनी) बला से मुर्दा जहन्नम में जाग या जन्नत में ।
ताऊस रा बनक़्शओ निगारी कम अस्त ख़ुल्क़ । हसीन कुनंद बऊ ख़जिल अज़ पाएं ज़श्ते ख़्वीश ।	मोर नाचता नाचता है पैरो को देखता है रह जाता है ।
आशिक़ कूर मी बाशद ।	आशिक अन्धा होता है ।
उरूस नमी तवानद बिरक़सद. कि गुफ़्त ज़ताक़ कज अस्त ।	नाचना न जाने आँगन टेढ़ा ।

फ़ारसी	उर्दू
दुज़्द हाजिर व बुज़ हाजिर ।	चोर हाजिर और ढोर हाजिर ।
दुज़्दे–न–गिरिफ्ता बादशाह् अस्त या दुज़्दे–न–गिरिफ्ता सुल्तान अस्त व पस अज़् गिरिफ्तारी गिरियान ।	बिना पकड़ा चोर साहू बराबर ।
दस्तरा दस्त मी शिनासद ।	हाथ को हाथ पहचानता है ।
दो दोता चहार ता अस्त ।	दो और दो चार होते हैं या तीन बीसी और साठ बराबर, या तीन बीसी बराबर साठ के ।
रीसमान सोख़्ता लेकिन कजीयश बेरून न रफ़्ता ।	रस्सी जल गयी बल न गया ।
ज़बान ज़ेरे ज़बान दारद ।	ज़बान के तले ज़बान है ।
ज़र कार कुनद मर्द लाफ़ ज़नद ।	दाम करे काम निकम्मा करे बातें ।
ज़मीन रा ब आसमान मी दोज़द ।	ज़मीन आसमान के कुलाबे मिलाता है ।
ज़ने बीस्त कि नीस्त ।	औरत बीवी और बीवी ।
ज़नदार रा यकज़न बेज़न रा सद ज़न ।	घरवाली का एक घर बेघरी के सत्तर घर ।
ज़न राज़ी शोहर राज़ी चो ज़बरिश क़ाज़ी ।	मियाँ बीबी राज़ी तो क्या करेगा क़ाज़ी ।
सुख़न ता गुफ्तन बुवद ज़ूँ गुहर चू गुफ्तन शुद अज़ ख़ाके रह तीरा तर (फ़िर्दौसी) ।	मुँह में रही जान है, मुँह से निकली पुकार है ।
सख़ी व बख़ील हर साल बराबर मीशवद ।	सखी व सूम बरसवीं दिन बराबर होते हैं ।

फ़ारसी	उर्दू
ख़र ब आदम लगद बिज़नद। आदम ब ख़र लगद न ज़नद।	कुत्ता आदमी के काटता है आदमी कुत्ते के नहीं काटता।
ख़र पीर व अफ़सार रंगीन।	बुड्ढी घोड़ी लाल लगाम (आंखो के लौंडो, करो सलाम)।
ख़ुरमा नतवान ख़ुरद अज़ ईं ख़ार कि कह कुश्तीम।	पेड़ बोए बबूल के आम कहाँ से खाए। (पूत हुये कुपूत सुख कहाँसे पाये)।
ख़ुरवार नमक अस्त मिसक़ाल हम नमक अस्त।	चोरी हीरे की भी और खीरे की भी।
ख़र ओ गाव ब यक चूब मी रानंद।	गधा घोड़ा एक लकड़ी से हांकता है।
ख़ुश्क ओ तर बाहम सोख़्तन।	गीली सूखी एक साथ जलती है।
ख़ुश असल ख़ता न कुनद बद असल वफ़ा न कुनद।	असल से खता नहीं कम असल से वफ़ा नहीं।
दरख़ाना-ए-मूर शबनम तूफ़ानस्त।	चिउँटिओ को मूत का रेला बहुत है, या मुर्ग़ी को तकले का घाव बहुत है।
दर मज़र-ए-दहर-जोंचिकारी दररवी।	जैसा बोओगे वैसा काटोगे।
दरवाज़ा-ए-शहर मी तवान बस्त वले ज़बान-ए-बद बस्त गोयान नमी तवान बस्त।	मारते का हाथ पकड़ा जाता है कहते की ज़बान नहीं पकड़ी जाती।
दरोग़गो रा बख़ाना अश बायद रसानद।	झूटे को झूटे के घर तक पहुँचाइए।
दर ख़ाना-ए-ख़ुद हर गदा शाहनशाहे अस्त।	अपने घरमें फ़क़ीर भी बादशाह है।

फारसी	उर्दू
पंज अंगुश्त बराबर नीस्त।	पाँचो उंगलियाँ बराबर नहीं होतीं।
पेशा-ए-कशावरजी, व सौदागिरी बाज फकीरी, पस अज़ आँ चाकरी।	उत्तम खेती, मध्यम ब्योपार, निखत चाकरी।
ता तनव्वुर गर्म अस्त नान तवान पुख्त।	गर्म तवे पर सबही दो रोटीयाँ डालते हैं।
तख्त-या-तख्ता या तख्ताए ताबूत।	तख्त या तख्ता (राज्य अथवा मृत्यु)।
ताजील कारे शयातीन बुवद।	जल्दी का काम शैतान का।
जिगर जिगर अस्त व दिगर दिगर।	जिगर जिगर है और दिगर दिगर या अपना अपना और ग़ैर ग़ैर।
जग बा निहंग करदन व दर दरया मानदन।	दर्या में रहना और मगर मछ से बैर।
चिख्वाहद कूर जुज़ दुचश्मे बीना।	अंधा क्या चाहे दो आँखें।
खुदा हमा चीज रा ब यक बन्दा नमी दिहद।	सारी खूबियाँ यकजा जमा नहीं होतीं।
खुदा यार मजलूमान अस्त।	गरीब का भी खुदा है।
खदीजा खबरचीन।	बी जमालो बहुत बकक।
खर अज़ गाव फरके न कुनद।	घोड़े गधे की तमीज़ नहीं।
खरबुज़ाखूर तरा ब पालीज़ चिकार।	तुझे आम खाने हैं या पेड़ गिनने हैं?

फ़ारसी	उर्दू
अगर ब शिकारे शिगाल बिरवी सामाने शेर कुन।	हिरन के शिकार को जाइए तो शेर का इंतिज़ाम करिए।
अंगूर ज़ अंगूर हमी गीरद रंग या, बले मेवा ज़ मेवा रंग रंग गीरद।	ख़रबूज़े को देखकर ख़रबूज़ा रंग पकडता है।
अव्वल बिसमिल्ला ग़लत।	पहली ही बिसमिल्ला गलत।
ईं गुले दीगर शिगिफ़्त।	यह नया शिगूफ़ा खिला या नया गुल खिला।
बा सैले सूरत–ए–ख़ुदरा सुर्ख़ दाश्तन।	तमाँचे मारमार कर मुँह लाल करना या रखना।
बाला तर अज सियाही रंग–ए–दिगर न बाशद।	काले के आगे चिराग नही जलता।
बच्चा ता न गिरियद, मादर शीर नदिहद या, ता नगिरियद तिफ़्ल कुजा नूशद लबन।	बिन रोये माँ भी बच्चेको दूध नहीं देती।
बिकुन नेकी ब दर्या अंदाज।	नेकी कर और दर्या में डाल।
बिगुफ़्तने आतिश दिहन न मी सोजद।	आग कहते मुँह नही जलता।
बलाए तवीला बर सरे मैमून।	तबीले की बला बन्दर के सर।
ब अंदाज़ा ए गलीम पा दराज़ कुन।	जितनी चादर देखिए उतने पैर पसारिये।
बहिश्त ज़ेर पा–ए–मादराँ।	माँ के पैरों तल्ले बहिश्त है।
पाए चिराग़ तारीक मी बाशद।	चिराग़ तल्ले अंधेरा।

फ़ारसी	उर्दू
आब ब पस्ती मी रवद, या आब रा, मैल ब जानिबे-पस्ती अस्त।	पानी नशेब में मुरता है या पानी ढलाँ की तरफ बहता है, या जहाँ गढ़ा वहीं पानी खड़ा।
आब कि अज़ सर गुज़श्त चि यक गज़, चि सद गज़, या आब कि अज़ सर गुज़श्त चि यक नै या सद नै।	पानी जब सर से गुज़रा तो क्या मुट्ठी या क्या बाँस।
आदम ब उमीद ज़िन्दास्त।	उमीद पर ज़िन्दगी क़ायम है।
आदमियाँ सख़ुन बस बुवद गाव बुवद कम बला दर पस बुवद।	भले घोड़े को एक चाबुक और भले आदमी को एक बात।
आफ़ताब ब ज़र्दी उफ़ताद तबुल ब जल्दी उफ़ताद।	चिराग में बत्ती पड़ी लाडू मेरी पलंग चढ़ी।
आख़िर गुज़रे बुज़ ब दब्बाग़े ख़ाना अस्त।	(बकरी की माँ कबतक ख़ैर मनायेगी) कभी न कभी छुरी तले आयेगी।
अगर कारिदश बिजनी ख़ूनश हम दर नमी आयद।	अगर काटो तो लहू न निकले।
आँचे दर देग अस्त बकमचा मी आयद।	जो हाँडी में है वही दोई में आयेगा।
आँकदर कि रूए ज़मीन अस्त दो आँकदर ज़ेरज़मीन अस्त।	जितना ज़मीन के ऊपर है, उतना ही ज़मीन के नीचे।
अज़ गिरह—ए—ऊ चि मी रवद।	उसकी गिरह से क्या जाता है।
अज़ यक दस्त सदा बर न ख़ेज़द।	एक हाथ से ताली नहीं बजती।
अस्बे पेशकशी बदन्दानश निगाह न कुनन्द।	माँगे बैल के दाँत कौन देखता है?

क़ायम हो जाता है जो फिर अवेस्ता और फारसी बास्तान से जा मिलता है। चूँकि इस ज़बान में दूसरी ज़बानों से शब्दों से ज़्यादा विचारों को अपने में जज़्ब करने क्षमता थी इसी कारण हिन्दुस्तान के जिस प्रदेश में भी इस का परिपोष हुआ यह स्थानीय बोलियों और भाषाओं से अधिक सशक्त रही।

जिन लोगों ने उर्दू भाषा के साहित्य का इतिहास लिखा है उन्होंने भाषा की अभिवृद्धि को समझाने के लिए शायरों के दीवानों और गद्य साहित्य अंशो का सहारा लिया है और भाषा की उम्र साढ़े तीन सो साल या ज़्यादह से ज़्यादह चार सो साल बतायी हैं। लेकिन लेखक की यह राय है कि उर्दू ज़बान की बुनियाद तो उसी ज़माने में पड़ गयी थी जब तुर्क हमलाआवरो ने इस महाद्वीप की ओर रुख़ किया और औरंगज़ेब के काल तक पूरे तौर पर जीवन के सभी अंगों के विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन गयी थी क्योंकि किसी भाषा में कहावतो का होना इस बात का सबूत है कि भाषा उद्दिष्ट वस्तु की अभिव्यक्ति के लिए परिपक्व हो गयी है और जनता नें अपने अनुभवो और अवलोकन को तराश और खराश के बाद संक्षिप्त रूप में बल्कि पर्याप्त शब्दो में इकठा किया है। इस दावे की सब से बड़ी दलील जाफर जटल्ली का दीवान है। यद्यपि इस को गद्य और पद्य का उत्तम नमूना नहीं माना गया है मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि भाषा की अभिवृद्धि की दृष्टि से इस का कहा संग–ए–मील की हैसियत रखता है।

निम्न में वाचकों के परिशीलन के लिये वे चन्द कहावतें पेश कीजा रही हैं जो फ़ारसी से उर्दू में मुतकिल हुयी हैं। ये कहावते किस नियम के अनुसार मुंतकिल हुयी हैं इसके लिये कोई एक नियम बनाया नही जा सकता क्योंकि हम देखते हैं कि कही तो ये फारसी के शब्दश. अनुवाद हैं और कही फारसी के अर्थ को अपने सरल और सादा शब्दो में ढाल लिया गया हैं और कुछ जगहों पर समाजी और भौगोलिक आवश्यकताओ के कारण उन में परिवर्तन भी कर लिया गया है।

कहावतो के बाद वे चन्द मुहाविरे जो फारसी से तर्जुमा होकर उर्दू में आये है, दर्ज कर दिये गये है। यद्यपि कहावतो के अर्थ में तो उर्दू और फ़ारसी में तनिक भी फर्क़ नही आया है। मगर मुहाविरों के अध्ययन से अदाज़ा हो सकता है कि चन्द मुहाविरे जो उर्दू में अब तक राइज हैं फारसी में परित्यक्त है और कुछ का अर्थ बदल गया है। मिसाल के तौर पर "बाग सब्ज़ निशान दादन" या 'सब्ज बाग दिखाना' को ही ले लीजिये। फ़ारसी में इसका अर्थ किसी को प्रोत्साहन देना और उस को आशायुक्त करना या आस बन्धाना है और उर्दू में उसका मतलब यह है कि किसी को धोका देकर अपना मतलब पूरा करना और मतलब पूरा हो जाने पर उस को बीच राह में छोड़ देना। इसी तरह से "काटो तो लहू न निकले"। अब से सत्तर पचहत्तर साल पहले तक इन मुहाविरे का मतलब वही था जो आज भी फ़ारसी में है। फ़ारसी में इस का मतलब है किसी शख़्स का गुस्से से इन्तिहायी ग़ज़बनाक हो जाना। मसलन् कहेंगे "फलाने मिस्ले बुर्जे ज़हरे मारे तिश्ना बूद, सबीलश रा मी ओयद व अगर कारिदश मी ज़दन्द खूनश बर नमी आमद..' लेकिन उर्दू में यह मुहाविरा उस वक़्त बोला जाता है जब संकट और आतंक की परिस्थिति हो। अब आप उर्दू और फारसी की कहावतें और मुहावरे मुलाहिज़ा फरमाइये :

अरबों के हमले के बाद बस्तियों के उजड़ने बसने, फ़ौजों की मुतवातिर हरकत, और आबादियों के एक जगह से दूसरी जगह मुंतक़िल होने के कारण पहलवी और दरी के दरमियान कोई सुदीर्घ हद क़ायम न रह सकी और दोनों लहजों की मिलावट से एक नयी ज़बान यानी फ़ारसी वजूद मे आयी (लेकिन बोलचाल की ज़बान चाहे दरी हो या पहलवी, आज भी भिन्न प्रकार की हैं) और चूंकि दो भाषाओं का मिश्रण है इस लिये आज तक कोई सर्वमान्य व्याकरण की पुस्तक तैयार नहीं हो सकी है और जितने भी नियम और क़ाइदे फ़ारसी ज़बान के मुरत्तब हुये है उन मे से कोई भी निरपवाद नहीं है। पहलवी और दरी की भिन्नता के निरपेक्ष हम उर्दूभाषी दोनो ही के ऋणी हैं क्यों कि हमारी ज़बान की आबयारी दोनो ही ने की है।

यद्यपि फारसी (लिखित भाषा) को पहलवी या दरी लहजे से अलग नहीं किया जा सकता लेकिन कहावतो और मुहाविरो के बारे मे खोज की जाये तो मालूम होगा कि फारसी कहावतों का सरचश्मा पहलवी ही है।

अरबो के हमले बाद मे सुल्तान महमूद गजनवी के अवायले ओहद तक तमाम दीवानी मामले पहलवी मे अजाम पाते थे लेकिन यह लिपि इस तरह जटिल और उलझी हुई है कि उस को सहीह पढ लेना मानो एक पहेली हल करना सा है। इस कठिनाई के पेशेनज़र सुल्तान महमूद के वज़ीर हसन मैमन्दी ने मसलहत इस बात मे देखी कि पहलवी रस्मुल ख़त को कूफ़ी लिपि से बदल दिया जाये। इस तबदीली का नतीजा यह हुआ कि लिपि के जानने वाले जो पहले ही कम थे अब बड़ी तेज़ी से विरल होने लगे। इस काल के साहित्यकारों और शायरो को यह ख़तरा महसूस होने लगा कि अगर पहलवी की अवनति का यही हाल रहा तो वह दिन दूर नहीं कि पहलवी साहित्य पूर्णतः नष्ट हो जाये। इस ख़तरे के पेशे नज़र पहलवी ज़बान की बहुत सी किताबें फ़ारसी रस्मुल ख़त मे मुन्तकिल होने लगी जिन मे सब मे ज़्यादह मारूफ़ मसनवी वेस ओ रामीन है। यह मसनवी एक प्रेमकथा है जो पहलवी में लिखी गयी थी और उस को फ़ख़रुद्दीन गुरगानी ने फ़ारसी में रूपान्तरित कर दिया। यहाँ वेस ओ रामीन की कथा या उसके गुणदोष बयान करना उद्दिष्ट नहीं बल्कि यह देखना है कि ऐसी कौनसी कहावतें हैं जो पहलवी ज़बान में थीं और फ़ारसी ज़बान में मुन्तक़िल हुईं। यहाँ सब का उल्लेख करना तो असम्भव होगा। अलबत्ता एक कहावत नमूने के तौर पर पेश की जाती है। फारसी की एक बहुत मशहूर कहावत है :

तू नेकी मी कुन व दर दजला अन्दाज़ (सादी)

(तू नेकी कर और दजला नदी में फेंक दे।)

और यही कहावत वेस ओ रामीन की दास्तान में इस तरह आयी है यानी "नेकी की दर दरयाब अंदाज कि रोज़ी गस्ता लोलू या बेशबाज" इस मिसाल से ज़ाहिर है कि यह कहावत पहलवी से ही फारसी में मुंतक़िल हुयी है और यही कहावत उर्दू में "नेकि कर और दर्या में डाल" की सूरत में तर्जुमा होकर आयी है और हम कह सकते हैं कि अगर एक तरफ़ हमारी ज़बान के रिश्ते हिन्दी के जरिये संस्कृत से जा मिलते हैं तो दूसरी तरफ़ फ़ारसी के वास्ते से राबिता पहलवी ज़बान से

(जो शख्स, दरी भाषा की प्रकृति और साहित्य का स्वरूप जानता है वह हाफ़िज़ की दिलचस्प शायरी से परिचित होता है और समझ सकता है।)

ज़ मन ब हज़रते आसिफ कि मी बरद पैग़ाम
कि याद गीरद ब मिस्रा ज़ मन ब नज़्मे—दरी

इस के विपरीत फख़रुद्दीन गुरगानी ने अपनी दास्ताने—वीसरामीन को पहलवी में रचित बताया है।

मारा यक रोज गुफ्त आँ किब्लए—दीन
चि गोयी दर हदीसे वीस ओ रामीन ?
कि मी गोयन्द चीज़े सख्त नेकूस्त
दर ईं किश्वर हमा कस दारदश दोस्त
बिगुफ्तम काँ हदीस सख्त ज़ेबास्त
ज़ गिर्द आवुर्दा—ए—शिश मर्द—ए—दानास्त
न दीदम नकूतर दासताने
न मानद जुज़ ब खुर्रम् बोस्ताने
व लेकिन पहलवी बाशद ज़बानश
न दानद हर कि बख़्वानद बयानश

इस्फ़हान से हमदान तक फैले हुये पहाड के दामन पर बसने वाले पहलवी के अलावा बख्तयारी और तुर्की ज़बानें और उनके लेहजे भी बोलते हैं लेकिन अक्सरियत की जबान पहलवी ही है। मौजूदा अफ़ग़ानिस्तान और ख़ुरासान के बाशिन्दे दरी बोलते हैं।

पहलवी और दरी बोलनेवालो मे वही चशमक चली आती है जो पंजाब और यू. पी. के उर्दूदान हज़रात में कभी रहा करती थी। दरी बोलनेवालो का दावा है कि वे आज तक वही ज़बान बोलते हैं जो अनूशीरवान—ए-आदिल के दरबार मे कातिबत और मुरासिलत की ज़बान थी और उन की ज़बान दीगर ज़बानसे शुस्तातर और तरक्कीयाफ्ता तर है और चूँकि यह दरबार की अदबी भाषा रही थी इस लिये अरबों के हमले के बाद वाक्पटुओं ने उसे अलकृत और आरास्ता बनाया। दरी बोलने वालों का यह दावा सहीह भी है क्योकि हम देखते हैं कि सुलतान महमूद गज़नवी के दौर से सलजूकियो के काल तक इस लहजे को अदीवो, शायरों, फिलसुफियो, तबीबों और नजूमियों की सरपरस्ती हासिल रही। इधर पहलवी बोलनेवालो को यह अभिमान है कि हम उस जबान के वारिस और मुहाफिज़ हैं जो कभी सासानी दरबार में बोली जाती थी और खुद सासानी बादशाह इस जबान में बातचीत किया करते थे। वे अपनी भाषा को दरी से श्रेष्ठ समझते हैं क्योंकि दरी व्याकरण के नियमों मे फँसकर रह गयी और उन की ज़बान पहाडी दर्याओं की तरह अपनी मर्ज़ी पर रवाँ और दवाँ है और दस्तूरी (ग्रैमर) के नियमों से मुक्त है।

हमारी कहावतों पर फारसी का असर

डॉ. यूनुस जाफ़री

इस तथ्य से तो कोई इनकार नहीं कर सकता कि उर्दू जबान इसी महाद्वीप (हिन्द और पाकिस्तान) मे अनेक प्रदेशो मे विकसित हुयी। जिन इलाको मे उर्दू ने नश्व–ओ–नुमा पायी वहां पहले बहुत सी जबानें और मुख्तलिफ लहजे राइज थे जिन का असर उर्दू ने पूरे तौर पर कबूल किया। उन्हे हम आन्तरिक प्रभाव कह सकते हैं। इस ज़बान ने न सिर्फ दाखिली असरात को कबूल किया बल्कि यह दुनिया की दो महत्वपूर्ण भाषाओ के प्रभाव के अधीन भी रह चुकी है। सब से पहले इस को फारसी का आश्रय प्राप्त हुआ और जब मुगल हुकूमत का पतन हुआ तो यह अंग्रेजो के प्राबल्य मे आ गयी। अंग्रेज़ी जबान और अदब से उर्दू ने किस हदतक फायदा उठाया यह बात यहां चर्चा का विषय नहीं है। फारसी जबान ने जो कुछ उर्दू को प्रदान किया वह भी स्पष्ट और विदित है। यहां पर उर्दू और फारसी के मध्य मे जो साहित्यिक प्रकार सामान्य है उन की चर्चा करना उद्दिष्ट नहीं है। हम यहां सिर्फ उन कहावतो का उल्लेख करेंगे जो फारसी से किसी न किसी सूरत मे मुनतकिल होकर उर्दू ज़बान और अदब का अंश बन गयी है।

यद्यपि फारसी बोलनेवालो की सख्या उर्दू बोलनेवालो से बहुत कम है लेकिन इस में शक नहीं कि वह ज़मीन के विशाल और विस्तीर्ण प्रदेश पर विचारो की अभिव्यक्ति का साधन है। ईरान और अफगानिस्तान के अलावा फारसी रूसी तुर्किस्तान और अन्य उन सब इलाक़ों में जहाँ मुसलमान आबाद हैं, बोली और समझी जाती है।

इराक़ के उन इलाक़े में आज भी फारसी राइज है जो ईरान की सरहद से संलग्न है। अन्य शब्दों में इराक की आधी अबादी की बोलचाल की जबान फारसी ही है। चूंकि बड़े विशाल और वसीअ इलाक़े में बोली जाती है इस लिये उस के मुख़्तलिफ लेहजे भी हैं जिन में पहलवी और दरी के लेहजे सबसे ज्यादह मारूफ़ हैं। हम लोगो के लिये जिन की मादरीज़बान फारसी नहीं है ख्वाह मसनवी हो ख्वाह दीवान–ए–हाफ़िज या सादी की गुलिस्तान ओ बोस्तान, सब फारसी की ही किताबें हैं। लेकिन अहले जबान ने शायरो के कलाम की भी दर्जाबन्दी की है। चुनांचे हाफ़िज़ ने अपने अशआर को कलाम–ए–दरी कहा है।

ज़ शिअरे दिलकशे हाफ़िज़ कसे बुवद आगाह
कि लुत्फ़–ए–तबअ व सुख़न गुफ्ताने दरी दानद

(ख) नाटक (प्रहसन) – बूढ़े मुंह मुंहासे, भंग तरंग, श्रीदामा, तन मन धन गोसाईंजीके अर्पण, अमरसिंह राठौर, सती चन्द्रावली (दोनों ऐतिहासिक नाटक), कामिनी कलानिधि, वैज्ञानिक और भट्टाचार्य, दो मित्रों का सवाद (तीनों 'हिन्दु–बांधव' में प्रकाशित) आदि।

(ग) जीवनी – नव भक्तमाल, चैतन्य चरितामृत (आदि खण्ड का अक्षरशः अनुवाद) तथा पतित पावन श्री गौरांग।

(घ) उपन्यास – जाविश्री, विधवा विपत्ति, सौदामिनी (तीनों मौलिक), विरजा तथा मृणमयी (दोनों बगला से हिन्दी में अनुवाद)।

(ङ) परिहास – नापित स्तोत्र, रेलवे स्तोत्र, मूषकस्तोत्र, मिस्टर बूट, वैद्यराज स्तवराज, यमलोक की यात्रा आदि। (ये व्यंग्य पहले विभिन्न पत्रों में छपे, बाद में इनका स्वतन्त्र लघु पुस्तिओ के रूप में प्रकाशन हुआ)।

(च) अन्य गद्य – ग्रन्थ – विदेश यात्रा विचार, विधवा विवाह विवरण, शिक्षामृत, श्री वैष्णव बोधिनी (दोनों राधारमण सम्प्रदाय से सबन्धित), देशोपकारी निबन्ध संग्रह तथा भागवत दशम स्कन्ध की टीका (मूल लेखक बलवन्तराव भैयासाहब)।

इसके अतिरिक्त गोस्वामी जी आजीवन हिन्दी अनन्य सेवा में जुटे रहे। लार्ड रिपिन की शिक्षा योजना के समय गोस्वामी जी ने हिन्दी के समर्थन में इक्कीस हजार हिन्दी – प्रेमियो के हस्ताक्षर करवा कर शिक्षा कमीशन के पास भिजवाए थे। वस्तुतः इस कार्य से गोस्वामी जी की हिन्दी - जगत् में विशेष ख्याति स्थापित हुई। खड़ी बोली पद्य के प्रबल विरोधी होने पर भी उस युग के चर्चित व्यक्ति रहे।

इस प्रकार राष्ट्र, समाज एवं साहित्य की अनवरत सेवा करने वाला भारतेन्दु – युग का यह बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न महान व्यक्तित्व २५ दिसम्बर सन् १९२५ को मृत्यु के अंक में समा गया।

आज हिन्दी – जगत् का प्रमुख कर्तव्य हैं कि हिन्दी के इस महान रचनाकार के व्यक्तित्व और कृतित्व का सम्यक मूल्यांकन करने के लिए प्रतिबद्ध हो !

इनके गद्य के सुगठित सौष्ठव से प्रभावित हो 'सुदर्शन पत्र' के प्रसिद्ध विद्वान सम्पादक श्री माधवप्रसाद मिश्र ने इन्हें 'हिन्दी साहित्य का बाण भट्ट' कहा था।

कुशल पत्रकार

भारतेन्दु–युग में अनेक हिन्दी पत्र–पत्रिकाओ का उद्भव हुआ। प्रायः सभी प्रमुख साहित्यकारों ने पत्रों का सचालन और सम्पादन किया। फिर भी पत्रकारिता इस युग में प्रारम्भिक अवस्था में थी। उसका समुचित विकास और परिमार्जन नहीं हुआ था।

गोस्वामीजी इस युग के ऐसे पत्रकारो में से एक थे जिन्होने पत्रकारिता की कला को परिमार्जित करने का पूर्ण प्रयास किया। जहा इन्होने समसामयिक अनेक पत्र–पत्रिकाओ में अनवरत लिखने का क्रम जारी रखा वहां स्वयं साहित्य की समृद्धि और जन–साधारण की भावनाओ का प्रतिनिधित्व करने के लिए इन्होने वर्षो तक 'भारतेन्दु' नामक पत्र का सचालन और सम्पादन भी किया।

यद्यपि 'भारतेन्दु' का सर्व प्रथम प्रकाशन सन् १८८३ में लाहौर से पंडित ज्वालादत्त प्रसाद ने किया था, पर वह दो अको के बाद बन्द हो गया था। फिर सन् १८८३ में ही उनसे यह पत्र गोस्वामी जी ने ले लिया। इस प्रकार 'भारतेन्दु' लाहौर से वृन्दावन में स्थानान्तरित हुआ। बीच में थोड़ी रुकावट के अतिरिक्त यह पत्र १८८३से लेकर १८९० तक प्रकाशित होता रहा।

इस पत्र में उत्कृष्ट कोटि की साहित्यिक रचनाओ का प्रकाशन होता था। इसके अधिकांश लेख अन्य पत्रो में उद्धृत होते थे तथा अग्रेजी के पत्रों में भी अनूदित होकर छपते थे।

गोस्वामी जी ने पत्रकार और पत्रकारिता के दायित्व का बड़ी तत्परता से निर्वाह किया। पत्रकारिता का प्रमुख उद्देश जन–अधिकारो की रक्षा के लिए आवाज उठाना है। गोस्वामी जी के पत्र 'भारतेन्दु' ने इस उद्देश्य को पूरा किया। वृन्दावन से मथुरा तक रेलवे लाइन बिछाने के लिए सरकार को राजी करना 'भारतेन्दु' की बहुत बड़ी सफलता रही है। इन धार्मिक स्थलों पर यात्रियों के यातायात की सुविधा के लिए गोस्वामी जी ने अपने पत्र से अपेक्षित वातावरण तैयार करने में सफलता प्राप्त की थी।

इस प्रकार पत्रकारिता के क्षेत्र में भी गोस्वामी जी का अविस्मरणीय योगदान रहा है।

रचनाएं

गोस्वामी जी राष्ट्रीय, सामाजिक उत्थान में व्यस्त रहते हुए भी अनेक रचनाओं का सृजन कर हिन्दी–साहित्य को समृद्ध किया है। इनकी सभी रचनाओं का विवरण देना असंभव है, क्यों कि कुछ का अभी प्रकाशन भी नहीं हो पाया है। इनकी प्राप्त रचनाएं तीस से अधिक हैं, जिन्हें इस क्रम से वर्गीकृत किया जा सकता है—

(क) काव्य–दामिनी दूतिका, शिशिर सुषमा, श्री गोपिका गीत, राधारमण पदमंजरी, वैशाख बोधिनी, श्रृंगार तिलक, निपट नादान आदि।

"आओ! आओ! बन्धुवर! दरसाओ मुखचन्द,
सरसाओ साहित्य को बरसाओ आनन्द।
एक बरस दिन से लगी तुव आगम की आस,
अहो आज पूरन भई चातक की सी प्यास।"

'हिन्दी'

कविता कामिनी भाल में हिन्दी बिन्दी रूप,
प्रगट अग्रवन में भई ब्रजके निकट अनूप।
लाल करी जिहि अंकुरित, शिवप्रसाद द्वैपात,
कुसुमित भारत–इन्दु ने रचना रचि विख्यात।

बेजोड परिहास के स्रष्टा

गोस्वामी जी के साहित्यिक व्यक्तित्व का सबसे अधिक प्रभावशाली स्वरूप उनकी परिहासिपूर्ण रचनाओं में लक्षित होता है। इनके प्रहसनो और व्यग्यपूर्ण निबन्धो मे व्यंग्य की जो दुधारी तलवार मिलती है वह अन्यत्र दुर्लभ है। यद्यपि तत्कालीन सभी रचनाकारो की लेखनी ने व्यंग्य–विनोदपूर्ण शैली द्वारा परिहास का अद्भुत रंग विकीर्ण किया है तथापि गोस्वामी जी ने जिस तर्क गुण से भरपूर सुन्दर परिहास की सृष्टि की है, वह वस्तुतः बेजोड है। इनकी इस विशेषता पर भारतेन्दु जी भी मुग्ध थे। इनके प्रहसनो और व्यग्य–विनोदपूर्ण निबन्धो मे पाठको को लोट–पोट कर देने की अद्भूत क्षमता है। विषयानुरूप सरलता और गभीरता इनकी भाषा की सब से बडी विशेषता है। व्यग्य की चुटकियो के साथ कहावतो और मुहावरो का सटीक प्रयोगो ने इनकी शैली को अति समर्थ और भाषा को सहज प्रवाह के गुण से युक्त बना दिया।

अग्रेजी की स्वार्थपरता और पक्षपातपूर्ण कूटनीतिज्ञता की कटु आलोचना इनके सामाजिक विषयो पर रचित निबन्धो मे भी मिलती है। ये मौका पडते ही व्यग्य का प्रहार करने मे कही नहीं चूके। उदाहरण के तौर पर इनके प्रसिद्ध व्यंग्य 'रेलवे स्तोत्र' से अग्रेजो की पक्षपात पूर्ण नीति पर किया गया तीक्ष्ण व्यंग्य देखिये।

"हे यूरोप कुल कमल दिवाकरे! तुम इजन सम्भूत हो अत एव स्वजातीय पक्षपात से परिपूर्ण हो, एक एक ही गाड़ी, एक ही समय में अंग्रेजो को स्वर्ग और हिन्दुस्तानियो को नरक हैं। अत एव 'अत्रैव नरकः स्वर्गः' यह नास्तिको का वाक्य हैं आज तुम्हारे विषय में ही चरितार्थ हुआ।"
इनकी मुहावरेदार गद्य शैली का एक विलक्षण व्यग्य 'मिस्टरबूट' से प्रस्तुत है–

"आपके विषय में लिखने हमारी कलम बहुत दिनो से सुरसुरा रही थी। दवात महीनों से उधार खा रही थी। कागज हप्तो से झख मार रहा था अखबार दिनो से ताक लगाये था पर बहुत दिनों से अकल को अजीर्ण हो गया था। बुद्धि को बुखार चढा था आज जहालत का जुलाब और बेसमझी का सिन्कोना खाकर तबियत दुरूस्त की, अब भरसक आपका गुन गावेंगे।"

वस्तुतः गोस्वामी जी की लेखनी में चमत्कार और अभिव्यक्ति में अपूर्व सौष्ठव था। इनके असाधारण पाण्डित्य को देख कर विद्वानों ने इन्हे 'विद्यावागीश' की उपाधि से अलंकृत किया था तथा

सुधा, ज्ञानप्रदायिनी आदि – में प्रकाशित इनके दो सौ के लगभग लेख आज तक उन्हीं पत्रों की फाइलों में दबे पड़े हैं। उन सबका संकलन कर पुस्तकाकार रूप देने का किसी ने भी प्रयत्न नहीं किया। हिन्दी की नयी पीढ़ी इस अमूल्य सामग्री से नितान्त अनभिज्ञ और वंचित है।

बहुमुखी प्रतिभा के स्वामी

गोस्वामी जी बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न साहित्यकार थे। साहित्य, समाज, धर्म, संस्कृति और भक्ति के क्षेत्र में इनके असाधारण व्यक्तित्व की गहरी पैठ मिलती है। हर क्षेत्र मे इन्हों ने अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी है। सादगी, सन्तोष, उदारता एव भक्ति इनके नैतिक आचरण के आदर्श थे। साहित्य–साधना, समाजोत्थान एव राष्ट्रसेवा इनके समष्टिगत जीवन की कर्म-भूमि रही है। कट्टा वैष्णव होते हुए भी ये स्वतन्त्र और उदार विचारों के पक्षपाती थे ये तत्कालीन राष्ट्रीय नेता ओ की प्रथमश्रेणी मे आते हैं। इन्होंने द्वितीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन (कलकत्ता) मे सन १८८६ मे मथुरा डिवीजन का प्रतिनिधित्व किया था। बाद के अनेक अधिवेशनो मे भी ये भाग लेते रहे। सन् १८९३ मे इन्हे मथुरा डिवीजनल कांग्रेस कमेटी का मन्त्री-पद सुशोभित करने का श्रेय प्राप्त हुआ। सन् १८८५ मे ये वृन्दावन के म्युनिसिपल कमिश्नर चुने गए तथा अन्तिम दिनो तक वृन्दावन के ऑनरेरी मजिस्ट्रेट के मानद-पद पर प्रतिष्ठित रहने का इन्हें गौरव प्राप्त रहा।

द्वितीय कांग्रेस अधिवेशन से लौटने के पश्चात इन्होंने समाज संशोधन पर दो क्रान्तिकारी पुस्तकें– 'विदेश यात्रा विचार' और 'विधवा विवाह विवरण' लिख कर समाज सुधार की दिशामें रचनात्मक कार्य किया। ब्रह्मसमाज के प्रख्यात नेता बाबू नवीनचन्द्रराय और क्रान्तिकारी सुधारक स्वामी दयानद सरस्वती से इनका विशेष सम्बन्ध रहा है। धार्मिक मतभेद होते हुए भी स्वामी दयानन्द के प्रति इनके हृदय में गहरी श्रद्धा रही है।

साहित्यिक क्षेत्र में भी गोस्वामीजी का विशिष्ट स्थान रहा है। इन्होने गद्य एवं पद्य दोनो विधाओं में साहित्य रचना की। गोस्वामीजी 'मंजु' उपनाम से काव्य रचना करते थे। कवि, निबन्धकार, नाटककार, प्रहसनकार उपन्यासकार, पत्रकार, अनुवादक आदि के अनेक रूपों मे इनके व्यापक व्यक्तित्व के दर्शन होते हैं। इनकी प्रखर प्रतिभा को देखते हुए इन्हें सन् १८८४ में प्रयाग में हुई 'हिन्दी पत्र सम्पादकों की प्रथम सभा' (इससे पूर्व कहीं उल्लेख नही मिलता) का मन्त्री–पद प्रदान किया गया। सन् १९२४ में हिन्दी जगत् ने देहरादून में आयोजित पन्द्रहवें 'अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन' का सभापति मनोनीत कर इन्हें समुचित सम्मान से विभूषित किया। यद्यपि ये घरेलु कारण वश उक्त सम्मेलन में उपस्थित नहीं हो सके थे। नवम्बर सन् १९२५ में वृन्दावन में ही सम्पन्न हुए 'अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन' के षोडश अधिवेशन के अवसर पर, जिसके मनोनीत सभापति थे पं. अमृतलाल चक्रवर्ती, गोस्वामी जी ने स्वागताध्यक्ष पद का वहन करते हुए जो मार्मिक स्वागत–भाषण दिया था, वह वस्तुतः हिन्दी–साहित्य की एक स्वर्णिम ऐतिहासिक यादगार है। उस अति लालित्यपूर्ण स्वागत–भाषण का किंचित उपसंहार गोस्वामी जी ने मधुर काव्य रचना में प्रस्तुत किया था। सम्भवतः उक्त अवसर के लिए रची गयी काव्य–रचना ही इनकी अन्तिम काव्य–रचना बन कर रह गयी। उस ऐतिहासिक सन्दर्भ की काव्य–रचना से कुछ अंश यहां देना अनुपयुक्त न होगा।

शुरुआत 'भारतेन्दु–मैगजीन' से नहीं प्रत्युत लाहौर से प्रकाशित होने वाले हिन्दी–पत्र 'हिन्दु–बान्धव' से हुई थी। हिन्दी एवं उर्दू में एक साथ छपनेवाले इस पत्र के संचालक और संपादक पं. शिवनारायण शर्मा (बाद में सत्यानन्द अग्निहोत्री के नाम से विख्यात–देव समाज के प्रवर्तक) थे। मैंने श्री दिनेशकुमारजी के पास 'हिन्दु–बान्धव' की फाइल देखी है। मेरे पास 'हिन्दु–बान्धव' में प्रकाशित लेखों की सूची मौजूद है। इस पत्र में अधिकांश लेख ब्राह्मधर्म और समाज सुधार से सम्बन्धित छपते थे। प्रारम्भ में गोस्वामीजी के भी ब्राह्मधर्म से सम्बधित कुछ आध्यात्मिक लेख और ऋग्वेद के सूक्तों की व्याख्या (धारावाहिक) इस पत्र में छपी। बाद में इनकी अनेक साहित्यिक रचनाएं इस पत्र में प्रकाशित हुईं। जिनका उल्लेख मैं इनकी रचनाओं के अन्तर्गत करूंगा।

यहां मैं एक महत्वपूर्ण तथ्य का स्पष्टीकरण कर देना भी आवश्यक समझता हूं। गोस्वामीजी ने भारतेन्दु जी द्वारा परोक्ष आरोप लगाने पर बाद में 'हिन्दु–बान्धव' में लिखना बन्द कर दिया था। हिन्दी की पुरानी पीढ़ी के विद्वानों को यह जानकारी तो होगी कि भारतेन्दुजी के द्वारा व्यंग्य किए जाने पर ही गोस्वामीजी ने 'हिन्दु–बान्धव' में लिखना छोड़ा, मगर वह परोक्ष व्यंग्य क्या था? यह अभी तक रहस्य ही बना रहा है। वस्तुतः 'हिन्दु–बान्धव' मे ब्राह्मधर्म के सिद्धान्तों का अधिक प्रतिपादन होता था। उन्ही दिनो देश मे मद्य–निषेध आन्दोलन काफी प्रचण्डता के साथ चल उठा था। ब्रह्मसमाज यद्यपि सामाजिक सुधारो का प्रबल पक्षपाती था, किन्तु उसके कुछ–मूर्धन्य नेता मदिरा सेवन एवं मांसाहार को बुरा नही समझते थे। आदर्श युग–पुरुष भारतेन्दु जी ने ब्रह्म–समाज की इसी दुर्बलता को लक्ष्य कर गोस्वामीजी को उक्त पत्र मे न लिखने का गुप्त सकेत किया था। यद्यपि 'हिन्दु–बान्धव' के सजग एव निर्भीक सम्पादक (श्री सत्यानन्द अग्निहोत्री) ने स्वत. इस सम्बन्ध में ब्रह्मसमाजी नेताओ की कटु आलोचना की थी तथा मद्यनिषेध आन्दोलन का प्रबल समर्थन करने के लिए एक 'मद्य–निषेध समिति' का गठन भी किया था। आगे चल कर ऐसी ही विसगतियों को देखते हुए उन्होंने ब्रह्मसमाज से ही सम्बन्ध विच्छेद कर लिया था। इसे दुर्भाग्य ही कहना होगा कि गोस्वामीजी के लिखना छोड़ देने के कुछ महीनो के पश्चात् अर्थाभाव के कारण 'हिन्दु–बान्धव' का प्रकाशन बन्द हो गया था। केवल उसका उर्दू–सस्करण 'बिरादरें–हिन्द' बादमें कई वर्षो तक प्रचलित रहा था।

यह काफी खेद का विषय है कि ऐसे पत्रों को धार्मिक कह कर हिन्दी वालों ने उपेक्षित किया है, जब कि प्राचीन धार्मिक और सामाजिक सस्थाओ द्वारा प्रकाशित पत्रों में अमूल्य साहित्यिक सामग्री छपती रही है। आज हिन्दी जगत् उससे पूर्ण वंचित हो चुका है। 'हिन्दु–बांधव' में प्रकाशित गोस्वामी जी की प्रारंभिक रचनाओ की जानकारी शायद ही कुछ लोगों को प्राप्त हो! अतः आज हमारा कर्तव्य है कि प्राचीन पत्रों की सामग्री का संकलन कर उसके प्रकाशन की व्यवस्था करें।

यद्यपि गोस्वामी जी ने नवम्बर सन् १८७५ से 'हिन्दु–बान्धव में लिखना प्रारम्भ कर दिया था तथापि इन्होंने विधिवत लेखनी और आजीविका सन् १८७७ से ही संभाली। अब तक इनके लेखादि सभी प्रमुख पत्रों में छपने लगे थे। किशोरावस्था में लिखे गये इनके निबन्ध पर्याप्त गंभीर एवं प्रभावपूर्ण हैं। विभिन्न पत्रों भारत मित्र, क्षत्रिय पत्रिका, मित्र विलास, कीर्ति,

जन्म और शिक्षा–दीक्षा

स्व. राधाचरण गोस्वामी का जन्म विश्व विख्यात भगवान कृष्ण की पवित्र लीला–भूमि 'वृन्दावन' में गोस्वामी सम्प्रदाय के आचार्य, विद्वान एवं सुकवि श्री गोस्वामी गल्लू जी के घर फाल्गुन कृष्ण ५, संवत १९१५ अर्थात् २५ फरवरी सन् १८५९ को हुआ था। आपकी माता श्रीमती सूर्यदेवी एक विदूषी महिला थीं। आठ वर्ष की आयु मे आपका उपनयन संस्कार किया गया। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा का प्रबन्ध घर पर ही किया गया। विदूषी माँ का उसकी प्रगति में विशेष योगदान रहा। ब्रज-मण्डल के मोहक भक्तिभावना पूर्ण वातावरण और उत्तम कवि पिताश्री (जो कि गुणमंजरीदास के उपनाम से ब्रजभाषा में काव्य रचना किया करते थे। उनके द्वारा रचित 'श्री युगल छद्म' 'रहस्यपद' एवं 'पद्मावबोध' काव्य–ग्रन्थ उपलब्ध हैं।) से प्राप्त संस्कारो ने राधाचरण के बाल हृदय मे भक्ति और साहित्य के प्रति गहरी निष्ठा उत्पन्न कर दी थी। आठ वर्ष की अल्पायु मे ही इन्हें ममतामयी माँ के स्नेह से वंचित हो जाना पड़ा। फिर भी सुयोग्य पिताने अपने होनहार पुत्र की शिक्षा मे कोई रुकावट न आने देने की भरसक चेष्टा की।

प्रारम्भिक शिक्षा संस्कृत मे होने से अल्पकाल मे ही इन्होने व्याकरण, छन्द, काव्य एवं वैष्णव ग्रन्थो का पर्याप्त ज्ञान कर लिया था। इन्हें विद्याध्ययन के लिए फर्रुखाबाद भी जाना पड़ा, जहां इनकी रूचि अंग्रेजी पढ़ने की ओर मुड़ी। इन्होंने अंग्रेजी का अध्ययन भी जारी कर दिया, लेकिन जैसे ही वैष्णव–मण्डली को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने प्रबल प्रतिवाद किया। क्योंकि एक वैष्णव बालक द्वारा उस समय अंग्रेजी, अरबी, फारसी आदि भाषाएं पढ़ना घोर अनर्थ समझा जाता था। इन भाषाओं को म्लेच्छ भाषाएं कहा जाता था। इस सम्बध में इन्हे पिता का कोपभाजन भी बनना पड़ा। अन्त इन्हें अंग्रेजी की शिक्षा का परित्याग करना पड़ा। इस वर्जना से इन्हें बड़ा कष्ट महसूस हुआ। यद्यपि बाद में इन्होंने अंग्रेजी, उर्दू, फारसी, हिन्दी, बंगला, मराठी, गुजराती आदि अनेक देशी–विदेशी भाषाओं का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था।

लेखन–प्रक्रिया की शुरुआत और आजीविका का संचालन

यद्यपि साहित्यिक संस्कार इन्हें पैतृक सम्पदा के रूप में ही उपलब्ध हुए थे तथापि साहित्य–सृजन की ओर इनकी प्रवृत्ति किशोरावस्था में ही हुई। 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' से इन्हें सेवा की प्रेरणा मिली। १६ वर्ष की अल्पायु में इन्होंने अपने मित्र गोस्वामी मधुसूदन के सहयोग से सन १८७५ में 'कवि–कुल कौमुदी' नामक संस्था की स्थापना कर वृन्दावन वासियो को अपनी मेधा से चमत्कृत कर दिया था। सभा की प्रथम सभा मे तीन दिन पूर्व पत्नी का देहान्त हो जाने पर भी ये धैर्यपूर्वक सभा के कार्य में जुटे रहे। यह इनके दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठ चरित्र का उज्ज्वल प्रमाण है।

लोगों की मान्यता है कि इन्होंने 'भारतेन्दु मैगजीन' से लिखना शुरू किया, लेकिन मत सर्वथा भ्रान्त है। इस सन्दर्भ में हिन्दी–साहित्य के सुप्रसिद्ध इतिहासवेत्ता एवं अन्वेषक विद्वान श्री दिनेशकुमार शर्मा से मुझे विशेष जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने मुझे बतलाया कि गोस्वामीजी की लेखन–प्रक्रिया की

भारतेन्दु-युग के सशक्त शैलीकार स्व. राधाचरण गोस्वामी

शील चौधरी

आधुनिक हिन्दी-साहित्य के विकास मे भारतेन्दु-युग का अभूतपूर्व योगदान रहा है। साहित्य मे अनेक नवीन विधाओ का सूत्रपात एवं गद्य और पद्य मे खड़ी बोली का प्रमुत्व इस युग की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि का श्रेय महान साहित्यकार श्री भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और उनकी मडली के लेखको को प्राप्त है।

हिन्दी की अद्वितीय सेवा करने वाले उद्भट विद्वान स्व. श्री राधाचरण गोस्वामी भारतेन्दु-युग के मूर्धन्य साहित्यकारों मे से एक है। इनकी बहुमूल्य सेवाओ को विस्मृत नही किया जा सकता। गोस्वामी जी न केवल भारतेन्दु-मण्डली के यशस्वी लेखक थे प्रत्युत भारतेन्दुजी के आत्मीय मित्रों मे भी प्रमुख थे। राष्ट्रीय, सामाजिक, सास्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र मे रचनात्मक क्रान्तिकारी कार्य सम्पादित करने वाले इस बहुमुखी प्रतिमा सम्पन्न महान व्यक्तित्व का अभी तक हिन्दी-जगत् में समुचित मूल्याकन हुआ हो, इसमें सन्देह है। अभी तक कोई ऐसी कृति हिन्दी में देखने में नही आई जिसमें गोस्वामी जी के असाधारण व्यक्तित्व और कृतित्व का सम्यक विवेचन किया गया हो। इधर जो उपलब्ध हिन्दी-साहित्य के इतिहास-ग्रन्थो में इनके विषय में जो थोडा बहुत विवरण मिलता है; उसमें अनेक भ्रान्तिया विद्यमान हैं। यद्यपि वर्तमान मे प्रचलित (नाम के साथ डॉक्टरेट की उपाधि का ठप्पा लगाने की प्रथा) सतही शोध-परम्परा के अनुसार गोस्वामी जी पर भी कार्य हो चुका है, पर किसी रचनाकार पर शोध-प्रबन्ध छप जाना ही, उसका वास्तविक मूल्याकन नहीं कहा जा सकता। कम से कम वर्तमान हिन्दी शोध-प्रबन्धो का स्तर देखकर तो हमें यह स्वीकार करना पड़ेगा। भारतेन्दुयुगीन साहित्य का किंचित् अन्वेषण और अध्ययन करने की दिशा में प्रवृत्त होने पर मेरी उक्त धारणा की और भी अधिक पुष्टि हो चुकी है। स्वय भारतेन्दु जी जैसे युग-पुरुष के सम्बन्ध में अनेक भ्रान्तिया वर्तमान हैं। उनपर लिखे गए शोध-प्रबन्धो में भी उन भ्रान्तियों का पिष्टपेषण भरा पड़ा है।

अत: आज इस सम्बन्ध में हिन्दी के विद्वानो को खास तौर पर ध्यान देना चाहिए और हिन्दी-साहित्य को इस अवांछित कोहरे के जाल से निकाल कर विशुद्ध प्रकाश में लाने का बृहद् प्रयास करना चाहिए।

इस लेख के माध्यम से हिन्दी वालों का ध्यान स्व. गोस्वामी जी की ओर आकर्षित करना ही मेरा लक्ष्य है। थोड़ी छानबीन करने पर मेरे समक्ष गोस्वामी जी के सम्बन्ध में जो नये तथ्य उद्घाटित हुए हैं, उनके साथ गोस्वामी जी का संक्षिप्त स्वरूप इस प्रकार दर्शित होता है—

का कानों के निम्न-भाग में पहना जाता है. कभी–कभी इसमें लाकेट भी होता है। पुनः भुवनेश्वर की मिनार से दो कान के आभूषणों का उल्लेख 'इन्डो आर्यन्स' में है, एक छोटे से ठोस गोले के साथ लम्ब बुन्द के समान लटकता हुआ तथा दूसरा मोती जड़ी हुई गोल लाकेट व जंजीरों के साथ बुन्दे के नीचले भाग से जुड़ा देखा जा सकता है[१]।

अजन्ता की चित्र-कला में भी गुप्त–कालीन आभूषण चित्रित हैं जिनमें मोतियों के कुण्डल एवं स्वर्ण–निर्मित कर्णफूल प्रमुख हैं। 'हिन्दु–वर्ल्ड' नामक पुस्तक में–बड़े–बड़े कुण्डलों, कान की आकृति वाले, सर्पाकृति वाले, भयानक राक्षस व सिंहाकृति वाले कुण्डलों का उल्लेख हुआ है, ये कुण्डल पुरुषों व स्त्रियों में समान रूप से लोकप्रिय थे[२]।

---

१. इन्डो–आर्यन्स, पहला भाग, पृष्ठ २३३।

२. हिन्दू–वर्ल्ड २. लेखक–बन्जामिन वोकर पृष्ठ १६१।

दामोदर–गुप्त एक छोटे से कनकमाडी नामक कर्णाभूषण का उल्लेख करते हैं, जो कि— बेर के आकार का छोटा सा आभूषण होता था[१]।

ई. १००० से स. ई १२०० तक पश्चिमी–भारत में स्त्रियो के बीच ताल्डक[२], दन्तपत्र[३], कर्ण्यवि[४], कुण्डल[५], स्वर्ण-पाश[६], तथा कर्ण-पूर[७] इत्यादि लोकप्रिय कर्णावतंस थे।

कुण्डल या कर्णफूल रत्न-जटित होते थे, कभी कभी लहर के समान टेढ़ी-मेढ़ी आकृति की रेखाएँ इन पर बनी रहती थीं[८]।

नैषध–चरित के अनुसार गोलाकार कर्णावतस पुरुषो मे अधिक लोकप्रिय थे।[९]

इसके अतिरिक्त 'श्री राजेन्द्र लाल मित्र' ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक इन्डो आर्यन्स भाग–१ में कर्णावतंसो का उल्लेख किया हैं[१०]। इस पुस्तक में भुवनेश्वर की प्रसिद्ध मीनार में एक स्त्री-मूर्ति द्वारा पहने गये कर्णावतसो का चित्र व उल्लेख है, तथा ये आभूषण पंखे की आकृति में कान के ऊपरी भाग पर दिखाया गया हैं, यही आभूषण पुरुष-मूर्तियो में भी पाया गया है, पत्र व पंखा कदाचित रंगीन–कपड़े अथवा फीतो का बना होगा। अमर कोश में वर्णित तालपत्र–कर्णाभूषण कदाचित यही रहा होगा। 'जुम्मा' नामक रत्न-जटित स्वर्ण-परिध तथा मोतियो की लड़ियो से युक्त एक आभूषण का उल्लेख लेखक ने किया है, जो अब भी बगाल में शिर के ऊपरी या पार्श्वभाग में पहना जाता हैं[११]। 'इन्डो–आर्यन्स' मे कर्ण–फूल का वर्णन व चित्र है, जो कि— भुवनेश्वर की प्रसिद्ध मीनार के पास स्थित एक छोटे से मदिर में 'वराहावतार' मूर्ति के कानो में है[१२]। पुराणों के अनुमार कर्णफूल देवी दुर्गा का प्रिय आभूषण था। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट का नामकरण उस स्थान पर देवी का कर्णफूल गिर जाने के कारण हुआ।

पुरी के मारकण्ड–ताल का एक कर्णाभूषण एक ऐसे आभूषण की प्रतीति कराता है, जो आज कल बगाल मे घमेरी नाम से जाना जाता है, ये कर्णावतस स्वर्ण-निर्मित ढाल के आकार

---

१. कुट्टनीमतम्, श्लो. ३५२।
२. भारतीय विद्या, १७ वाँ सं. (१९५७) पृष्ठ १३०-४६।
३. तिलक-मजरी, पृष्ठ ३०१,
४. भारतीय-विद्या, १७ वां सं (१९५७) पृष्ठ १३०-४६।
५. तिलक-मंजरी, पृष्ठ १३०।
६. तिलक-मंजरी, पृष्ठ २२६।
७. तिलक-मंजरी पृष्ठ २२६।
८. श्री हर्ष का नैषध-चरित, १६ वाँ सर्ग, ४१-४२ श्लो.। एवं नै. च. में ७ वाँ सर्ग, ६२ श्लो.।
९. नैषध-चरित, १५ वाँ सर्ग, ६५ श्लो.।
१०. इन्डो आर्यन्स, पहला भाग, पृष्ट २३०–३१–३२–३३ में।
११. विशेष–" जुम्मा मुझे शिरोभूषण प्रतीत होता है, परन्तु श्री मित्र ने इसका उल्लेख कर्णाभूषणों के साथ किया है, देखिये पृष्ठ २३१ "–लेखिका।
१२. इन्डो–आर्यन्स, पहला भाग. पृष्ठ २१२।

(१) **मुक्ताफल** :– मोतियों का बना कर्णावतंस था[१]।

(२) **द्विराजिका** :– इसमे मोती जड़े दो गोलाकार परिध बीच में एक नीलम से जुड़े होते थे[२]।

(३) **त्रिराजिका** :– यह भी द्विराजिका के ही समान होता था। पूर्णमध्य कुण्डल का बीच का भाग मोतियो से पूरी तरह जड़ा होता था[३]।

(४) **वज्र गर्भ** .– यह कर्णफूल मोतियो से जड़ा होता था, और जैसा कि नाम से प्रतीत होता है, गोलाकार जड़े मोतियो के बीचो बीच एक वज्र रत्न (हीरे) जड़े होते थे[४]।

(५) **भण्डन** .– इसकी बनावट वज्र – गर्भ जैसी ही होती थी केवल अन्तर यह था कि इस में गोलाकार जड़े हुऐ हीरो के बीच एक माणिक्य जड़ा जाता था[५]।

(६) स्वर्ण – निर्मित, ६ अथवा ८ नेमि, ताटक कटक एव जंजीरो से युक्त कुण्डल पुरुषों एव स्त्रियो में समान रूप से लोक-प्रिय था[६], एक गोलाकार मोतियों का 'दण्डक' इससे जुड़ा होता था[७]।

अ) कुण्डल का अपरी भाग स्वर्ण – निर्मित केतकी की पत्ती के आकार का होता था, जिसे 'चूडामण्डन' कहते थे[८]।

ब) जब यह अपरी भाग कमल के आकार का होता था, तब इसे 'चूड़िका' कहते थे[९]।

(७) चूड़ीभूषण – लाल - माणिक्य जटित, सुवर्ण - पुष्पो, नीलम व मोतियो का बना कुण्डल[१०]।

(८) **केवल स्त्रियों के लिये बनाया गया कर्णावतस मुकुल** मोतियो, नीलक, माणिक्य, मकर–रत्न एव हीरो से बनाया जाता था[११]। कभी–कभी इसके साथ नौ या दस बड़े–बड़े मोतियो की लड़ी जोड़ दी जाती थी[१२]।

इसके अतिरिक्त **बिल्हण** ने स्त्रियों के कर्णभूषणों में **कनक–पत्र** (पत्ते की आकृति का सोने का कर्णावतस) का उल्लेख किया है[१३]।

---

१. मानसोल्लास, श्लो. १०९१।
२. मानसो., श्लो. १०९२।
३. मानसो., श्लो. १०९३।
४. मानसो., श्लो. १०९४।
५. मानसो., श्लो. १०९५।
६. मानसो., श्लो. १०९८।
७. मानसो., श्लो, ११०२–०३।
८. मानसो., श्लो. ११०४।
९. मानसो., श्लो. ११०५।
१०. मानसो., श्लो. ११०६।
११. मानसोल्लास, श्लो. ११०७।
१२. मानसो, श्लो. ११०८।
२१. चौर पंचाशिका, ७९

लाल रंग के स्फुट–मणि–कुण्डल का वर्णन 'जानकी–हरणम्' में इस प्रकार आता है—

इतरयुवतिपादघातचिह्नं सरससमर्पित यावकं पदं यत् ।
उरसि न दयितस्य तद्विवेद स्फुटमणि कुण्डल रागरुद्धमन्या ॥

अर्थात प्रियतम के वक्ष पर किसी दूसरी युवती द्वारा बनाया गया गीले–यावक का पदचिह्न उस युवती के लाल–स्फुटमणि–कुण्डल की प्रभा में छिप गया (कुण्डल की रक्तिम–आभा के कारण प्रिया लाल महावर का पद–चिह्न नहीं देख सकी[1] ।)

कालिदास के 'रघुवंश' में राजकुमार अज द्वारा बड़े बड़े कुण्डलो के पहने जाने का वर्णन इस प्रकार आता है—

'तं कर्णभूषणनिपीडितपीवरासं शय्योत्तरच्छदविमर्दकृशाङ्गरागम् ।'

अर्थात एक ही करवट सोने के कारण राजकुमार अज के सुपुष्ट कन्धों पर कुण्डल के दबने से चिह्न बन गया तथा बिस्तर की रगड़ से उनके शरीर का अंगराग पुछ गया[2] ।

इसके उपरान्त कुछ और प्रमाण इस आभूषण के विषय में प्रस्तुत हैं। अल्बेरूनी जो कि १०३० ई. स. में भारत में था, राजाओ द्वारा कर्ण आभूषण पहने जाने का उल्लेख करता है[3] ।

अबूज़ैद ने राजाओं द्वारा पहने जाने वाले बहुमूल्य लाल व हरे पत्थरो के कर्णावतसो का उल्लेख किया है[4] । राजशेखर ने भी कुण्डलो का उल्लेख किया है[5] ।

सोमेश्वर विविध प्रकार के कर्णाभूषणो का उल्लेख करते हैं जैसे—

(१) मुक्ताडक
(२) द्विराजिका
(३) त्रिराजिका और पूर्णमध्य
(४) वज्र गर्भ
(५) मण्डन
(६) कुण्डल,
(७) चूड़ीभूषण,
(८) मुकुल

मानसोल्लास में श्री सोमेश्वर द्वारा वर्णित उपरोक्त कर्णावतसों के विषय में आगे के पृष्ठ पर पढ़िये—

---

१. जानकी-हरणम्, श्लो. ३०, सर्ग १६ ।
२. रघुवंश, श्लो. ६५, सर्ग ५ ।
३. अल्बेरूनीज़ इन्डीया, डा. सच्चू द्वारा संपादित ।
४. हिस्ट्री ऑफ इन्डीया, एज़ टोल्ड बाय इट्स ओन हिस्टारियन्स, एच. एम. इलियट एवं जे. डाउसन द्वारा १, पृष्ठ ११ ।
५. कर्पूर मंजरी, पृष्ठ ५० ।

कवि–कालिदास की कृतियों में कान के गहनों का वर्णन इस प्रकार मिलता है । 'कुमार–संभव' में कुण्डल पहने हुऐ पार्वती का वर्णन—

तां प्रणामादरस्रस्तजाम्बूनदवतंसकाम् ।

अङ्कमारोपयामास लज्जमानामरुन्धती ॥

अर्थात पार्वती ज्यो ही सप्तर्षियों को प्रणाम करने झुकीं, उनके कानों के कुण्डल खिसक गये, लजाती हुई पार्वती को अरून्धती ने गोद में बैठा लिया[1] ।

एक श्लोक में रथ–चक्र के समान लगने वाले पार्वती के, कुण्डलों का वर्णन इस प्रकार है–

रथस्य कर्णावभि तन्मुखस्य ताटङ्कचक्रद्वितयं न्यधात्स ।

जगज्जिगीषुर्विषमेषुरेषु ध्रुव यमारोहति पुष्प–चाप ॥

अर्थात शंकर द्वारा पहनाऐ गये चक्राकार कर्णफूलो से शोभित पार्वती का मुख–मण्डल कामदेव के ऐसे रथ के समान लगता है, जिस पर बैठ कर वह पुष्पायुध (कामदेव) विश्व विजय करने को निकला हो, तथा उस रथ के पहिये वे कर्णफूल हो ।[2]

कवि–कालिदास रचित 'ऋतु–सहारम्' में अति सुन्दर रत्न–जटित कुण्डलों का वर्णन हुआ है । वर्षा ऋतुमें स्त्रियो के कानो में ये रत्न जड़े कुण्डल अति कामोत्तेजन का विषय हैं—

तडिल्लताशक्रधनुर्विभूषिता पयोधरास्तोयभरावलम्बिन ।

स्त्रियश्च काञ्चीमणिकुण्डलोज्वला हरन्ति चेतो युगपत्प्रवासिनाम् ॥

अर्थात वर्षाऋतु में एक ओर इद्रधनुष तथा बिजली के पतले चमकते हुऐ धागो से सजे जल–बोझिल बादल और दूसरी ओर मेखला व रत्न–जडित कुण्डलो से सजी हुई युवतियाँ परदेसियों का चित्त हर लेती हैं[3] । परन्तु शरद–ऋतु में स्त्रियाँ रत्नमय एव सोने के कुण्डल नहीं पहनती थी[4] ।

सिंहली–कवि कुमार दास (समय सातवीं सदी पूर्वार्ध, लगभग ६२० ई.) के महाकाव्य 'जानकी–हरणम्' में कर्णावतसो का उल्लेख आता है–

कोपिता चिरनिवृत्तसगति सुप्तमेत्य परिबोधशङ्किनी ।

हस्तरुद्धचलकुण्डला धृतश्वासवृत्ति शनकैश्चुचुम्ब मा ॥

अर्थ है– अधिक समय के वियोग से क्रुद्ध सीता ने सोते हुऐ राम के पास आ कर, उनके जाग जाने की शका से अपने लटकते हुऐ कुण्डल को पकड़ कर तथा श्वास रोक कर उनका चुम्बन किया[5] ।

---

१. कुमार-संभव, श्लो. ९१, सर्ग ६ ।
२. कुमार-सं., श्लो. २३ सर्ग ९ ।
३. ऋतु-संहारम्, श्लो. २०, सर्ग २-वर्षावर्णन ।
४. ऋतु-संहारम्, श्लो. १९, सर्ग ३ शरदवर्णन ।
५. जानकी-हरणम्, श्लो. ५१, सर्ग ८ ।

कर्पूर–मंजरी में श्री राजशेखर ने कटि–मेखलाओं, कुण्डलों, नाना प्रकार के हारों, अंगदों, कर्णावतंसों तथा नूपुरों का उल्लेख किया है [१]।

मान–सार में ४ प्रकार के आभूषण–समूहों का वर्णन किया गया है, जो निम्न–लिखित हैं [२]।

अ) पत्र–कल्प :–पत्तों की आकृतियों वाली सजावट के गहने देवी तथा देवताओं के पहनने के लिये होते थे [३]।

ब) चित्रकल्प :–फूल, पत्तों की आकृतियों से सजे हुए अलंकार देवताओं और चक्रवर्ती–सम्राटों द्वारा पहने जाते थे [४]।

स) रत्नकल्प :–फूल व रत्नों वाले आभूषण अर्धराजाओं और नरेन्द्रों के लिये थे [५]।

क) मिश्रित–इस श्रेणी के आभूषण किसी आकृति–विशेष वाले न हो कर सभी प्रकार की मिश्रित आकृतियों से युक्त होते थे, जो सभी लोग पहन सकते थे [६]। इसके अतिरिक्त 'सुवर्ण-कञ्चुक' 'एवं रत्न–सूत्र' नामक दो और आभरणों का उल्लेख किया गया है [७]।

आचार्य नेमि–चन्द्र उन गहनों की विस्तृत सूची देते हैं, जो ११ वीं सदी स ई. मे पश्चिम–भारत मे अत्यन्त लोक–प्रिय थे। ये गहने इस प्रकार हैं–केयूर, वलय, गजदन्त–वलय, अगंदे, कदय (खटक) कंकण, कुण्डल, बहुमूल्य हार या माला, अर्धहार, तिसर्य (तीन लडियों का हार) पालम्ब (लॉकेट) चूडामणि या चूडारत्न, मुकुट, मुत्ताहलसरी, मुत्ताहलहारावली, नूपुर, काञ्चीदम, रशना इत्यादि [८]।

मानसोल्लास मे विभिन्न प्रकार के सुवर्ण, मोतियो और रत्न–जटित ज़ेवरो का उल्लेख है, जिनकी सूचना प्रत्येक आभूषण के संदर्भ मे आगे दी जायेगी। वैसे बहुमूल्य रत्नो के नाम मानसोल्लास में इस प्रकार दिये गये है– माणिक्य, गोमेदक, वैदूर्य-मणि, प्रवाल, सूर्यकान्तमणि, चन्द्रकान्तमणि और स्फटिक–रत्न[९]।

इस परिचय के उपरान्त अब हम एक–एक आभूषण के विषय मे देखें।

(१) **कर्णावतंस अथवा कर्णाभरण** :– कान के गहने प्राचीन काल से ले कर आज तक भारत के सभी प्रान्तो मे लोक–प्रिय हैं। कान के गहनो का उल्लेख संस्कृत–साहित्य में प्रचुर मात्रा मे हुआ है। ये आभूषण बहुमूल्य रत्नो व सोने के बने हुए होते थे। समय के अनुसार कर्णावतंसों के आकार–प्रकार बदलते रहे हैं, जिनका वर्णन आगे किया जायेगा।

---

१. कर्पूर–मंजरी, पृष्ठ २०,५०,५८,७५,९६ इत्यादि।
२. मानसार, ५० अध्याय, श्लो. ३–४।
३. मान., ५० अ., श्लो. १, श्लो ५–६।
४. मान., „ , श्लो. १०-११।
५. मान., „ , श्लो. १२, श्लो. ७।
६. मानसार, ५० अध्याय, श्लो. ८।
७. मानसार, ५०अ., श्लो. १४–१६।
८. आख्यानक–मणिकोष, परिचय, पृष्ठ २०।
९. मानसोल्लास, श्लो. १०५३–६५।

ऋग्वेद में रुद्र–देवता बहुमूल्य स्वर्ण के आभूषणों से मण्डित तथा कान्तिमान हार पहने हुऐ वर्णित हुऐ हैं [१]। मरुद्गण मूल्यवान गहने पहनते थे [२]। एक स्थान पर मरुद्गण मूल्यवान अलंकारों से सुसज्जित एवं चमकता हुआ हार वक्ष:स्थल पर धारण किये हुऐ वर्णित है [३]। दोनों अश्विनी कुमार सुन्दर गहने पहनते थे। असुरों के पास बहुमूल्य रत्नों एवं स्वर्ण होने का भी उल्लेख किया गया है [४]। कक्षिवत् ऋषि की वह प्रार्थना उल्लेखनीय है जिस में उन्होंनें देवताओं से स्वर्ण कुण्डलों एवं हार से सुशोभित पुत्र की याचना की थी [५]।

कालान्तर में रामायण में आभूषणो के वर्णन मिलते हैं। मुकुट, केयूर, कर्णाभूषण, हार, वलय मेखला और नूपुर आदि इनमें मुख्य रहे हैं। वाल्मीकि–रामायण में भी सीता के आभूषणों का वर्णन मिलता है। रावण इत्यादि पुरुष भी सुन्दर गहने पहनते थे।

उदाहरणार्थ—

नाहं जानामि केयूरे नाहं जानामि कुण्डले ॥
नूपुरेत्वभिजानामि नित्यं पादाभिवन्दनात् ॥ [६]

प्राचीन भारत में आभूषण पुरुषो में भी उतने ही लोकप्रिय थे, जितने कि स्त्रियो में। अलबेरूनी जो भारत मे १०३० स ई में था, लिखता है "भारत में पुरुष स्त्रियों की वेशभूषा वाली वस्तुओं का उपयोग करते हैं, वे प्रसाधनोंका उपयोग करते हैं, कानों में कुण्डल, बाजुबन्द एवं हाथ–पैर की ऊंगलियो में सोने की अगूठियाँ पहनते हैं [७]।

अबू–ज़ैद ने कहा था–" हिन्दुस्तान के राजाओं को बेशक़ीमती लाल व हरे पत्थरों और मोतियों के बने हुए कान के ज़ेवर बहुत पसद हैं, कान मे ज़ेवर पहनना इनके यहाँ एक रिवाज सा बन गया है [८]।"

पृथ्वीराज–विजय के अनुसार " चाहमान (चौहान) के पास रत्न–जटित मुकुट, मोतियो के कुण्डल तथा बाजुबन्द–अगदो की जोड़ी थी [९]",

मानसोल्लास मे राजाओ द्वारा पुष्प–वस्त्र, बाजु–बन्द, अगूठियाँ, हार और रत्न–जटित, मोतियों के कुण्डल पहने जाने का उल्लेख आता है [१०], रानियाँ भी अगरागो, पत्र–रचना, मालाओं, पुष्प–मालाओं तथा सोने, मोती एवं बहुमूल्य रत्न–जटित गहनो का उपयोग करती थी [११]।

१. विल्सन्स ऋग्वेद, २, २२१।
२. विल्सन्स ऋग्वेद, २, १७९।
३. विल्सन्स ऋग्वेद, ४, १२४–२९८।
४. विल्सन्स ऋग्वेद, १, ९१।
५. विल्सन्स ऋग्वेद, २, ६।
६. वाल्मीकि रामायण, २२ श्लो. किष्किन्धाकाण्ड, ६ सर्ग।
७. अल्बेरूनीज़ इन्डिया, डा. ई. सी. सच्चू द्वारा सपादित।
८. हिस्ट्री ऑफ इन्डिया एज़ टोल्ड बाय इट्स ओन हिस्टॉरियन्स, एच. एम. इलियट एवं जे. डाउसन द्वारा, १. पृ. ११।
९. पृथ्वीराज विजय, २.१७–३०।
१०. मानसोल्लास, ३,७,१०४२–४७ तथा ८,१०४९–११२९।
११. मानसो. ११, ११६३–११७७।

यहाँ तक कि आज के युग में भी जब कि स्वर्ण अधिक मूल्यवान हो गया है, स्वर्ण के अभाव में स्त्रियाँ पीतल, चाँदी, स्टील तथा काँच के मोतियों के आभूषण पहनती हैं, अलंकारों का त्याग वे नहीं कर सकी हैं।

'शृंगारिक–साधन होने के साथ साथ गहने भारतमें 'सौभाग्य–चिह्न' भी माने जाते हैं। भारतीय–संस्कृति एवं शास्त्रानुसार सौभाग्यवती स्त्रियाँ, तथा कुमारी युवतियाँ स्वयं को गहनों से सजा सकती हैं। विधवा–स्त्री को अलंकारों का प्रयोग कठोरता से वर्जित किया गया है। यहाँ तक कि–पति की अनुपस्थिति में या विदेश गमन करने पर स्त्रियों का अलंकरण उनके अस्तित्व एवं चंचलचित्तवृत्ति का परिचायक माना गया है। लंका में सीता निराभरण रहने का उल्लेख 'बाल्मीकि–रामायण' में आता है, श्रीराम के वियोग में सीता एक कौशेयवस्त्र पहन कर अशोक–वन में रहती थीं —

प्राकारेणार्कवर्णेनमहताचसमन्विता ॥
तस्यां वसति वैदेही दीना कौशेयवासिनी ॥ [1]

तथा

'सा सन्यस्ताभरणमबला पेशलं धारयन्ती,
शय्योत्सङ्गे निहितमसकृद्दुख: दुःखेन गात्रम्।' [2]

प्रोषित–पतिकाओं का वर्णन कुछ इसी प्रकार का 'ऋतु–संहारम्' में देखिये—

विलोचनेन्दीरववारिबिन्दुर्भिनिक्तबिम्बाधरचारुपल्लवा ।
निरस्तमाल्याभरणानुलेपना: स्थिता निराशा: प्रमदा: प्रवासीनाम् ॥ [3]

अर्थात प्रोषित–पतिकाएँ निरन्तर कमल के समान नेत्रों से बिम्बफल–सदृश ओठों पर आँसू गिराती हुई माला, आभूषण, अनुलेपन इत्यादि का परित्याग कर बैठी हैं।

पति की उपस्थिति में स्त्रियाँ 'मंगल – सूचक' आभूषण चिह्नों को अवश्य पहनती थीं। परन्तु अलंकरण का मुख्य उद्देश पति को रिझाना और प्रसन्न करना होता था। 'ऋतु – संहारम्' मे षड्-ऋतुओं के अनुसार सुरूचिपूर्ण आभूषणों को बदल बदल कर पहना जाता था, ऐसा वर्णन मिलता है, जैसे :– हेमन्त ऋतु में गहने स्त्रियाँ नहीं पहनती थीं, हार, वलय, अंगद, सोने व रत्नों की करधनी नूपुर ये सब गहने हेमन्त ऋतु में नहीं पहने जाते थे। [4]

गहने पुरुषों मे भी अत्यन्त लोक प्रिय थे। बहुधा इसका उल्लेख प्राचीन ग्रन्थों मे हुआ है। ऋग्वेद में देवताओं द्वारा मूल्यवान एवं सुन्दर आभूषण पहने जाने का उल्लेख मिलता है।

---

१. 'बाल्मीकि–रामायण', २२ श्लो. किष्किन्धाकाण्ड, ५८ सर्ग।

२. मेघदूतम्, ३५ श्लो.— उत्तरमेघ। यक्ष विरह–व्याकुल, आभरण–रहित बार–बार पर्यङ्क पर गिरती हुई अपनी सुन्दरी युवा–पत्नी का वर्णन मेघ से करता है। यक्ष मेघ से कहता है) कि: "हे मेघ! तुम उस कोमलाङ्गी को आभूषण–रहिता, दुःख से व्याकुल मेरे वियोग में पलंग पर बार–बार गिरती हुई देखोगे।"

३. ऋतु–संहारम्, १२ श्लो. द्वितीय सर्ग।

४. ऋतु–संहारम् २-३-४ श्लो. चतुर्थ सर्ग।

संस्कृत और हिन्दी साहित्य में जेवर

कुमारी उषाकिरण सिंह

मानव स्वभाव से ही सौन्दर्य-प्रिय है। आदि-काल से ले कर प्रत्येक युग में मनुष्य की सौन्दर्य-उपासना का साक्षी इतिहास रहा है। सूक्ष्मतर सौन्दर्यानुभूति पर विचार करते ही विचार सहसा नारी पर जा कर केन्द्रित हो जाते हैं। सृष्टि की प्रेरणा, प्रेममूर्ति नारी सदैव ही साहित्य में प्रशंसा की पात्र वर्णित हुई है। नैसर्गिक कोमलता एवं सुन्दरता की सजीव मूर्ति नारी के विषय में कालिदास की निम्न-पंक्तियाँ बड़ी ही सटीक बैठती हैं —

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं,
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी,
किमिव हि मधुराणां मंडनं नाकृतीनाम्॥[1]

'जब वल्कलधारिणी शकुन्तला' की यह कान्ति है, तब पूर्णतया अलंकृता-नारी का कहना ही क्या! नारी भी अपने सौन्दर्य के प्रति कभी अनभिज्ञ नहीं रहती। शृंगार-सदन में सदैव अपने रूप को अधिकतम निखार पर लाती है, और जब प्रिय-व्यक्तियों की दृष्टि में प्रशंसा-भाव पाती है, तो उसे महान-आत्मतुष्टि होती है। गहने सुन्दरता को चार चाँद लगाने में सदैव ही अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन सिद्ध हुए हैं। फिर स्त्रियों की आभूषण-प्रियता तो बड़ी प्रसिद्ध बात है। स्त्री चाहे रानी हो अथवा आश्रमवासिनी शकुन्तला, अलंकार-प्रियता के प्रलोभन से अछूती कभी नहीं रह सकी है, देखिये शकुन्तला ने पुष्पों के कर्णफूल पहन लिये थे —

······ बद्धं कर्णशिरीष वदने घर्माम्भसां जालकं,
बन्धे स्रंसिनि चैकहस्तयमिताः पर्याकुला मूर्धजाः[2]॥

---

१. यह श्लोक 'अभिज्ञान-शाकुन्तलम्' के प्रथम अङ्क का १९ वाँ श्लोक है। दुष्यन्त शैवाल में कमल, तथा 'कान्ति-युक्त' मलिन चन्द्रमा के समान वल्कल-धारण करते हुए भी सौन्दर्य-परिपूर्ण शकुन्तला को देखकर मुग्ध हो उठता है तथा कह उठता है 'अहो! प्रकृति से ही सुन्दर (शकुन्तला) तो प्रत्येक वेश व परिधान में अधिकतम अलंकृत हो जाती है'।

२. अभि. शा., १,२८ श्लो.—शकुन्तला द्वारा पहने हुए शिरीष-पुष्पों के कर्णावतंस पसीने के कारण चिपक गये हैं, तथा वह अपने अस्त-व्यस्त बालों को एक हाथ से संभालने का प्रयत्न कर रही है।

हरी कि भक्ति न गुरु कि सेवा ॥
    काम क्रोध फल फले ॥ २ ॥
कहत मानपुरी समजो यारो ॥
    किस कारण तुम पले ॥ ३ ॥

राग की ताल रूपक ॥

कौन कंस वसुदेव देवकी ॥
    किन काकी हैं बंद छुलाई ॥ ध्रु ॥
किन काको जोग लिखि पठयो ॥
    को कुबजा काके मन भाई ॥ १ ॥
रावन कौन कौन सी सीता ॥
    लंका कहा किन जाय जराई ॥ २ ॥
मानपुरी सुख सागर साहेब ॥
    नाना रूप धूम मचाई ॥ ३ ॥

पल पल गावैं पल पल ध्यावै ॥
    पल पल पाय पढ़े ॥ २ ॥
कहत मानपुरी पल पल पूजा ॥
    तब बैकुंठ चढ़े ॥ ३ ॥

राग कानडा नायकी आडिताल

साधु सोही अवधूत गुरु को पूत सपूत ॥ ध्रु ॥
    ग्यान नजर सो सब जग माही ॥ देखत पचो भूत ॥ १ ॥
जैसे भांति भांति के कपरा एक रुइ को सूत ॥ २ ॥
    तैसे मानपुरी ब्रह्म देखत ॥ थकित भये जम दूत ॥ ३ ॥

राग कानडा नायकी ताल रूपक

मनवा मन ही माही उदासी ॥
    गुरु चरनन को निवासी ॥ ध्रु ॥
मन ही मे मथुरा मनही मो कासी ॥
    मन ही मो ब्रजवासी ॥ १ ॥
मन की बात कहीं नही जात ॥
    मन की मन ही प्रकासी ॥ २ ॥
मानपुरी मन मगन भयो अब ॥
    मन भावै अवीनासी ॥ ३ ॥

राग नायकी कानडा आडताल

आबा तेरो पार न पायो ॥
    तिन लोक जस छायो ॥ ध्रु ॥
तुही माय तुही बाप ॥
    सब जग आपै आप ॥ १ ॥
रूप अरूप सकव जगदंबा
    सत गुरु भेद बतायो ॥ २ ॥
मानपुरी आनदै डोलै ॥
    सब सौ यह पद पायो ॥ २४३ ॥

राग काफी आडिताल

कछू सब दान किनो ॥
    कैव आपे कौं चले ॥ ध्रु ॥
कहावे ने तुम हाट आये ॥
    दिसत हो तुम भले ॥ १ ॥

राग कान ३ आदिताल

आवोरी गीत गावो ॥
    आज मेरे आनंद (ब) धावो ॥ ध्रु ॥
काज भयो मेरो जनम जनम को ॥
    श्याम सुदर पद पायो ॥ १ ॥
लागी लगन मगन भइ प्यारी ॥
    मन मोहन मन भायो ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु मोरे घर आवो ॥
    नौबती नाम बजावो ॥ ३ ॥
        मन मोहन मन भायो . . ॥ ३ ॥

राग कानडी नायकी आ०

अरे तुम बीन यौ ही ः।
    बावा जोबन जाये ॥ ध्रु ॥
जब सुधी आई बिरह जनावें ॥
    तलफत रैन बिहाय ॥ १ ॥
अबहु जाने अंत लुभाने ॥
    खबर न लिन्हि जाय ॥ २ ॥
मानपुरी स्वामि अतर जामी ॥
    विनती सुनो चित लाय ॥ ३ ॥

राग कानडा दरबार झंपताल

खुदा पुछने की बात मत पुछै।
    योही कपडे फाड निकल जायगा रे ॥ ध्रु ॥
अब तो बांधता है चीरे बाद तोके ॥
    फिर खाक ले सीर कौ लगाय गा रे ॥ १ ॥
बेटा बेटी यो का तु तो बाप है रे ॥
    फिर उनके काम सु जायगा रे ॥ २ ॥
कहे मानपुरी सुक न आस्को को।[१]
    साचे आस्को के मन गायगा रे ॥ ३ ॥

राग कानडा ताल नायकी ताल रूपक

    प्राणि सुभ दिन सोही साधु संग घडे ॥ ध्रु ॥
पल पल दरसन पलपल पर्सन ॥
    पल पल प्रेम बढ़े ॥ १ ॥

---

१. सुख न आशिकों को

चरनन चीत लागी भयो भव भ्रम भागी भयो।
देखी स्वरूप रूप अपने करतार का ॥ २ ॥
कहत मानपुरी सब जग जगदीस भयो ॥
मर्म जब पायो आकार निराकार का ॥ ३ ॥

राग कामोद आडिताल

महाराज देवाधि देव गुरु रे ॥
तुझा सुफल संसार रे ॥ ध्रु ॥
तुचर महा उदार दीन बंधु ॥
तुझा दास तरे भव सिंधु रे ॥ १ ॥
माझे हाती दिला ग्यान दीपक ॥
दिसे परात्पर निज रूप रे ॥ २ ॥
रूप अरूप येक करी जाना ॥
बोले मानपुरी मस्ताना रे ॥ ३ ॥

राग कल्याण इमन अडताल

आदी भवानी बेदे बखानी ॥
जगा मन मानी अंतर जामी ॥ ध्रु ॥
अंडज जारज स्वेदज उद्गिज ॥
च्यार खानी चारही बानी ॥ १ ॥
कहा लग बरनौ मो मति थोरी ॥
पार न पायो ग्यानी ध्यानी ॥ २ ॥
मानपुरी कहे बात पुरानी ॥
गुरु कृपा से जात पछानी ॥ ३ ॥

राग सोरठ ताल त्रिलंबी

बलमा मोरे हम हैं तोरे ॥
तुम बीन या घट घट मे कोरे ॥ ध्रु ॥
तुही देव तुही भगत तुही मन बसो रे ॥
तुही पुन्य तुही पाप तु हि तु रह्यो रे ॥ १ ॥
तुही राव तुही रंक तुही बुबल नरो रे,
तुही जीव तुही सीव तुही तू रह्यो रे ॥ २ ॥
हम तुम मे तुम हम मे बाकी न परखो रे ॥
मानपुरी प्रभु आज भवबंधन छोरे ॥ ३ ॥

राग गौरी आदिताल

वो सतगुरु दरयाव ॥
गहरी आगम आपार ॥ ध्रु ॥
चवदा भवन पेठ मे जाके ॥
ताको सब विस्तार ॥ १ ॥
के तक गावै केतक ध्यावैं ॥
केतक करत विचार ॥ २ ॥
कहत मानपुरीं गुरु सुमीर सौ ॥
सुफल होय ससार ॥ ३ ॥

राग कल्याण इमन आडताल

दिन के बंद न आनद कंदन ॥
नद के नंदन हैं सुखदाई ॥ ध्रु ॥
वारी जी वारी तिहारे बीहारी ॥
मोहे दया करी सोवत जगाइ ॥ १ ॥
मोहन लाल सदा क्रिपाल ॥
ख्याल कि वात कही न जाइ ॥ २ ॥
मानपुरी सब राम ही दिसे ॥
नही राम बिना कछु राम दुहाई ॥ ३ ॥

राग कल्याण इमन आदिताल

मन मुरख जनम गवायो रे ॥
गुरु मुख नाही भयो रे ॥ ध्रु ॥
अंतर घट कि खबर लिन्ही ।
तो ही को कौन भुरा यो रे ॥ १ ॥
छीन छीन यह तन काल गीरा सैं ॥
साहेब नारी भायो रे ॥ २ ॥
मानपुरी कहै अमृत छोड़ा ॥
बरजत बिख अचयो रे ॥ ३ ॥

राग हमीर कल्याण ताल हुस्त बंद

छार का मो कृष्ण कहीये मो कौ
भीत तीत दिसै अबतो सब ठौर भई ।
मरे जा नी छार का ॥ ध्रु ॥
अज्ञान को ग्यान अविद्या कि विद्या भई ॥
नैन मो येक दिसे राजा रंक सरीका ॥ १ ॥

राग पूर्वी आदिताल

दिसत देख न मो सब कृष्ण ॥
जो आवत बोल नमो सब गीत ॥ ध्रु ॥
ध्यान गुरु के सदा बली जैये ॥
जो आई मोरे मन परतीता ॥ १ ॥
चारी जो बे सो तो येक भये ॥
राम लक्षमण रावण सीता ॥ २ ॥
कहत मानपुरी जब माही जुवा है ॥
जो हारा सो हारा जो जीता सो जीता ॥ ३ ॥

राग श्री ताल रूपक

अब गुन को भरो तेरे चरण व सोतरो ॥
अब साध मग चले तेरो प्रेम रस चाखी कै ॥ ध्रु ॥
भये हूं दयाल दास कियो हूं निहाल ॥
काटे भव के जजाल बानी बोले बचन मारखी कै ॥ १ ॥
मेरो तो येक बोल देखो सब बहुम गोल ॥
रचो हु त्रिविध खेल देहो का हालाखी कै ॥ २ ॥
मानपुरी उच नीच देखत है तेरे बीच ॥
तेरी तो आज वरी लाल हूं सरन राखी कै ॥ ३ ॥

रागश्री ताल चौताला

या घट माही बोलत को है ॥
अरु सबकु जान पछान तु को है ॥ ध्रु ॥
बोलत सोवत जागत को है ॥
तेरे लोचन मुदत बोलत को है ॥ १ ॥
सारी देह को नाव नियारो तेरा नाम
पुकारत बोलत को है ॥ २ ॥
कहे मानपुरी तीनों लोक भरे जामो ॥
वा बीन और क बोलत को है ॥ ३ ॥

श्री ताल सुल फाकता

ॐ नामा सीधं
अ आ इ ई उ ऊ रि री लि ली ऐ ॥ ध्रु ॥
त थ द ध ना प फ ब भ मा ॥
य र ल व सा ख स हा ॥ अर्न ॥ २ ॥
कहत मानपुरी बावन अक्षर
चार अक्षर कु जानत संवर ॥ ३ ॥

राग सारंग दरबारी आदिताल

जनम मरन को मारग त्यागो ।।
गुरू से जाय अमर पद मार्गे ।। २ ।।
करी करी भक्ति अमर भयो प्राणी ।।
फेरी फेरी गुरू के पग लार्गे ।। १ ।।
मानपुरी कहे गुरू की महीमा ।।
गुरू प्रसाद सकल भय भार्गे ।। ३ ।।

राग गौड़ सारंग ताल बिलंबी

मैं बारे नाम बोलो गाय गाय ।। ध्रुं ।।
पतीत पावन दिन बधु करूणा सीधू ।।
रहो लय लाय लाय लाय ।। १ ।।
कोई कीसी को नाही साधो देखा झुटाखेल ।।
योही जनम जाय जाय जाय ।। २ ।।
कहत मानपुरी अब येक बिचार
गहो गुरू पाय पाय पाय ।। ३ ।।

राग गौड़ सारंग ताल बिलंबी

त्यज माया मेरा कहा मानो ।।
काहे राम भुलानो ।। ध्रु ।।
योही जन्म जात सीरानो ।।
कहियो मिथ्या जन्म सत्य मानो ।। १ ।।
सपने को सुख देखी मेरे मन लनचानो ।।
प्रीतम श्री राम नही जानों ।। २ ।।
सब काहु को जानी प्यारे ।।
मेरो भुज माही भुलानो ।। ३ ।।
कहत मानपुरी येक भाव ही ये आनो ।।
घट घट मों राज यही चानो ।। ४ ।।

राग संकरा चरण आदिताल

अब तु देखत नहि हरी घट मो सांई
सन्मुख रूप अरूप दिखा वै ।।
पर घट सब ठाई ।। १ ।।
ढुडत फिरत आपन ही खोजै ।।
आपहि आप माहीं ।। २ ।।
कहत मानपुरी जी कीर फीकीर की ।।
करी है जी कबिताई ।। ३ ।।

राग सारंग आडिताल

बीजिया मेरो मन की कोमल तान ॥
ध्यान कमल निरबान ॥ ध्रु ॥
लागो ध्यान सदा सतगुरु को ॥
नासो मान गुमान ॥ १ ॥
आगम देस से आइ बिजिया ॥
घोटत सत सुजान ॥ २ ॥
वार न पार अखंडीत प्याला ॥
पियत है मस्ताना ॥ २ ॥
लहरी पै लहरी उठत सागर मो ॥
तैसी तान पर तान ॥
मानपुरी आनदे डोले ॥
गगन महल मैदान ॥ ३ ॥

राग सारंग धमाल

हो तो वार ने जाऊँ तुमरे पीय रे ॥ ध्रु ॥
रैन घटै नही तुम बीन प्यारे ॥
तलफत है जियरे ॥ १ ॥
मध जावत मेरी पलक न लागत ॥
नही दिसत नियरे ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु दरस दिखावै ॥
नैन करो सीयरे ॥ ३ ॥

राग सारंग ताल सुल फाकता

सारंग राग अति ही सरालीन ॥
भर दुपहेर रहो छाया ॥ ध्रु ॥
राग रूप यो सब देखो ॥
शोभा बरनी न जाय ॥ १ ॥
रूप न देख अमुरत साई ॥
तैसा राग दिखाय ॥ २ ॥
मानपुरी यह राग अनुठा ॥
सुन लीजो चीत लाय ॥ ३ ॥

तिल भरी जागा नाही न खाली
निरखी निरखी छबी डोलता रे ॥ २ ॥
मानपुरी साई अगम अमुरती
करी करी परगठ बोलता रे ॥ ३ ॥

राग तोडी लय ताल

व तो आन बसे मेरी आखियन मो ।
अब घर कामो मेरे कौन जावै ॥ ध्रु ॥
लागी छतीया उनकी हुतीपन सु ॥
तन मन मेरो विराम पावै ॥ १ ॥
बिना नैन देखै बिना कान सुनै ॥
बिना मुख बोलै बिना पग धावै ॥ २ ॥
कहत मानपुरी अैसं रुप अरुप को ।
देखा ना जो मेरे मन भावै ॥ ३ ॥

राग सवैया आदिताल

मन ही मदार मेटो मीत हार ॥ ध्रु ॥
धुडत धुडत चारी जुग बीते ॥
काहु न पायो पार ॥ १ ॥
तन मन माही समसथ साई ॥
देखो बारबार ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु अंतर बाहिर ॥
सत गुरु कियो निरधार ॥ ३ ॥

राग सारंग बींद्राबन आदिताल .

आरि गावै सारंग कान्हा ॥
सुनी सुनी धुनी मन माना ॥ ध्रु ॥
मोहन लाल मोहिनी डारी ॥
सब ससार भुलाना ॥ १ ॥
मगन भयो बीद्रावन बासी ॥
मदन मनोहर जाना ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु श्याम सुदर पर ॥
वारू तन मन प्राना ॥ ३ ॥

नांद बिंद कि आदि बिचारैं ॥
    सो नर चतुर सुजान ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु रूप नाम बीन
    सब घट सदा है समान ॥ ३ ॥

राग बंत श्री आदिताल

नाम रूप बीन अगम अगोचर
    बोले साधू संत ॥
सो अब रूप नामधारी आयो
    खेलै खेल अनंत ॥ १ ॥
राम नाम की जान बाबा
    जो गुरु कृपा होय ॥
जहा तहां नजर परै अल्ल बलमो
    वा बीन और न कोय ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु आनाथ बंधु ॥
    तारक तेरो नाम ॥
पावन पतीत करे दीन माही ।
या बीद की बल जाऊ ॥ ३ ॥
हो शरणागत निशी दिन हरि गुन गाउ ॥
    हो शरणागत ॥ ध्रु ॥ उपर का है ॥

राग तोडी आदिताल

मन मोहन कु देख ॥
    वार न पार अलेख ॥ ध्रु ॥
येक अनेक अनेक येक है ।
    येक भयो बहु भेख ॥ १ ॥
आवै न जाइ मरै नही जीवै ॥
    जो कोइ करता बिवेक ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु जी जीत तित दिसै ॥
    जा को रूप न देख ॥ ३ ॥

राग जौनपुरी आदिताल

वो पुछत है सो बोलता रे ॥
    बिन दांडी जग तोलता रे ॥ ध्रु ॥
ना पतीयाव तो दर्पण देखो ॥
    जो देखो सो दिखता रे ॥ १ ॥

राम धनाश्री आदिताल

तौही को मौ न ही ना डर रे ॥
आनंद सो दिन भर रे ॥ ध्रु ॥
ना तु जन्मो ना तु मरा हैं ॥
श्रम ना मो जिन पर रे ॥ १ ॥
साची कहत हुं राम दुहाई ॥
हीत चीत सो मन धर रे ॥ २ ॥
कहत मानपुरी सब परमेश्वर ॥
जीत तीत दर्शन कर रे । ३ ॥

राम धनाश्री ताल रचक

अब तु सुन रे मधुकर भाई ॥
जीत तीत कुवर कन्हाई ॥ ध्रु ॥
हम ही नद जसोदा हम ही ॥
हमरे बाप न माई ॥ १ ॥
हम हरी घट मो अैसे रहत है ॥
जो गुरु माही मीठाई ॥ २ ॥
मानपुरी मधुकर को मोहन ॥
अैसी बात सुनाई ॥ ३ ॥

राग धनाक्षरी ताल बिलंबी

पारो अल्ला भर पुर देखा जहा तहा ॥
सीजदा निमज करू कहा कहा ॥ ध्रु ॥
गुरु को मुरीद भयो पल में अज्ञान गयो ॥
परि पुरन जानि लयो । या हो या हो ॥ १ ॥
खुल गई अखिया ज्ञान दृष्टि की ॥
मैं नुर के देखा जहा ताहा ॥ २ ॥
मानपुरी या नट को देखत है घट घट मो ॥
अंत काल कछु नही वाहा वाहा ॥ ३ ॥

राग धनाश्री आदिताल

प्राणि या तु को हे रैं जान
हिन्दु मुसलमान ॥ ध्रु ॥
कोन सो देव कौन सी पूजा ॥
कोन सो आतम ध्यान ॥ १ ॥

राग बीलावल आदिता

येक भाव सो रीझे राम ॥
    सब से किजे अलह सलाम ॥ ध्रु ॥
तजिये लोक लाज चतुराई ॥
    तब पैयें पुरन निज धाप ॥ १ ॥
होय निह काम प्रेम रस पीजे ॥
    जहा तहा कीजै दरस नमाम ॥ २ ॥
कहत मानपुरी तब सुख पावें ॥
    जब दुनीया को होय गुलाम ॥ ३ ॥

राग बीरावर आदिताल

अतरगन मु पुलनना ॥ ध्रु ॥
    नैनक नैन न दुलना ॥
हाजी चीतवन ही मो जुलना ॥ १ ॥
    कहु जु पीया मन भाया ॥
जग आया मने प्रगटया ॥
    वोही आप बनी बनी आया ॥ २ ॥
वोही जतर वोही अलाप है ॥
    सब प्रीतम प्यारो आप है ॥ ३ ॥
ओर पुजा भवना आनीये ॥
    सब येक पीया करी मानीये ॥
कहे मानपुरी यो जानीये ॥ ४ ॥

राग धनाश्री ताल रूपक

अतर मो माई आवरे ॥
    तुही तुही तेरो गुण गाव रे ॥ ध्रु ॥
मातु मेठी दृष्टि करी निर्मल ॥
    जन वन दरस दिखाव रे ॥ १ ॥
आप आपको आप भुलातो ॥
    आपको आप मिलाव रे ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु वेगी अबना ॥
    भुला मनस समझाव रे ॥ ३ ॥

राग ललित आदि ताल

भवानी घर करती घमंड ॥
    नव दीन यही खड ॥ ध्रु ॥
ब्रह्मा विष्णु महादेव ध्यावै ॥
    तेरी भगत प्रचड ॥ १ ॥
जे जन ध्यावै तज न पावै ॥
    भक्ति मुक्ति या पीड ॥ २ ॥
कहत मानपुरी आदि सकती को ॥
    आयो सब ब्रह्मांड ॥ ३ ॥

राग ललित आदिताल

भज मन अंबा
    परी पुरत जगदंबा ॥ ध्रु ॥
आपही रुप अरुप सुंदरी ॥
    गुन औगुन आरंभा ॥ १ ॥
कनक कुमार जगत कि जननी
    गगण मडल को थंबा ॥ २ ॥
कहत मान पुरी अेक भाव सौ
    भक्ति करो तज दंभा ॥ ३ ॥

राग बीलावल अड़ताल

भोर भपे आस्नान करो जी ॥
    श्री सत गुरु के पाय धरो जी ॥ ध्रु ॥
गुरु दरशन करी हरी गुण गावै
    भव–सींधु दीन माही तरो जी ॥ १ ॥
येक ही देव येक ही पूजा ॥
    येक भाव अवचीत धरो जी ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु जहां पुरन ॥
    सरग नरक दुबिधा बिसरो जी ॥ ३ ॥

राग रामकली झपताल


सदा झुलते हैं सर्व झुलने में,
झुला झुलता नहीं क्या ख्याल है जी ॥ ध्रु ॥
तहकीक जानो बीना भाग्य पुर ऐसा ॥
झुलना ख्याल महल है जी ॥ १ ॥
एक झुल चले एक झुलते है ॥
इस झुलने में चला चल है जी ॥ २ ॥
कहत मानपुरी ऐसी बात बीकट कु ॥
पाना बहोत जंजाल है जी ॥ ३ ॥

राग देव गीधार आदि ताल


धारी प्रात ही मगन भई ॥
सुख सौ रैन गई ॥ ध्रु ॥
पीया प्यारे को संगना छोड़े ॥
लोक लाज भूल गई ॥ १ ॥
या जग माही बहुत बीर हुनी ॥
देखि और कई ॥ २ ॥
मानपुरी यह भगत बिरहनी ॥
देखी आज नई ॥

राग ललित आदि ताल


अल – ल – ल – लि – ला
जित तीत अल्ला अल्ला ॥ ध्रु ॥
जहा देखु तहाँ आपहि दिसे ॥
दरस दिवा घर चला चला ॥ १ ॥
पाक नजर सो देखो यारो ॥
नही बुरा नही भला भला ॥ २ ॥
मानपुरी साई हर घट माही ॥
तन को मीपन भला भला ॥ ३ ॥




मानपुरी मठ में संत की समाधि पर अंकित अभिलेख।



मानपुरीजी का चित्र जो उनके मठ में लगा है।



प्रति का मुखपृष्ठ जिसमें 'दौलताबाद किले की पहाड़ी' के उतारने का उल्लेख है।



प्रति का अन्तिम पृष्ठ जिसमें लिपिकाल दिया हुआ है।

प्रमुख संतकी मुखाकृति मानपुरी जी के शबीही शैली के उस चित्रसे मिलती है, जो उनकी समाधि के पास लगा है। यह बात प्रति के लिपिकार–चित्रकार की निष्ठा और धार्मिक श्रद्धा की व्यंजना करती है और इससे प्रति की प्रामाणिकता और विश्वसनीयता का बहुत बल मिलता है। और यहाँ पर मानपुरीजी के कुछ अप्रकाशित पद उनके चित्र और समाधि–लेख के साथ प्रस्तुत है। आशा है कि शोध के धरातल पर इस महापुरुषकी साधना के निरूपण और उसकी उपलब्धियों के मूल्यांकन का प्रयास होगा।

☆ प्रति का मुखपृष्ठ जिसमें 'दौलताबाद किले की बही' से उतारने का उल्लेख है।

☆ प्रति का अन्तिम पृष्ठ जिसमें लिपिकाल दिया हुआ है।

☆ मानपुरी मठ में संत की समाधि पर अंकित अभिलेख।

☆ मानपुरीजी का चित्र जो उनके मठ में लगा है।

राग भैरव ताल रूपक

नहीं रे जुदा यारो नहीं रे जुदा ॥
    अंतर बाहेर भर्यो है खुदा ॥ ध्रु ॥
अलख अलख में नाही भेदा ॥
    यो करी बोले प्यारो बेदा ॥ १ ॥
पायो पायो कहत अमोल ॥
    जिन पायो ते भयो महजुदा ॥ २ ॥
कहत मान पुरी गुरु प्रसादे ॥
    नाद बिंदु को येक सवाद ॥ ३ ॥

राग रामकली लपताल

तिहुं लोक के साहेब हो तो सही ॥
    पै भले जु भले गुण देखे तिहारे ॥ ध्रु ॥
दया करी प्रीति करी प्रभुजी ॥
    पुणी प्रीति करी तिन जानि प्यारे ॥ १ ॥
बेगी मिलो अब मुझु पीया जी ॥
    बीना तुम नही न कोन हमारे ॥ २ ॥
मानपुरी प्रभु सुंदर रूप तुम अपनो ॥
    मोहि तुरत दिखारे ॥ ३ ॥

संत मानपुरीजी के अप्रकाशित पद

डॉ. सी. एल. प्रभात

मानपुरीजी महाराष्ट्र की साधक-परपराके एक महत्त्वपूर्ण संत थे। भावुक भक्त तो इनके चमत्कारों को बड़ी श्रद्धा के साथ सुनते-सुनाते ही हैं, समर्थ गुरु रामदास जैसे वरेण्य मनीषीने भी इन्हे 'मोठे ज्ञानी' के रुप में याद किया है। इनका 'सकल दौलताबाद' में था। अब भी देवगिरि के किले के समीप इनका मठ सुरक्षित है। जिसके समाधिलेख से पता चलता है कि इन्होने 'रविवार ज्येष्ठ शुद्ध पंचमी, शके १६५२ साधार नाम सवत्सर' (सन् १७३० ई.) को जीवित समाधि ली थी। ये 'गोसावी नन्दन' थे, निपट निरजन के साथी और सखा थे और साधनात्मक धरातल पर इसका अत सबध ज्ञानेश्वर की परपरा के आदिनाथ से था। नामरूप के प्रति उदासीन इस संत का भौतिक परिचय भी बहुत कुछ अनजाना ही है, पर इतना स्पष्ट है कि ये रचनात्मक धरातल पर अपने युग की उस प्रगतिशील चेतना का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जो धर्म की रूढ़ियो को तोडकर धार्मिकता के सस्थापनार्थ सघर्ष कर रही थी। ये केवल दो से जुडे थे—एक था सनातन शून्य तत्त्व और दूसरा लोकजीवन। लोक में इन्होने जाति संप्रदाय, काफिरों को साफ नकारा, सामतो और सत्ताधीशों की उपेक्षा की और मनुष्य को सिर्फ मनुष्यता की ओर मुड़ने का सदेश दिया।

मानपुरीजी की रचनाओ को प्रकाशित करने के दो तीन प्रयत्न हुए। डॉ. भालचंद्र तेलंग ने औरंगाबाद की हिन्दी सतवाणी में और डॉ. कामतने 'मानपुरी पदावली' में इनके पद प्रकाशित किये हैं, पर इस संत की सपूर्ण रचनाओ का कोई सुसपादित पाठ अभी तक सामने नहीं आया। इधर कुछ प्रतियाँ मिली हैं, जिनमें देवगिरि के इस गगन-गुफा-वासी की अनुभूति की विलक्षण वाणी संकलित है इनमें से एक प्रतिके अप्रकाशित पद यहाँ दिए जा रहे हैं। यह प्रति 'वस्तुर बालाराम बाचपेई वास्तव्य औरंगाबाद बेगपुरा' की है और यह 'शके १८३४ फाल्गुन वद्य ११ सौम्य वासरे तद्दिने तृतीय पहरे' परिसमाप्त हुई थी। यह प्रति अपने में बहुत प्राचीन नहीं है, पर इसके प्रथम पृष्ठ पर ही लिखा हुआ है— 'पुस्तक की रचना किये उतार वही किल्ले बद-लता बाद।' इस वाक्य से पता चलता है कि यह पोथी किले से लगे मानपुरी मठ की किसी 'वही' की अनुलिपि है और यह तथ्य इसे प्राचीन और प्रामाणिक प्रति-परंपरा से जोड़ देता है। इस के मुखपृष्ठ पर एक रंगीन रेखा चित्र भी है, जिसमें बीच में भगवान दत्तात्रेय हैं, एक ओर भजन गाते-हुए दो भक्त गायक हैं और दूसरी ओर सत-मण्डली बैठी है। इस मण्डली में बैठे

–प्रतीक भी प्राप्त होते हैं[२५]। शिश्न के लिए सामान्यरूप से 'भाला'[२६] 'डंगनी'[२७] (फल आदि तोड़ने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला बांस) 'डोल'[२८] (बालटी), 'लाठी'[२९] 'मूसर'[३०] (मूसल) तथा 'बंदूक'[३१] का और योनि के लिए 'तरिया'[३२] (तालाब), 'कुंआ'[३३], 'मोहाटी'[३४] (द्वार) तथा बिल[३५] आदि का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि छत्तीसगढ़ी लोक–गीतों का भावपक्ष एवं कला पक्ष दोनों समान रूपसे सशक्त है। ये गीत काव्य शास्त्र की कसौटी पर भी खड़े उतरते हैं। इनका भाषा–सौष्ठव, अलकार–योजना, छंद–चयन, प्रतीकों का प्रयोग रस–विधान तथा कल्पना की उड़ान किसी भी साहित्य के लिए गर्व की वस्तु हो सकती है।

---

२६ नवां रे तरिया गड़े का भाला।
भगतिन होगे टुरी जपथे माला॥

२७ पाका लिमउ लमाये डंगनी।
सर जाही लिमउ हा झन देबे मंगनी॥

२८ आये रे बेपारी कुंआ मांडारे डोल।
तोला मोला तो भरम थें दुरिहाले राजा बोल॥

२९ तेन्दू के लाठी बनाले मूसर।
तोर मरगे बिहाता बनाले दूसर॥

३० देखिए उदाहरण – २९

३१ फुटहा बन्दूक मां आवाज नइये॥
तुम पोचरो मन गयो राजा सेवाद नइये॥

३२ देखिए उदाहरण – २६

३३ देखिए उदाहरण – २८

३४ बाजा रे बाजे दमाऊ नइये।
तोर घर के मोहाटी समाऊ नइये॥

३५ तिली के तेल रिकोले बिल मां।
दया मया नइये टुरी तुम्हार दिल मां॥

छत्तीसगढ़ी लोक–गीतों मे शरीर के लिए 'हुडंका'[१२] (घुड), घड़ा[१३] तथा 'सोने के पिंजरा'[१४] जैसे परम्परागत प्रतीको के अतिरिक्त 'नवा सड़क'[१५] (नयी सड़क) तथा वृक्ष[१६] आदि प्रतीक भी प्राप्त होते हैं। वृक्ष को हिलाने की इच्छा अनेक गीतों में प्राप्त होती है। शरीर के लिए घर का प्रयोग भी अनेक गीतो में प्राप्त होता है। परन्तु एक गीत मे पंचतत्व से निर्मित शरीर के लिए 'पाच रुपइया के घर'[१७] जैसी सुन्दर एवं सार्थक अभिव्यक्ति भी प्राप्त होती है। नारी के स्तनो के लिए निम्बू[१८] तथा आम[१९] का प्रयोग सामान्यरूप से किया गया है। यौवन के लिए पानी[२०] का प्रयोग अनेक स्थानो मे प्राप्त होता है।

काम वासना को आम के वृक्ष पर बोलने वाली 'मइना' (मैना)[२१], सोने के पिंजरे में बंद 'चिरइ' (चिड़िया)[२२], तथा 'दवा' (दावानल)[२३] कहा गया है। इन गीतों मे प्रेम का प्रतीक 'फूल'[२४] है तथा बाधाओं का 'काटा–खूटी'[२५]। छत्तीसगढ़ी लोक–गीतों मे अनेक गीत

---

१२ हउला के पानी गरम करिले।
तोर चढ़ती जवानी भरम करिले॥

१३ सुन के बिरिज के नार,
तोर घ। के तो पानी मा गेते
इन्द्री जातिस जुड़ाय। (सीताराम नायक–लोकगाथा)

१४ सोने के पिंजरा मा चिरइ उड़ाय।
कब कूदों पलगा मा जिव जुड़ाय॥

१५ नवा सड़क मां खना के खनती।
बारा बजगे जेवारा गना के गनती॥

१६ कोंआ के पेड़ ला हला तो लेतेंव।
अकिला मिल्ते राजा बला तो लेतेंव॥
छोटे छोटे रूख चढ़े के सुख देय।
तोर चढ़ती जवानी खेले के सुख देय॥

१७ पांचे रुपइया के घर जर जाय।
दोस्दारी नइ छाड़व बिहाता मर जाय॥

१८ पाका रे लिमउआ में रस चुचुआय।
रसवा मां रस मांगे मोर मन कचुआय॥

१९ एक पेड़ आम अम्मा पाके।
पानी बूडे नइ बांचे हमार ताके॥

२० देखिए उदाहरण— १२, १३.

२१ आमा के पेड़ मां बोलेला मइना।
नींद बैरी नइ आवे तुम्हार करिया॥

२२ देखिए उदाहरण – १४

२३ खाल्हे बगइचा फरेला आमा।
दवां लगगे शरीर मां बुतावों कामा॥

२४ एक फूल फूलय मंदिर ऊपर।
दिल बसगे चिरइया तोरेच ऊपर॥

२५ कांटा रे खूंटी उदकि आवे।
लोटिया मां पानी धर के निकरि आवे॥

जिस प्रकार छत्तीसगढ़ी गीतों में भावों का प्राधान्य होने पर भी कल्पना का यथेष्ट योगदान है उसी प्रकार विचार-तत्व भी उसमें नगण्य नहीं हैं। नीति विषयक राउत-नाच के दोहे में इस तत्व की प्रधानता है। प्रस्तुत राउत नाच के दोहे में नारी की निंदा न करने संबंधी एक विचार ही प्रमुख है—

नारी निंदा झन कर दाऊ
नारी, नर के खान रे।
नारी नर उपजावै भया,
धुरु पहलाद समान रे॥

(नारी की निंदा मत करो क्योंकि नारी ही नर को जन्म देनेवाली है। वह ध्रुव व प्रल्हाद जैसे नर-रत्नों को जन्म देती है।)

छत्तीसगढ़ी लोक गीतों में प्रतीक

'प्रतीक शब्द का प्रयोग उस दृश्य (अथवा गोचर) वस्तु के लिए किया जाता है, जो किसी अदृश्य (अगोचर या अप्रस्तुत) विषय का प्रतिविधान उसके साथ अपने साहचर्य के कारण करती है।'[९] यद्यपि 'प्रतीकीकरण मनुष्य का सहज स्वभाव है'[१०] परन्तु फिर भी प्रतीको का प्रयोग लोक-गीतों की अपनी विशेषता है।

शिष्ट-साहित्य का क्षेत्र व्यापक होता है अत उनमे जहा भी प्रतीको का प्रयोग हुआ है वहा एक दुरुहता उत्पन्न हो गयी है क्योंकि कवि जिन प्रतीकों का चयन करता है वे सभी क्षेत्रों में समान रूप से प्रचलित न होने के कारण कभी-कभी सभी पाठको द्वारा समान रुप से ग्राह्य नही होते हैं। लोक-गीतो का क्षेत्र अपेक्षाकृत सीमित होता है अत उसके प्रतीक क्षेत्र विशेष के सभी लोगो द्वारा समान रुप से ग्राह्य होते है। लोक-जीवन सदैव उनका प्रयोग करता रहता है तथा लोक-जीवन से ही चुने जाते है अतः लोक-गीतों के ये परिचित प्रतीक क्षेत्र विशेष के लोगो के लिए किसी स्पष्टीकरण की अपेक्षा नहीं रखते। ये प्रतीक न केवल लोक अभिव्यक्ति को नये आलोक-जल से अनुप्राणित करते हैं बल्कि साथ ही अनेक गुह्य विषयो की अभिव्यक्ति, जो लोक-गीतकार के लिए असंभव तो नही बल्कि कठिन अवश्य प्रतीत होती है, को सहज एव कलात्मक बना देते हैं। यह प्रतीक विधान भारत के सभी प्रदेशों के लोक-गीतो में प्राप्त होता है।[११]

छत्तीसगढ़ी लोक-गीतो, विशेष रूप से ददरिया में प्रतीको का प्रयोग अधिक प्राप्त होता है। ददरिया मुख्य रूप से युवक-युवतियो का श्रृंगार-गीत है इसमें श्रृंगार एवं काम संबंधी अनेक चेष्टाओं की अभिव्यक्ति प्रतीकों के माध्यम से की गयी है 'सीताराम नायक' तथा ढोला आदि लोक-गाथाओं में भी प्रतीको का प्रचुर प्रयोग प्राप्त होता है॥

---

९ हिन्दी साहित्य कोश : (ज्ञान मंडल लि.), पृष्ठ : ८६९

१० वही : पृष्ठ : ८६२

११ फोक सांग्स आफ छत्तीसगढ़ : वेरियर एल्विन : इन्ट्रोडक्शन : VI

(हे माता, तुम्हारे दर्शन कैसे हो। द्वार सकरा और छोटा है। द्वार पर हरे पीपल के वृक्ष पर लाल ध्वजा फहरा रही है। मा के द्वार पर कोढ़ी शरीर की, अंधा नयनों की, बांझ पुत्र की, निर्धन धन की तथा लगड़ा पैरो की याचना करता है। हे माता! तुमने अंधो को नेत्र, कोढ़ी को शरीर, लगड़े पैर, निर्धन को धन तथा बांझ को पुत्र प्रदान किया।)

वात्सल्य–रस —

वात्सल्य–रस का स्थायी भाव सतान–विषयक रति है। निम्नलिखित एक छत्तीसगढ़ी लोरी इसका सुन्दर उदाहरण है—

कोन तोला मारिन बाबू, कोन तोला पीटिन रे।
कोन तोला अगुरी क बाबू, छइहा देखाइन रे॥
चदा मामा आवनी, दूध भात खावनी।
बाबू के मुह मे गप के, नोनी के मुह मे गप के॥

(हे पुत्र तुझे किसने मारा है, हे पुत्र तुझे किसने अगुली की छाया दिखलायी है। चदा मामा आओ ना और दूध भात खालो ना। पुत्र के मुंह मे गप से। पुत्री के मुह मे गप से।)

कल्पना

काव्य के भाव–पक्ष में एक अन्य वस्तु का भी अपरिसीम महत्व है। वह है कल्पना! कल्पना का लक्ष्य है अपूर्वत्व की स्थापना[८]। छत्तीसगढ़ी लोक–गीतो मे भावना के साथ ही प्रतिभा-शाली लोक–गीतकारो ने कल्पना का भी समुचित उपयोग किया है। इनकी कल्पना का चमत्कार अलकारो मे विशेष रूप से दिखलाई पडता है जहा वह भावो को मूर्त रूप देकर अधिक स्पष्ट एव ग्राह्य बना देता है। एक सुआ गीत मे लोक गीतकार की कल्पना की उड़ान देखिए—

बरिस पचिस के गरे बिहाई बइठे हव धनी कर आस।
मे दुख दूबर पानी ले पातर कि ठेकना देथे मोर सास॥

(पच्चीस वर्ष की मैं विवाहिता प्रियतम की आस में बैठी हू। मैं दुख से दुबली तथा 'पानी से भी अधिक पतली' हो गयी हू। मेरी सास मुझे ताने देती है।) यहां विरहिणी 'पानी से भी अधिक पतली' होनें की कल्पना एक लोक–गीतकार ही कर सकता है। इस से न केवल भावों को स्पष्टता प्राप्त हुई है पर साथ ही गीतकार की प्रतिभा के भी दर्शन हुए है। एक ददरिया में छत्तीसगढ़ी गीतकार की यह विराट कल्पना भी दर्शनीय है —

चंदा तोर दाई सुरुज तोर बाप।
गढ़ लका तोर मइके दुरुग ससुरार॥

(माता पिता को छोड़कर तू इतनी दूर अपनी ससुराल दुर्ग जा रही है कि अब मायके तेरे लिए लंका के समान दूर ही है अतः अब चंदा ही तेरी मां है और सूर्य ही तेरे पिता हैं।)

८ हिन्दी साहित्य कोश: पृष्ठ: ५४८

नाम लेके आए साहब नाम लेके आए
माला मुंगवा छूटिस कंठी पहिनाए
अधरे के नागर अधरे जुवाड़ी
अधरे मा धोतिया सुखाए ।

(हे गुरु तुम सतनाम लेकर आए फलस्वरूप हमारे गले से मूंगे की माला उतर और हमने कंठी पहिन ली । (तुम्हारे प्रताप से) हल और उसका जुआ बिना सहारे के तुम्हारे साथ चलते थे तथा तुम्हारी धोती भी आकाश में बिना सहारे के रह कर सूखती थी ।)

शांत–रस :—

इसका स्थायी भाव निर्वेद है । एक राउत नाच के दोहे में जीवन की क्षण भंगुरता इस प्रकार वर्णित है—

दू दिन के दुनिया मा संगी,
झनकर बहुते आस रे ।
नदी तीर के रूखडा भइया,
जब तब होय बिनास रे ।।

(दो दिन जीवन में साथी बहुत आशाए न पाल नदी तट के वृक्ष का कोई भरोसा नहीं, न जाने कब उसका विनाश हो जाए)

भक्तिरस :—

भक्ति रस का स्थायी–भाव इष्टदेव विषयक रति है । निम्नलिखित माता सेवा (भक्ति-पूजा) के गीत में भक्ति–रस का सुन्दर परिपाक हुआ है—

कइसे के दरशन होए हो मैया सकरी दुअरिआ ।
संकरी दुअरिया हो मैया झझरिया किवड़िया ।।
मैया दुआरे हरिहर पीपर लाली ध्वजा फहराई ।
मैया दुआरे कोढ़िया पुकारे देव काया घर जाई ।।
मैया दुआरे आंधर पुकारे देव नयन घर जाई ।
मैया दुआरे बांझ पुकारे देव बालक घर जाई ।।
मैया दुआरे निर्धन पुकारे देव माया घर जाई ।
मैया दुआरे लंगडा पुकारे देव गोड़ घर जाई ।।
आंधर ला आंख दीन्हे कोढ़िया ला काया ।
लंगड़ा ला गोड़ दीन्हें निधन ला माया ।।
बाझन पुत्र खिलाए हो मैया संकरी दुअरिया ।

ठउके के समय मां सब देवता जूझगें जी
हगनी पोकनी लगे के कूकनी उपज गे ।
कोन्हो भागे खेत मां, चाबे कोहली नाग ।
कोन्हो नींग गे पानी मां, मंगर मछरी खाय ।
कुदा कुदा के देवता मन मारत हें जी ।
लहू लहू के झिरिया माते, पूरा माते हे ।
अइसे पर गे दिल्ली मा पन देवा नइयेना ।
छै कोरी बरेति हा आगी लगाइन मिरजा पार ।
अम्बरी जलगे बखरी जलगे डोकरी गइन भुंजाय ।
किंदर किंदर के गहिरा हा दिल्ली ला खोजेगा ।

(ठीक समय पर सब देवता जूझ गये । (देवताओं के कारण) लोगों को दस्त लग गए और महामारी फैल गयी । कोई खेत की ओर भागता है जिसे काला नाग काट लेता है । कोई (प्राण बचाने) पानी में घुसता है तो मगर–मछली खा लेते हैं । देवता दौड़ा दौड़ा कर मार रहे है । खून के झरनो के कारण बाढ़ आ गयी है । दिल्ली की दशा यह है कि वहां कोई पानी देने वाला नही है । १२० बड के वृक्ष में रहने वाले देवताओं ने मिरजा की ओर आग लगा दी । भंडार आदि में आग लग गयी तथा वृद्धाए जल गयीं । गहिरा घूम घूम कर दिल्ली को खोज रहा है ।)

बीभत्स–रस —

बीभत्स–रस का स्थायी भाव जुगुप्सा अथवा घृणा है । खुजली तथा उससे उत्पन्न भावों का वर्णन एक छत्तीसगढ़ी गीत में इस प्रकार है—

तोला खसर खसर खजरी खजवाये
तोला बारों महीना खजरी छाय रहे
दिनमान लाल लाल रात को डोमगाये
काड़ी में कोचक के पीपला बोहवाये
बोहारपान पीपरपान लेम के लगाये
अउ घाव पर लीला थोथा घोर के लगाये ॥ तोला....[७]

(तुझे 'खसर खसर' खुजली खुजलाती है । तुझे बारहो माह खुजली छायी रहती है । दिनके समय तो वह लाल लाल रहती है और रातको उसमें सूजन आ जाती है । सींक चुभा कर मवाद को बहाया तथा बोहार और पीपल का पत्ता जला कर लगाया । घाव पर नीला थोथा घोलकर लगाया ।)

अद्भुत–रस :—

अद्भुत–रस का स्थायी भाव विस्मय है । पंथी–गीत के इस अंश में सतनामियों के गुरु घासीदास के आश्चर्यजनक चमत्कारों का वर्णन है—

७ छत्तीसगढ़ी, हल्बी, भतरी, बोलियों का भाषावैज्ञानिक अध्ययन : डॉ. भालचन्द्रराव तैलंग : पृ : ३०६

वीररस :—

'गुजरी – गहिरिन' नामक लोक गाथा में गुजरी के पति चंदा की वीरता का वर्णन वीर-रस से पूर्ण है —

मब दल के बीच मां गहिरा हा कूद गे।
गहिरा के तेदू लकड़ी दिल्ली मा चमकत हे।
मार मार के गहिरा हर ख रही अस देवे गाज।
उडल ऊपर मुडल गिरगे दिल्ली के मैदान।
जाती मारे बीस–पचीस, फिरती ठौर पचास।
भाटा बरोबर मिरजा मन के मूड गिराय ॥

(सब लोगो के बीच गहिरा कूद गया। गहिरा की तेदू की लकड़ी दिल्ली में चमक रही है। गहिरा शत्रुओ को मारमार कर ढेर लगा रहा है। दिल्ली के मैदान में धड और सिर कट कट कर गिरने लगे। जाते समय बीस–पच्चीस शत्रुओ को मारता है और लौटते समय पचास को। बैंगन के समान मिरजा–लोगो के सिर उसने गिरा दिये।)

रौद्ररस :—

रौद्ररस का स्थायी भाव क्रोध है।' सीताराम नायक' नामक लोक–गाथा में सीताराम द्वारा किये गये नगेसर के अपमान का वर्णन सुनकर उसके भाइयो के क्रोध का वर्णन यहा प्रस्तुत है—

अतका बात ला पच भैया सुने, भैया
चाबे चना कस दात।
सुन ले ओ दीदी ओ बात
कोन डउका तोला आंखी दिखाइस
अखिया ला दे हूं सिलाय।
अगुरी दिखाईस अगुरी ला दे हू कटाय।
ओकर सिर काट चौरा बना हूं
ओकर ऊपर मा लेबे नहाय।

(इतनी बात पांचों भाइयो ने सुनी और क्रोध से उनके दात उसी तरह बजने लगे जिस प्रकार चना खाने के समय बजते हैं। हे बहिन! सुन ले किस पुरुष ने तुझे आंखें दिखाई है। उसकी आंखें सिलवा दूंगा। जिसने अंगुली दिखाई हैं उसकी अंगुली कटवा दूंगा। उसका सिर काट कर चबूतरा बना दूंगा जिस पर बैठ कर स्नान कर लेना।)

भयानक रस :—

इसका स्थायी–भाव भय हैं। 'गुजरी–महिरिन' लोक–गाथा में चदा–गहिरा तथा उसके सहायक देवताओ भय से भागते हुए मिरजा मोक्कर खान पठान के सैनिकों की दशा का यहां चित्रण है—

बजार जाय बर झगरा मचाये हे ।
टिकली, कुहकू, नथबेसर लगाये हे ॥
माथे के टिकली तोर चंदा अस चमकत हे ।
ओली के मुर्रा ला मुसुर मुसुर धमकत हे ॥

(एक पैर से लगड़ी है, एक आख से कानी है फिर भी शृंगार में अति करती है, तेरी जवानी जल जाय । साथी इस दुनिया की महानता देखो जहां-पुरुष और कनवे की लड़ाई हो रही है । कानी आख मे काजल आंज रही है । टूटे दांतो मे मिस्सी लगाए हुए हैं । बाजार जाने के लिए झगडा कर रही है । टिकली के साथ साथ कुकू भी लगा रखा है तथा नाक में नथबेसर पहिने है । माथे की टिकली चंदा की तरह चमक रही है । तथा वह आंचल में रखा 'मुर्रा' 'मुसुर मुसुर' खा रही है ।)

करुण रस :—

बेटी की बिदाई के इस गीत मे माता को छोडकर पतिगृह जानेवाली एक बेटी के मनोभावों का चित्रण अत्यन्त करूण है —

भौजी के हाथ छोड़ेंव, भाई के में पाठ छोड़ेंव ।
देसले बिदेस भयेंव, राज ले बिराज होगेंव ।
चिरई बसेर करेंव, हसा बसेर करेंव ।
परके पुतर बरदाई, में सग लगेंव ।
सक्षिया खवाये घी लोदी ओ दाई मोर ।
अधरतिया चना के दार ।
कुकरा के बासन दुध खिचरी ओ दाई.....
मे कोन दिन करिहो छुटान।
बेटा रहितेव तोर घट मां रहितें व,
बेटी भयेंव बिरान; ओ दाई......

(मैं भाभी का हाथ तथा भाई का साथ छोडकर जा रही हूं। अपना देश छोडकर विदेश जा रही हूं। अपना राज्यत्याग कर अन्य का राज्य बसाने जा रही हूं। जिस तरह पक्षी कुछ दिनों तक एक नीड़ में निवास करने के पश्चात उसे सूना कर जाते हैं तथा आत्मा (हंसा) जिस प्रकार एक शरीर को छोड़ कर दूसरे शरीर में चली जाती है उसी भांति मैं एक दूसरे के पुत्र के साथ जीवन व्यतीत करने यह गृह त्याग कर जा रही हूं ! मां ! तूने हलसी सांझ में मुझे घी खिलाय। और अर्ध रात्रि में भी खाने के लिए चने की दाल दी है। मुर्गे के बोलने के समय अर्थात प्रातः तूने मुझे खीर दी है। हे मां ! मैं तेरे प्रेम का प्रतिदान कब कर सकूंगी यदि मैं पुत्र होती तो तेरे घर ही में रहती परन्तु पुत्रीका जन्म—ग्रहण करने के कारण मैं परायी हो गयी हूं।

(पनघट पर आम की छाया में तुम आए तथा रास्ता चलते चलते मेरी बाह मरोड़ दी) छत्तीसगढ़ी लोक–गीतों में यद्यपि अश्लील काम–चित्रों की कमी नहीं है परन्तु फाग–गीत के इस अंश में लोक–गीतकारने बड़ी कुशलता से केवल संकेतो की सहायता से स्वयं को स्थूल काम–चित्रण से बचा लिया है।

सुन्दर सेज बिछे ऊपर मां, पौढ़े नारी नगीना ।
चोली के बद तड़ातड़ टूटे, अंचरा पोछे पसीना ॥
एक दिन श्याम बजा गयो बीना ।

(ऊपर सुन्दर सेज बिछी हुई है। जिस पर रत्न सी सुन्दर नारी लेटी हुई है। चोली के बद तड़ातड़ टूट रहे हैं तथा वह आंचल से पसीना पोछ रही है)

वियोग श्रृंगार :—

जहां नर–नारी के मिलन का चित्रण संयोग श्रृंगार मे होता है वहा उनका वियोग, वियोग–श्रृंगार का विषय है। प्रस्तुत करमा गीत में प्रवासी प्रियतम के लिए जलती हुई नायिका के दुखी हृदय की व्यंजना हुई है—

ओ दीदी मोर पिया गे परदेस ।
न कोन्हो आवे, कोन्हो जावे न भेजे संदेश ॥ ओ०...
काकर बर में हा मेंहदी रचावौं ।
काकर बर सवारौं केस ।
पिया बसे दूर देस ॥ ओ दीदी०...
नि तो भावे ओकर बिन मोला सास–ससुर के देस । ओ०...

(बहिन! मेरे प्रियतम विदेश गये है। न वहा से कोई आता है, न कोई वहा जाता है और न वे ही कोई सदेश भेजते है। उनकी अनुपस्थिति में मैं किसके लिए मेहंदी रचाऊ तथा किसके लिए केश सवारू। मेरे प्रियतम तो दूर देश में बसे है। उनके बिना मुझे ससुराल नही भाती ।)

हास्य रस :—

निर्धनता तथा अभावो के भीषण झझावातो के बीच भी छत्तीसगढ़ी लोक-जीवन से हास्य का दीपक बुझा नही है। प्रस्तुत करमा–गीत में एक असुदर नारी के अनावश्यक श्रृंगार पर किया गया व्यग्य तथा तद्जनित हास्य प्रस्तुत किया गया है—

एक गोड़ खोरी हवे, आंखी तोर कानी रे ।
तब ले लाहोच लेथे, जरे तोर जवानी रे ।
देखौ संगी ये दुनिया के बड़ाई ला ।
ढैकी ढौका अउ कनवा के लड़ाई ला ।
कानी आंख मा काजल ला आंजन हे ।
दतली दांत मां मिस्सी ला लगाये हे ॥

साहित्य में नौ स्थायी भाव प्रतिष्ठित हैं। ये रति, हास, शोक, उत्साह, क्रोध, भय जुगुप्सा, विस्मय, तथा निर्वेद हैं जो परिपुष्ट होकर क्रमशः शृंगार, हास्य, करुण, वीर, रौद्र, भयानक, बीभत्स अद्भुत् तथा शांत रस का रूप धारण करते हैं। कुछ विद्वान इष्ट देव विषयक रति में भक्ति रस तथा संतति विषयक रति में वात्सल्य रस मानते हैं।

छत्तीसगढ़ी गीतों में रस :—

श्रृंगार, हास्य, करुण, शांत तथा भक्ति रस छत्तीसगढ़ी लोक-गीतो के प्रमुख रस हैं। वैसे वीर, रौद्र, भयानक, बीभत्स, अद्भुत तथा वात्सल्य रस के भी यथेष्ट उदाहरण प्राप्त होते हैं। संयोग श्रृंगार मुख्य रूप से फाग, ददरिया तथा करमा गीतों में तथा वियोग श्रृंगार बंडा-गीत, ददरिया, सुआ-गीत तथा करमा गीतों मे पाया जाता है। नचौरी, देवार गीत तथा विवाह के अवसर पर गाये जाने वाले चुलमाटी एव गारी नामक गीतो में हास्य के स्वर हैं। सोहर तथा बेटी की बिदाई तथा पठौनि के गीतो का मूल स्वर करुण-रस से भीगा हुआ है। राउत नाच के दोहे तथा भजनो मे शांत रस तथा गौरा, माता-सेवा, जंवारा, भोजली आदि धर्म एवं पूजा के गीतो मे भक्तिरस प्राप्त होता है। वीर रस पंडवानी, गुजरी गहिरिन, तथा रायसिंग का पवारा नामक लोक-गाथाओ मे प्राप्त होते है। रौद्र रस के उदाहरण गुजरी गहिरिन तथा सीताराम नायक नामक लोकगाथाओ में प्राप्त होते हैं। भयानक, बीभत्स तथा अद्भुत रस गुजरी गहिरिन नामक गाथा के विभिन्न स्थलो मे प्राप्त हो जाते हैं।

यद्यपि रस के स्थायी भाव आलम्बन, उद्दीपन, अनुभाव, सचारी आदि अवयव माने जाते हैं परन्तु 'गीति मे रस के समस्त अवयवो की समाहृति सम्भव नही है, गीति काव्य में रस केवल व्यंजित ही हो सकता है।[१] जब साहित्यिक गीतो की यह दशा है तब लोक-गीतो में उन सभी अवयवो की प्राप्ति सभव नही है।

श्रृंगार रस :—

संयोग श्रृंगार :—

श्रृंगार रस का स्थायी भाव रति है। नर-नारी के मिलन का चित्रण संयोग-श्रृंगार का विषय है। फाग-गीत के इस अंश में राधा और कृष्ण के मिलन का चित्रण है—

मनहर लियो जाय छोटेसे श्याम कन्हैया।
सांकुर खोर गोकुल के राधा पनिया जाय।
बीच में मिलगे कन्हैया गले लियो लपटाय। छोटे से०...

(छोटे से कन्हैया मन हर लेते हैं। गोकुल की संकीर्ण-गली में राधा पानी भरने आ रही है। बीच में कृष्ण मिल गये तथा उन्होने राधा को गले से लगा लिया।)

निम्नलिखित ददरिया में पनघट पर नायक द्वारा नायिका की बांह मरोड़ने का वर्णन है—

घटरौंधा मं आए आमा के छहियां।
रहा ला रेंगे मरोरे बहियां॥

१ हिन्दी साहित्य कोश : पृष्ठ ५४८

पक्ष सशक्त एवं प्राणवान हो उठा है। इन तत्वो ने भावों को अधिक प्रखर एवं प्रभावशाली बनाने में सहायता दी है।

छत्तीसगढ़ी लोक–गीतोंका भाव–पक्ष

'भावपक्ष से तात्पर्य साहित्य या काव्य के अन्तरंग से है, जिसे एक प्रकार से कविता की आत्मा कह सकते हैं[४]। काव्य का अन्तरग भावना, कल्पना और विचार के अन्तर्भाव से निर्मित होता है[५]। यद्यपि विचार या बौद्धिकता को काव्य का शत्रु कहा जाता है–परन्तु इस तत्व या काव्य से पूर्ण बहिष्कार भी सदैव उचित नहीं कहा जा सकता। जहा तक लोक–गीतकार का प्रश्न है वह भाव विशेष की अभिव्यक्ति के लिए ही गीत की रचना करता है अथवा यह कहा जाय कि भाव विशेष की अभिव्यक्ति ही गीत का रूप धारण कर लेती है अत: उस गीत में भाव विशेष ही मुख्य होता है अन्य तत्त्व गौण। फलस्वरूप श्रोता अथवा पाठक उस भाव के तीव्र प्रवाह में बह जाता है, उसकी गहराई में डूब जाता है और उस भाव द्वारा पुष्ट रस विशेष का आस्वादन करता है। रस लोक–गीतो के प्राण हैं। छत्तीसगढ़ी में जीवन के विभिन्न क्षणो, संदर्भो एव भावो को व्यक्त करनेवाले गीतो की कमी नही है। छत्तिसगढ का जन जीवन जैसे गीत और सगीत की लय पर झूमता रहता है। लगता है निर्धनता, अभावो और पीडाओं से लिपटी यहां की जिन्दगी को गीत और संगीत ने ही जीने का सबल दिया है। अभावो से जूझते हुए यहा के अधरो पर लोक–गीतो के जो फूल खिले है उनकी सुगंध से सारा वातावरण महक उठा है। यहा का कोई उत्सव, कोई मुस्कान, कोई पर्व, कोई आसू ऐसा नही है जिसे इन लोक–गीतो ने न दुलराया हो, जिसे इन गीतों ने स्वर न दिये हों।

आकाश में जब काले काले बादल झूमते बलखाते मचल उठते है तब छत्तीसगढ़ के धान के खेतो की हरियाली मेड़ों पर से ददरिया के मादक स्वर अंकुराते हुए बीजों की तरह फूट निकलते हैं और अपने माधुर्य से सारे वातावरण को भर देते हैं। शृंगार की ऐसी इन्द्रधनुषी फुहार पडने लगती है जिसमे कृषि का सारा श्रम धुल जाता है। वर्षा की बिदाई के साथ ही गुलाबी शीत के सुहाने मौसम मे जब छत्तीसगढ दीपोत्सव के उज्ज्वल प्रकाशमे डूब जाता है, यहाँ की धरती नारी कंठों से निकले सुआ–गीतों से मुखरित हो उठती है। चारो ओर करुणा की एक कोमल धारा प्रवाहित होने लगती है। वियोगिनी की पीडा हर श्रोता के हृदय में उतर आती है और आंसू पलकों पर छा जाते हैं। और जब पलास की कली कली लाज से रंग उठती है, अमराई जब अपने ही उमडते यौवन की सुगंध से बौरा उठती है, जब बसंत का यौवन रंग–बिरंगे पुष्पों के रूप में फूटकर अपने उभार पर आ जाता है तब छत्तीसगढ का वायुमंडल फाग नामक बसंत–गीतों से गूज उठता है। शृंगार और भक्ति से इन गीतो में एक ऐसी मस्ती है, ऐसा उल्लास है जो गायकों के हृदय में न समाकर फूट पड़ता है। प्रकृति में फूट पड़नेवाले पल्लवो की तरह, कलियों की तरह, फूलों की तरह।

---

४ हिन्दी साहित्य कोश : पृष्ठ : ५४८

५ वही : पृष्ठ : १०२

१ नारी पिंदा झन कर दाऊ,
नारी नर के खान रे।
नारी नर उपजावै भैया,
ध्रुव पहलाद समान रे॥

२ दू दिन के दुनिया मां संगी
झनकर बहुते आस रे।
नदी तीर के रूखवा भैया,
जब तब होय बिनास रे॥

ददरिया :—

यह केवल दो पंक्तियो का गीत है। इस छंद की यह विशेषता है कि इसकी प्रथम पंक्ति में कम तथा द्वितीय पंक्ति मे अधिक मात्राए होती हैं –

संझा के बेरा तरोई फूलै रे।
तोर चिमटी भर कनिहया तोही ला झूलै रे।

परन्तु कुछ ददरिया के छंदो की प्रत्येक पंक्ति मे समान मात्राएं भी प्राप्त होती हैं –

फुटहा रे मदीर कलस तो नइये।
दू दिन के अवइया दरस तो नइये॥

इसकी प्रत्येक पंक्ति में २० मात्राएं जब कि निम्नलिखित ददरिया की प्रत्येक पंक्ति में १२ मात्राए हैं —

बरछी के मारे बछर दिन जाय।
बोली के मारे जनमदिन जाय॥

करमा–गीत :—

यह भी एक नृत्य–गीत है अत: इसके छंद की लय में भी तीक्ष्णता एवं प्रवाह होता है। निम्नलिखित करमा गीत के मुखड़े की प्रत्येक पक्ति मे १३–१३ मात्राओं की यति पर २६ मात्राएं है तथा अंतरा की प्रत्येक पक्ति में २३ मात्राए हैं।

एक गोड छोरी हवे आंखी तोर कानी रे।
तब ले लाहोच लेथे जरे तोर जवानी रे॥
देखो संगी ये दुनिया ने बढ़ाई ला।
डेकी ढोका अउ कनवा के लड़ाई ला॥

छत्तीसगढ़ी लोक–गीतों के भाषा–सौष्ठव, अलंकार–प्रयोग एवं छंद–योजना पर दृष्टिपात करके कहा जा सकता है कि यद्यपि छत्तीसगढ़ी लोक–गीतकारों ने इन्हे लाने का प्रयत्न नहीं किया है परन्तु अनायास ही छत्तीसगढ़ी लोक–गीतों में इन तत्वों के आ जाने से उनका कला

बच्चों के खेलों के गीत :—

कबड्डी के गीत
कुंआ मां डब्बा ।
मैं तोर बब्बा ।।

दो नन्हें नन्हें चरणो के इस नन्हें से छंद के प्रत्येक चरण में ९ मात्राएं है । इसी भांति एक दूसरे गीत के प्रत्येक चरण में १२ मात्राए हैं -

मरगे मदारीलाल ।
मौरे मुछा लाल लाल ।।

फुगड़ी का गीत :—

बालिकाओ के एक खेल फुगड़ी के इस गीत के प्रत्येक चरण मे १६ मात्राएं है –

गोबर दे बछरू गोबर दे ।
चारो खूटा ला लीपन दे ।।

माता सेवा के गीत :—

यह भक्ति का गीत है। इसमें लम्बे छदो का प्रयोग किया गया है । निम्नलिखित माता-सेवा के गीत की प्रत्येक पंक्ति मे ३० मात्राए हैं –

मैया भीख बगस दे जन ठाढ़े तोर द्वारे हो माय।
घर घर मं पलग तुम्हारे माता घरघर पग तुम धारे ।
मन मोर हुलसे कवल दल बिहसे पायो दरस तुम्हारे ।।

नचौरी :—

नचौरी अथवा नाच के गीत मस्ती मे झूमकर गाये जातें हैं। इसके छद की लय में तीव्रता होती है । नचौरी के इस गीतांश की प्रत्येक पक्तिमे २३ मात्राए हैं :–

गाय ले ले भैया तें भैइस ले ले गा ।
कहां जाबे भैया ते काबर जाबे गा ।।
आघस तो नाबे भैया बइठ ले ले गा ।

राउत नाच के दोहे :—

नाम साम्य के अतिरिक्त इन दोहों में पिंगल में वर्णित दोहा छंद के कोई लक्षण नहीं प्राप्त होते। कुछ राउत नाच के दोहों के विषम चरण में १६ तथा सम चरणों में १३, इस प्रकार प्रत्येक पंक्ति में २९ मात्राएं होती हैं।

चिक्कन चिक्कन पीपर पत्ता,
ओकर ले चिक्कन घीव
ओखरो ले चिक्कन टूरी के....
हमरो ललचे जीव ॥

(पीपल का पत्ता चिकना होता है, उससे भी चिकना घी है, उससे भी चिकनी लड़की की....है अतः हमारा मन ललचाता है।)

विशेषोक्ति :—

कारण के होने पर भी कार्य के न होने के कारण निम्नलिखित करमा गीत की पंक्तियों में विशेषोक्ति अलंकार देखा जा सकता है। यहा आग लगने पर भी धुआं न होने का वर्णन है।

घर भीतर आग लगे धुंआ नहिं आवे हाय
कइसे मा आंसू बहाय– तलफ गे,
न कछू बोले न कछू बताय– हो हाय।

(घर के भीतर आग लगी है पर धुआ नही आ रहा है। आंसू क्यों बह रहे हैं, तड़प रहे हो। न कुछ बोलते हो न कुछ बतलाते हो।)

छंद :—

'कुछ लोगो का कहना है कि लोक–गीतो मे कोई छन्द विधान होता ही नहीं। परन्तु ऐसी बात नहीं है। छन्द–विधान को शास्त्रीय परिभाषा मे बाधकर ही आगे बढ़ना उचित नही है। लोक-गीतों मे भावो के उद्दीपन और शैथिल्य के साथ ही उतार–चढ़ाव बंधा होता है। भावो के अनुरूप ही स्वर गति से चलते हैं।'[३] छत्तीसगढ़ी लोकगीतो के भी अपने छद हैं भले वे छन्द–शास्त्र की शास्त्रीय परिभाषा को स्वीकार न करते हो। लोक–गीतकार मात्राओ के गिनने अथवा वर्णों को सजाने के चक्कर में नही पडता। गायक आवश्यकतानुसार गाते समय स्वर के उतार चढ़ाव से मात्राओं को लघु अथवा दीर्घ करके लय मिला लेते हैं। छत्तीसगढ़ी लोक–गीतो पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो ज्ञात होगा कि इनमें से अनेक गीतों की पंक्तियो मे मात्राओ की सख्या समान नहीं है। कुछ पंक्तियां छोटी हैं कुछ लम्बी। कुछ गीत, विशेष रूप से लोक–गाथाए अतुकांत हैं परन्तु गाते समय, गायक के स्वर में ढल जाने पर कहीं भी लय भंग सा प्रतीत नहीं होता है। ऐसे गीत भी यथेष्ट प्राप्त हो जाते हैं जिनमें मात्राओं की संख्या निश्चित है।

लोक–गीतो में भाव प्रमुख होता है, छंद आदि तत्व उसके अनुचर होकर ही आते हैं। छत्तीसगढ़ी लोक-गीतकारों ने भी भावों के अनुरूप ही छंदों का चयन किया है। नन्हें नन्हें चपल शिशुओं के खेल के गीतों में उन्ही की तरह छोटे एवं तीव्र प्रवाह तथा लय वाले छन्द चुने गये हैं। माता सेवा के गीतों में जहां भक्ति–भाव मे डूबा हुआ स्वर शिथिल गति से आगे बढ़ता है, लम्बे छंद का चयन हुआ है। नचौढ़ी अथवा नाच-गीत के छद में लय की गति तीव्र होती है।

३. भोजपुरी लोक-गीतों के विविध रूप : प्रो. श्रीधर मिश्र : पृष्ठ : ७०.

रूपक :—

निम्नलिखित 'करमा–गीत' में 'नैना' उपमेय का 'बान' उपमान पर निषेध रहित अरोप होने के कारण रूपक है।

काबर मारे नैना बान, जिनगी के नइए ठिकाना।
कनकी कोदई ला नदी म धोले रे।
तोर आगे लेवइया गली म रोले रे।। काबर मारे नैना बान..

(तुमनें नयनो के बाण से मुझे क्यों मारा? अब मेरे जीवन का कोई भरोसा-नही है। कनकी और कोदो (अनाज) को नदी में धोले तुझे ले जानेवाला आ गया है अत: तू गली में रोले।)

अन्योक्ति :—

प्रस्तुत के द्वारा प्रस्तुत के सबध में कुछ न कह कर समान दशावाले अप्रस्तुत का वर्णन करने के कारण निम्नलिखित गीतो मे अन्योक्ति है।

तोर मन चलती मोर मन उदास।
जल देवता मा खड़े होके मरथव पियास।।

(तुम्हारे मन में शीघ्र चले जाने कि इच्छा है जब कि मेरा मन उदास है। मै जल में खड़ी होकर भी प्यासी मर रही हू।) इस ददरिया में जल अथवा प्यास के सबध में कुछ कहना नायिका का ध्येय नही है, वह उनके माध्यम से नपुसक नायक का वर्णन कर रही है। इसी भांति इस करमा गीत में 'बिल्ली' के सबंध में गीतकार कुछ नहीं कहना चाहता। वह तो उसके द्वारा मृत्यु या काल की ओर सकेत कर रहा है—

ए छान्ही ओ छान्ही कदय बिलैया।
हम परदेसी दुरिहा के रहइया।।

(बिल्ली इस छत से उस छत पर कूद रही है। हम परदेसी दूर के रहनेवाले हैं)

विरोध :—

निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी गीत मे 'कुआर' की चादनी नायिका को अंधियारी रात लगती है। अत: वस्तुत: विरोध न होते हुए भी यहा विरोध दिखाया गया है अत: विरोध अलकार है——

कुवार महीना छिटकै चांदी, लागव उंकर में पैंया हो न।
मोर बर भइगे रात अंधियारी, कब सुध ला मोर लै हो न।।

('कुंआर' माह की चांदनी छिटकी हुई है, मैं उनके पैर पडती हूं, मेरे लिए यह अंधियारी रात हो गयी है। (प्रियतम बिन), मेरी सुधि कब लोगे।)

सार :—

निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी गीत में पूर्व कथित वस्तु की अपेक्षा बाद में कही गयी वस्तुओं का उत्तरोत्तर उत्कर्ष दिखलाया गया है अत: सार अलंकार है—

दृष्टांत :—

दू दिन के दुनिया मा संगी
झनकर बहुते आस रे।
नदी तीर के रुखवा भैया,
जब तब होय बिनास रे॥

(दो दिन के जीवन मे साथी बहुत आशाएं न पाल। नदी तट के वृक्ष का कोई भरोसा नही, न जानें कब उसका विनाश हो जाए।)

राउत नाच के उपर्युक्त दोहे में उपमेय तथा उपमान वाक्यें के पृथक पृथक अर्थों का इस प्रकार कथन किया गया है कि उनमे समानता जान पड़ती है अत: यहा दृष्टांत अलकार है।

अत्युक्ति एवं अतिशयोक्ति अलकार –

निम्नलिखित देवार गीत की प्रारम्भिक पक्तियो मे केवटिन (मछली पकड़ने तथा बेचने का व्यवसाय करनेवाली) की सुकुमारता का पूर्णत: असम्भव की सीमा तक बढा चढा कर वर्णन किया गया है अत. वहा अत्युक्ति अलकार है। अतिम दो पक्तियो मे मोतियो की चमक को सूर्य के समान बढा चढा कर बताया गया है अत वहा अतिशयोक्ति अलकार है।

एक ठन सीथा म फुल के मरे
मेकरा के ताग म झुल के मरे,
एक बूंद पानी म बुड़ के मरे,
कारी केवटिन गर भर पोत।
बरगे केवटिन सुरुज के जोत॥

(केंवटिन इतनी सुकुमार है कि चावल का एक दाना खा लेने से ही वह फूलकर मर सकती है। मकड़ी के जाले के एक धागे में लटक कर मर जाने की संभावना है। एक बूँद पानी में वह डूब कर मर सकती है। श्यामवर्णा केवटिन के गले भर मे मोतियों की मालाएँ है जिनके कारण केंवटिन सूर्य की भाति प्रकाशित है।)

लोकोक्ति :—

लोकोक्ति लोक की ही उक्ति होती है अत: लोक-गीतों में प्रसंगानुकूल इनका यथेष्ट प्रयोग प्राप्त होता है। निम्नलिखित करमा गीत की पंक्तियों में 'जवानी चार दिन की होती है' जैसी प्रसिद्ध लोकोक्ति का अनूठा प्रयोग है—

चार दिन के पानी बादर, चार दिन के घाम।
चार दिन के जवानी, नइ आवे कुछु काम॥

[जिस तरह चार दिन की वर्षा, चार दिन की धूप होती है उसी तरह जवानी भी चार दिन की होती है। यह किसी काम नहीं आती। (अत: इस पर गर्व करना व्यर्थ है)]

वह गीतकार की कल्पनाशक्ति को सामने प्रस्तुत कर उसकी प्रतिमा का दिग्दर्शन भी कराता है। 'रहिमत' नामक एक–लघु–प्रबंध गीत मे एक तुर्क से अपने सम्मान की रक्षा करने के हेतु प्राण त्याग देनेवाली 'रहिमत' के इस सौन्दर्य वर्णन में उपमा की छटा दर्शनीय है——

केरा कस खमा ओ रहिमत तोरे जांघे दिखत हे ना।
बेलना कस बेले ओ दाई तोरे बहिया दिखत हे ना।।

आमा कस चानी ओ रहिमत दाई तोरे अंखिया दिखत हे ना।
सुवा कस चोचे ओ दाई तोरे नाके दिखत हे ना।।

(हे रहिमत तेरी जंघाए केले के स्तम्भ की तरह दिख रही हैं। बेलनें से बेली हुई सी अर्थात चिकनी तेरी बाहें दिख रही हैं। तेरी आंखें आम की फाक सी दृष्टि गोचर होती है। तेरी नाक तोते की चोंच सी दिखलाई पड रही है)

मालोपमा —

निम्नलिखित भोजली–गीत में एक उपमेय के लिए कई उपमानो की एक माला सी गुथ दी गई है अत· यहा मालोपमा है—

पानी बिन मछरी, पवन बिन धान।
सेवा बिन भोजली के तरसे परान ।।

(सेवा के बिना भोजली के तरसते हुए प्राणों की तुलना यहां बिन पानी की मछली एव बिना पवन के धान के पौधो से की गयी है।)

उदाहरण अलंकार .—

मे दुखिया दुख कावर रोतेंव बाबू मोर।
आज के दिन तोर ददा रहतिस सरवन मोर ।।
जइसे मरार बारी मां गोभी फूलै बाबू।
तइसे तोर ददा ला धोती खुलै न ।।
जइसे मरार बारी मा मिरचा फूलै बाबू।
तइसे तोर ददा ला मेछा खुलै न ।।
जइसे मरार बारी मां फूट फरै बाबू।
तइसे तोर दाद ला बूट खुलै न ।।

(यदि तुम्हारे पिता होते तो हे पुत्र! मैं इस तरह दुख से क्यों रोती। जिस तरह मरार की बाड़ी में गोभी का फूल खिलता है उसी तरह तुम्हारे पिता को धोती सुन्दर लगती थी मरार–बाड़ी में होनेवाली मिर्ची की तरह तुम्हारे पिता की मूछे सुन्दर लगती थी। मरार बाड़ी में फलनेवाले फूट (फल) की तरह तुम्हारे पिता को जूते सुन्दर लगते थे उपर्युक्त गीत में उपमेय एवं उपमान जैसे दो वाक्यों में जइसे, तइसे वाचक शब्दों के द्वारा समानता दिखलायी गयी है अतः यहां उदाहरण अलंकार है।)

पुनरुक्ति प्रकाश :—

मोर जरत करेजा कसकत तन मां।
धूर धूर के हवंय राजा अपन मन मां॥

इस ददरिया में काव्य की सौन्दर्य वृद्धि के लिए 'धूर' शब्द का एक ही अर्थ में एक से अधिक बार प्रयोग हुआ है अत यहा पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार आ गया है।

वीप्सा :—

निम्न प्रस्तुत बेटी की बिदाई के गीत में दुख की अधिकता की सूचना देने के लिए मनोवेग सूचक 'हाय' शब्द का बार बार प्रयोग किया गया है अतः यहा वीप्सा अलकार है।

नीक नीक लुगरा लिमार ले वो,
हाय! हाय!! मोर दाई,
बेटी पठोवत आसू ढारे वो,
नोनी के छुटगे महतारी वो,
हाय! हाय!! मोर दाई,
बूता तो होंगे भारी वो।

श्लेष :—

छत्तीसगढ़ी लोक-गीतो में कही कही श्लेष के उदाहरण भी प्राप्त होते हैं—

पाका रे लिमउ में रस चुचवाय।
रसदा मा रस मांगे मोर जी कचुआय॥

उपर्युक्त ददरिया में लिमउ तथा रस में श्लेष है।

'लिमउ' के यहाँ दो अर्थ है १ निम्बू (एक फल)
तथा २ युवती का यौवन अथवा वक्ष

'रस' के भी दो अर्थ हैं १ रस (निम्बू का)
२ आनंद

अर्थालंकार :—

छत्तीसगढ़ी लोक-गीतों मे उपमा, मालोपमा, उदाहरण, दृष्टांत अतिशयोक्ति तथा लोकोक्ति आदि अर्थालकारो के उदाहरण अधिक प्राप्त होते हैं। इनके अतिरक्त रूपक, अन्योक्ति, विरोध, सार तथा विशेषोक्ति के भी उदाहरण प्राप्त होते हैं।

उपमा :—

उपमा केवल छत्तीसगढ़ी लोक-गीतकारो का ही नहीं, सभी लोक-गीतकारों का प्रिय अलंकार रहा है। जहा अलंकार भावों को स्पष्टता प्रदान करने में सहायक होता है वहां

छत्तीसगढ़ी गीतों में सर्वत्र मिलती है। 'सुआ' जैसे गीतों में, जहां नारी हृदय की कोमल भावनाएं अभिव्यक्त हुई हैं—

पइयां में लागत हौं,
चंदा–सुरुज के, रे सुअना
तिरिया जनम झनि देय।

में गीतकार ने कोमल वर्णो के माध्यम से नारी हृदय की पीडा को स्वर दिया है। वहां 'पडवानी' जैसे वीररस के गीतो में—

रथला हांकत हे भगवान

कुकुस लुहुंगी, साप सलगनी, हाथी हुदबद, गदहा गदबद
घोडा सरपट, पैदल रटपट, सेना करिस पयान।
कांपे लागिस बैरी के दल, कौरूदल मां मचगे खल भल।
छांड़े अरजुन सरसर बान, कइसे बाचे प्रान,
कुरुछेत्र मैदान–भैया, रथला हांकत हे भगवान।

लुहुंगी, सलंगनी, हुदबद, गदबद, सरपट तथा रटपट जैसे शब्दो के प्रयोग ने न केवल कुत्ते, सर्प, हाथी, गधे, घोड़े तथा पैदल की चाल को दर्शाया है साथ ही महाभारत के युद्ध को भी जीवत कर के गीत को एक प्रवाह से भर दिया है। इस प्रकार शब्दो एव भावों का सामजस्य छत्तीसगढ़ी गीतो की एक प्रमुख विशेषता है।

अलंकार :—

खुसरो की हिन्दवी शायरी के मुफस्सल और बाजाब्ता हवाले जिन मे खालिक़ बारी, गज़ल और पहेलियाँ मुकरनियाँ और ढकोसले शामिल हैं सबसे पहले हमें आबे हयात उर्दू अदब की तारीख में एक तारीख साज़ किताब की हैसियत रखती हैं। नई तहकीकात की रोशनी में आज़ाद के बहुतसे बयानात अगरचि संदिग्ध मालूम होते हैं, ताहम यह भी सहीह है कि आज़ाद की पेश की हुई मालूमात कदीम नज़किरो के सहारे आगे बढी है और उन्हें महज बाज़ारी गपें कहकर नजर अदाज नही किया जा सकता। अलबत्ता नये आधारो की दरयाफ्त के बाद और नयी विद्योओ के विशाल क्षितिजों में उनका परीक्षण जरूर किया जा सकता हैं। खुसरो के दोहों, फारसी मिश्रित हिन्दवी गज़ल और और खालिक बारो के मुतल्लिक़ मज़कूर खयालात के बाद खुसरो की पहेलियाँ, मुकरनियाँ, गीत और अन्य हिन्दवी कलाम का अध्ययन बाकी रह जाता है जो बकौले हामिद हसन कादरी शाहाने अवध के कुतुबखाने में जो मोती महल और तोप खाने मे थे, लेकिन जिन का अब कोई पता नही चलता। खुसरो का कलाम जो तकी अवजदी (सन् १०६४ हि०) फारसी कलाम से बहुत ज्यादह था, तलाश करने की मुनज्ज़म कोशिश सन् १९१५ ई में की गई थी।

अलीगढ़ मे सन् १९१० ई मे कुल्लियाते– अमीर खुसरो मुरत्तब करने का जो प्रोग्राम बना इस प्रोग्रॅम तहत अमीर खुसरो की चन्द तसानीफ शाये भी हुई। इस सिलसिले में मदरसतुल उलूम के सेक्रेटरी जनाब नव्वाब हाजी मुहम्मद इसहाक खाँ साहब ने खुसरो का हिन्दवी कलाम हासिल करने की भी कोशिश की थी। उन्होंने पहले नागरी प्रचार सभा (बनारस) के सेक्रेटरी को खत लिखा कि वह खुसरो का हिन्दी का कलाम अगर उन्हे दस्तयाब हो तो सूचित करे, मगर वे अपने इस उद्देश्य

---

१ वही पृ ७१

२. प्रोफेसर महमूद खां शीरानी बच्चों के तालीमी निसाब पृ ७२–७३

३ खजाइनउलफुतुह में हिन्दी अलफाज़ का हवाला गुजशता सफहात में दिया जा चुका है दलवी

४. प्रोफेसर हाफीज महमूद शीरानी, हिफजुल इन्सान मारूफब खालिक बारी पृ. ६५

५. काजी अब्दुलवदूद: आजाद बहैसियते मुहक्किक (तावाए अदब बम्बई अक्तूम्बर १९५६ ई. पृ २०).

खुसरो की तसनीफ नभी मान लिया जा तो बकौल शीरानी[1] उर्दू मे उसके रिवाज में आए तीन साढ़े तीन सौ साल गुजरते हैं। अन्य शब्दो मे उर्दू मे निसाब का सिलसिला गालिबन् दसवी सदी हिजरी से शुरू होता हैं। इस सबध में उर्दू निसाब के ताल्लुक से अव्वलियत के लिहाज से शीरानी साहब ने "हकीम यूसफी के" क़सीदा दर लूगात हिन्दी" का जिक्र किया है जो दसवी सदी हिजरी के प्रथमार्थ के बुजुर्ग हैं। इसी मक़ाले मे जो "पंजाब मे उर्दू" के बाद तसनीफ हुआ, शीरानी साहब ने खालिक़ बारी के बारे मे कुछ नये पहलू बयान किये है जो 'पंजाब मे उर्दू' की रचना के वक्त उनके इल्म में नही थे। इस सिलसिले में वे लिखते है कि "खान आरजू पहले शख्स हैं जो खालिक बारी का जिक्र करते हैं"। गराइब उल्लुगात मीर अब्दुल वासिअ हाँसवी की तसनीफ हैं। खान आरजू सशोधन और जोड के बाद उसकी एक नयी इशाअत तैयार करते हैं।

इस आवृत्ति में खान मोसूफ कई मोके पर रिसाल ए—मजूमा—ए—अमीर खुसरो का जिस से उनकी मुराद खालिक़ बारी है जिक्र करते हैं। खालिक़ बारी से सम्बन्धित इस क़दीम तरीन हवाले के बाद उन्होंने पजाबी निसाब नामो मे कदीमतरीन वाहिद बारी का जिक्र किया हैं जिस का जिक्र वारिस शाह अलेहुर्रहमत ने अपनी मशहूर इश्किया नज्म हीर राझा मे किया है। वाहिद बारी की तसनीफ का साल एक कलमी नुस्खे में सन् १६८३ और दूसरे कलमी और प्रकशित नुस्खो में सन् १६७९ ई० दिया है जो साल हिजरी १०३२ या १०२८ हिजरी के मुताबिक़ हैं। खालिकबारी और वाहिद बारी की समाता के पेशे नज़र शीरानी साहब खालिक बारी को वाहिदबारी से पहित पहले रचित समझते हैं। और यह कि न सिर्फ खालिक़ बारी सूबए पजाब में क़दीम से निसाब में शामिल ह बल्कि वाहिद बारी के ग्रथकर्ता ने खालिक बारी के बाज शेर भी अपनी तसनीफ में ग़लती से दाखिल कर लिए हैं। जिस की चन्द मिसालें नीचे की तरह है[2]

खालिक बारी आतिश आग आब है पानी
खाक धूल जो बाव ओढ़ानी
वाहिद बारी : उम्मा फूफी नतऊआ नानी
आतिश आग आब है पानी
खालिक़ बारी देग हाँडी, कफचा डोई बेखता
तावो गजगान अस्त कडाही तवा
वाहिद बारी : देग हाँडी कफचा डूई बेखता
तावो गजगा है कडही तवा

खालीक बारीके बारे में शीरानी साहब फिर लिखते है कि यह वाहिद बारी की रचना के वक्त निसाब में शामिल रही है[3] अगर खालिक़ बारी की वाहिदबारी पर प्राथमता हासिल है तो यह

१ प्रोफेसर महमूद खाँ शीरानी : बच्चो के तालीमी निसाब (यह मजमून "इदारए—मआरिफ इस्लामियाँ के इजला से अव्वल में मुनअकिदा लाहोर में १५—१६ अप्रैल सन् १९३३ ई. को पढ़ा गया।) सफा ६५ यह मजमून जो किताबी सूरत में मेरे सामने मौजूद है; गालिबन 'ऑफ प्रिन्ट' है।

२. वही पृ. ६८

३. वहीं पृ. ७१

गाह ज़ि खुसरो तू न गुफ्ता कि बैठ
वह चिकद भाग मेरा फूटा है

बक़ौल डाक्टर सफदर आह, यही गजल संशोधन के साथ ओहदे हुमायून के एक शायर जमाली से भी मनसूब है[1]

यह ग़ज़ल हर तरह की काव्यगुण से खाली है। उसकी ज़बान हास्यास्पद है। डा० सफदर आह की तरह मैं भी इस ग़ज़ल को खुसरो से मनसूब नही कर सकता। यह किसी तुकबन्द की तुकबन्दी हो सकती है। खुसरो जैसे बाकमाल शायर से उसे मनसूब करना मेरे खयाल से ज्यादती होगी।

अमीर खुसरो से मनसूब सबसे मकबूल और मशहूर हिन्दवी नज्म "खालिक़ बारी" है जो बच्चों के तालीमी निसाब के तौर पर लिखी गई। उस के अनेक प्रकाशित और कलमी नुस्खे मिलते हैं लेकिन चूंकि वे सारे नुसखे निसबतन् नये हैं और पुरानी किताबों में फर्क का एक प्रदीर्घ अमल शामिल रहा है और रहता है, लेहाजा इसी बुनियाद पर 'खालिक बारी' को खुसरो से मनसूब करने में शको शुबा किया गया है[2] मुहम्मद हुसेन आजाद ने उसे खुसरो ही से मनसूब करते हुए यहाँ तक लिख दिया है कि यह कई बड़ी बडी जिल्दो में थी और वह एक भटयारी के लडके के लिए लिखी गई। आजाद ने इस सिलसिले में किसी आधार का हवाला नहीं दिया। जो पाण्डुलिपियाँ और प्रकाशित नुस्खे इस किताब के दस्तयाब हुए हैं उस से गुमान गुज़रता है कि अज़ाद न अतिशयोक्ति से काम लिया है वरन: 'कई बडी बडी जिल्दें' ऐसी कहा गायब हो गई कि जो दस्तयाब हैं वे किताबचे से ज्यादह नही? खालिक बारी के खुसरो से मनसूज होने की रवायत को पहली बार निहायत शिद्दत के साथ प्रोफेसर शीरानी ने रद्द करने की कोशिश की![3] उसने खालिक बारी में प्रयुक्त शब्दो को जिनके सहारे मुहम्मद अमीन अब्बास चिरियाकोटी ने सनद हासिल करने की कोशिश की है[4] प्रोफेसर शीरानी ने लफ्ज़ "जीतल" का ओहद आलमगीर तक इस्तेमाल साबित किया है।[5] लेकिन यह बात भी विचारणीय है कि लफ्ज़ "जीतल" के खुसरो के जमाने के बाद में इस्तेमाल होने से यह साबित नही होता कि यह लफ्ज खुसरो के ज़माने में मुस्तअमिल नही था। बहुत से अलफाज़ सौती तगय्युर के साथ सदियो को मुहीत करा लेते है और चन्द ऐसे भी होते हैं जो चन्द बरसो मे मरखप जाते है। मैं यह समझता हूँ कि इन हालत मे लफ्ज़ जीतल के इस्तेमाल से न साहबे जवाहरें खुसरवी की दलील को पुष्टि पहुँचती है नही शीरानी साहब की दलील को ताक़त मिलती है।

खालिक बारी जैसे कि लोग समझते हैं एक पाठ्यक्रम है। फारसी में न सिर्फ उसकी रवायत क़दीम है बल्कि उसके नमून भी बहुत मिलते हैं। अगर "खालिक बारी" को अमीर

---

१. डा. सफदर आह : खुसरो बहैसियते हिन्दी शायर पृ० ५
२. जवाहर— —खुसरवी स. ५
३. पंजाब में उर्दू
४. जवाहर—ए—खुसरवी पृ० ५
५. पंजाब में उर्दू पृ. ५

बसद फरेबम बिबुर्द तसकीन
किसे पड़ी हूँ कि जो जा सुनावे
पियारे पी को हमारी बतियाँ
चू शमा सोजाँ चू जरी हैराँ
जि मेहेरे आँ मह बिगुफ्तम आखिर
न नीन्द नैनाँ न अग चैना
न आप आए न भेजी पतियाँ
बहके रोजे विसाले दिलबर; किदाद मारा फरेब खुसरो
सपपो मन के वराए राखूँ जो जाए पाऊँ पिया के खतियाँ[1]

डा० सफदर आह की राय मे यह गजल सबसे पहले सन् १८५३ मे डा. स्प्रिगर ने अपने मजमून में शायै की।[2] यह गजल मुख्तलिफ तसकिरो में मुतख्लिफ तहरीको के साथ मिलती है। खुद जदीद जमाने में मुख्तलिफ किताबो में इसका मतिन मुख्तालिफ मिलेगा।[3] ताहम मजमूई हैसियत से इस गजल के हिन्दवी मिस्त्रों का लिसानी मिजाज खुसरो के मजकूरा दोहो से और अमीर खुसरो के फारसी कलाम में शामिल हिन्दवी फ़ुकरो से मुमासिलत रखता है। प्राफेसर सिराजउद्दीन की बयाज से खुसरो से मनसूब एक और गजल नकल की है न मगर यह भी वाजह अलफाज में लिख दिया है कि वे उसे खुसरो की गजल मानने के लिये तय्यार नही।[4] इस गजल की जबान और फिकदी अनसर खुसरो की जबान और बयान से मेल नही खाता। लिहाजा यक़ीन करने को जी नही चाहत कि यह गजल खुसरो की होगी। डा सफदर आहने भी बजा तौर पर शीरानी मे साद किया है।

ख्वार शुदम – जार शुदम लुट गया
दर गमे हिज्र तो कमर टूटे है
यार नही देखता है सूए मत
बेगुनह हम साथ अजब रूठें है
रोए तो रौनकशिकन आफताब
सरू ब बेश क़द तू बूटे है

---

१. मुहम्मद हुसेन आजाद : आबे हयात (सन् १८९६ ई०)

२. डा सफदर आह : अमीर खुसरो बहैसियतें हिन्दी शायर पृ० २३. डा. स्प्रिगर के हवाले से अमीर खुसरो की हिन्दवी शायरी के बारेमें निशानदेही सबसे पहले शम्सुल्ला कादरी ने "उर्दू–ए–कदीम" में की। वे लिखते है

"शाहामें अवध के कुतुखानो में जो मोती महल और तोपखाने मे थे हजरत अमीर खुसरो के दाने सौ चोस्तान मौजूद थे और उनके अलावा एक मजमूए में उनका मुतफर्रिक़ कलाम जमा था जिस में फारसी आमेज गजलें और मुकरबियाँ वगैरेह थी। उन दोनो मजमूओं को डा स्प्रिगर ने देखा था और उन के मुतल्लिक एक मजमून भी लिखा था जो सन् १८५४ ई० में रुपयै हुआ" डा. आहने इसी हवाले से रौशनी हासिल की है।

३. शम्सुल्लाह कादरी : उर्दू–ए–कदीम (१९२५) पृ ३१

४. प्राफेसर महमूद शीरानी . पजाब में उर्दू (तबा सूवमा पफा १७५)

मज़कूरा दोहो के अलावा नीचे के किते भी अमीर खुसरो से मनसूब हैं

(१) जरगर पिसरे चू माहपारा. कुछ घडिए, संवरिए पुकारा
नक्दे दिले मन गिरिफ्त ओबिशिकस्त. फिर कुछ न घडा न कुछ सवाँरा[1]

(२) हिन्दू बच्चा में कि अजब हुस्न धरै छे
बर वक्ते सुखन गुफ्तन मुख फूर झरै छे
गुफ्तम जि लबे लाले तो कि इक् बोसाबिगिरम
गुफ्ता कि अरे राम तुर्क कॉय करै छे ?[2]

अमीर खुसरो विभिन्न भारतीय भाषा ओ से परिचित थे हिन्दुस्तान के तूल ओ अर्ज में उन्होंने सफर किये हैं । गुजराती हुस्न ओ अदा और गुजरी ज़बान से असर कबूल किया है । इसी पसमंजर मे आखिर में बताया किता भी उनके विशाल भाषाकीय अनुभव की तरफ निशान देही करता है।

अमीर खुसरो से मनसूब गज़ल

अमीर खुसरो को न सिर्फ उर्दू हिन्दी का पहला शायर माना जाता हैं बल्कि उर्दू मे भी गज़ल की इबतिदा का सेहरा भी उन्ही के सर बान्धा जाता है । अमीर खुसरो से मनसूब मशहूर फारसी आमेज उर्दू गज़ल है --

जि हाले मिसकीन मकुन तगाफुल
वराएँ नैनाँबनाएँ व्रतियाँ
कि ताबे हिजराँ न दारम अय जाँ न ले हो काहे लगाए छतियाँ
शबाने हिजराँ दराज़ चू जुल्फ
व रोजे वसलत चू उम्र कोता ह
सखी पिया को जो मैं न देखू
तो कैसे काटूं अन्धेरी रतियाँ
यकायक अज दिल दो चश्मे जादू

---

१ इस किते का माखज़ मीर का तजकिरए नुक्कात उश्शुअरा है ।

२. 'पंजाब मे उर्दू (तीसरी आवृत्ति) पृ १७२ प्रोफेसर मसऊद हसन अदीब हने अपने मज़मून "शहरे आशोब" यह किता फरहंग आसफिया के हवाले से नक्ल किया है मगर फरहँग से इसकी तसदीक न हो सकी। प्रोफेसर मसऊद हसन ने अपने मज़मून शहर आशोब में मुल्ला अब्दुल बासित अमीरठवीकी किताब "मिनार उज्ज़वाबित के हवाले से नीचे लिखे किते और रूबाई को भी अमीर खुसरो से मनसूब किया है जो दो भाषाई कहे जा सकते है

गुफ्तम कि दरीं खाना-ए मार्मूं-ए-मू "मामम"
गुफ्ता कि दरी खानाए बलाईस्त "ममानी"
दारीम आरजू कि हिकायत कुनीम "बात"
लाला गुलाम रूए तू सद बर्ग ज़ेरे "पात"
हर बरहमन कि दीद रूखत ऐ सनम
जुन्नार रा गुसिस्त व लकदज्द बरूए "लात"

इन में कई शब्दो पर हिन्दी होने को गुमान होता है (देखिए नक्कूश शुमारा. १-२ मई ६५ पृ० ९ और १५)

यह दोहा मुल्ला वजही की सबरस में मिलता है जो सन् १०४० हि० में लिखा गया है। दूसरा दोहा हजरत निजामुद्दीन अवलिया से सम्बन्धित एक क़िस्सा है। हजरत निजामुद्दीन औलिया मृत्यूपूर्व बहुत बीमार थे। खुसरो उस समय बंगाल में थे। यकायक अपने गुरू की याद में बेचन हुए और अनुज्ञा पाकर दिल्ली की तरफ रवाना होगए। सफर बड़ी तेजी से तय करने लगे लेकिन उस वक्त तक हजरत का देहान्त हो गया था। इन्तिकाल की खबर सुनकर अमीर खुसरो ने बहुत दुःख और शोक में कहा "सुबहानिल्लाह! आफताब दर जमी ओ, खुसरो जिन्द" और बेहोश होगए। होश में आन के बाद अपनी सारी दौलत गरीबो और दरिद्रो में बाँट दी और शोकवस्त्र परिधान कर मजार पर हाजिर हुए और यह दोहा पढा —

गोरी सोए सेज पर मुखपर डारे केस
चल खुसरो घर आपने रैन हुई चौदेस"

अर्थात गुरु अपने बालो से मुँह ढाँपे हुए सो रहे है। अय खुसरो तू भी घर चल कि रात चारो तरफ फैल गई है।

जवाहिर–ए–खुसरवी[1] में लिखा दोहा भी खुसरो के नाम से मनसूब है :–

खुसरो रैन सुहाग की जागी पी के संग,
तन मेरो मन पियू को दूर भये इकरग[2]

डा० शुजाअत अली सन्देलवी ने अपनी किताब अमीर खुसरो और उनकी हिन्दी शायरी में नीचे का दोहा भी उनके नाम से मनसूब किया है।

श्याम सीत गोदी लिए जन्नत भी अनीत
एक पल में फिर जात है जोगी काके मीत

जैसा कि कहा गया है अमीर खुसरो का काल ब्रज भाषा और खड़ी बोली का प्रारंभिक काल है और खुसरो के फारसी कलाम में "हिन्दवी" के जो आन्तरिक प्रमाण है इसी ब्रज भाषाई खड़ी बोली का नमूना है। उक्त दोहे भी इसी ब्रज भाषाई खड़ी बोली के सुन्दर नमूने है और अपने काल की भाषा की निशान देही करते हैं। इसलिए पहले बताए तीन दोहे भाषा और वर्णन और अपने रसीले पन की हैसियत से खुसरो से मुनासिबत रखते है और मै ज़ाती तौर से उन्हे खुसरो का मानने के लिए तैय्यार हूँ। आखिरी दोहा अलबत्ता भाषा की दृष्टि से खुसरो का 'नही मालूम होता'[3]

---

१ जवाहिर–ए–खुसरवी पृ १५३

२. जवाहर खुसरवी.

३. डा० सफदर आह ने इस दोहे की बेरबती और गैर मानवियत की तरफ भी इशारा किया है जिस से इत्तिफाक न करने की कोई वजह नही (देखिए अमीर खुसरो बहैसियते हिन्दवी शायर पृ. ४१) मेरे पास डा० शुजाअतअली की किताब का जो नुस्खा है उस में खुसरो के दोहे शामिल नहीं है। गालिबन आखिरी फार्म किताब में शामिल होने से रह गया है।

(४) हिन्दू समर्म कज़ांज रफ्तम शुद गाहे
दर्दा कि न दारदजि गमे आगाही
गुफ्तम जि लबत कार–ए–मन खस्ता बरार
दर खन्दा शुद ओ गुफ्त " नाही नाहीं"

(५) हिन्दू बच्चा दीदम चू शकर सर तापा
हैरान कुनमश चू बीमश सरतापा
बाऊ गुफ्तम कि हिन्दू अज चरित्र बिगो
हर मूए खतश गुफ्त "मोरे बापा"

(६) तेली पिसरे कि मी फरोशद तेले
अज़ दस्त ओ ज़बाँ चर्बे ऊ वावेला
खाले बिरूखश दीदम ओ गुफ्तम कि तिल अस्त ?
गुफ्ता कि बिरौ नीस्त दरी तिलतेले"

पहला शेर गुर्रतुल कमाल के दीलाचे में मिलता है और दूसरी छ. रुबाइयाँ जवाहिर–ए–खुसरवी[१] से ली गई हैं। अमीर खुसरो ने अपनी पहले की मसनवियो, किरानुस्सादैन खिज्रखाँ देवल देवी और नु सिपहर की तरह तुगलक नामे[२] मे भी कई हिन्दुस्तानी शब्द इस्तीमाल किए है । इन हिन्दुस्तानी लफ्जो को उन्होने जिस खूबसूरती के साथ फारसी लफ्ज़ो से मिलाया है उससे उनकी प्रवीणता और भाषाज्ञान का अन्दाजा होता है । इस सम्बन्ध में नीचे के शेर दिलचस्प होंगे :—

दिगर बर मार ओ बेरीमार ओ परमार
सुखनशान मार मार ओ सरबसर मार
चू बिकुशादन्द तीरे खतारा
बजाज़े गुफ्त "हैं हैं तीर मारा"
शुद अज मोमिन बगर्दून बाँज–ए–तकबीर
ज़ि गब्र आवाज़े नारायन हवागीर

उपरोक्त रूबाइयों और कविताओ में अधोरेखित वाक्य साफसुथरी खडी बोली के नमूने है जो उस जमाने में रूढ़ थी और जिसके नमूने खुसरो और उस के समकालिन के यहाँ भी पाए जाते है । इन शब्दो से ज्ञात होगा कि खुसरो हिन्दी भाषा अच्छी तरह से जानते थे इन मिलवाँ शब्दो के बाद चन्द दोहे और एक गज़ल भी खुसरो की बताई जाती है .

पंखा होकर मैं डली साकी तेरा चाव
मुँझ जलती जनम गया तेरे लेखन बाव

---

१. जवाहिर–ए–खुसरवी (रुबाइयात–ए–पेशावरी रचित)
२. तुगलक नामा (प्रस्तावना अपूर्ण हाशमी फरीदाबादी रचित मौलवी रशीद अहमद साहब अन्सारी पृ० ९०

बासीठ और मारा–मार[1] वगैरेह हिन्दी शब्द खजाईन उलफुतुह मे इस्तीमाल हुए। उनके अलाव खजाइन–उल–फुतूह ही में, पतरा, टीका, चन्दन, अच्छा तलवार और मवामात जैसे हिन्दी शब्द भी इस्तीमाल हुए हैं। खुसरो का एक शेर हैं।

माह नू–ए कासल वे अज साल ख्वास्त
गश्त यके माह बदह साल रास्त

यह शेर खुसरो ने किश्ती के वर्णन में लिखा है जो इतिहास की दृष्टि से दिलचस्प हैं। मशहूर हैं कि जिस वक्त मौलाना जामी ने यह शेर पढा तो उन्हे माह और साल का अर्थ समझनेमे कठिनाई आई। उन्होने इस शेर का अर्थ बतलाने के लिये एक रिसाला लिखा और आखिर मे लिखा कि "चोजे ख्वास्ता कि बजबाने हिन्द मखसूस बाशद नफाइस–उल–मआसिर[2] के ग्रन्थकर्ता ने कहा है कि जब सुलतान हुसैन मिर्जा के काल में शेख जमाली देहलवी खुरासान गये तो उनकी मुलाकात मौलाना जामी से भी हुई। मौलाना जामी ने मौलाना से इस शेर का अर्थ पूछा तो उन्होने बताया कि 'साल' एक किस्म की लकडी का नाम हैं जिस से हिन्दुस्तान मे किश्ती बनाई जाती है।[3]

उक्त हिन्दी शब्दो के साथ जो उन की कृतियो मे पाई जाती है खुसरो के हिन्दी ज्ञान और उस में काव्य रचना के उदाहरण उनकी फारसी मसनवियो मे भी पाई जाती हैं। इन आन्तरिक प्रमाणो के पश्चात् जिन में हिन्दवी के वाक्य फारसी मिस्त्रो में जुल मिल गये है, खुसरो की हिन्दी शायरी और रूढ हिन्दी की दिशा और प्रगति और स्वरूप का अन्दाजा लगाना मुश्किल नही हैं––

(३)

खुसरो की हिन्दी काव्य रचना के फारसी के साथ मिलते जुलते नमूने नीचे की तरह हैं,

(१) आरी आरी हमा बियारी आरी
मारी मारी बिरह के मारी आरी

(२) रफ्तम ब तमाशा ई किनार–ए–जूए
दीदम बलब–ए–आब, जन–ए–हिन्दूए
गुफ्तम सनमा बहाए जुल्फत चिबुक्द
फरियाद बियावुर्द कि "दुर दुर मूए"

(३) गुजरी कि तू दर हुस्न ओ लताफत चू महे
आँ देग दही बर सरे तू चित्रशही
अज दौलत कन्द ओ शकर मी रैजय
हर गाह बिगोई कि "**दही लेहों दही**"

---

१. Sir H. M. ELLIOT. The History of India. The Muhammadan Period Vol. III P. 68 काठगढ, लकड़ी का मकान या पट्टीनी किला बसिठ रसूल और पैगंबर, (देखिए खालिक़बारी) प्रधान – वजीर.

२. Sayed Ghulam Samnanri Amir Khusrau (National Book Trust) p. 60

३. किरानुस्सादन सम्पादक मौलवी मुहम्मद इस्माईल मेरठी .. .९ (

एक और जगह कहते हैं कि हिन्दी यानी संस्कृत फारसी जबान से कम नहीं सिवाए अरबी (मसनवी नु:सिपहर) के जो सारी जबानों पर फजीलत रखती है और जो तमाम ज़बानों से श्रेष्ठ है। फारसी भाषा में अरबी शद्बो की आमेजिश है लेकिन अरबी ज़बान में किसी दूसरी जबानों का मिश्रण नही। इसी तरह हिन्दी (संस्कृत) व्याकरण के बारे में कहते हैं कि उस के नियत भी अरबी की तरह हैं। खुसरो की हिन्दी ज़बान की ये व्याख्याएँ इस काल में केवल संस्कृत ही की हो सकती हैं। खुसरो का काल नयी हिन्दी और उर्दू के प्रारम्भ का काल था इसलिए उन की परिभाषाएँ नही की जा सकती थी।

तीसरी बार खुसरो नें हिन्दी का प्रयोग खडीबोली के अर्थ में किया है जिसको हम मौजूदा हिन्दी और उर्दू भी कह सकते हैं। इस अर्थ मे खुसरो ने 'हिन्दी' इस शब्द का प्रयोग गुर्रतुल कमाल की प्रस्तावना में किया हैं। जिस में वे स्पष्ट रूप से कहते हैं कि उन्होने हिन्दी में शायरी की है।[१]

तुर्क हिन्दुस्तानियम मन हिन्दवी गोयम जवाब
शकरे मिसरी न दारम कज अरब गोयम सुखन।
"चूमन तूतिए हिन्द अम अर रास्त पुरसी
ज़ि मन हिन्दवी पुर्स ता नगज गोयम"

खुसरो के मजकूरा बयान से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वह हिन्दवी ज़बान से न सिर्फ वाकिफ थे बल्कि उस मे शेर भी कहते थे और हिन्दी में एक दीवान भी यादगार छोड़ गये। खुसरो की माता भी जन्मत: हिन्दुस्तानी थी और उन के नाना ईमादुलमुल्क रावत रग के काले थे। ज़ाहिर है इस रिश्ते से भी उनका हिन्दी से वाकिफ होना साबित होता है। वे हिन्दुस्तान में पैदा हुए और उन के पूर्वज सदियो से यहाँ आबाद थे[२]। इस सम्बन्ध से उनके हिन्दी से नावाकिफ होना आश्चर्य की बात हो सकती है। खुसरो नें जैसा कि गुर्रतुल कमाल की प्रस्तावना में लिखा है। समय समय पर अपनी फारसी में आवश्यकता के अनुसार हिन्दवी शब्द भी इस्तिमाल किये है और अपने हिन्दुस्तानी तुर्क होने पर गर्व प्रकट किया है।

खुसरो ने, जैसा कि ऊपर बयान हुआ अपनी फारसी मसनवियो मे आवश्यकतानुसार हिन्दी शब्द प्रयोग किये हैं जिन में कुछ शब्द नीचे दिये गये हैं –

केवडा, सेवती, बेल, मूलसरी, (फूलो के नाम) शारक, बगला, (पक्षियो के नाम) जगल, बीर (बीड़ा तबोल, नु:सिपहर, किरानुस्सादैन और खिज्रखान, देवलरानी में पाए जाते है। अमीर खुसरो की एक गद्य की पुस्तक तारीख–ए–अलाई अथवा खज़ाइन उल फुतुह है। उस किताब में उन्होंने सुलतान अलाउद्दीन खिलजी की प्रारंभिक जीतो और हालात को अत्यत लालित्यपूर्ण ढग से लिखा है इस पुस्तक मे भी कुछ हिन्दी शब्द खुसरो ने इस्तिमाल किये है जो यह बताते है कि वे अपने समकालीन विद्वानों के मुक़ाबिले में इस भाषा से उनको कितना लगाव था। काठगढ, प्रधान,

---

१. खुसरो देवलरानी खिज्रखान पृ. ४१–४२

२. **Dr. Waheed Mirza : The Life and Works of Amir Khusrau (Lahore 1962) p. 227**

की तरह हरयानो (जो खडी बोली की मूल भाषा समझा जाता है) इसी अर्थ में हिन्दुस्तानी अथवा खड़ी बोली की बोली रही हो ।[१]

खुसरो का हिन्दुस्तान से प्रेम असामान्य रहा। उन्होने जहाँ उस के सास्कृतिक मूल्यो याने धर्म न्याय, फूलोंफलों, रागरग, शहरो और इमारतो को सराहा है वही पर उन्होने यहाँ की जबानो का भी बडे सम्मान से उल्लेख किया है । अतीत भारत में रूढ भाषाओ की प्राचीन शहादत खुसरो देते है और अपनी मसनवी नु:सिपहर मे अपने काल की भाषाओ के बारे में जो प्रादेशिक स्वरूप रखती थी आनेवाली नस्ले के लिए जानकारी लिख रखते है ।

वे भाषाएँ निम्न की तरह है ।

सिन्दी ओ लाहोरी, ओ कश्मीरी ओ कबर[२]
धूर समुंदरी ओ तिलंगी ओ गुजर
माबरी ओ गोड़ी ओ बंगाल और अवद
देहली ओ पैरामनिश अन्द हमा हद
ई हमा बन्दोबस्त जि अयामे कुहन
अलामा बकारश्त ब हर गूना सुखन

अमीर खुसरो नें हिन्दवी का शब्द तीन अर्थों में इस्तीमाल किया है । उपरोक्त पद्यो में वे हिन्दुस्तान की उक्त सभी भाषाओ को 'हिन्दवी' कहते है याने हिन्दुस्तान से सम्बन्धित भाषाएँ । यह हिन्दवी का विशाल अर्थ है । अरब प्रवासी भी कोई फर्क बताए बिना यहाँ की भाषा को हिन्दवी ही कहते थे।[३]

हिन्दवी का दूसरा अर्थ अमीर खूसरो ने सस्कृत भाषा का लिया है । वे हिन्दवी के नाम से उस की श्रेष्ठता की सराहना करते है । वे कहते है कि सस्कृत अरबी से तो कमतर है लेकिन फारसी से बरतर है । उसकी मिठास और मधुरता फारसी से कम नही –

आनस्त ज़बाने[१] ब सिफत दरदशी
अज़ अरबी कमतर व बरतर ज़ दरी
गरचि कि शीरीनस्त दरी ब शकरी
जौक–ए–इबारत कम अजाँ नीस्त दरी
हर कि तहक़ीक बिदानद हक़–ए–आँ
बेश न गोयद ज़ कम ओ मुतलक आँ ।

---

१. सम्भवत: खुसरो के काल में हरयानी का कोई स्वतत्र अस्तित्व नही था और वह हिन्दवी की हर फरसंग पर बदलनेवाली बोली थी जिसके कारण खुसरो उस का उल्लेख नही करते ।[१]

२. सिन्धी, पंजाबी, कश्मीरी, कबर (डोग्री) धूर समुदरी (धूरसमुदर कारो मंडल की राजधानी था इसलिये यह भाषा सम्मभवत: मल्याली हो) ग्रियरसन ने धूरसमुदरी से कन्नड अर्थ लिया और माबरी से उन्होंने तामिल का अर्थ लिया। देखिए G. A. Grierson Linguistic Svrvey of India vol I, Part I, Introdution. तिलंगी, गुजराती, माबरी याने कनड़ी गोरी याने गोड की भाषा (गौड़ बंगाल क भाग ह) बगाली अवधी, दिल्ली और उससे आसपास की भाषाएँ

३. सैय्यद सुलेमान नदवी नुस्कूश– –सुलेमानी और अरब हिन्द के ताल्लुकांत

गुर्रतुल कमाल और बकिया तुकिया है। खुसरो ने इन दीवानों का चयन तैय्यार किया था जिसका नाम "अनासिर–ए–खुसरो" है जिसे उनके कलाम का इत्र या उनके गुलिस्तान–ए–शायरी का खुशनुमा गुलदस्ता कहा जा सकता है।

खुसरो ने अपने तीसरे दीवान गुर्रतुल कमाल की प्रस्तावना भी लिखी। गुर्रतुल कमाल के इस दीबाचे से उस काल के हिन्दुस्तान, विशेष रूप से दिल्ली की भाषिकीय और व्यावहारिक जिंदगी पर भी रोशनी पड़ता है। वे लिखते है कि यह मुल्क और खासकर दिल्ली विद्या और कला क्षेत्र मे अद्वितीय है। यहाँ के विद्वान ससार के सभी विद्वानों से श्रेष्ठ है। यद्यपि अरबस्तान खुरासान और तुर्की के लोग यहाँ आते है तो अपनी अपनी ज़बाने बोलते है और उन ही भाषाओ में शेर कहते है लेकिन हिन्दुस्तान और खासतौर से हिन्दुस्तानी या खासतौर से दिल्लीवाले जब विदेश जाते है तो वहाँ की भाषाओ में पद्यरचना करते है। यद्यपि हिन्दुस्तान के लोग अरब नही गये फिर भी वे अरबी भाषा पर प्रभुत्व प्राप्त कर लेते है और श्रेष्ठ प्रकार की पद्यरचना करते है। हिन्दुस्तान के बहुत से ताजिक और तुर्क ऐसे है कि यद्यपि उन्होने हिन्दुस्तान में तालीम हासिल की लेकिन उनकी उनकी श्रेष्ठ भाषा सुनकर खुरासानवाले आश्चर्य प्रकट करते है। फारसी के बारे में भी वे ईरान और हिन्दुस्तान की फारसी मे कोई बड़ा फर्क पाते सिवाय ट्रैन्स आक्सेनिया (मावरा उन्नहर) के उस जमाने में फारसी का सारे भारत का एक ही मानक था जब कि खुरासानी, जैसे खुसरोने कहा है, फारसी का ठीक उच्चारण नही कर सकते थे, और "चि" को "ची" और 'कुजा' को 'कुजो' बोलते थे। उन्होंने हिन्दुतान की फारसी को असली फारसी कहा है। हिन्दुतानी (हिन्दी उर्दू) के बारे में कहते है कि यह हर कौस पर बदलती है लेकिन फारसी का मानक मुल्क भर में एक समान और यह मानक लेखन तथा भाषण मे भी समान स्वरूप का है।

खुसरो के काल में फारसी के एक समान मानक का कारण यह होगा कि यह भाषा हिन्दुस्तान मे हाकिम उच्चवर्गीय लोगो की ओर काव्य साहित्य की भाषा रही है और यद्यपि पूर्णत सारे मुल्क में एक ही मानक का होना भाषा की दृष्टि से कठिन है, फिर भी बडी हद तक उच्चवर्णीय लोगो की भाषा होने के नाते यह सम्भवनीय हो सकता है। इस सम्बन्ध में, भाषिकीय विचार मे हिन्दवी अथवा हिन्दुस्तानी के खडी बोली मे बार के खुसरो का बयान कि वह हर फरसंग पर बदल जाती है, विचार करने योग्य है।

भाषा की दृष्टि से हर ज़बान प्रादेशिक स्वरूप ग्रहण कर लेती है यहाँ तक की ध्वनिशास्त्रीया, व्याकरणपरक तथा शब्दभाण्डार के धरातल पर सम्भवत; हर मील पर अपनी विशेषताएँ आप पैदा कर लेती है। हिन्दुस्तानी प्राचीन काल से लेकर बहुभाषी देश रहा है और खड़ी बोली के साथ साथ जैसे खुसरो ने स्वय कहा है, लाहोरी, सिन्धी, बगाली, अवधी वगैरह भाषाएँ बोली जाती थी। सम्भवत: हिन्दी की प्रादेशिक अथवा भोगोलिक प्रकार की बोलियाँ भी होती होगी जैसे आज भी है। स्वयं दिल्ली और आसपास के प्रदेश की भाषा में फर्क आना इसलिए अनिवार्य था क्योकि दिल्ली एक केन्द्र बन गई थी जहाँ पर पजाब, सिन्ध, उत्तर, दक्षिण, यहाँ तक कि मध्य एशिया, ईरान और खुरासान तक के लोग शरणार्थी बन कर अथवा अपनी विद्या और कला का प्रतिफल पाने के उद्देश्य से दिल्ली आते रहे है। यह शहर प्रारम्भ मे ही द्विभाषी रहा है। वृज और पजाबी

ख़ुसरो ने ग्यारह बादशाहो का जमाना देखा। खुसरो की शायरी और संगीत प्रसिद्ध है ही। उन्होंने मुहम्मात में भी हिस्सा लिया और शूरता जतलाई। वे अलाउद्दीन खिलजी के दरबार से भी सलग्न रहे और उसके काल में दिल्ली के मशहूर सूफी हजरत निजामुद्दीन औलिया के शिष्यो में भी शामिल हो गये। इस से बादशाह की सोहबत से जब वे छूटते थे तो सीधे अपने पीर की खिदमत में पहुँचते और दिल ओ जान से उनकी सेवा में व्यस्त हो जाते। उन्हे हज़रत निजामुद्दीन से इतनी गहरी श्रद्धा और मुहब्बत थो कि हमेशा उन्ही के साथ रहा करते। हजरत निजामुद्दीन भी आपको बहुत चाहते और फरमाया करते कि जब कयामत मे सवाल किया जाएगा कि निजामुद्दीन क्या लाया है ? तो जवाब मे खुसरो को पेश कर दूंगा। अमीर खुसरो युद्ध के भी प्रेमी थे इसलिये इस सिलसिल में दूर दूर के मुकामो का सफर करते। उन की दृष्टि विशाल और अनुभव गहरा था। फारसी के अलावा जो उस समय व्यवहार की भाषा थी, वे हिन्दुस्तानी भाषाओ को भी जानते थे और हिन्दी उनकी मातृभाषा थी।

हिन्दुस्तान के सास्कृतिक तथा वैचारिक जीवन को मुसलमानो की सब से बड़ी देन अमीर खुसरो की जात है। उन का व्यक्तित्व पहलूदार था। शायर, साहित्यकार सूफी और संगीत का व्यक्तित। शायरी से खुसरो को बचतपन से ही लगाव था। इस का सबूत यह है कि उनके गुरू सादुद्दीनने उन्हे 'सुलतानी' का कविनाम स्वीकार करने के लिये कहा। उन की किताब तोहफतुस्सिगर में उन्होंने यही तखल्लुस किया है। बीस साल की उम्र मे भी खुसरो ने कवि के नाते कीर्ति प्राप्त कर ली थी। दिल्ली के साहित्यिक तथा बुद्धिवादी जीवन में खुसरो बहुत लोकप्रिय रहे। यही नही बल्कि अपनी काव्य कुशलता की वजह से सुलतान बलबन के भतीजे छज्जू खान सेने उनको आश्रय दिया। हिन्दुस्तान के इतिहास में बड़ी तेजी से परिवर्तन आ रहे थे और एक बादशाह के बाद दूसरा बादशाह तख्त पद बैठ रहा था। ऐसे में एक ऐसा समय भी आया जब कि बाप बुगराखान और बेटे कैकुबाद मे ठन गई। करीब था कि उन दोनो की आपसी दुश्मनी के कारण भारी रक्तपात हो जाता। आखिर बाप बेटे मे सुलह हुई तो खुसरो ने इस शान्ति को अपने गीतो मे पिरोया और बाप बेटे की सराहना और तारीफ की इस शान्ति के सम्बन्ध में उन्हो ने अपनी मशहूर मसनवी "किरानुस्सादैन" लिखी जिस से इस काल के सास्कृतिक जीवन पर प्रकाश पडता है।

कैकुबाद की मृत्यु के पश्चात् जिसने सिर्फ तीन साल दिल्ली की हुकूमत की, राज्यधुरा खिलजियों के हाथ चली गई। सुलतान अलाउद्दीन खिलजी, जिसने हिन्दुस्तान को आन्तरिक और बाह्य खतरों से बचाए रखा और जिसने इक्कीस साल तक बड़ी आनबान से हुकूमत की, उसने खुसरों को भी ,आश्रय दिया। खुसरो का कृतित्व विशेष रूप से इसी काल से सम्बन्ध रखता है। खुसरो की मशहूर पाच मसनवियाँ मतला उल अनवर, शीरी खुसरो आईन ए–सिकन्दरी , लैला मजनूं और हश्त बहिश्त जो पज गज के नामसे मशहूर हैं ये भी इसी दौर के यादगार हैं। खास तौर पर किरानुस्सादैन के बाद जिस का जिक्र ऊपर हो चुका है, खुसरो की मसनवियो में मिफताह उल फुतूह, आशिका या खिज्र खाँ देवलरानी, नुःसिपहर और तुगलक नामा को बडी अहमियत हासिल हुई। इन फारसी मसनवियो के अलावा जो अपने काल के सांस्कृतिक और एतिहासिक जीवन को प्रतिबिम्बित करती है, इन पाँच दोवानों में तोहफतुस्सिगर, वसतुल हयात

दुनिया तजकर खाक रमाई
जाकर बैठा वन में
खिचडी मदिरा वरजासन
मान ध्यान धरत हैं मन मे
तीरथ करके ऊमर खोई
जागे जगति मे सारी २

—अलख०

मुक्ताबाई ज्ञानेश्वर की बहन हैं जो उन से उम्र मे चार साल छोटी थी । उनका पद है :–

वाह वाह साहब जी, सग्दुरुलाल गोसाई जी
लाल बीच मुवाडला काला ओठपाठ सूं काला
बैत उन्मणी भ्रमर गुंफा रस फूलन वाला
सद्‌गुरु चेले दोनो बराबर एक दस्तियूं भाई
एक से एक दर्शन पाए महाराज मुक्ताबाई

उन्ही के समकालीन नामदेव के अभगो की भाषा देखिए ––

कहा करूँ जाती, कहा करूँ पाती
राम का नाम जपूं दिन राती (१)

मै अन्धले की टेक तेरा नाम है खदाकार
मै गरीब मिसकीन तेरा नाम है अधारा
करीमा रहीमा अल्ला तू गनी
हाजरा हुजूर दर पेश तूं मनी
तू दाना तू बनिया मै विचारूँ क्या करी
नामे चे स्वामी बख्शन्द तूं हरी —२

(२)

अमीर खुसरो सन् १२५३ में जिला ऐटा मे पटियाली मे पैदा हुए । उन के नाना ईमाद उलमुल्क का शाही दरबार से गहरा सम्बन्ध था, इस लिहाज से वे जन्मत हिन्दुस्तानी थे । कहा जाता है कि जब खुसरो पैदा हुए तो उन के पिता उन को एक गोदड़ी में लपेट कर एक साधु के पास ले गए । साधु ने दूर ही से देख कर कहा कि यह वह बच्चा है जो मशहूर कवि खाकानी से भी दो कदम आगे जाएगा । जब खुसरो बड़े हुए तो उन के पिताने उन्हे पाठशाला में दाखिल करा दिया और साथ ही सिपहगरी की तालीम भी दी । खुसरो को बचपन से ही शायरी का शौक़ था उन्होने अपने लडकपन ही से अपने इस शौक का अभ्यास किया । अभी अमीर खुसरो छोटे ही थे उन के पिता का इन्तिकाल होगया और उनका पालन पोषण उनके नाना ईमादुल मुल्क के जिम्मे ठहरा । ईमादुलमुल्क शाही अमीरो में बड़े मशहूर आदमी थे । बादशाहो पर उन का बडा प्रभाव था । सारांश ईमादुल्लमुल्क के आश्रय में अमीर खुसरो ने पन्द्रह साल की उम्र ही में तत्कालीन विद्या और कलाओ में प्रवीणता प्राप्त करली ।

हैं । इस फ़ुकरे का सम्बन्ध फिरोज़ शाह खिलजी (७५२––७९०. हि) के सन्धि पर हमले से है । यह वाक्य है ''

बरकत शेख थया, इक मुआ, इक नहा[1]

हजरत शेख शरफुद्दीन बू अली कलदर (वफात १२२३ ई०) खुसरो के समकालीन सूफियों में से हैं । फरहग आसफिया में लिखा है कि हिजरी सातवीं सदी के मुहम्मद तुगलक व अल्लाउद्दीन खिलजी के काल में जो भाषा प्रचार मे थी, उसकी इस दोहे से जो शेख शरफुद्दीन अली कलंदर की जबान मुबारक से मुबारिज खाँ साहब के सफर के इरादे के मौकेपर निकला उसकी कैफियत मालूम होती है ।

सजन सकारे जायगे और नैन मरेगे रोय
बधना ऐसी रैन को भोर कधी न होय ।

अमीर खुसरो की हिन्दवी, उर्दू या हिन्दुस्तानी का अध्ययन करते समय उत्तर भारत के भाषिक परिप्रेक्ष्य को उपेक्षित नही किया जा सकता । खडी बोली का यह रूप केवल उत्तर भारत तक सीमित नही था बल्कि यह भाषा धीरे धीरे सारे मुल्क मे फैल रही थी । खुसरो के काल और उसके तुरन्त बाद की शतियो मे महाराष्ट्र के सन्त और सूफी शायरो ने भी मराठी के साथ इस जबान को अपने पदो में इस्तिमाल किया है । मराठी के इन दो द्विभाषी शायरो मे मराठी के आद्य कवि संत ज्ञानेश्वर,[2] मुक्ताबाई, नामदेव, और तुकाराम के नाम बहुत महत्व रखते हैं और उनकी खड़ी बोली के नमूनो से इस भाषा की उठान और दिशा का अदाजा होता है । ज्ञानेश्वर, मुक्ताबाई, और नामदेव की भाषा के नमूने नीचे दिये जाते है । ज्ञानेश्वर के पद है[3] –

सब घट देखी माणिक मोला
कैसे कहूँ मैं काला धोला
पच रंग से न्यारा होए
लेना एक और देना दोए
निर्गुण ब्रह्म भवन से न्यारा
पोथी पुस्तक भए अपारा
कोरा कागद पढ कर जाए
लेना एक और देना दोए १

––अलख०

१. महमूद शीरानी . पजाब में उर्दू (३रा संस्करण लाहोर) पृ. ८.

२. सन्त ज्ञानेश्वर १२७० में पैदा हुए। उन्होने मराठी में भगवद्गीता की टीका "ज्ञानेश्वरी लिखी जो मराठी का महान् ग्रथ है । उन की बहन मुक्ताबाई भी कवियित्री थी और उन्होने सूफी ढग की कविताओ की रचना की है । सन्त नामदेव, भी उनके समकालीन थे (१२७०–१३५० ई) उन्होंने भी मराठी के साथ हिन्दुस्तानी को सूफी ढँग की शायरी का माध्यम बना था। जस्टिस रानडे के कथनानुसार ये सन्त कवि द्विभाषी थे और उर्दू में भी कविता कहते थे देखिए (Ranade . Rise of the Maratha Power, Page 91)

३. देखिए विनयमोहन शर्मा. हिन्दी को मराठी सन्तों की देन

शेख फरीदुद्दीन की माता मोमिनाँ[1] से गुफ्तगू हुई थी उस में शेख बुरहान उद्दीन के बारे में हिन्दी मे यह वाक्य कहते है कि "खोजा बाला है" । इस पर शकरगजने कहा "पूनौ का चान्द भी बाला है " आखिरी वाक्य में जो शब्द "का", "होता है" है वे शेरानी साहब के कथनानुसार पजाबी और व्रज को पृथक् कर देते हैं । इस वाक्य के अलावा भी शेख शकरगंज के शेर और वचन मिले हैं ।

एक कविता यह है --

तन धोने से मन जो होता पोक
पेश रौ असफिया के होते गोक
रेश सबलत से गडबड होतें
बोकडो से न कोई पडे होते ।
खाक लाने से गर खुदा पाएँ ।
गाए बैलाँ भी वासिलाँ हो जाएँ
गोश गरमी मे गर खुदा मिलता
गोश चूयाँ कोई न वासिल था[2]

---

१ इश्क का सोज न्यारा है
जुज मदद पीर के न चारा है[3]

रील्ता मे एक और ग़ज़ल है :–

वक्तें सहर वक्त मनाजात है
खेज दराँ वक्त के बरकात है
नफ्स मबादा कि बिगोयदतरा
खुस्प, चिखेजीकि अभी रात है ।
बातिन तन हा चि रवी जेर जमी
नेक अमल कुन लो रहो सात है ।
पिन्द शकरगज कि बदल जा नशिनौ
[3]जाया मकुन उम्र के हसियात है ।

इसी तरह शेख हमीदुद्दीन नागोरी (सन् ११९३) १२७४ ई.) के बारे मे भी तज़किरे से पता चलता है कि वे हिन्दी में गुफ्तगू किया करते थे । आठवी सदी हिजरी ही की यादगार हमें एक और हिन्दी फुकरा मिलता है जिसे शम्सुद्दीन सिराज अफीफ ने तारीखे फिरोज़शाही में नक्ल किया

---

१. शेख जमालुद्दीन हाँसवी हजरत शकरगज के खलीफा थे । उन की एक कनीज को हजरत शकरगंज मोमिनो के नाम से याद करते थे ।

२. महमूद शीरानी "पंजाब में उर्दू" पृ. ८.

२. डा० अब्दुल हक ऊर्दू के नश्व अ। नमा में सूफिया एकराम का काम पृ० ११–१२

३. वही

हिन्दुओं और ग़ज़नवियो मे एकता और दोस्ती की राहें भी हमवार और हिन्दवी में शब्द भाण्डार का आपसी लेनदेन शुरू हो गया था।'

हिन्दी के प्रथम 'दीवानकर्त्ता' कवि के नाते मसऊद साद सलमान का नाम मशहूर है। मुहम्मद औफीने[2] लिखा है कि मसऊद साद सलमान ने तीन दीवान यादगार छोडे है जिन में एक ताजी (अरबी) में एक फारसी में और एक हिन्दी में है। औफी के बाद खुसरो नें इस का अनुमोदन किया है खुसरो लिखते है –

"इससे पहले किसी भी बड़े साहित्यकार नें तीन दीवान नही लिखे थे मगर मैं साहित्य का सम्राट हूँ। मसऊद साद सलमान के भी तीन दीवान है लेकिन वे 'अरबी फारसी और हिन्दी मे है।'' यह दु.ख की बात है कि हिन्दी उर्दू साहित्य का यह भाण्डार लुप्त हो गया।

कुत्बुद्दीन ऐबक के सलतनत का कारोबार सम्भालने के बाद जब दिल्ली मुसलमानों से आबाद होने लगी तो उसीके साथ दिल्ली मे महान् पंडित भी पैदा होने लगे। उन बाकमालो में एक ताजुद्दीन संगरीज़ा भी है जो इलतुतमिश के जमाने सन ५३३ हि०। ई ई० में भी था उसने अपने एक शेर में दो हिन्दी शब्द 'सेर' और 'मन' इस्तिमाल किये है :–

"खेज अज मये कदीम मरा कुन बरतल
बिगुजर अजी हदीस कि यक सेर ओ यक मन अस्त[3]

अमीर खुसरो से पहले धर्म पडितो में शाह मोइनुद्दीन चिश्ती (मृत्यु ६३३ हि०) के हिन्दी के ज्ञान के बारे में यद्यपि हवाले मिलते है फिर भी उन की कोई उक्ति किसी तज़किरे या किताब सुरक्षित नही है परन्तु हो सकता है कि वे हिन्दी से अवश्य परिचित होगे क्योंकि उनके अनुयायी यो में हिन्दू और मुसलमान दोनो बराबर के शरीक थे। सबसे प्राचीन सतवाणी शेख फरीदुद्दीन शकर गंज की बताई जाती है। शेख फरीद उद्दीन शकर गज सन ११७३ ई० स १२६५ पजाबी में शेर भी कहते थे।

---

१. कहा जाता है कि मशहूर फारसी शायर हकीम सिनाई भी हिन्दुस्तान आये थे और हिन्दी भाषा से परिचित थे। उन्होने शब्द "पानी" इस सुन्दरतरीके से प्रयोग किया है कि मानो वह शद्ब फारसी का ही हो. वह शेर है––

नदर आँ माअद हज़र–ए–मीदेह
न दर आँ दीदा कतर–ए–पानी

इसी तरह उसमान मुख्तारी नें अपने क़सीदे मे चून "और" "मार" दो हिन्दी शब्द इस्तिमाल किये है। कसीदे का वह शेर यह है ––

जमीन बिदीदे बाद बे बजुस्ते गुफ्ते–चून
मगस बिदीदे बर मन निशिस्ते गुफ्ते मार
–पंजाब मे उर्दू–हाफिज महमूद शीरानी भाग–२–पृ० ५९)

२. मुहमद औफी लबाबुल अबवाब भाग २ पृ २४६.

३. महमूद शीरानी पंजाब में उर्दू पृ०, ६६

४. 'मन' इब्रानी शब्द मिनाह है– जो वैदिक संस्कृत में 'मना'– अश्शोरिया, बैबिलोनिया की भाषा में मनाह और अंगरेजी में Maund है––

Attinity of Indian Languages. Foreigd Loans in Indian Langues Dr. S. K. Chatterji Publication Division Govt. of India. New Delhi.

मसऊद साद सलमानने बरसात को हिन्दुस्तान की बहार से सदृश बताया है। वह कहता है :—

बर्शगाल, ए बहारे हिन्दोस्तान
अय नजात अज बलाए ताबिस्तान

इससे अदाजा होता है कि हिन्दी और ईरानी सभ्यताओ का सगम सिंध और मुतलनता में गजनवी काल से पूर्व हो चुका था।[1]

हिन्दुस्तान में गज़नवियो की सलतनत तकरीबन् एक सौ सत्तर साल रहीं इस काल में हिन्दुओ और मुसलमानो को एक दूसरे के करीब आनेके ज्यादह मौके रहे। पजाब मुलतान, सिन्ध झांसी और मेरठ तक के इलाके और दिल्ली के आसपास का प्रदेश गजनवियो के अधिकार क्षेत्र में था। यह निकटता राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा व्यापारिक क्षेत्रो मे हर धरातल पर रही जिसके अनिवार्य फल के स्वरूप मे उन भाषिकीक तत्वो की वृद्धि हुई और वे नीरव परिस्थितियाँ पैदा हुई जिन से नई बोलियाँ जन्म लेती हैं। यद्यपि मुसलमान अपने साथ फारसी लाए थे जनसमूह के धरातल पर एक सामान्य भाषा की आवश्यकता थी। इसलिये फारसी और मुकामी बोलियो के मिलाप से एक जनभाषा अस्तित्व मे आई होगी जिसे बाद मे हिन्दी या हिन्दवी का नाम दिया गया। यह ज़बान भी प्रारभ में मुख्यत मुसलमानो की (बाह्य और देशीय) भाषा रही होगी जो वे स्थानीय लोगो के साथ इस्तिमाल करते रहे होगे। गज़नवी काल के मशहूर प्रवासी और प्रकाण्ड पडित अबू रैहान अलबेरूनी की हिन्दी भाषा के सम्बन्ध मे प्रमाण महत्व रखते हैं। अलबेरूनी सुलतान महमूद के साथ कई लडाइयो मे शामिल रहा और कहा जाता है कि वह लाहौर और मुलतान में भी काफी समय तक बस चुका था। अल बेरूनी की सस्कृत और हिन्दी भाषा की जानकारी भी मशहूर है। उसने हिन्दुस्तान मे रहकर विभिन्न भारतीय विद्याओ, मसलन्, ज्योतिष, गणित, भूगोल और चिकित्साशास्त्र में प्रवीणता प्राप्त की और उन्होने सस्कृत शास्त्रीय ग्रथो का अरबी में अनुवाद किया। अलबेरूनी की मशहूर किताब "किताबुल हिन्द" जो इस काल के शास्त्र और कलाओ, भाषा तथा साहित्य की दस्तावेज़ है एक क्लैसिक मानी जाती है।

मुलतान महमूद के विद्याप्रेम का यह हाल था कि उसके काल में भारतीय भाषाओ से अनुवाद करनेवाले अनेक विद्वान गज़नी मे रहते थे। जिन में तिलक हिन्दी और बहराम के नाम प्रसिद्ध हैं। उनमे तिलक फारसी और भारतीय भाषाओ का पडित था। यद्यपि वह जात से नाई था फिर भी अनुवादक के पद से उन्नति करते करते गज़नी स्थित हिन्दु फौज का सेनापति बन गया। इस विचार से यह भी मुमकिन लगता है कि खुद सुलतान महमूद भी हिन्दी जबान से कुछ हदतक परिचित रहा होगा। सन ४१२ हि ई में जब महमूद फौज के साथ कालिजर पहुँचा तो कालिजर के राजाने उस की तारीफ में हिन्दी कविताएँ लिख भेजी जिन पर न केवल उसको दाद मिली बल्कि सुलतान ने खुश होकर नन्द को कालिजर के अलावा पन्द्रह किलो वाले इलाके भी ईनाम दे दिये।[2] इन घटनाओं से इस बात का अच्छी तरह से अदाजा लगाया जा सकता है कि समाजी स्तर पर

---

१. महमूद शीरानी "पंजाब मे उर्दू" पृ० ५०–५१
२. सुनीति कुमार चतर्जी "तबक्कात– –अकबरी" में Indo Aryan and Hindi

ने के कारण यह न तो विदेशी शब्दो को अपनाती है न ही संस्कृत शब्दो से कतराती । अमीर खुसरो के पूर्वसूरी सूफीसन्त और स्वय अमीर खुसरो और उनके समकालीन के यहाँ न्दी भाषा इस्तिमाल हुई है वह इसी हिन्दुस्तानी अथवा खड़ी बोली का प्रगत रूप है । चटर्जी इब के कथनानुसार 'का', 'मे' 'पर' से, 'इसे' 'उस', 'जिस', 'किस' और 'ना', 'ता', आ, गा जैसे रसर्ग' (Post Positions) से हिन्दुस्तानी की व्याख्या हो सकती है ।[1]

जब दसवी और ग्यारहवी मे तुर्क और ईरानी मुसलमान विजेता हिन्दुस्तान आये तो उस मय संस्कृतके अलावा जो साहित्यिक भाषा थी वह स्थानीय बोलियो से प्रभावित अपभ्रन्श और शुद्ध व्रज और हिन्दी जिन का सम्बन्ध नव्य भारतीय आर्य से है, अभी उनकी यथेष्ट ति नही हुई थी । भारतीय आर्य के इतिहास काल मे जिस मे साहित्यिक भाषाओने ति की, मध्य देश, पश्चिम और उत्तरदेशो को बडा महत्व था । शौरसेनी प्राकृत स का केन्द्र मथुरा था, प्राकृतो मे सबसे अधिक गौरव से बोली समझी जाती थी । यह तन व्रज भाषा का प्राक्तन रूप है और यह अपनी प्रतिद्वद्वी हिन्दुस्तानी की बहन होने के थ साथ अपने काल की जन भाषा भी थी । शौरसेनी के साथ एक दूसरी प्राकृत जो राष्ट्री प्राकृत कहलाती है । और शौरसेनी से अपेक्षीकृत छोटी है मध्यदेश मे रूढ हो गई । शौरसेनी के पश्चात् पश्चिमी अपभ्रश का उल्लेख आता है जो तुर्कों के उत्तर भारत तलेने करने से पहले उत्तर भारत के राजपूत नरेशो की साहित्यिक भाषा थी और जो महाराष्ट्र बगाल तक प्रयोग की जाती थी । यह ब्रजभाषा तथा हिन्दुस्तानी पूर्ववर्ती भाषा है । इसके मूने जो हिन्दूस्तानी से सादृश्य रखते है, गुजरात के हेमचन्द्र (१०८८–११७२ ई०) के ाकरण में मिल जाते है ।[2]

हिन्दुस्तान और ईरान के राजनीतिक, सामरिक, व्यापार विषयक और भाषिक सम्बधो ा इतिहास बहुत प्राचीन है । इन ही सम्बन्धो के आधार पर जब कि दो भाषा, सस्कृतियाँ कट आई, उस सगमसे प्रभावित होकर हिन्दुस्तानी अथवा खडी बोली का उद्‌गम हुआ होगा स के फल स्वरूप भारतीय आर्य भाषाओ पर फारसी के प्रभाव के साथ साथ भारतीय प्रभाव रसी पर पडना प्रारंभ हुआ । फारसी और स्थानीय भाषाओ के उदाहरण गजनवी काल से प्रारंभ हुए पाये जाते है फिर भी यह आदान प्रदान खुसरो के काल तक निसबतन् ज्यादह . गया । फारसी और देश्य भाषाओ के प्रारभिक आपसी सबंध के उदाहरणो मे "बोध" र "कोटवाला" इन शद्बो के कोतवाल और बुत ये फारसी रूप भी है । कोतवाल यह शब्द रदौसी के शहनामें में भी इस्तिमाल हुआ है ।

चूँ आगाह शुद कोतवाले हिसार
बर आवेख्त बा रुस्तुमें नामदार ।

इसी तरह 'लंघन' (अनशन) 'शल' (शैल) 'चन्दन' (सन्दन) 'वर्शगाल' (वर्षकाल) रसी में इस्तिमाल हुए है ।

---

१. Indo Aryan and Hindi (1942) Page 164
२. Ibid page 164

अमीर खुसरो कालीन भाषीक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य और उन की हिन्दवी शायरी

डा. अब्दुस्सत्तार दलवी

(१)

भारतीय आर्य की तीन मॅजिलो मे प्रथम प्राक्तन भारतीय आर्य कहलाती है । दूसरी मॅजिल मध्य भारतीय आर्य की है जो दो दिशाओ में फल रहीथी । बोल चाल की भाषाएँ (Dialects) अपनी सीमाएँ बढा रही थी और उसके साथ संस्कृति और सभ्यता की भाषा सस्कृत अपने आपको धार्मिक तथा श्रेष्ठ बुद्धिवादी जीवन के मानचिन्ह के रूप मे दृढ कर ले रही थी यहा तक की सामान्य भाषा ओ (Vernaculars) पर बौद्ध और जैन प्रभाव भी सस्कृत की श्रेष्ठता घटा न सके[1] ।

सन १००० ईसवी के आसपास आर्यभाषा इतिहास के एक नये पर्व में प्रविष्ट हुई जिसको नव्य भारतीय आर्य कहा जाता है । हिन्दुस्तान के इतिहास में जो महान घटनाएँ हुई उनके होते हुए हिन्दुस्तानी सास्कृतिक मीलन बढता गया और भारतीय विचार और चिन्तन में विशालता पैदा होती गई[2] ।" यह काल हिन्दुस्तान मे तुर्क और पठान मुसलमानो की दिग्विजयो का था । इस सम्पर्क से भारतीय भाषाओ को भी नये सिरे से अपना शब्द सग्रह बढाना पड़ा और नई हिन्दुस्तानी सस्कृति रूढ होना शुरू हुआ । इसी ज़माने प्राकृतो का काल गुजर गया और प्राकृत भाषाएँ प्रादेशिक अपभ्रन्शोद्वारा नव्य भारतीय आर्य भाषाओ में परिवर्तित हुई[3] । उर्दू और हिंदी (हिन्दुस्तानी) के प्रारम्भ और उन्नयन का काल भी अन्य भारतीय आर्य भाषाओ की तरह यही काल है जो बाद में सारे भारत की सबकी बोली बनी । हिन्दी या हिन्दवी इस भाषा का बहुत प्राचीन नाम है जोर और तेरहवी शती में तुर्की साम्राज्य बननेके बाद इस भाषा के लिए इस्तिमाल होता रहा । इस लेख मे भी हिन्दी उर्दू का शब्द समानार्थ में व्यवहृत हुआ जो अपने मूल के विचार से एक है । यह खडी बोली का रूप है जो शद्वसंग्रह के विचार से उर्दू और हिन्दी में सन्तुलन रखती है । इस में अरबी और फारसी तत्त्व तौलनिक रूप में अधिक है और जो संस्कृत के शब्द भी अपना लेती है । यह बोलचाल की भाषा

१. Suniti Kumar Chatterji. Indo Aryan and Hındi (1942) page 63
२. Ibid Page 97
३. Ibid Page 38

तपस्या और रियाजत

सूफी को अपने सच्चे स्थान पर पहुँचने के लिए बेशुमार खतरे, दुख और मिथ्या सम्बन्ध ये रास्ते के रोड़े बनते हैं। इसलिए अयति लोग काम वासना का दमन करने में असमर्थ रहते हैं और कई लोग तो प्रवास के प्रारंभ ही में धैर्य हार बैठते हैं और कुछ रास्ते की कठिनाइयो से घबरा जाते हैं। भगवान के दर्शन की मँजिल में कदम रखने तक इन कठिन मक़ामो को पार करना लाखो में से किसी एक का काम है और ऐसे लोग वे हैं जो हर तरह के क्लेशों को झेलने के लिये सहर्ष तैय्यार रहते हैं और अपनी जान की भी परवाह न करते हैं। इसलिए अमीर खुसरो, तपस्या, रियाजत का वर्णन करते हैं।

"अय् खुदा के मर्दों की राह में चलने वाले, सातो आसमानो के दरवाजे तेरे लिए खुले हुए हैं।"–

"अपनी जगह से एक कदम भी तू नही उठा सकता जब तक की दोनो जहानो के खयाल से अपना कदम तू ऊपर उठा ले जब तक तू अहंकार को नही भुलाएगा अपनी मजिल तक तू नही पहुँच सकेगा। घास की तरह हवा के थपेडो से तू भी खाक बन जा तब जाकर तू आसमान की बुलन्दियों पर पहुँच सकेगा, याने अपने को फना कर दे तो तुझे ऊँचा पद प्राप्त होगा। अपने ऐश आराम को एक किनारे रख रास्ते की मुश्किलो को ही अपने आनन्द का तोशा बना ले। रंज और तकलीफ से अपना झण्डा बना ले और फिर आसमान की ऊँचाई आजमाने की इच्छा कर। जभी तू आसमान तक खुदावन्दी नकारा बजा सकेगा और तेरी शहनशाही जाहोजलाल की नौबत बजेगी। फिर लोगो में तेरे जानने के लिए दलील की जरूरत नही पडेगी, तेरी शोहरत जिब्रील के पंखों की तरह दूर दूर तक पहुँच जाएगी।

****

ईश्वर से एकरूपता

ईश्वर के अन्दर ही जगह पाना मानव का महन आदर्श हो सकता है और फिरिश्तों की राह का भी आखिरी मकाम है। सूफी इसी को "वादी–ए–तलब" कहते है। साधक को इस मक़ाम पर दो कठिन समस्याएँ पेश आती है। पहली यह की सफर के लिए अपने को तैयार करना पड़ता है और दूसरी यह कि रास्ते की भयानक मुश्किलो का एहसास रहता है। माल और दौलत की मुहब्बत, बेबी बच्चो की मुहब्बत, आप्तमित्रों की चाहत साधक को रोकती रहती है लेकिन खोजनेवाला सच्चे दिल से ढूंढे तो उन बातो की वह कुछ भी परवाह नही करेगा। अमीर खुसरो कहते है :–

"अगर तेरी धुन में मेरा सिर भी चला जाए तो कोई आश्चर्य नही। जब में तेरे खयाल में दीवाना बना हूँ तो फिर मुझे सिर जाने का कोई दुःख नही है।"

भगवान की इच्छा से सन्तुष्ट रहना।

हकीक़ी इश्क में तसलीम और रज़ा के बिना चारा नही। भगवान की मर्ज़ी से सन्तुष्ट रहने की प्रवृत्ति पैदा हो जाने पर हर तकलीफ महबूब ही की ओर से आई मालूम होती है और भगवान की मर्ज़ी ही अपनी मर्ज़ी बन जाती है। इसलिये खुसरो कहते है।

"खुसरो अगर महबूब की तरफ से कोई तकलीफ पहुँचे तो कोई डर की बात नही। बादशाह जो करता है उसको मानने के सिवा चारा नही होता।"

"दिल इसके सिवा क्या कर सकता है। कि तेरी जफा कारी को बर्दाश्त करे? हाँ अगर जान की भी जरूरत है तो वह उसके लिये भी नही हिचकिचाएगा।"

"जो शख्स इश्क में जान देता है, असल मे वही मर्द कहलाने के लायक है ऐसे जानबाज़ मर्द कहा मिलते है?"

बल्कि सही मानो में आरिफ वही है जो परवाने जैसा सोज रखता हो। इश्क में जलना भी ईश्वर की इच्छा से ही बनता है।

"ऐसा खयाल मत कर कि प्रयास और हिम्मत से आग फूल बन जाती है। आग खुदा की इच्छा से न कि इब्राहिम की इच्छा से, फूल बनी और इब्राहिम बच गये।"

"तूने मेरा दिल जला डाला अगर यकीन नही है तो मेरे दिल को चाक कर और उसकी राख का परीक्षण कर।"

खुसरो के काल में हिन्दुओं में सती की रस्म जारी थी। उसको प्रेम का बड़ा आदर्श समझ कर खुसरो कहते हैं :–

"अय खुसरो, इश्क के खेल में तू हिन्दू औरत से कम न हो जाओ क्यों कि वह एक मुर्दे के लिए अपनी जिन्दा जान को जला डालती है।"

"जिस सीख पर कबाब तैयार करते हैं वह सीख कबाब का स्वाद क्या जाने और शीशा गुलाब की गन्ध क्या जाने ।"

"जो गमे इश्क नही रखता उस से अच्छा प्रेम पीडित आदमी है और जिस दिल में प्रेम का दाह नहीं वह जला देने के लायक है ।"

इलाही इश्क की कैफियतें परमतत्त्व असीम है। जब मानव के हृदय में ईशप्रेम जागृत होता है तो उस की आध्यात्मिक यात्रा में बड़ी मदद मिलती है । भक्त इस रास्ते में अपनी अक़्ल की मदद नही लेता बल्कि दिल पर भरोसा करता है। वह बुद्धि से ज्यादा सतर्क दीवानापन अधिक पसन्द करता है । इसलिए अमीर खुसरो कहते हैं :—

"मुझे उपदेश मत करो कि मैं अपने हृदय में दूसरे प्रकार का दीवानापन रखता हूँ । मेरी जीभ बाँतो में फँसी हुई है लेकिन मेरा दिल दूसरी जगह लगा हुआ है ।"

"जिसने मुहब्बत के कूचे में सच्चे दिल से क़दम रखा तो फिर उसने नसीहत करनेवालो की कोई बात न सुनी ।"

हर रूह अपनी असल की जानिब कशिश महसूस करती है। इसी आकर्षण का नाम इश्क है। आत्मा का असली स्त्रोत और धाम भगवान ही है । यह आत्मा अपनी असल से जुदा हो गई । विरह के कारण आत्मा बेचैन है और मूल से मिल जाना चाहती है । इसीलिए खुसरो कहते हैं —

"एक ज़माना था कि मैं किसीसे एकरूप था बरसो गुजर गये लेकिन उसकी याद दिल से न गयी ।"

गोश्त पोश्त का इश्क़ जुदाई में तकलीफ और विसाल में लज्जत महसूस करता है लेकिन ईश प्रेम की चेष्टाएँ विरह काल के अन्दर तेज़ होती हैं और सच्चे आशिको के लिए जुदाई ही में कैफो सरूर हासिल होता है । इसलिए अमीर खुसरो कहते है :—

"नेस्त लज्ज़त इश्क रा बाद अज विसाल
इश्क बाजाँरा जुदाई बहतरस्त
इश्के दूनाँ खुसरवा अज सर बिनिह
इश्क़ बा सरें खुदाई खूशतर अस्त"

याने— इश्क़ के लिये संगम के बाद कोई लज्जत नही है। इसलिये इश्क बाजो को जुदाई ही बहतर है। कम अक्लवालो के जैसा इश्क़ मन से निकाल देना चाहिए क्योंकि ईश्वरी मर्मों के साथ ही इश्क़ो आशिक़ी सब से बहतर है । और, वह इश्क बज़ाहिर आज़माइश है लेकिन मैं इसी का तलबगार हूँ जिसे मारिफते इलाही मिली है उसके लिये आज़मायश नैमत है । इस्लाम धर्म का कर्मठ सिर्फ जन्नत के सुख विलास चाहता है लेकिन सच्चे प्रेमी के लिये प्रिय की खोज में व्यस्त रहना ही बड़ा वरदान है।

"तेरे ही सौदा से दिल के बाज़ार की शोभा कायम है और इश्क़ की तकलीफो में तेरे होठो की याद ही जान का मरहम है ।

"मैंने कहा तूही मेरे जिस्मके अन्दर है या जीवनज्योति है। तूने कहा हाँ हाँ वह मैं ही हूँ। अगर तू है तो फिर जान कहाँ है?"

ज्ञान और आत्मा

सृष्टि में मानव सर्व श्रेष्ठ बताया गया है। उसे फरिश्तो ने प्रणाम किया और वह खुदा का नायब ठहराया गया। अल्लाह ताला फरमाता है कि मै एक सुन्दरता और परिपूर्णता का गुप्त भण्डार था। मैंने चाहा कि मेरे जिज्ञासु और कदरदाँ पैदा हो इसलिए मैंने सृष्टि निर्माण की। मानव जीवन की इस भूली हुई हकीक़त को पाने के लिए ज्ञानी और सूफी निरंतर बेचैन और प्रयत्नशील रहता है। उस से अज्ञान का पर्दा उठ जाता है और मानव को अपना सत्यज्ञान हो जाता है और उसको अपना यथार्थ स्थान मालूम हो जाता है। इसलिए खुसरो कहते है :–

"अय् दिल इबरत की आँखो से दुनिया को देख और उसके जाहिरी रूप को सच न मान बल्कि उस की हक़ीक़त पर विचार कर।"

इकबाल भी तो यही कहते है –

"तू शाही है परवाज है काम तेरा
तेरे सामने आसमाँ और भी है।"
"जिस तरह सीप में मोती छुपा हुआ हो
इसी तरह तेरा सुन्दर मुख छुपा हुआ है
अपने आईने को जरा बाहर ला
फिर पूरी दुनिया इस आईने के अन्दर अपना प्रतिबिम्ब देख ले ॥"

प्रेमियो की आतरिक व्यथा।

नबी साहब की एक हदीस है "मालूम होना चाहिये कि इन्सान के बदन में मॉस का एक ऐसा टुकड़ा है जिस पर इन्सान की अच्छाई बुराई का मदार है और वह जब ठीक होता है तो इन्सान ठीक रहता है और जब वह बिगड जाता है तो इन्सान में भी बिगाड़ पैदा होजाता है और वह उसका दिल है।"

सूफी कहते है कि हृदय भगवान का पीठ है सत्यज्ञान उसके द्वारा संभव है। मृण्मय मानव-देह का यही एक भाग है जो इस को भगवान से मिलता है उस की राहें दिखाता है और जीवन स्पन्दन को भगवान के शासन से मिलाता है। खुसरो मतलै उल अनवर में प्रेमियों की तारीफ में कहते है :

"जब आदमी की देह मिट्टीसे बनाई गई तो आत्मा की शान्ति के लिए हृदय को सुशोभित किया ताकि उसमें रहे और अपना कर्तव्य करे।"

"असली जिन्दगी का मर्म दर्द रखने वाले दिलसे रखना चाहिए। जिस दिल में दर्द नहीं वह मिट्टी के बरतन से ज्यादा हक़ीकत नहीं रखता।"

देते हैं। उनके विचार में बुद्धि कोई बड़ी शक्ति नही है और इसलिये उसके बन्धन में पड़ा रहना बड़ी मूर्खता है। वे जब ईश्वर की श्रेष्ठता का उल्लेख करते है तो कहते हैं :–

"हे आत्मन् जो कल्पना और तर्क से परे है, तुझ तक कल्पना की रसाई कैसे हो सकती है, तेरी सिफतों के इज़हार के लिए तेरी सिफतो के आविष्कार के लिये बुद्धि की डींगें क्या काम दे सकती है।"

"अगर तमाम इनसान, फरिश्ते तेरे आसताने पर मिट्टी भी हो जाएँ तो भी तेरी महिमा को विनाश का कलंक भी नही लगेगा।

परम सत्य का ज्ञान और परम सत्य का अनुसन्धान हर मनुष्य के हृदय और मस्तिष्क का विषय नही होता। इसके लिये विशेष बुद्धिमत्ता संवेदनाशील हृदय, परिश्रम और अर्हता की आवश्यकता है। इसके लिये जो पात्र मनुष्य है वह जिज्ञासा, कुतूहल और अनुसन्धान क्षमता का धन साथ लेकर पैदा होता है। वह अपने पैदा हो जाने पर सन्तुष्ट नही होता और अपने सृजन को एक संजोग समझकर खामोश नही हो जाता बल्कि अपने जनन का उद्देश, सृष्टि का उद्देश और सर्जनहार से अपना नाता ऐसी बातो पर विचार करता रहता है और उनके निर्धारण के लिये सैद्धान्तिक और व्यवहार्य कोशिश करता है।

अमीर खुसरोने मसनवी किरानुस्सादैन के प्रारम्भ मे ईशस्तवन करते हुये अपनी सूक्ष्म दृष्टिका परिचय दिया है। कहते है :–

ईश्वर अनादि है। वह अन्य जन्तुओ की तरह असत् में से उत्पन्न नही हुआ है। दूरदृष्टि उसीकी देन है और जो दिल निसर्ग के प्रभाव से प्रबोधन प्राप्त करता है उसकी आँख खुदा ही ने खोल दी है। हमारी हस्ती अस्थायी और असत् है इसलिए नेस्तीके बराबर है। परम सत्य को कोई पहचान सकता अगर पहचान सकता है तो सिर्फ वही जिसकी हस्ती हकीक़ी और असली हो।

अल्लाह से समीपता और सरूपता

पवित्र हदीस में अल्लाहताला फरमाता है कि जब मेरा बन्दा मेरे समीप आता है तो मैं उसकी दृष्टि बन जाता हूँ जिससे वह मुझे देखता है मैं उसका श्रवण बन जाता हूँ जिससे वह सुनता है" यानी उस दास के कर्मों में और खुदा के कर्मों में फर्क नही रहता यानी मैं तू हुआ और तू मैं हुआ ऐसी स्थिति अथवा "अहम् ब्रह्मास्मि" ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है। जब स्वामी और दास की इच्छा एक समान हो जाती है तो दास की वाणी और कृति ईश्वर की वाणी और कृति बन जाती है। विनाश के भीतर सत्ता का मर्म यही है। व्यक्ति और देवत्व एकरूप बन जाते हैं। इस लिए खुसरू कहते है।

"अपने आप को मैं दूसरा किस तरह समझूं जब महबूब खुद मेरी आँखो से मुझे देखता है?"

सूफी कहते है कि मानव एक तुच्छ जन्तु है परन्तु वह एक कण है जो सूर्य से टूट कर आया है, एक बून्द है जिसने दर्या को अपने आगोश में ले लिया है वह एक बिन्दु है जो वर्तुल के समकक्ष है। इसीलिये सूफी शोधकों ने पूरी हस्ती की एकरूपता का सिद्धान्त अपना चर्चाविषय बना लिया। अमीर खुसरो कहते है :–

प्रेमी के प्रणय गीत गाए। नेत्र, भ्रूविलास, केश और तिल के जादू से चिरंतन प्रियकर और महबूब की सुन्दरता की ओर प्रथप्रदर्शन किया।

आध्यात्मिक स्वरूप के प्रेम का अभिव्यंजन करने के लिये सूफियो ने अपना मतलब रूपक अलंकारो से बयान किया है और शृंगार रस का आसरा लिया है। उपनिषदो के ऋषियों से लेकर, रूमी, अत्तार, सादी, हाफिज, निज़ामी और खुसरो तक सब ब्रह्मवादियो ने प्रेमी की भाषा को ही अपनाया है। इसका कारण यह है कि अध्यात्म का बयान वासना तत्र से ही किया जा सकता है। जभी तो ग़ालिब ने कहा है :–

हरचन्द हो मुशाहिदए हक की गुफ्तगू
बनती नही है बादा ओ साग़र कहे बग़ैर

याने आप परमतत्त्व के दर्शन की बात छेड़ना चाहे तो मधु और मधुपात्र कहे बिना बात बनती नहीं।

सूफिमत का ध्येय है परम तत्त्व की खोज। इसी तलाश और खोज दिल में इश्वरोपासना की आकांक्षा पैदा करती है। सृष्टि का विचार करने लगेंगे तो आप पर यह ज़ाहिर हो जाएगा कि वह विनाशी और क्षणभंगुर है। इसलिये आपको चिरतन तथा शाश्वत तत्त्व की खोज करने की इच्छा हो जाती है। विद्वान लोग भगवान के जो गुण गाते है वे आम आदमियो के गुणो से भिन्न नही पाए जाते। वे अपनी शक्ति और अपने विचार की सीमाओ के अन्दर ही भगवान का गुणवर्णन कर सकते है जब कि तथ्य तो उनकी काबिलियत से परे है इसलिये अमीर खुसरो कहते है–

"अय् सुन्दर बदन प्रिया, अपने कपोल से पर्दा हटाकर तुम्हारा बेचैन करनेवाला रूप दिखाओ ताकि बुद्धि और अक्लने रगामेजीकर जो मूर्ति बनाई है, उसे लेखनी तोड डाले।"

"तू अपने मुख से पर्दा हटा दे जो हम दीवानो के लिए जीवन की पूंजी है— ताकि इन बुद्धिवादियो का अहकार मस्तिष्क से बाहर निकलजाए।"

"अपना स्वरूप दिखला, क्योकि तेरे दर्शन के लिए हमने भाग्य को भी उपेक्षित कर दिया है।"

"जब तू मेरे सामने आता है तो मत पूछो कि मेरा क्या हाल होता है जितना तेरे वदन पर विचार करता हूँ उतना ही मै अपने आप को भूल जाता हूँ।"

"तू मुझ से बार बार क्यो पूछता है कि लोग मेरे सामने क्यो हैरान है। यह बात उस आदमी से पूछो जो आश्चर्यचकित न हुआ हो।"

बुद्धि की असमर्थता

सुप्रसिद्ध दार्शनिक काट ने अपनी किताब "बुद्धिवाद की समीक्षा" में कहा है कि अक़्ल हर चीज़ का रहस्य नही खोज सकती। बर्गसान इसीलिए सत्य के आविष्कार में केवल प्रेरणा को ही मार्गदर्शक माना है। अमीर खुसरो भी सत्य की खोज में केवल बुद्धि को अधिक महत्व नही

जाह और मनसब भी रखते थे फिर भी जब दूसरो से मिलते तो वे अपने आपको सामान्य समझते थे। बादशाहो की स्तुति करने से उनको जो बेशुमार दौलत हाथ आती वह सब की सब खैरात कर देते थे और जो खुद अपने परिश्रम से धन कमाते थे वही उनके उदरनिर्वाह का साधन होता था। सच बात तो यह है कि केवल दीनजनो की हमदर्दी और उनकी सेवा करने की भावना से ही वे बादशाहो की खिदमत करते थे। साराश यह कि उन के अन्दर ऐसी ही सिफते इकठ्ठी हो गई थीं जो देवभीरू सूफीसन्त की विशेषताओ में शुमार की जाती है।

अल्लामा शिबली "शेर उल अजम" में लिखते है :

"अमीर ने सूफीशास्त्र में उन्नति प्राप्त की उसको न हम जान सकते है न बयान कर सकते है। अलबत्ता यह नजर आता है कि अमीर का हर शेर जो बिजलियाँ गिराता है वह इसी देवप्रकाश से निकली है।"

अमीर खुसरो की गजलो से जो आम तासीर पैदा होती है वह आम गज़लगो शोरा से मुख्तलिफ़ नही है। बाह्यत. पूरी वाणी भौतिक वासना के रग मे डूबी हुई है। वही महबूब के खाल ओ खत, जुल्फ़ और रुखसार, चश्म ओ अबरू, सुराही ओ शीशा, साकी और मयखाना, म्यकदा ओ खराबात, नग्मा ओ सरूद और हुस्न ओ इश्क की बाते है और बिल्कुल इसी अंदाज मे जो आशिकाना शायरी की विशेषताएँ है। लेकिन अहले नज़र और अरबाबे इरफाँ को उन्ही के अन्दर सूफियाना हक़ाइक़ और तसव्वुफ के दक़ीक असरार भी नज़र आते है। चुनॉन्चि मौलाना जामी अपनी किताब "बहारिस्तान में लिखते है" उनकी गजलो में आध्यत्मिक गहराई है इस से सूफी और द्रष्टा अपने अपने मनोभाव के अनुसार रसास्वादन करते है।" मुल्ला अब्दुन्नबी फ़खरूज्जमानी "मयखाना" में लिखते है "खुसरो बडे आरिफ़ और बुलन्द पाया आशिक़ है और उनके शेर मोतियो की तरह आबोताबवाले और सूर्य की भॉन्ति दीप्तिमान है। ज्ञानी और ब्रह्मवादी ही उससे पूरा पूरा आनन्द पाते है।"

सद्यः काल मे ईरानी शोधकर्ता डाक्टर सईद नफसी जिन्होने तहरान से अमीर खुसरो के दीवानो का "दीवान–ए–कामिल" के नाम से प्रकाशन किया है उसके परिचय मे लिखते है :–

"उनके काव्य ग्रन्थ और अधिक रूप में उनकी गजले आध्यात्मिक स्वरूप की है जिस में उन्होने निहायत नर्म और मधुर शब्दों और गम्भीर विचारो को सूफी मतप्रणाली से मिला दिया है। जो भी हो, अमीरवाणी की यह बड़ी विशेषता है कि उसमें भौतिक वासना तथा परामवित दोनो रंग सम्मिलित हो जाते है, अब यह अपनी अपनी प्रवृत्ति है कि चाहे तो बाह्य प्रेम के विषयो से आमोद पाइए और चाहे तो उन में सूफी शास्त्र के रहस्यो और सत्यो का पता लगाकर उनकी वाक्शक्ति और गूढ़ज्ञान की दाद दीजिए"।

गौसी मंडवीने लिखा है : "जब आपने शेरोशायरी की तो आप कलाम को उपदेशक के अभिनिवेश में लिखा और करते थे मगर अपने गुरू की आज्ञा से प्रेमाधिष्ठित आध्यात्मिकता की ओर झुके ग़ज़ल का पाया ऐसा बुलन्द किया कि किसी ग़ज़लकार का गीत यहाँ तक नही पहुंच सका।"

सूफ़ीयत और सूफी का यह बड़ा कार्य है कि उसने भौतिक (मजाज़ी) प्रेम और वासना-काण्ड को सत्य तथा ईश्वर प्रेम के विचार में रंगा दिया। उन्होने वैषयिक रूप में अपने वास्तव

अमीर खुसरो की वाणी में सूफीमत के रहस्य और तथ्य

अब्दुर्रहमान परवाज इसलाही

अमीर खुसरो का व्यक्तित्व अनेक सद्गुणों का समुच्चय था। कवि, लेखक, सगीतकार, सिपाही होने के अतिरिक्त वे बडे सूफी दरवेश, तथ्यज्ञानी, राजकाज धुरीण और सूफी दर्शन के रहस्यों के वेत्ता भी थे।

अमीर खुसरोने जब होश सम्भाला तो दिल्ली में शेख शिरोमणि हजरत निजामुद्दीन औलिया का मठ अध्यापन का केन्द्र बना हुआ था। उन की पवित्र वाणी के चश्मे जारी थे। मुल्क के कोने कोने से लोग वहाँ परवानो की तरह जमा होते थे और इश्क-इ-इलाही की पीर और जनसेवा की भावना लेकर वापस जाते थे।

अमीर खुसरो की तबयत मे इश्क और मुहब्बत का आशय प्रचुरमात्रा में था। वे नखशिख प्रेममय थे और यह बिजली उनकी रग रग में कूदंती फिरती थी। वे महबूब इलाही निज़ामुद्दीन औलिया की खिदमत में हाज़िर हुए और अपनी मन.पूर्वक श्रद्धा का उपहार देकर विशेष शिष्यवर्ग में प्रविष्ट हुए।

निजामुद्दीन के ध्यान ने सत्य और ज्ञान के दरवाजे खोल दिये। वे इलाही के हुक्मो और शरीयत के फर्जों को निहायत पाबन्दी से बजा लाते। अमीर और सिपाही होनेके बावजूद वे ईशसेवा में अनुरक्त रहते। अनवरत एवं लगातार रोज़े रखते और तहजुद (नमाज) अदा करते। कुरआन का पारायण करते। तारीख-ए-फरिश्ता, मोनसुलअरवाह, नफहात उल-उन्स, सफीनतुल अवलिया और तारीख-ए-फिरोजशाही में जिस तरह उनका उल्लेख किया गया है उससे आश्चर्य होता है। फलतः अपनी दैवदत्त अर्हताओ, तपस्याओ और दिलगुदाजी की वजह से वे निजामुद्दीन औलिया की बारगाह में बहुत लोकप्रिय हुए।

हज़रत निजामुद्दीन, औलिया निहायत मुहब्बत से उन्हें तुर्कुल्लाह के खिताब से पुकारते। फलतः निज़ामुद्दीन औलिया की सुहबत से उन में सूफी दरवेशो के गुण उत्पन्न हुये। आत्मज्ञान की दौलत मिली। उनके बरताव में ऐसा परिवर्तन हुआ कि जिस से भी मिलते सदाचार और सात्विक भाव से मिलते। मानव प्रेम और सहिष्णुता ऐसी पैदा हुई कि हर धर्म और समाज के लोगों से उन्हें हमदर्दी और मुहब्बत पैदा हो गई। उदारता, दीनता, प्रसन्नता और स्नेहभाव ये उनके प्रमुख गुण बन गए। यद्यपि वे उमराव और बादशाहों की सोहबत में रहते दिन का बड़ा हिस्सा वे शाही खिदमत मे गुजारते,



ہر قوم راست راہی دینی و قبلہ گاہی
ما قبلہ راست کردیم برطرف کجکلاہی

हर क़ौमे रास्त राही
दीनी व क़िब्ला गाही
मा क़िब्ला रास्त कर्दीम
बर तरफ़े कजकुलाही—





शेख और खुसरो के तुलनात्मक अध्ययनमें भी हमें निसर्ग की यही रोचक क्रिया दिखाई देती है। दोनो की भूमिका एक जैसी, गुण एक जैसे, परिस्थिति समान लेकिन केवल जीवन के तकाज़े, ज़रूरतें और प्रवृत्तियाँ उन्हें दो विभिन्न रास्तों पर डाल देती है। एक प्रारंम्भ से ही संयमनशील तथा शुक्र गुज़ार, लोभ और काम से अलिप्त और ईश प्रेम में मग्न है न वह मानी पुरूष अमीरो और सुलतानों के दरबारों पर हाज़री देता है न मगरूर प्रशासको के आगे सिर झुकाता है। वक्त की सारी रस्साकशियों से दूर एक कोने में बैठकर सारी जिन्दगी ईशोपासना और लोकसेवा में गुज़ार देता है।

दूसरा इस के विरूद्ध नाज़ोका पला, ऐशआराम देखा हुआ, अमीरों और सुलतानों का निकटवर्त्ती, काव्य और गायन का दीवाना। सुबह भाटकाव्य (कसदों) में गुज़रती है तो शाम गज़ल कहने में। उसकी जिन्दगी की एकमात्र इच्छा बस यही कि कोई ऐसा महत्कार्य कर जाऊँ जो मुझे अमर कर दे।

सच यह है कि अगर खुसरो को शेख का कृपाछत्र नसीब न हुआ होता, अगर खुसरो की गज़ले शेख की गान समा मे न गूँजी होती, अगर खुसरो को हमेशा हमेशा के लिये शेख के चरणो में जगह न मिली होती तो आज खुसरो भी और शायरो की तरह केवल एक दरबारी शायर होते। अवाम तक उनकी आवाज़ कभी न पहुँचती। बेशक दोनो बादलही से ढलके हुये पानी के दो कतरे थे, लेकिन एक गौहर बन गया और दूसरा आँखो में रह गया।

तौफीक बअन्दाज़ा-ए-हिम्मत है अजल से
आँखो मे है वह कतरा जो गौहार न हुआ था।

आधार ग्रन्थ

१ मुहम्मद अब्दुर्रहमनखान । तारीख–ए–इस्लामपर एक नजर, १९५२ नदवतुल मुसन्नफीन, देहली.
२ सईद अहमद : मुसलमानों का उरूज और जवाल, १९६३ " "
३ मुहम्मद उजैर : दौलत–इ–उस्मानिया, १९५८, मोअरिफ प्रेस, आज़मगढ.
४ मुहम्मद लतीफ मर्तोजम, अन्वार–ए–सूफिया, अखबार उल अखबार १९६२, खिआए अजिदब, लाहोर.
५ बुलकीदास : तजकिरए अवलिया–ए हिन्द, मयूर प्रेस दिल्ली.
६ खलीक़ अहमद निजामी : सलातीन-ए-देहली के मजहबी रुजहानात १९५८, नदवततुल मुसन्नफीन देहली
७ ज़हूरुलहक शारिब, दिल्ली के बाईस ख्वाजा, १९६४ मकतबा दीनियात, नई देहली.
८ हयातुल्ला अन्सारी, मुतर्जिम, सवानिह–ए–हयात–ए–अमीर खुसरो हबीब की अंगरेजी किताब १ का तर्जुमा १९५८, हिन्दुस्तानी अकॅडेमी, इलाहाबाद.
९ मुहम्मद वहीद मिर्जा, अमीर खुसरौ, १९४९, हिदुस्तानी एकॅडेमी इलाहाबाद.
१० ताराचन्द : अमीर खुसरौ और हिन्दुस्तान, १०६२ अमीर खुसरौ और एकॅडेमी, नई देहली.
११ सुबाहुद्दीन अब्दुर्रहमन, हिन्दुस्तान अमीर खुसरौ की नज़र में १९६६, मोआरिफ़ प्रेस आज़मगढ

शेख और खुसरौ को जिन्दगीने यद्यपि दो ऐसे भिन्न रास्तों पर जरूर डाला था जो एक दूसरे को काटते थे लेकिन मृत्युने इस विपरीतता को खत्म करके उनको हमेशा हमेशा के लिए यकजा कर दिया। आज जो आदमी शेख के आसताने पर दुआ के लिए हाज़िर होता है, वह खुसरौ को भी उनके साथ याद कर लेता है।

इस्लाम ने ज़िन्दगी गुज़ारनेके जो नियम बनाये है उन में दीन और दुनिया को साथ लेकर चलने की तलकीन की है। एक मुसलमान के लिये यह ज़रूरी नहीं है कि वह दीन के लिए दुनिया को छोड दे बल्कि ज़रूरी यह है कि दोनो को इस तरह साथ लेकर चले किन दीन हाथ से जाय न दुनिया।

एकबार रसूलउल्ला अपने चन्द साथियोके साथ कही जा रहे थे। रास्ते में एक आदमी को देखा जो भूक प्यास और बीमारियो से टूट कर हड्डियों का ढाँचा बन गया था रसूलउल्लाने उससे पूछा कि "आख़िर तुम्हारी यह हालत क्यो है?" उसने जबाब दिया "मैंने खुदा से दुआ की है कि अय् खुदा तू आख़िरत में जो सज़ा जो तकलीफ देना चाहता है वह यहीं दे दे और मेरी आकिबात अच्छी कर"। रसूलुल्ला उसका जवाब सुनकर ख़फ़ा हुए और फरमाया" खुदा की कृपा बडी विशाल है जब तुम दुआ करो तो कहो "अय् खुदा! तू मेरी दुनिया भी अच्छी कर और आखिरत भी अच्छी कर और दोजख की पीडा से बचा"।

लेकिन क्या इन उसूलों पर हुस्न और खूबी से अमल करना और दीन-ओ दुनिया को साथ लेकर चलना इतना आसान भी है? वस्तुतः यह काम और अमली सन्तुलन इतना आसान नहीं है ऐसा परिस्थिति से मालूम होता है क्योकि हमारे सब कामो का सम्बन्ध दिलसे है और दिल किसी के बस मे नही।

एक बार रसूलुल्ला अपने चन्द साथियोके साथ एक खुले मैदान से गुज़र रहे थे। रास्ते मे एक छोटासा पर पडा हुआ था और हवा के हलके हलके हाथ उसको कभी इधर और कभी उधर कर देते थे। रसूल उल्लाने उस पर की तरफ इशारा किया और साथियो से कहा "इनसान का दिल भी "रहमत" की दो उगलियो के बीचमें है और वह उसको जैसा चाहता है उलट पुलट करता रहता है।"

कायनात के इस विशाल समुद्र में इनसान की हैसियत पानी की एक बूँद से ज्यादा नहीं। जब यह बून्द यह कतरा काली घटा ओ से टूट कर समुन्दरकी तरफ चल पडता है तो इस समुद्रके हर तरग में हज़ारो मगरमच्छ मुह फाडे उसकी राह ताकते है। क्या सारी बूँदे मोती बन जाना सम्भव है।

येही वे जटिल परिस्थितियाँ है जो मानव मात्रव में फर्क पैदा कर देती है, जो सारी कोशिश सारे इल्म और सारे अमल के बावजूद दो आदमियोकी प्रवृत्ति को एक समान होने नहीं देतीं। एक ज़िन्दगी की सारी रूकावटों को पार करके पुरूषोत्तम बन जाता है और दूसरा अँधेरी कंदराओं में भटकता और ईप्सित उद्देश्य तक पहुँचने से पहले ही दम तोड़ देता है।

खुसरो भी शेख को दिल ओ जान से चाहते थे। वै सुबहशाम शहजादों और बादशाहों की सुहबत में जरूर रहते थे लेकिन उनका पूरा ध्यान शेख की तरफ लगा रहता था बल्कि वे वहाँ रहकर शेखके जानी और ईमानी अधिकारों की रक्षा किया करते थे। कभी दरबार में ऐसी बात होती जो शेख की मर्जी के खिलाफ होती तो वे बादशाहो की नाराजगी का खयाल किये बगैर ही उस की सूचना समय के पहले शेख को दे देते थे इस तरह एक बार जब जलालउद्दीन खिलजीने शेख को इत्तिला दिये बगैर ही अचानक उनकी खानसाह में हाजिरी देने का मनसूबा बनाया तो खुसरो ने उसकी खबर शेख को पहले ही से करदी और शेखने उनसे बचनेका सामान कर लिया। सुलतान को जब उसका इल्म हुआ तो खुसरौसे खफा होकर कहा "तुमने मेरा भेद खोलकर मुझे साधुओंके सुलतान के चरणस्पर्श के भाग्य से वंचित कर दिया। खुसरौका जवाब था। बादशाह के क्रोध से केवल जान का खतरा ही है लेकिन साधुओके सम्राट के दुखसे धर्महानि का डर था।

कुत्बुद्दीन मुबारक खिलजी शेख का बहुत बुरा दुश्मन था लेकिन उसके कहने पर जब उन्होंने अपनी मसनवी "नु सिपहर" लिखी तो अपने उसूलके मुताबिक नीडर होकर बादशाह की तारीफसे पहले शेख की तारीफ की

"खुशाँ दमकि मन ज ऐतिका दे जमीर
गिरिफ्तम् ब हक दस्त-ए-आँ दस्तगीर
बिदू जुस्ता पीरान-ए-आलम पनाह
हमाँ बालिगाँ पेश ऊ तिफ्ल-ए-राह।
ब राहे कि शिबली व अदहम रवन्द
तुफैली चू मा नाक साँ हम रवन्द।

(वह घडी भाग्य की थी जब मैं ने इस मददगार का हाथ ईमानके साथ पकडा। वे इतने बडे है कि दुनिया के बडे उनके सामने बच्चे से है। वे शिबली और अदहम के सूफियाना रास्ते पर चलते है और हम जैसे अनाथ भी उनके पीछे पीछे चलते है।)

सुलतानों को भी इस बात का अच्छी तरह एहसास था कि यद्यपि खुसरो हमारे नौकर है लेकिन उनका दिल शेख के पास है और वे बगैर शेख की इजाजत के अपना कोई काम नही करते। फलत. इसी वजह से जब अलाउद्दीन खिलजीने शाह बू अली क़लन्दर पानी-पतीको खुसरो के हाथो कुछ तोहफे भेजना चाहे तो उसने शेख के पास आदमी भेजकर उनसे बाकाइदा इजाजत चाही। उनकी इजाजत से ही खुसरौ पानीपत रवाना हुए।

शेख के इन्तिकाल के वक्त खुसरो दिल्ली में नही थे। वापसी पर जब उन्हे मालूम हुआ कि उनका महबूब हमेशा के लिए उनसे जुदा हो चुका है तो वे भी अपने सफरकी तैय्यारी में लग गये और छह माह बाद उस से जा मिले।

"गोरी सोए सेजपर, और मुखपर डारे केस
चल खुसरो घर आपने, रैन भई सब देस"

ऊपर की बहस से साफ ज़ाहिर है कि जिस तरह अपने समय के बडे धार्मिक पुरुष और वलियों के सुलतान होने के बावजूद शेख ने न सिर्फ दुनिया से अपना सम्बन्ध बाक़ी रखा बल्कि सामयिक राजनीती के उतार चढाव पर भी उनकी पूरी पूरी नज़र थी। बिलकुल उसी तरह खुसरो ने भी अपने समय के एक बड़े दुन्यवी पुरूष और शाइरों के सुलतान होने के बावजूद कभी दीन से गाफिल नहीं रहे और मौका और महल के अनुसार अपनी ज़िम्मेदारी भी पूरी करते रहे। दोनों का मक्सद एक था और मँज़िल एक। सिर्फ रास्ते जुदा जुदा थे। नतीजा यह कि जिस तरह गंगा और जमुना दो भिन्न दिशाओं से निकलने के बावजूद प्रयाग में एक जगह पर आकर मिल जाती है इसी तरह ये दोनो पवित्र पुरूष भी दो अलग दिशाओं से चलने के बावजूद एक केन्द्र पर आन मिलते हैं।

शेख खुसरौ को बहुत चाहते थे और उन्हें "तुर्कुल्ला" का खिताब दे रखा था और उनके साथ बहुत अनुराग और उदारता फरमाते थे। किसी और को शेख से वह निकटता प्राप्त नहीं थी जो खुसरौ को भी कई बार शेख के दूसरे भक्त उन से दबी जबान में शिकायत भी करते थे। शेख का जवाब होता "तुम भी वैसे अच्छे गुण पैदा करो।" वे बहुत बार कहा करते थे "मैं सबसे तग आ जाता हूँ और कभी कभी अपने आपसे भी तंग आ जाता हूँ। लेकिन खुसरौ से तग नहीं आता।"

खानकाह की साकिन फिज़ा में खुसरौ के आगमन से एक सुखकारक परिवर्तन आ गया वे हर रोज रात के वक्त इशा की नमाज़ के बाद अपने पीरकी खिदमत में हाज़िर होते और उन्हें दिल्ली और हिन्दुस्तान भर की समाजी और सियासी खबरें सुनाकर प्रसन्न करते थे।

खुसरौ के कलाम को भी शेख बहुत पसन्द करते थे। बल्कि उनकी गायनसभा ही अक्सर खुसरौ की गज़ल से शुरू होती थी। इस लिए शेख ने उन्हें "मिफ्ताह उल सिमाअ' (गायन सूत्रधार) के नाम से भी याद किया है। उनकी शायरी के मुताल्लिक खुद शेख के ये दो शेर मशहूर हैं।

खुसरौ कि बनज़्म ओ नसा मिसलश कम ख्वास्त
मलिकेस्त कि मुल्के सुखन आँ खुसरू अस्त
आँ खुसरू-ए-मॉस्त नासिर खुसरौ नीम्स्त
ज़ीरा कि खुदा नासिर-ए-खुसरू-ए-मास्त

(गद्य और पद्य में खुसरौ अनुपम है। उस मुल्क का साहित्य का वही सुलतान है। वह ईरान का नासिर खुसरौ नहीं बल्कि हमारा खुसरौ है क्योकि खुदाई हमारे खुसरौ का नासिर (मददगार) है।)

खुसरौ की आवाज़ और मधुर कण्ठ के भी वे बडे प्रशंसक थे। वे कहा करते थे कि *अगर क़यामत के दिन मुझसे पूछा गया कि तुम अपने साथ क्या लाये तो मैं कहूँगा कि* इस तुर्कउल्लाके सीने का सोज़ लाया हूँ। शेख का कहना था कि अगर दो आदमियों का एक क़ब्र में दफन करना जायज़ होता तो मैं वसीयत करता कि खुसरौको मेरी क़ब्र में दफन किया जाए।

कैक़ुबाद की फरमाइश पर जब उन्होंने किरान उस सादैन लिखी तो यद्यपि उन्होंने स्तुतिपात्र की प्रकृति के अनुसार उस में रंगीनी और दिल फरेबी पैदा करने की कोशिश की हैं लेकिन साथ ही साथ वे यथा प्रसग उपदेश भी करते हैं। वे कहते हैं कि "यद्यपि दुनिया की दौलत तुम्हारे लिये मुसलतम हैं लेकिन दीन की तरफ भी तवज्जुह करो। खुदासें डरो हमेशा ऐसे काम करो कि खुदा के आगे तुम्हें शरमिन्दा होना न पड़े। शील स्वभाव तख्तओ ताज से भी अधिक महत्व रखता है।

"पेशा-ए-तकवास्त पसदीदा तर"
अज हमा व अज़शाह पसंदीदा तर

(राजा और सब श्रेष्ठ वस्तुओ की अपेक्षा शील और सयम अधिक महत्वपूर्ण है)

"दौलरानी' में वे हिन्दुस्तान, दिल्ली, और सुलतानों की तारीफ़ केवल इस कारण से करते हैं कि हिन्दुस्तान ने दीन और शरीअत को रौनक बख़्शी हैं। दिल्ली ने बुखारा की तरह इल्मे और अमल को आम किया है और दिल्ली के सुलतानो ने इस्लाम का नाम रौशन करने में बढचढ कर हिस्सा लिया हैं।

"खुशा हिन्दुस्तानी रौनके दीन
शरीअतरा कमाल–ए–इज ओ तमकीन
ज इल्म बा अमल देहली बुखारा
ज़ शाहाँ गश्ता इस्लाम आश कारा"

अलाउद्दीन खिलजी के राज्यकाल में जो मसनवियाँ उन्होने लिखी, उन में उस की मजहबो दिलचस्पियो का खास ज़िक्र किया है। मतला उल अनवार में लिखा है.–

शाह मुहम्मद कि बताईद राय
कर्द कैवी शरअ रसूल–ए–खुदाय

कुत्बुद्दीन मुबारक खिलजी जैसे अय्याश और निकम्मे सुलतान की तारीफ़ करते वक्त भी वे सिर्फ वही पहलू उजागर करते है जो उसकी दीनी दिलचस्पी से ताल्लुक रखता है। फलत उसको मस्जिदो की तामीर का जो शौक था उसका "नु सिपहर" में इस तरह तजकिरा किया हैं।

बिफर्मूद कि अव्वल बर आरन्द जामेआ
कि बामिश बर आयद बखुरशीद लामेअ

साथ ही उससे शरीअत का आदर करने की प्रार्थना करते हैं और कहते हैं कि दीन के बगैर सियासत और ममलिकत में कोई हुस्न नहीं होता।

ममलिकत अज़ दीन शवद आरास्ता
कार–ए–दुनियाँ जईं शवद आरास्ता

ये सारी बातें ज़ाहिर करती हैं कि खुसरौ को भी दुनिया से ज्यादा दीन ही अज़ीज था। अमीरों, शहज़ादों और बादशाहों की सोहबत में रहकर भी वे अपने दीनी फर्जोसे गाफिल न रहे। दरबार से वे इस लिये सम्बद्ध रहे कि वह उनका खानदानी पेशा था।

गया है और उसके सम्बन्ध में, धर्मधुरीणों की तरह "अनाल्लाना बिरहाना" और "रहमतउल्ला अलैह" जैसे दुआके शब्द, इस्तैमाल किये गये हैं।

जलालुद्दीन खिलजी को शेख से जो अक़ीदत थी उसका उल्लेख हो चुका है। यद्यपि शेखने उस को आखिरी वक़्त तक खानकाह में आने का मौक़ा नहीं दिया लेकिन वे उससे असन्तुष्ट नहीं थे बल्कि उस के काल को दीनी ऐतिबार से बडी अहमियत देते थे।

अलाउद्दीन खिलजी से भी गो वे दूर ही रहे लेकिन उसके कामोकी उन्हे बराबर खबर रहती थी। जब उसनें एक नया मज़हब जारी करने का इरादा किया तो उन्होंने दुआ दी कि "वह शैतान के संदेह से मुक्त होकर शरीयत के मज़बूत रास्ते पर स्थिरता से खड़ा रहे।" और जब उनको मालूम हुआ कि देहली के कोतवाल अला उल मुल्क की हकगोई और धर्मधीरता के नतीजे में उसने अपने इस इरादे को छोड दिया है तो शेख ने अला उलमुल्क के हकमें भी दुआ की। अलाउद्दीन खिलजी वक्त वक्त पर अपनी परेशानियो की हालत में शेख की तरफ रूजू किया करता था। शेख भी अपनी रूहानी बरकतो से उसे नवाजते थे।

गियासुद्दीन और शेख के बीच कव्वाली या गायन के विषय पर जो विवाद रहे और सुलताननें सख्ती भी दिखाई लेकिन इन दोनो के बीच तनाव या बेदिली कभी पैदा न हुई। बल्कि वे दिल्ली के उन उलमासे रजीदा थे जिन्होने अपने निजी फाइदे के लिए इस मसअले को ज़रूरत से ज्यादा हवा दी थी।

इन सारी घटनाओ से साफ ज़ाहिर है कि यद्यपि शेख दरबार, सुलतानो और सामायिक राजनीति से वस्तुत: दूर जरूर रहे लेकिन इससे अपनी आखे बन्द नहीं कीं बल्कि अपनी आत्मिक शक्तिकी मदद से इस को काबू में रखा और अपने प्रसाद को सबके लिए खुला किया।

खुसरौ भी यद्यपि शाही दरबार से सम्बद्ध रहे लेकिन इस का यह मतलब हरगिज़ नहीं था कि वे दीन से गाफिल थे और उन्हे अपनी आकिबत की कोई फिक्र ही न थी। बल्कि सच यह है "क़अरे दर्या" में "तख्ता बन्द" होने के बावजूद वे हमेशा "होशियार" रहे और कभी अपने दामन को "तर" होने न दिया। वे एक साहबे दिल, सूफीमनिश और दरवेश सिफ़त इनसान थे आखिरे शब में बेदार होना, तहज्जुद में कुरआने मजीद के सात पारे पढ़ना और खुदाकी बारगाह में फूट फूट कर रोना उनका नित्यक्रम था। चालीस साल तक पूरे बारह महीने रोज़े रखे, जो कुछ कमाया ज़रूरतमन्दो और मुहताजो पर भी बेंदरेग खर्च किया।

खुद दरबार से मुनसलिक रहने मे भी उनका मक़सद दुनिया से ज्यादा दीन का हुसूल ही था। उन्होंने अपने कसीदों अपनी मसनवियों में पेशावर शाइरो की तरह अनुचित और अतिशयोक्तिपूर्ण तरीके नहीं की है। वे अपने ममदूह (स्वामी) के दुनियवी जाहोजलाल के साथ साथ उनकी दीनी खूबियों का उल्लेख भी बराबर करते हैं बल्कि उपदेश और नसीहत की जरूरत पड़ जाये तो उसे भी नही टालते।

ऊपर हमनें शेख और खुसरौ के चन्द आपस में विरोधी प्रवृत्तियो की निशानदेही की है इसका अर्थ ये नहीं है कि ये दोनो बुजुर्ग वास्तव में एक दूसरे से विपरीत स्वभाव के थे, और किसी केन्द्रीय कृति या प्रवृत्ति पर उन का एकत्रित होना असम्भव था। तद्विरुद्ध चरित्रो और तज़किरो के अध्ययन से मालूम होता है कि उन दोनो की प्रकृतियो में कुछ ऐसी विशेषताएँ भी थीं जो इस विपरीतस्थ प्रकृति के दूसरे रूप को हमारे सामने ले आती हैं और पता चलता है कि न शेख वास्तव मे ससार के प्रति उदासीन थे और न खुसरौ दीन से सचमुच गाफिल।

शेख ने यकीनन् इस दुनिया से कुछ नहीं लिया उन की सारी जिन्दगी कठिन सघर्ष और तपस्या मे गुजरी लेकिन वे दुनिया और सामयिक परिस्थिति से बेखबर बिलकुल नहीं थे। एक ऐसे लाइफ गार्ड की तरह जो बसेरा तो समुद्रतट पर करता है लेकिन समुद्र में डूबने-वालो को बचाने के लिए अपनी जान भी खेल जाता है। शेख रहते तो दिल्ली के बाहर एक कोने-में थे लेकिन उनका हाथ समय की नाडी पर था। उन्होने गरीबो और मुहताजो के साथ अमीरो और सुलतानो की भी फिक्र की। उन की खानकाह में जहाँ खुदाए बुजुर्ग और बरतर के नाम की माला जपी जाती थी वहाँ समय के सुलतानो और उन की राज्य पद्धति की भी चर्चा होती थी।

उनकी दीनी मजलिसो मे सबसे पहले जिस सुलतान का जिक्र खैर मिलता है वह इलतुतमिश था। चन्द बडे लोगोने उसके बादशाह बनने की जो पेशीन-गोई थी उनका उल्लेख स्वय शेखने भी किया था। इलबुतमिशके इस तर्जे अमल का उल्लेख भी उन्होने अपनी मजलिसो में कई बार धन्यवादपूर्वक किया है कि इलतुतमिशने एक बार एक बूढे फकीर को उसके माँगने पर भी कुछ न दिया और एक तन्दुरूस्त और तवाना आदमी को बे माँगे ही सोने के सिक्के दे दिये और कहा कि अगर देने का दारोमदार मेरी मर्जी पर होता तो मैं बूढ़े को देता। दर असल जिसको भी देता हैं सिर्फ खुदा देता है। इलतुतमिश के बनाए हुए एक हौज़ की बरकत का भी वे अक्सर ज़िक्र किया करते थे और उस की मृत्युतिथि के बारे मे भी यह शैर उनकी जबान पर अक्सर आता था। 'ब साले–शिशसद–ओ–सीव से बूद कि अज़ हिजरतन मान्द शाह–ए–जहाँ शम्से दीन आलमगीर" (शाह छह सौ तैंतीस हिजरी मे इन्तिक़ाल कर गये)

इल्तुतमिश के पश्चात रज़िया आई। यद्यपि वह औरत थी लेकिन उसके राज्य को भी वे कृपा दृष्टिसे देखते थे। उसके बारे में एकबार उन्होंने अपने शेख के विचार स्पष्ट करते हुये फरमाया "जब कोई शेर जंगल से निकलता है तब उसके बारे में कोई नही पूछता कि नर हैं या मादा। याने यह बात ज़रूरी है कि चाहे मर्द हो चाहे औरत, चरित्र्य और शील में ख्यात नाम हो।

बलबन एक खुदातरस और मजहब पसन्द आदमी था। इबादतो में उसकी दिलचस्पी की शोहरत उस समय के शेख सन्तो की मजलिसों में भी गूजती थी और शेख भी उसकी अच्छी दीनदारी की तारीफ़ किया करते थे। उनके उपदेशों में उसका नाम आदरपूर्वक लिया

उद्दीन खिलजीने उन्हें एक गाँव देना चाहा। उन्होने कुबूल नहीं किया। खिदमत में हाज़िर होनेकी इजाज़त चाही, इजाज़त न मिली सूचनाके बिना दर्शन करने का प्रोग्राम बनाया, पूरा न हुआ। फिर अलाउद्दीन खिलजीने मशविरे के नाम पर शेख के सियासी रूजहानात जानना चाहे। उन्होंने दिलचस्पी नहीं ली। कासिद भेजा, लेकिन उन्होने यह कहकर उसे लौटा दिया "मैं दरवेश हूँ। दरवेशो को राज काजसे क्या वास्ता ?"। कुत्बुद्दीन मुबारक खिलजी शेख का बहुत बुरा दुश्मन था। उसने उन्हें अपने अधिकार के लिए खतरा समझ कर हर तरह तग करने की कोशिश की। उनकी खानकाह के सामने और खानकाहें कायम की अपनी बजार्यी हुई जामामसुजिद में उन्हें आने पर मजबूर किया। शाही महल में आनेका हुक्म दिया लेकिन शेख अपनी जगहसे नहीं हिले। गियासुद्दीन तुगलक भी कव्वाली (सिमाअ) के सम्बन्ध में शेख के मसलक का विरोधक था। इसके लिये वे और उलमा से बहस करने पर राजी हुये लेकिन उन्होने अपना बरताव नहीं छोडा न सुलनतान के आगे शिकस्त खाई।

गरज न समय के सुलतानो के अनुग्रह के कारण उन्होने दरबार से अपना रिश्ता जोडा और न उनके विरोध या प्रतिकार के बरताव से वे डरे और दब गये। वे इन सारे राजनैतिक झमेलो से दूर अपनी खानकाह मे अपनी बोरिया नशीनी पर खुश थे। उनका आत्मिक ऐश्वर्य सब के लिये खुला था। सामान्य जन और खासे, अमीर गरीब, विद्वान और अनपढ़ शान्त या उग्र स्वभाववाले शहरी और गँवार, आजाद और गुलाम, गरज हर किस्म और हर तनके के लोग उनका अनुग्रह पाते थे।

खुसरो ने भी तक़रीबन इन सब सुलतानो का जमाना देखा है जिन का ऊपर ज़िक्र हुआ और ज़िन्दगी भर किसी न किसी अमीर या सुलतान के दरबार से सम्बद्ध रहे। दो साल बलबन के भतीजे मलिक छज्जू की मुलाजिमत की, तीन साल बलबन के छोटे लडके बुगरा खाँ के मुसाहिब रहे। पाँच साल बलबन के बड़े लडके मुहम्मद सुलतान मुलतान नरेश के दरबारसे सबद्ध रहे। दो साल हातिम खान अवध के नवाब को नौकरी में रहे। फिर कैकुबाद तख्त-नशीन हुआ तो उसने खुसरो को अपने दरबार मे रख लिया। उसका इन्तिकाल हुआ तो छह साल तक जलालउद्दीन खिलजी के मुलाज़िम रहे। फिर उसके जानशीन अलाउद्दीन खिलजी के दरबार से बीस साल सम्बद्ध रहे। फिर बारी बारी सुलतान कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी के बाद गियासुद्दीन तुग़लक और सब के आखिर में मुहम्मदबिन तुगलक के दरबारसे वाबस्ता रहे। इस तरह उन्हे ज़िन्दगी भर, अमीरों शहजादो और बादशाहो के निकट रहनेका अवसर मिला और उनका आश्रय भी प्राप्त हुआ। उनकी गज़लो में, उनके क़सीदों मे और उनकी मसनवियों में इन सारे आश्रयदाताओ का उल्लेख और उनके कारनामो की तारीफ कहीं संक्षिप्त और कहीं तफसील से हमें मिलती है।

मतलब यह कि वे कभी सामयिक राजनितीसे अलग न हुए। हमेशा ही वे वक्त के बादशाह के वफ़ादार रहे। हर नया सुलतान चाहे वह अपनी कृतियों और शील में जैसा भी हो उनका स्तुतिपात्र था और जो उनके स्तुतिपात्र का विरोध करता उनके व्यंग और कटुवचन का निशाना बनता।

मसजिद में तो कल सराई में । एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में स्थानांतरण करते रहते। घर में खाने को कुछ न होता अपने आपको खुदा का मेहमान समझते और ईश्वरी सहायता की प्रतीक्षा करते ।

खुसरौ का बचपन इन से भिन्न हालतो मे गुज़रा । उन्होने एक अमीर घराने में 'आँखें खोली । बाप की मृत्यु के बाद वे अपने अमीर नाना के पास आश्रय में आये । हज़ारो नोकर चाकर और गुलाम उनकी खिदमत में हाज़िर रहते । उनके दस्तरख्वान पर एक ही समय बीसियों मिष्टान्न होते। नाना के इन्तिकाल के बाद भी उनकी इस अमीरी में फर्क न आया। उनकी ज़िन्दगी दरिद्रता और गरीबी से कोसो दूर थी। उन्हे आराम और विश्राम के वे सब साधन विद्यमान थे जो एक दौलतमन्द घराने में हो सकते थे ।

(ऊ) शेख बचपन से जिस जिन्दगी के आदी हो चुके थे मरते दम तक उस पर कायम भी रहे । यद्यपि गियासपूर को अपना पीठ बनाकर जब उन्होने उपदेश और अध्यापनका काम शुरू किया तो उन की शोहरत बहुत जल्द दूर दूर तक फैल गई और उन के भक्तगणो के तोहफो और नजरानो का ढेर भी लगने लगा । लेकिन शेख ने अपने निजी प्रयोग के लिए इस में से कुछ न लिया । सारा रुपया गरीबो और निराधार लोगोके लिए खर्च होता था । उन की वजह से हजारो का पोषण होता और सैकड़ो हाफिज़ो और विद्यार्थीयो को वज़ीफे मिलते थे । उनके बावरची खाने में रोजाना सत्तर मन नमक खर्च होता था और सत्तर ऊट प्याज और लहसन के छिलके निकलते थे । लेकिन स्वय उनका भोजन सामान्य रहता था । साधारणतया वे अनशन करते थे और रोटी और तरकारी से उपवास छोडते थे। सन्यस्तवृत्ति से रहते थे और इन्तिक़ाल से कुछ दिन पहले ही उनकी आज्ञा से उन के सेवक ने घर की हर चीज़ लुटा दी और हर तरफ झाड़ू फेर दिया ।

शेख की तरह खुसरौ भी जिस जिन्दगी के आदी हो चुके थे उस पर कायम रहे । लेकिन यह जिन्दगी तगी, तकलीफ और भूक प्यास की न थी । फरागतो इतमिनान और आरामो आसाइश की थी । वैसे भी बाप घरके अमीर थे लेकिन बाप के इन्तिकाल के बाद उन्हें जिस शख्स का सहारा मिला, वह और भी अमीर था । फिर जब यह सहारा भी खत्म हुआ तो वे खुद अपने पैरों पर खड़े हो चुके थे । अमीरो और बादशाहों की मुलाज़िमत के नतीजे में उन पर सोने चान्दी को बारिश होने लगी । वे भी दानधर्म में किसी से पीछे न थे लेकिन उन के निजी सुख और आराम में कोई त्रूटि न आयी । वहीं अमीराना रहन सहन और वही रईसाना ठाठ । शादी भी की बच्चे भी पैदा किये । गरज़ कि बचपन में उनकी जिन्दगी का जो मानक बन गया था मरते दम तक न सिर्फ उसको बनाये रखा बल्कि बनाये रखने की बुद्धिपुरःसर कोशिश भी करते रहे ।

(ए) शेख नें ९३ वर्षो की उम्र पायी थी । अपनी उम्र में उन्होंनें सुलतान नासिर उद्दीन महमूद, ग़ियासुद्दीन बलबन् मुइजुद्दीन कैक़ुबाद, जलालुद्दीन खिलजी, अलाउद्दीन खिलजी कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी, खुसरौ खान, गियासुद्दीन तुग़लक का जमाना देखा । उनकी अध्यात्मिक विजयो की शोहरत जब गली कूचो से निकलकर दरबारों में गूजने लगी तो उन में से बहुतेरे सुलतानो की नजरे भी कभी अच्छी कभी बुरी इधर को उठने लगीं । फलतः सबसे पहले जलालु-

खुसरौ का पूरा खानदान शेख निजामउद्दीन का इरादतमन्द था। फलतः खुसरौ भी बाल्यावस्था ही में उनके भक्त हो गये। खुसरो को अपने गुरु और मुरशिद के साथ बेपनाह लगाव था। लेकिन उन्होंने दरबार से अपना नाता नहीं तोडा। जिन्दगी भर वे सुलतानों और अमीरों की सेवा में रहे। उनकी शान में क़सीदे लिखे, मसनवियाँ मुरतब की और अपने मधुर कण्ठ और गायन से उनको सन्तुष्ट करते रहे।

खुसरौ का जीवन शेख के जीवन से बन्धा हुआ था। जब शेख का इन्तिकाल हुआ तो वे भी ज्यादा दिन जी न सके। ठीक छः माह बाद १८ शव्वाल सन् ७२५ हि १३२४ ई. को उन का भी इन्तिकाल हुआ और अपने पीर और मुरशिद के पास उन्हे हमेशा के लिये जगह मिल गई।

ऊपर हमने सुलतान उलअवलिया शेख निजामुद्दीन और सुलतान उस शोरा अमीर खुसरो के जो जिन्दगी के हालात दिये हैं वे बहुत संक्षिप्त हैं। उनसे सिवाए इस के और कुछ मालूम नहीं होता कि दोनों बुजुर्गोंका ज़माना एक था, दोनो एक दूसरे से आत्मिक संबन्ध से बन्धे हुये थे और दोनों की आखिरी आराम गाह एक ही है।

लेकिन जब हम इन दोनो को ज़िन्दगियों और दिनरात की व्यस्तता का स्वरूप ज़रा तफसील से पढ़ते हैं तो मालूम होता है कि न सिर्फ दोनो की जिन्दगियो में जमीन आसमान का फर्क था बल्कि दोनों के स्वभाव भी एक दूसरे से अतीव भिन्न थे। चन्द विशेष प्रसंगों की तुलना देखिए।

(अ) शेख के पूर्वजो की प्रवृत्ति हमेशा इल्म–ए–दीन और सूफिमत तथा प्रेममार्ग की ओर थी फलत. उनके दादा ख्वाज़ा अली और नाना ख्वाज़ा अरब दोनो बहुत सात्विक और निग्रही थे। खुद उन के पिता ख्वाजा अहमद एक बड़े साधुपुरुष थे और भौतिक ऐश्वर्य की प्राप्ति के पीछे कभी नहीं पडे। विरक्ति और सर्वसंग परित्याग को दशा मे इन्तिक़ाल किया। उनकी माँ बीबी जुलैखा का भी यहीं हाल था। वह बहुत वैराग्य शील बीबी थी। पति के निधन के पश्चात् निराश्रित होने के बावजूद कभी दूसरों के सामने हाथ नही पसारा। तंगी तकलीफ मे दिन काटे और बेटे को हर तरह की तालीम दी।

खुसरो के पूर्वजों का हाल इस से भिन्न था। वे आलिमो और सूफियो के अकीदतमन्द जरूर थे लेकिन दीनी या रूहानी खिदमत को उन्होने अपना मक्सद नहीं बनाया बल्कि हिन्दुस्तान में क़दम रखते ही शाही मुलाज़िमत में दाखिल हो गये। उस कारण उनके पिता को बारह हजार तनका सालाना वज़ीफा मिलता था। एक बड़ी जागीर भी पाई थी, बीसियो नौकर चाकर थे, बड़े आराम से गुज़रती थी। उन की माँ भी बड़े घर की बेटी थीं। ज़िन्दगी में कभी गरीबीका नाम न सुना। बेटे की तालीम और तरबियत मे वह सारा प्रबन्ध किया जो आम अमीर घरानो मे किया जाता है।

(आ) शेख का बचपन अतीव दरिद्रता और निष्काचनता में गुज़रा। बापके मर जाने के बाद उन के उदरभरण की कोई व्यवस्था नहीं थी। कई कई दिन उनके फाक़े रहते। शेख फरीद के भक्त बननने पर भी उनका अनशन कभी कम न हुआ। फिर जब उनके खलीफा बनकर देहली आये तो यहाँ भी उनके बीस साल तंगी तकलीफ़ मे गुजरे। सिर छुपाने की जगह नहीं थी। आज

और ग़ोर से जो भी पीडित हिन्दुस्तान आता वह यहाँ के प्रशान्त विद्या और धर्म के वायुमण्डल में आश्रय लेता था। बहुत से शेख और सूफी भी यहाँ प्रवचन और अध्यापन में व्यस्त रहते थे। इस लिए इन लोगों ने भी लाहोर को खैरबाद कहकर बदायून में शरण ली और विद्या और धर्म की सेवा मे लग गये।

शेख निज़ामउद्दीन सन् ६३६ हि. १२३८ ई में बदायून ही में पैदा हुये। उनके पिता ख्वाजा अहमद का बचपन में ही देहान्त हो गया। उनकी माँ जुलैखा ने उन्हे पालना पोसना शुरू किया और उनकी तालीम और तरबियत की सहूलतें पैदा की। शेख ने पहले बदायून में और फिर दिल्ली में उस समय के पडितो से कुरआन हदीस, फिकाह और अन्य बौद्धिक और परंपरागत विषयो का पाठ लिया और उन में पूर्णता प्राप्त की। लेकिन चूकि सूफिमत का प्रेम उन्हे विरासत मे मिला था और खानदान के बहुतेरे लोग दरवेश थे इसलिये उनका रुजहात भी शरीअत के साथ साथ तरीकत की तरफ भी दिन ब दिन बढने लगा।

उन दिनो शेख फरीद उद्दीन मसऊद गंज शकर वली के नाते हर तरफ मशहूर हो गये थे। शेख को भी मन ही मन बेमालूम तरीके से उनके बारे में अक़ीदत सी पैदा हो गयी थी। वे मौक़े की तलाश में थे कि अजोधन जाकर शेख फरीद से अनुग्रह प्राप्त करे। फलत: बहुत जल्द ऐसा अवसर उनको मिला और वे बिना पाथेय के ही अजोधन की तरफ चल पड़े। शेख फरीद भी उनके आगमन से बहुत प्रसन्न हुए। उन्हें छ माह तक अपने पास रखा और प्रेम मार्ग की शिक्षा दी और फिर सन ६५६ हि. १२५८ ई मे उन्हें अपना खलीफा बनाकर देहली भेज दिया।

शेख ने देहली से लगकर जो गियासपूर नामी छोटासा गाँव है उसको अपना पीठ बनाया और न सिर्फ देहली बल्कि हिन्दुस्तान के कोने कोने को प्रत्यक्ष या अपरोक्ष रूप से अपनी आत्मिक बरकतो से नवाज़ना शुरू कर दिया। इस तरह वे ज़िन्दगीभर उपदेश और मार्गदर्शन के इन ही कामो मे लगे रहे यहाँ तक की १८ रबी उस्सानी सन् ७२५ १३२४ ई. हिजरी को अपनी जान सृष्टि कर्ता के हवाले कर दी।

"सुलतान उस् शोरा" अमीर खुसरौ का लकब है। विभिन्न चरित्रो और कविचरित्रो में उनके जीवन का वर्णन मिलता है वह करीब इस तरह है

खुसरौ के पूर्वज बल्ख के रहने वाले थे। हिन्दुस्तान को शोहरत और नेकनामी ने उनको भी अपनी तरफ़ खीचा और वे सुलतान इलततमिश के काल में बल्ख से हिन्दुस्तान आये और दिल्ली में रहने लगे। पेशे से सिपाही थे। फलत: खुसरौ के पिता सैफुद्दीन महमूद को सुलतान ने फ़ौजी नौकरी में रख लिया, पतियाली में जागीर दी और एक अच्छी खासी वार्षिकी भी निर्धारित की और एक वरिष्ठ दरबारी ईमाद उलमुल्क की लड़की से उन की शादी भी हो गई।

खुसरौ पतियाली ही में सन् ६५१ १२५३ ई. ही में पैदा हुये। अभी वे छोटे ही थे कि उनके पिता एक लड़ाई में काम आये। पिता की मृत्यू के बाद खुसरौ के लालन पालन का भार उनके नाना ईमादउलमुल्क ने ले लिया। वे बहुत नाज और लाड़ में पले और उस समय के श्रेष्ठ विद्वानों से कुरआन, हदीस, फिकाह ज्योतिष, सृष्टिविज्ञान भाषाशास्त्र और साहित्य की शिक्षा पायी।

नासिरूद्दीन का उत्तराधिकारी ग़ियासउद्दीन बलबन यद्यपि अपनी आदतो और नीति-नियमों के एतिबार से अच्छे और बुरे का संगम था लेकिन उलमा और मशायख़ का क़द्रदान था। वह बुज़ुर्गों की ख़िदमत में हाज़िरी देता, गरीबो और यतीमों के वज़ीफे मुकर्रर करता और ख़ुदा और रसूल के अहकाम सुनकर ज़ार ज़ार रोता था।

जलालउद्दीन ख़िलजी की धर्मपरायणता और धर्मनिष्ठा अपन पूर्वजो से कुछ कम न थी। वह बहुत सदाचारी, निग्रही और शान्तिप्रिय था। उसकी ईश्वरनिष्ठा और किंकरता मशहूर थी, यहाँ तक की जब वह क़त्ल हुआ तो वह रोज़े से था और मुह से कलमाए-शहादत जारी था।

अलाउद्दीन ख़िलजी यद्यपि तानाशाह और अनियन्त्रित था और शुरू शुरू में उसने एक नये मज़हब की बुनियाद भी डालने की कोशिश की लेकिन बहुत जल्द वह इससे परावृत्त हुआ। वह हमेशा उलमा की सलाह के मुताबिक धर्मकार्य चलाता था और सूफियो की क़द्र करता था। उस ने मद्यपान को अपराध घोषित किया, रिशवत ख़ोरी का उन्मूलन किया और कतिपय मसजिदें, ख़ानक़ाहें, हौज़ और मीनार तामीर कराए।

ग़ियासुद्दीन तुगलक भी उलमा और मशायख़ का बड़ा क़द्रदान और सूफियों का परमभक्त था। राजनीतिक विषयों के अलावा निजी बातो मे भी वह शरईयत इस्लाम का बड़ा ख़याल रखता था। कई इतिहासकारो की राय में मुसलमानो की, आम दीनी और दुनियवी बहबूदी के लिहाज़ से देहली के तख़्तपर उससे बहतर कोई सुलतान नही बैठा।

इस आम दीनी फिज़ा और सुलतानो की मजहब पसन्दीका नतीजा यह हुआ कि राजनीतिक उथलपुथल और आतक के बावजूद धर्म प्रियता हर छोटे बड़े के दिल में मौजूद थी। कोई शख़्स धार्मिक नियमो का बहिरग उल्लघन नही कर सकता था। मसजिदे आबाद थी। ख़ानकाहो में ख़ुदा का ज़िक्र होता था और पंडितों और साधुसतो को इज़्ज़त की नज़र से देखा जाता था। दीन और राजनीति में एक नामालूम एकात्मता पायी जाती थी।

यह पस मंजर था और ये हालात थे कि जिन में इस्लामी हिन्द की दो अज़ीम हस्तियों ने जन्म लिया। सुलतान उल अवलिया शेख़ निज़ामुद्दीन और सुलतान उस्शोरा अमीर ख़ुसरो। ये दोनों भी नस्ली तौर पर तुर्क ही थे। इन दोनों व्यक्तित्वो का तुलनात्मक अध्ययन मानसिक दृष्टया हमारी बुद्धि को, बारीक जटिल एव अविश्वसनीय परिणामो से परिचित कराता है। ये परिणाम बहुत विचित्र और विस्मयकारक हैं।

"सुलतान उलअवलिया" शेख़ निज़ामुद्दीन का एक लक्ब है। विभिन्न इतिहासों और जीवन चरित्रों में उनके जीवन के बारे में जो मालूमात पाये जाते है वे सक्षेप में इस तरह है।

"शेख़ के पूर्वज बुख़ारा के रहनेवाले थे। कुछ प्रतिकूल परिस्थिति के कारण उनके दादा ख्वाजा अली और उनके नाना ख्वाजा अरब को अपना वतन छोड़ना पडा। पहले वे पंजाब आये और लाहोर में क़याम किया लेकिन वे वहाँ ज्यादा दिन न रह सके। उस वक़्त तक बदायून ने हिन्दुस्तान में इस्लामी संस्कृति के प्रथम केन्द्र की हैसियत से काफी महत्व प्राप्त कर लिया था। यहाँ बेशुमार शहीदों के मजार थे बग़दाद, बुख़ारा, यमन, नख़शब, महमरा, ग़ज़नी,

सुलतान अलप अर्सलान के बारे में मशहूर है कि जब वह अपनी मुठ्ठी भर फौज लेकर रूम के बादशाह की दो लाख फौज के मुकाबिले के लिये निकला तो सबसे पहले उसने शाही लश्कर के इमाम और फ़कीह अबू बस्त्र मुहम्मद बिन अब्दुल मलिक अलबुख़ारी से परामर्श किया जब उन्होंने जवाब दिया कि "आप एक ऐसे दीन की हिमायत में लड़ने जा रहे हैं कि जिस की फ़तह और कामरानी का जिम्मा अल्लाह ने ले लिया है तो उस को बेहद खुशी हुई और नमाज़े जुमा के बाद खुदा का नाम लेकर दुश्मन पर टूट पडा और उसको शिकिस्त दी ।

मलिक शाह राजनीतिक विषयों के अतिरिक्त धार्मिक कामो में भी अपने लायक़ वज़ीर निज़ामउल मुल्क पर भरोसा करता था । निज़ामउल मुल्क ने जब धर्मशास्त्र की यथार्थ शिक्षा के लिए मद्रसा निज़ामिया के नाम से अपने प्रकार की पहली पाठशाला स्थापित की तो उसको मलिकशाह की अनुमति और आश्रय भी प्राप्त था । इस मद्रसे में इब्न जौज़ी गजाली जैसे बडे विद्वान अध्यापन के लिए नियुक्त थे ।

सुलेतान संजर स्वय ही धर्म पडित था । वह दीन की अपनी फितरी और असली रूह को बाक़ी रखना चाहता था और फलसफे के प्रसार का कडा विरोध करता था । इसलिए अपने राज्य काल में फलसफे के उन क्षतिकारक प्रभाव को रोकने की उसने बेहद कोशिश की जो कई अब्बासी खलीफा ओ के आश्रय मे बडी तेज़ी से फैल रहे थे और धर्म के असली स्वरूप को नष्ट कर रहे थे ।

सलाहुद्दीन अय्युबी मे भी बे पनाह दीनी बसीरत थी । वह न सिर्फ स्वय ही दीनी मआमलात में आगे आगे रहता था, बल्कि आलिमों और फाजिलो का कद्रदान भी था । उसके वज़ीरो में काज़ी इमाद उद्दीन जैसे बुलन्द पाया आलिम भी शामिल थे । यही हाल उन सारे तुर्क सुलतानो का था जो ईरान, रूम, शाम, यूनान और दुनिया के दूसरे गोशों में अधिकार पद पर थे । उनकी सारी विजयो के पीछे जो आत्मा काम करती थी वह अपनी तलवार के जौहर दिखाने से ज्यादा मुसलमानो की दीनी और सियासी साख को बाक़ी रखना नही था और इस सिलसिले में हिन्दुस्तान के तुर्क सुलतान भी किसी से पीछे न थे ।

इलततमिश के मुताल्लिक मशहूर है कि जब ख्वाजा कुतबुद्दीन बख़्तयार काकी का इन्तिक़ाल हुआ तो उन्हो ने वसीयत की कि "मेरे जनाज़े की नमाज़ सिर्फ वह शख़्स पढ़ाए जिस ने कभी ज़ना (व्यभिचार) न किया हो और अस्त्र की सुन्नत और तकबीर अव्वल त्याग न दी हो" । जब इस का ऐलान हुआ तो समूह में से कोई व्यक्ति इमामत के लिए आगे न बढा" आखिर सुलतान खुद यह कह कर आगे बढा "मैं अपनी नमाज़ो की प्रकटता और प्रदर्शन पसन्द नहीं करता लेकिन हज़रते ख्वाजा की वसीयत को कार्यान्वित करना भी ज़रूरी है" । फिर उसने नमाज पढाई और जनाज़े को कान्धा देकर कबरिस्तान ले गया ।

इलततमिश के छोटे बेटे नासिरूद्दीन महमूद का भी यही हाल था । वह संयम इन्द्रियनिग्रह में अपने बाप से कम न था । उसने अपने निजी खर्च का बोझ कभी शाही ख़ज़ान पर न डाला । हर साल दो कुरआने मजीद अपने हाथ से लिखता और उन ही की आमदनी से अपना खर्च पूरा करता था ।

रूमी सलजूक़ भी अपने समय के बहुत प्रसिद्ध प्रशासक थे। इस सिलसिले में मसऊदबिन खलीज अर्सलान विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं कि जिस ने कोनिया को राजधानी बनाकर एक मजबूत सलतनत की बुनियाद डाली और चारो तरफ दिग्विजय का जाल फैला दिया। उस के और दो जानशीन इज़्ज़ुद्दीन कैकावूस और अलाउद्दीन कैक़ोबाद मसऊद से दो क़दम आगे थे। उनका शासन काल रूमी सलजूकियो के इतिहास मे अद्वितीय है।

इसी तरह मुस्सल और शाम (सिरिया) के अताबक घराने का सस्थापक ईमादउददीन ज़गी जो अस्त में मलिक शाह के एक तुर्की गुलाम का बेटा था और फिर ईमाद उद्दीन का बेटा नूरउद्दीन ज़गी, और उसका सुप्रसिद्ध सेनापति सलाहुद्दीन अय्यूबी जो कुर्द होने के बावजूद तुर्कों के आधिपत्य में रहा, ये सब वे लोग थे कि सलीबी ज़ंगो के सिलसिल में जिनके कारनाम्मे इस्लामी तारीख का एक अविस्मरणीय भाग बन चुके हैं।

उस्मानी सलतनत जिस की आखिरी यादगार मौजूदा तुर्क़ी हुकूमत है, इस तुर्की उत्कर्ष की एक और रौशन मिसाल हैं जो उस्मान खाँ अव्वल से लेकर अब्दुलमजीद सानी तक पूरे साढे छ सौ साल तक कायम रही। उस की विजयो का सिलसिला इस तरह आलमगीर था कि तीन सो बरस के काल में यह सलतनत विशालता और ताकत मे दुनिया की सबसे बड़ी शानदार सलतनत बन गयी। सलीम अव्वल और उस का उत्तराधिकारी सुलेमान आज़म वे शासक थे जिनकी हुकमत एशिया, योरप और आफ्रीका से विशाल भागो मे क़ायम थी और जिन की हैबत से सारा योरप काँपता था।

हिन्दुस्तान के तुर्क सुलतानो का राज्यकाल भी कुछ कम शानदार न था। महमूद गजनवी और शिहाबुद्दीन गोरी तो तूफ़ानी हवाओं की तरह यहाँ आये और तबाही मचाकर निकल गये। लेकिन उनके उतराधिकारियो ने इस को अपना वतन बनाया और पूरे ढाई सौ साल तक यहाँ हुकूमत करते रहे। ऐबक, एलततमिश, बलबन, अलाउद्दीन खिलज़ी, मुहम्मद बिन तुगलक गरज हर आनेवाले सुलतान का राज्य काल जानेलाले सुलतान के राज्य काल से ज़्यादा शानदार रहा, यहाँतक कि सारा हिन्दुस्तान शुमाल से जूनूबतक, मशरिक से मगरिब तक अॅन्दरूनी तौर पर एक था और बेरूनी तौत पर दुश्मनो के हमलो से अरक्षित और लुटे हुये काफिलो का आश्रय स्थान बन चुका था।

इस्लाम से पहले तुर्कों का कोई खास धर्म नहीं था। कोई मूर्तिपूजक था तो कोई बौद्ध था। लेकिन उनका जीवन मरूस्थल वासियो का सा होने से इन धर्मों का प्रभाव कई बाह्य आचारो के पालन से अधिक कुछ न था। उन के दिल अब भी एक कोरे कागज़ की तरह थे जिन पर कोई स्थायी चित्र अभी तक बन न पाया था। पाँचवी सदी हिजरी के बाद जब उन्हे शहरी जिन्दगी नसीब हुई और इस्लाम के नाम से एक संघटित राजनीति की ताक़त और एक स्वयं-पूर्ण जीवनपद्धति उनके सामने आई तो उन की उस में अपने एक उज्वल भविष्य की सम्भावना नज़र आई इसलिये उन्होंने पूरी ईमानदारी से और किसी वैचारिक संदेह के बिना उसको अपना लिया और अपनी अपनी समझ के अनुसार मनःपूर्वगक उसकी सेवा में लग गये। धार्मिक ज्ञान निश्चय ही उनके पास कम था लेकिन इस कमी को वे उलमा और विद्वानो की मदद से दूर कर लेते थे। वे पंडितों और धर्मशास्त्र की बहुत इज्ज़त करते थे।

शेख और खुसरौ : एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. हामिदुल्ला नदवी

अरबों के बाद जिस कौम ने दुनिया मे मुसलमानो की सियासी साख को बरकरार रखने में बढचढकर हिस्सा लिया उन मे तुर्क प्रथम स्थान पर है । यद्यपि अरबो और तुर्क के सम्बन्ध उसी समय से शुरू हो गये थे जब पहली सदी हिजरी में वलीद प्रथम के हुक्म से कुतबा बिन मुसलिमने समरकन्द, बुखारा, ख्वारज्म, फरगाना, ताश्कन्द और काशगर जैसे तुर्की इलाके फतह कर के उन्हे इस्लामी साम्राज्य का हिस्सा बना दिया था, लेकिन उन में इस्लाम का प्रसार तुरन्त न हो मका । वह उसके बाद भी दो तीन सौ साल तक अपने पूर्वजो के धर्मों पर कायम रहे और उन्होंने अपने प्राचीन सास्कृतिक तौर तरीको को नहीं छोडा ।

जब अब्बासी खलीफा मन्सूरने अपने काल में ईरानियो का प्रभाव कम करने के लिये तुर्कोको ज्यादह से ज्यादह फौज मे भर्ती करना शुरू किया और वे नौकरी की तलाश में अपने प्रदेशो से निकल कर दार--उल--खिलाफत याने खलीफाओ की राजधानी बगदाद की ओर चल पड़े तो उनमें धीरे धीरे इस्लाम लोकप्रिय होने लगा यहाँ तक की चौथी सदी हिजरी के खत्म होते होते उनके हजारो जिर्गे और लाखो घराने मुसलमान हो गये और मुस्लिम राजनीति में उनका अभाव और वर्चस्व भी तेजी से बढ़ने लगा ।

कुदरत ने व्यक्तियो की तरह राष्ट्रो की ज़िन्दगी और उनके उत्कर्ष अपकर्ष के भी कुछ नियम और कुछ सीमाएँ निर्धारित की है । जब कोई कौम इन नियमो से मुंह फेर लेती है, उन हदो से आगे बढ़ जाती है तो उसका शीराजा बिखरने लगता है और अधिकार उसके हाथ से निकलकर दूसरो के हाथों में पहुँच जाता है । प्रकृति के इस सिद्धांत के अधीन अब्बासी हुकूमत का पतन उसके हर हिस्से में दिखाई देने लगा तो फिर उस के नतीज़े में कतिपय छोटीबड़ी आजाद और खुदमुख्तार हुकूमतें जन्म लेने लगी-- जिन में तुर्क हुकूमतें भी शामिल हैं । इन तुर्क सलतनतो में, ग़जनवी, सलजूक, रूमी सलजक, उस्मानी सलजूक और दिल्ली के सुलतानो ने आगे चलकर मुस्लिम परंपरा को जीवित रखने में पर्याप्त भाग लिया ।

इस्लामी तारीख में प्रथम साल के सल्जूकी शासक तुग़रल, अलपअर्सलान और मलिक शाह का काल बड़ा महत्वपूर्ण है । तुग़रल को खुद खलिफा--ए--बगदाद ने मलिक मशरिक ओ मग़रिब का खिताब देकर सुलतान के ओहदे से अलंकृत किया था । अलप अर्सलान ने रोमन एम्पायर का तख्ता उलटकर पूरे एशिया माइनर पर अपना झण्डा लहराया था । मलिक शाह के काल में यही हुकूमत कारागर से यरूशलम तक और कानस्टैन्टिनोपल से कैस्पियन समुद्र तक फैल गयी थी ।

खुसरौ समझते हैं कि उनका काल प्रेमराग आलापने का काल नही हैं ।

खुसरौ बुग्जार अज अन्दीशः–ए खुबान कि–मरूज
मौसिम–ए फितनः–ओ अय्याम–ए बला मी गुजरद

(ऐ खुसरौ सुन्दरियो का ध्यान छोड़ दे कि आज कल फितने की ऋतु है और कष्ट के दिन गुजर रहे है ।)

एक शेर में वे बताते है कि क्यों ऐसे काल में वे चुम्बन और आलिंगन की बात करते है ।

अगर इन; सूख्ते गूयंद सुखने बूस–ओ कनारी
म कुनश अैब कि हस्त इन हज़यान गुफ़तनश अज़ तब

(यदि प्रेम की अग्नि में भुलसा हुआ (अर्थात स्वय कवि) चुम्बन एवं आलिंगन की बात कर रहा है तो इसकी निंदा न करो क्योंकि वह ज्वर मे बडबड़ा रहा है ।)

वे इस दुनिया में या तो कलदर बन कर जीना चाहते है या फिर ऐसा काम करके चले जाना चाहते हैं कि उनका नाम बाक़ी रहे ।

गरज, दुनिया से निर्वाह करते हुए भी खुसरौ का दिल एक सूफी सत का दिल था जो धर्म के आडबर से विरक्त होता है ।

काफ़िर–ए इश्क़म मुसलमानी मरा दर कार नीस्त
हर रग–ए मन तार गश्ते हाजत–अे जुन्नार नीस्त

(मैं प्रेम मे काफिर (अधर्मी) बना हूं मुझे मुसलमानी नही चाहिए । मेरी नस नस तार (तागा) बन चुकी है मुझे जनेऊ की भी जरूरत नही ।)

वे खुद को भगवान में विलीन पाते हैं और स्वय भगवान बन जाते है ।

हस्ती–ए मन रफ़्त–ओ खयालश न मान्द–इन कितू बीनी न मनम बल्कि अूस्त

(मेरा अस्तित्व मिट गया और उसका ध्यान भी लुप्त हो गया । तू जो कुछ देख रहा है वह 'मै' नही हूं बल्कि वह (भगवान) है ।)

और कभी निराकार अतरिक्ष में पहुचकर वे स्वयं कोखु दा और उसके पैगम्बर के निकटतम पाते हैं ।

खुदा खुद मीर–अे मजलिस बूद अन्दर लामकान खुसरौ
मुहम्मद शम्ए महफिल बूद शब जाई कि मन बूदम

(खुसरौ रात में मै शून्य स्थान में वहा था जहा खुदा सभापति था और मुहम्मद आध्यात्मिक सभा की शोभा बढ़ाने वाले दीप समान थे ।)

एक गज़ल में खुसरौ ने जलालुद्दीन फ़ीरोज शाह का उल्लेख करने के बाद उसके राज्य में पाई जानेवाली शांति की सराहना की है। कसीदे में किसी बादशाह की प्रशंसा करना और बात है लेकिन गज़ल मे उसका गुणगान करना यह बताता है कि शायर सच्चे दिलसे उसकी प्रशंसा कर रहा है। फ़रमाते हैः–

हीच दुश्वारीं–ई दर नौबत–अे ऊ नीस्त अजान्क
फ़ितन बर बिस्तर–अे ख्वाब आमद–ओ आसानी कर्द

(उसके काल में कोई कठिनाई नही है क्योकि उपद्रव बिस्तर पर सो रहा है जिस के कारण आसानी ही आसानी पैदा हो गई है।)

तू परी रूई–ओ दीवानः मकुन खुसरौ रा
एहद–अे शह रा चु फ़लक ऐहद–अे सुलैमानी कर्द

(तेरा मुख परी समान है। खुसरौ को दीवाना न बना कहा जाता है कि परी का साया पड़ने से आदमी पागल हो जाता है क्योकि विधि ने बादशाह के राज्य को हज़रते सुलैमान का राज बनाया है (हज़रते सुलैमान जिन और परियो को अपने आदेशाधीन रखते थे।)

इतिहास के पृष्ठ भी गवाह है कि खुसरौ ने जिन बादशाहो की प्रशंसा की है उनमे जलालुद्दीन का दम गनीमत था। जियाउद्दीन बरनी ने तारीखे फीरोज शाही में फ़ीरोज शाह की नम्रता धर्म निष्ठा और उदारता के बारे में अनेक घटनाएँ सविस्तर लिखी है और यह भी लिखा है कि जब बादशाह बनने से पूर्व उसे 'आरिज़े मुमालिक' का पद मिला तो उसने अमीर खुसरौ को बारह सौ टन्के अर्पित किए थे और बादशाह बनने के बाद अमीर को न केवल अपना विशेष मुसाहिब बनाया बल्कि कुरानादि की देखभाल का पद अर्थात मुसहफ दारी और अमारत ('अमीर' की पदवी) से सम्मानित किया।

खुसरौ की गजलो मे इस दुनिया के नाशवान होने और यहां के लोगो की बेवफ़ाई का भी उल्लेख मिलता है। गजल में दुनिया के क्षणभगुर होने के बारे में उद्गार प्रकट करने का चलन आम है लेकिन जब खुसरौ यही विचार प्रकट करते है तो यह सुनी सुनाई बात न होकर उनके अतःकरण से निकली हुई वाणी और उनका व्यक्तिगत अनुभव जान पड़ता है।

मुबस्सिरान कि मिजाज–ए जहान शनाख्ते अन्द दुरूज बर्गे अकामत दरान न साख्ते अन्द

(वे दूरदर्शी जो दुनिया का स्वभाव जानते हैं यहाँ दो दिन रहने का सामान इकठ्ठा नही करते।) धन दौलत और बाल बच्चो के मोह में फसे हुए लोग खुसरौ की दृष्टि में स्वयं बच्चे है।

जवान-ओ पीर कि दर बद-ए माल-ओ फर्ज़न्दन्द–

न आकिलन्द कि तिफ़लान–ए नाखिरदमन्दन्द

(वे जवान और बूढ़े जो धन दौलत और औलाद के फदे में फंसे हुए है बुध्दिवान न होकर ना समझ बच्चे हैं।)

रीज़ी तु ख़ून बर आस्तान शूयम मन अज अश्क-ए रवान
आकलूदा दीदन चुन तवान आन आस्तान–ए पाक रा

(तू अपने घरके चौखट पर रक्तपात करता है और मैं इसको अपने अश्रुओ से धोता हूँ क्योंकि इस पवित्र चौखट को गंदा किस तरह देखा जा सकता है?).

शब ज़ि मस्ती चश्म–ए तू शमशीरे मिजगान बर कशीद
ख्वास्त बर ख़ुसरौ ज़नद कश दरमियान बिगरफ़्त ख्वाब

(रात तेरी आँखो ने मस्ती में पलको की तलवार खीच ली और चाहा कि ख़ुसरौ पर आक्रमण करे बीच में उन्हें नीद ने आ घेरा।) यह शेर उस घटनाका स्मरण कराता है जब कुतबुद्दीन मुबारक शाह ने सुलतानुल मशायख को अपने दरबार मे उपस्थित होने का आदेश दिया था और न आने की अवस्था में कत्ल की धमकी दी थी लेकिन वह अपने इस घृणा पूर्ण इरादे में सफल नही हो सका क्योंकि वह इस तारीख से पहले ही मारा जा चुका था।

कसी न मान्द कि दीगर बि तीग–ए नाज कुशी
मगर कि जिन्द कुनी ख़ल्करा ओ बाज़ कुशी

(इस दुनिया में ऐसा कोई जिसे जीवित नही बचा कि तू उसे अपने हाव भाव की तलवार से मार डाले। केवल एक सूरत है कि तू मृत लोगोंको पुनर्जीवित करे और फिर मार डाले।) शाही अत्याचार पर इससे बड़ा व्यग और क्या हो सकता है कि उसके कारण देश में एक भी व्यक्ति जीवित नही बचा और बादशाह अपने रक्तपात की रुचि की तृप्ति इसी समय कर सकता है जब वह मुर्दों को जिंदा करे और फिर मार डाले।

तुरा मुल्कीस्त ऐ सुलतान–ए दिलहा–कि जूज दिल हाओ वीरान नीस्त ऊरा

(ऐ दिलों के सुलतान तेरा देश वह है जहाँ लुटे हुए दिलो के सिवा और कुछ नही है)

निम्नलिखित शेरमें वे सुलतान के विस्तृत अधिकारों पर कैसा भरपूर व्यग करते है

तू मी कुन हरच ख्वाही मन न यारम दम ज़दन ज़ीरा
कि गर चः ख़ून कुनद सुलतान न यारन्द अज़ पए ख़ून रा

(तू जो चाहे सो कर मुझे दम मारने का साहस नहीं क्योंकि यदि बादशाह ख़ून भी करे तो उससे कोई पूछताछ नहीं करता।)

इस शेर में तो ख़ुसरौ स्पष्ट शब्दोंमें सुलतान को उपदेश देते है –

सुलतान बिख्वाब–ए नाज चः आगह ज़ि ख़ल्क़ चून
दर गूश–ए ऊ फ़ुग़ान–ए गदाई न मी रसद

(नींद में मधमाते बादशाह को प्रजा की क्या ख़बर होगी जब उसके कानों में किसी फ़क़ीर की आह नहीं पहुँचती।)

हमने खुसरौ की अपने गुरु के प्रति उनकी अपार श्रद्धा और जिन बादशाहों की उन्हों ने प्रशंसा की है उनकी दुनियादारी का सविस्तार उल्लेख इस लिए किया है ताकि यह मालूम हो कि खुसरौ की ग़ज़लों में प्रेमिका के रक्तपात और क्रूरता का जो उल्लेख मिलता है और उनकी शायरी में दबे दबे दर्द की जो अन्दर ही अन्दर बहती हुई लहरें मिलती हैं उसका रहस्य क्या है। इस का कारण यह है कि उन्हो ने एक ऐसे बाल से ज्यादह सूक्ष्म और तलवारसे ज्यादह तीक्ष्ण रास्ते पर सफर किया था जहाँ एक ओर दुनियादारी से संबंध बना रखना था तो दूसरी ओर आध्यात्मिक रूचि की तृप्ति भी करनी थी। खुसरौ के अनेक पद पढनेसे पता चलता है कि उनकी पारम्परिक प्रेमिका के रक्तपात और क्रूरता की तह में समकालीन शाहों की क्रूरता और अत्याचारो का एहसास छुपा है। उदाहरणार्थ ये शेर देखे जाएँ।

तु शब दर ख्वाबे- मस्ती-ओ मरा तारूज़ बीदारी
मखुस्प ऐमन कि मन जिन दीद-अे बीदार मी तरसम

(तू रातभर नीद में मधमाता होता है और मै सवेरे तक जागता रहता हूँ। इस तरह चैन से न सो कि मै अपनी जागृत आँखो-से डरता हूँ कि इसका सब्र तुझ पर न टूटे।)

अपने डरने का उल्लेख करके प्रेमिका को डराने का अच्छा अन्दाज निकाला है।

संभवतः यहाँ 'तू' का अभिप्राय बादशाह है।

अज़ान गही कि तु सुलतान बि मुल्क-अे दिल बिनिशिस्ती
नशात-ओ ख्वाब बि शबहा हराम गश्त गदा रा

(जबसे तू सुलतान की हैसियत से दिल के मुल्क पर कब्जा किए हुए है फकीरों के आराम और नीद दोनो हराम हो गए है।)

रोज़ी अन्दर कू-अे खुद बीनी क़यामत ख़ास्ते
ज़ानकि आह-अे दर्द मन्दान कम जि नफ्ख़-अे सूर नीस्त

(तेरी गली में प्रलय शीघ्र ही आने वाला है क्योकि दर्दमन्दों की आह इसराफ़ील फ़रिश्ते के भोपू से कम नही जिसके नादसे प्रलय आता है)

गुल चुनान बी आब शुद दर अहद-अे रुखसारत कि गर
खिर्मनी अज़ गुल बिसूज़ी कतरःअी नदहद गुलाब

(तेरे कपोल के राज में फूल इतना सूख गया है कि अगर फूलो के ढेर को तपाया जाए तो इससे अरके गुलाब की एक बूद भी नही टपकेगी।)

सरहाए सरदारान-अे दीन, बस्ती चु बर फ़तराक-अे ज़ीन
ज़ीन सान मयफ़गन बर ज़मीन दुम्बाल. अे फ़तराक रा

(तुने अपने शिकार बंद में धर्माचार्य के (कटे हुए) सिर रख कर जीन पर बाँधे हैं। अपने शिकार बंद का पिछला भाग इस प्रकार धरती पर न फेंक कि जब तू घोड़ा दौड़ाए तो ये सिर धरती पर घसिटने लगें।)

शाह अंधा हो चुका था और उसे दक्षिण के हिन्दू राजाओं से युद्ध करनेके लिए वरंगल तेलंगाना भेजा था। अमीर खुसरो ने इस युद्ध का वर्णन "नुह सिपहर" में दिया है। दुर्भाग्यवश खुसरो को इसी खुसरो खान का मुसाहिब होना पड़ा। ध्यान देने योग्य बात यह है कि 'नुहसिपहर' में खुसरो खान की विजय का वर्णन करने के बाद जब अमीर खुसरो ग़ज़ल छेड़ते हैं तो इस साज से खुशी की बजाय दर्द भरे नगमें निकलते है और इस ग़ज़ल में आनन्द की जगह दुःख का भास होता है कहते हैं :–

शब्र ज़ि सूज़ी कि दर-अीन जान-ए हज़ीन मीगुज़रद
शोल-ए आह-ए मन-अज़ चरखे बरीन मीगुज़रद

(रात इस व्यथा के कारण जो मेरे प्राणों में है एक ऐसा शोला उठता है जो आकाश में जा पहुँचता है।)

मनम-ओ गिर्य-ए खून हर शब-ओ कस आगह नीस्त
बा कै गूयम कि मरा हाल चुनीन मीगुज़रद

(मैं हर रात लहू के अश्रु बहाता रहता हूँ और किसी को खबर नहीं। मेरे दिल पर जो बीतती है मैं किसको सुनाऊं?)

ग़ज़ल का यह अनायास स्वर इस बात का द्योतक है कि खुसरो इस विजय से या खुसरो खान की सफलता से खुश नही थे। यह बात भी नही है कि खुसरो खुशी के लहजे में ग़ज़ल नहीं कह सकते थे। उनकी अनेक गज़लें इसी लहजे में मिलती हैं। सुलतान गियासुद्दीन तुग़लक़ ने जो चरित्रवान बादशाह था निज़ामुद्दीन औलिया को दिल्ली छोडने का हुक्म दिया था क्यों कि क़ुतबुद्दीन मुबारक शाह को क़त्ल करने के बाद खुसरो खान ने निज़ामुद्दीन औलिया को दक्षिणा की तौर पर एक बड़ी रक़म दी थी जिसे उन्होने ग़रीबो में बांट दिया था। गियासुद्दीन तुग़लक ने सुलतानुलमशायख से वह रकम लौटाने को कहा। लेकिन रकम थी कहाँ? वह तो शुभ कार्य में खर्च हो चुकी थी। सुलतान ने बंगाल जाते हुए यह आदेश दिया था कि मेरे दिल्ली लौट आनेसे पहले निज़ामुद्दीन औलिया दिल्ली छोड़ कर चले जाएँ। जब गियासुद्दीन तुग़लक दिल्ली लौट रहा था तो निज़ामुद्दीन औलिया से कहा गया कि सुलतान दिल्ली आ रहा है तो आप ने यह मशहूर वाक्य कहा था "हनूज़ दिल्ली दूर अस्त" (अभी दिल्ली दूर है) और गियासुद्दीन तुग़लक को दिल्ली आना नसीब नहीं हुआ। एक ओर गुरु के प्रति अपार श्रद्धा की भावना थी तो दूसरी ओर उन बादशाहों के साथ भी निर्वाह करना था जो गुरु को अपना शत्रु समझते थे। इस से अनुमान लगाया जा सकता है कि खुसरो के दिल पर क्या कुछ न गुज़रती होगी और उनका व्यक्तित्व किस किस तरह लहू लहान न होता होगा। खुसरो की अपने गुरु के प्रति श्रद्धा का यह हाल था कि स्वयं सुलतानुलमशायख फ़रमाया करते थे "इलाही बिसूज़-ए सीनःअे इन तुर्क मरा बिबख्श" (हे भगवान इस तुर्क के सीने में जो प्रेम ज्वाला है उसके सदक़े में मुझे क्षमा कर) और गुरु चेले के इसी परस्परिक प्रेम का यह परिणाम था कि गुरु के देहान्त के कुछ दिनों बाद ही हृदय-विदारित चेला भी परलोक सिधारता है और मृत्यु के बाद उसे अपने गुरु के पहलू में न सही चरणों में स्थान मिलता है।

केलिए और अपनी साहित्यिक शक्तियो को मान्य करवाने के लिए खुसरो ने दरबारदारी का सहारा लिया था। यदि खुसरो दुनियादार होते तो वे भी दरबारी कूट नीतियों एव षड्यंत्रो में तल्लीन होते पर हम देखते है कि जलालुद्दीन फ़ीरोज शाह के हिमायतियों को मार डालने वाला अलाउद्दीन खिलजी और खुसरो खान को कत्ल करने वाला गियासुद्दीन तुगलक दोनो अमीर खसरो से कोई पूछगछ नहीं करते वरन उन्हे इसी तरह अपने दरबार में स्थान देते हैं जैसे उनके भूतपूर्व विरोधको ने दिया था। इस बात से प्रमाणित होता हैं कि खुसरो दरबारी कूट नीतियो और षडयंत्रो के केवल दूर के तमाशाई थे। उन्हों ने मसनवी 'नुहसिपहर' उस वक्त लिखी जब वे साठ वर्ष के ऊपर हो चुके थे जब आदमी में यो भी जगसे निवृत्त होने की भावना उत्पन्न होने लगती हैं। उन्हे इनाम का लालच नि.संदेह नहीं था, बल्कि इनाम को वे केवल अपनी साहित्यिक योग्यता का मानदंड समझते थे।

इसका प्रमाण हमे उनकी इस मसनवी मे मिलता है जब वे खुदा को संबोधित करते हुए कहते हैं –

दरी बाज़ कुन बर मन–अज़ गज–राज़–कि गर्दन ज़ि गज– कसान बी नियाज़

(अपने रहस्य-कोष का दरवाज़ा मुझ पर खोल दे ताकि लोगों के खजाने से मै विरक्त हो जाऊगा।)

बिदर्वीशि-अम हिम्मती दह बलद-कि बर कंगुरे मह रसानम कमन्द

(मुझे साधुत्व में वह उच्च साहस दे कि मै चाँद के बुर्ज पर रस्सी का फंदा डाल सकू।)

नदारम ज़ितू ख्वाहिश-अे माल-ओ गंज-कि शशपजी अस्त-आन बि दहरे सपंज

(मुझे तुझ से माल और खज़ाने की अभिलाषा नही है क्योकि वह क्षणभंगुर जग में घातक जुए से कम नही है।)

चुनान मुफ़्लिसम कुन ज़ि-नक्द-अे हवस-कि बा खुद बरम नक्द अे ईमान-ओ बस

(मुझे अभिलाषा से वंचित करके ऐसा दरिद्र बना दे कि मेरे पास केवल निष्ठा की पूंजी रहे और बस।)

यही नहीं बल्कि इस मसनवी में उन्होनें अपने प्रिय गुरु की प्रशंसा में कविता भी लिखी है। यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि कुतबुद्दीन मुबारक शाह सुलतान मशायख (निज़ामुद्दीन औलिया से ईर्ष्या करता था और एक बार नशे की हालत में उसने यहाँ तक कह दिया था कि जो निज़ामुद्दीन औलिया का सिर काट कर लाएगा मै उसे हज़ार सुवर्ण टन्के इनाम में दूगा। उसने निज़ामुद्दीन औलिया को नीचा दिखाने के लिए मुलतान के शेख सदरुद्दीन नामक गुरु को दिल्ली बुलवाया था और एक दिन उसने यह आदेश दिया था कि निज़ामुद्दीन औलिया अमुक तारीख को दरबार में उपस्थित हों। लेकिन इसे संयोग समझिये या गुरु का चमत्कार कि वह दिन आने से पहले ही खुसरोखान ने कुतबुद्दीन मुबारक शाह को अपमान पूर्व ढंगसे क़त्ल कर दिया यह वही एहसान फ़रामोश खुसरोखान था जिसकी चाह में कुतबुद्दीन मुबारक

दार होने के नाते 'भगवान की छाया' का स्थान रखता था। खलीफ़ा 'अल् मुस्तअसम बिलाह्' के मृत्यु के बाद इस्लामी जगत में 'खलीफ़तुल मुसलमीन' का स्थान रिक्त था यद्यपि अलाउद्दीन खिलजी ने स्वंय को खलीफ़ा कहलवाने का आदेश नहीं दिया था परन्तु उस युगमें उसके बराबर का कोई अन्य बादशाह् न होने के कारण खुसरौ उसे खलीफा कहकर सबोधित करते हैं और कुतुबुद्दीन मुबारक शाह् ने तो खुद ही अपने खलीफा होने की घोषणा कर दी थी। साराश यह् कि खुसरो की दृष्टि से बादशाह् न केवल भगवान की छाया (ज़िल्ले इलाही) बल्कि मुसलमानो का खलीफा (खलीफ़तुल मुसलमीन) कहलवाने का पात्र था। ज़ाहिर है कि खुसरो की यह् हार्दिक इच्छा रही होगी कि खलीफ़ा अच्छे चरित्र का आदर्श हो। इसलिए किसी बादशाह् को चरित्रहीन देखकर उनका मन भी कुढ़ता रहा होगा। और धन दौलत के लालच में और वैभव प्राप्ति के हेतुसे शहजादों, सरदारो और बादशाहो को एक दूसरे का रक्तपात करते देख कर उनके दिल पर न जाने कैसी कैसी कयामते गुज़रती होगी। इस उथल पुथल के युग में उन्हें आध्यात्मिक शाति की खोज थी और यह आध्यात्मिक शाति उन्हें अपने प्रिय गुरु निज़ामुद्दीन औलिया के व्यक्तित्व में मिली। 'तुह्फतुस्सिगर' से लेकर 'बक़ियअे नक़िया' तक उनके हर काव्य सग्रह में निजामुद्दीन औलिया की स्तुति में कविताएं मिलती है जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि उनकी अपने गुरु के प्रति श्रद्धा कितनी दृढ़ थी जो युवावस्था से लेकर उनके अंतिम क्षण तक कायम रही। निज़ामुद्दीन औलिया से संपर्क में आने के बाद ही से युवावस्था ही में उनके मन में विरक्ति की भावना उत्पन्न होने लगी। कहते हैं:–

निय्यत आन दारम कि अज़ीन पस बिराज़ – कज़ दरे शह् नीज़ शक्त बी नियाज़

(उसके पश्चात मैंने छिपकर (मनही मन) यह् निश्चय कर लिया है कि शाही दरबार से विरक्त हो जाऊं।)

पुश्तन ज़ूयम न पनाही ज़ि कस–चून बि खुदावंद कुनम रूय–ओ बस

(जब अपना मुह् अपने खुदावंद की ओर कर लूं तो यही मेरे लिए काफी हो और मै किसी (बादशाह्) का आश्रय न ढूढूं।)

मनकि निहादम ज़ि सुखन गज़े पाक- गंज-अे ज़ा अन्दर नज़रम चीस्त खाक

(मै ने जब शायरी की पवित्र धनराशि जमा कर ली है तो मेरी नजर में सोनेका खज़ाना मिट्टी बराबर है)

परन्तु ऐसा पवित्र निश्चय करने पर भी खुसरौ आ-जीवन किसी न किसी बादशाह् के आश्रित रहे तो उसका मूल कारण यह है कि उनकी साहित्यिक निर्माण शक्तियों को प्रेरणा और अभिव्यक्ति के लिए लौकिक आश्रय की आवश्यकता थी। खुसरो के समकालीन इतिहास लेखक ज़ियाउद्दीन बरनी ने तो यहाँ तक लिखा है कि यदि खुसरो महमूद ग़ज़नवी या सन्जर के काल में होते तो उन्हें केवल हज़ार टन्के न मिलकर इनाम में जागीरें मिलतीं। शाही राज्य में कलाकारों के जौहर उसी समय खुलते हैं जब उनकी सरपरस्ती की जाय। इस प्रेरणा

दूसरे चरण में 'आह' शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है।

खुसरो अक्सर शेरों में Paradox (विरोधाभास) का प्रयोग इस खूबी से करते हैं कि वेदना अपने पूरे अर्थ के साथ उभर आती है।

जान ज़ि तन बुर्दी–ओ दर जानी हनूज़–दर्दहा दादी–ओ दर्मानी हनूज़

(तूने देह से जान निकाल ली फिर भी जान में सुवास कर रहा है। तूने दर्द पर दर्द दिये फिर भी दर्द की दवा तू ही है।)

आशकारा सिन अत बिश काफ़्ती–हम चुनान दर सीन. पिन्हानी हनूज़

(तूने खुले बंदो मेरा सीना चीरा और अब तक इसी तरह सीने में छुपा हुआ है)

और यह शेर तो बहुत प्रसिद्ध है—

हरदो आलम क़ीमते खुद गुफ़्ते ई – निर्ख बाला कुन कि अर्ज़ानी हनूज़

(तूने अपना मूल्य दोनों दुनियाएँ ठहराया (अर्थात जो मुझे प्राप्त करना चाहे उसे यह दुनिया और परलोक दोनो तजने होंगे) अपना भाव और भी बढ़ा कि इन दामो तू सस्ता है)

खुसरो की गजलो की एक जाहिर विशेषता उनकी संगीतमय मधुरता है। खुसरो संगीत के माने हुए उस्ताद और शब्दो के संगीत से अति भाँति परिचित थे। वे अपनी गजलों में अनेक स्थानों पर ऐसे टुकड़े लाते है जो सतुलित और तुकात होते है और शब्दो के पारस्पारिक टकराव से संगीत पैदा करते है। अनुनासिक व्यजनो की बहुलता के कारण फ़ारसी भाषा यों भी मधुर भाषा है। इसी लिए उसे 'कदे पारसी' (शकर समान फ़ारसी) कहते है लेकिन खुसरो ने इन व्यंजनो का ऐसा सुदर ढंगसे उपयोग किया है कि उनके कलाम की मिठास और भी बढ गई है। इसलिए वे खुद को "खुसरवे शीरीन ज़बान" (मीठी ज़बान वाला खुसरो कहते है। फ़रमाते है

दानी कि हस्तम दर जहान मन खुसरवे शीरीन ज़बान
गर नाई अज बहर-अे दिलम, बहरे-अे ज़बान-अे मन बिया

(तुझे मालूम है कि विश्व में मै मधुर भाषी खुसरो कहलाता हूँ। यदि तू मेरे दिल की खातिर नही आता तो मेरी मधुर वाणी की खातिर (मेरे पास) आ।)

क्या अजब यदि खुसरो ने कुछ गजलें केवल दरबार में गाने के लिए लिखी हों। संभवत: उनकी शायरी के माधुर्य के कारण उन्हें 'तूतो-अे हिन्द' (भारतीय सुग्गा) कहा जाता है।

खुसरो के प्रशंसको को जो बात ऊपरी ढंग से सोचने के कारण विचित्र लगती है- यह है कि वे साधू संत होते हुए भी ऐसे बादशाहो के आश्रित रहे है जो चरित्रहीन थे। जलालुद्दीन फ़ीरोजशाह और गियासुद्दीन तुग़लक़ को छोड़कर उनके आश्रयदाता बादशाह संकीर्ण दृष्टिवाले, दुनियादार, स्वार्थी, विलासी और धर्म हीन थे। उनका चरित्र ऐसा नहीं था कि खुसरो का कलाम उस की प्रशंसा से कलंकित होता। परंतु हमें याद रखनी चाहिए कि खुसरो की नैतिक दृष्टिसे राजा प्रजा का संरक्षक, देशका रखवाला और शांति बनाए रखनेका ज़िम्मे-

(मैनें कहा ऐ दिल वहाँ न जा क्योंकि तू पकडा जाएगा। आखिर तू गया और मेरा कहा सामने आया।)

चन्द गूयन्द कि गह गह बि दिलशमी गुज़री – इन हर्दीसीस्त कि बहरे – दिल – मा नीज़ कुनन्द)

(कितने लोग कहते है कि वह (प्रेमिका) कभी कभी तुम को याद कर लेती है। (याद करना तो क्या ? हाँ) लोग इस प्रकार की बात मेरा दिल रखने के लिए कहते है !)

कभी कभी खुसरो केवल शब्दो के उलट फेर से बड़ी गहरी और पते की बात कह जाते हैं। निम्न लिखित शेर में ईन (यह) और आन (वह) का प्रयोग देखिए.–

शक्कर आन-अस्त कि अन्दर लबे तुस्त-सुखन इन-अस्त कि मा मी गूईम
(शक्कर वही है जो तेरे ओठोमें है–बात (शायरी) वही है जो हम कहते है।)

हरकिरा यार यार मी उफ़्तद–मुकाबिल–ओ बख़तियार मी उफ़्तद

(जिसे सच्चा मित्र मिल जाए वही भाग्यशाली होता है।)

वफ़ा ज़ि यार–अे जफाकार चून मी आयद–जफा ज़ि यार–अे वफ़ादार हम नमी शायद

(जिस प्रकार क्रूर प्रेमिका वफ़ा नही करती इसी प्रकार वफ़ादार प्रेमिका को भी क्रूरता अच्छी नहीं लगती।)

पन्द कि गूयन्द बिदिल सूज़ियम–सूख्तेरा सूख्त.तर मी कुनद

(मेरे मन समझावन के लिए जो लोग उपदेश देते है (वास्तव में) जले हुए को और अधिक जलाते है।)

चश्मे बद दूर अज़ चुनान रूई–कि अज़ अू चश्म दूर नत्वान कर्द

(ऐसे चेहरे को डीठ न लगे जिस पर से आँख हटाई नही जा सकती।) इस शेर चश्मे बद दूर' और 'चश्म दूर' से जो बात पैदा की गई है वह अनुवाद में बाक़ी नही रहती।

कुछ पदों में खुसरो ने अलकार ईहाम (श्लेष) का इस खूबी से प्रयोग किया है कि यह भास तक नहीं होता कि कवि ने इस अलकार का प्रयोग किया है।

जाने मन आ राम शुद, आरामे जाने मन कुजा–हिज्रम निशाने फ़ित्न शुद फित्न निशाने मन कुजा '

(मेरी जान सुखसे वंचित हो गई, मेरा सुखदायक कहाँ है ? वियोग मेरे लिए व्यथा का प्रतीक बन गया है मेरी व्यथा नष्ट करनेवाली (प्रेमिका) कहाँ है ?)

पीशे तु ख़्वाहीम कि आही कुनीम–आह कि आन हम न तवानीम कर्द

(हम ने चाहा कि तेरे सामने आह (उच्छ्वास) करे आह कि हम यह भी न कर सके)

शख़्सम ज़ईफ़–ओ दीदः तर, जान रिस्मान–ओ ज़िन गुहर,
ईनक मुहिय्या शुद कमर, लागर मियाने मन कुजा?

(यह मेरी दुर्बल देह है, यह रोती हुई आँख है। वह (देह) धागा और यह (आँख के अश्रू) मोती है। देख कमर की पेटी तैयार हो गई है। मेरी पतली कमर वाली (प्रेमिका) कहाँ है?)

न रवद यह बर–औज दर शबे तार–ताज़ि ज़ुल्फ़े तु नर्दबान न बरद

(अधारी रात मे चद्र उस समय तक उंचाई (आकाश) पर नही चढ़ता जब तक तेरे लम्बे बालो की सीढिया न लगाए।)

अब्रहा तीरस्त, नगुज़ारम मए रोशन जि कफ
कस बि तारीकी रवान अज़ दस्त नगुज़ारद चराग

(काले बादलो में चमकती शराब को मै अपने हाथ से नहीं छोड़ता (क्योकि) कोई अधेरेमे चलते हुए दीप अपने हाथ से नही छोड़ता।)

लगता है कि ऐसे पद खुसरौ ने अपने युग की साहित्यिक रूचि को सामने रख कर कहे होगे परन्तु यह उनका रग नही है। ऐसे पद उनके कलाम मे बहुत कम मिलते है उनके असली रंग सरलता, वास्तविकता और विनोद है जो उनकी अधिक गजलो में विद्यमान है कुछ उदाहरण इस प्रकार है।

रसीद बादे सबा ताज़ा कर्द जाने मरा–निहुफ्ता दाद बिमन बुए दिल्सिताने मरा

(हवा के आगमन से मेरे प्राण ताज़ा होगए (क्योकि) उसने चोरी छिपे (मेरी) प्रेमिका की सुगध मुझ तक पहुंचाई है।)

मेरा गुज़र बि गुलिस्तान बसीस्त लेक चः सूद कि सुए मन गुजरी नीस्त गुलसिताने मरा

(मै पुष्प वाटिका मे वारंवार जा सकता हूँ, परन्तु क्या फायदा? क्योंकि मेरी पुष्प वाटिका (अर्थात प्रेमिका) का मुझ तक आना जाना नहीं है।) इस शेरमें पुष्प वाटिका प्रेमिका का रूपक है। कभी बोलचाल के वाक्याशों से रस पैदा करते है :–

खलकी बिराह मुन्तज़िरे जान सुपुर्दन अंद–ऐ तुर्के नमि मस्त, इनान रा कशीदा तर

(जन समूह तुझ पर जान की बलि देने के लिए प्रतीक्षा करते हुए रास्ते मे खड़ा है। हे नीमभस्त तुर्क (प्रेमिका) ज़रा (घोड़ेकी) लगाम खीचा कर।)

मने दर्वीशरा कुश्ती बि ग़मज़ा–करम कर्दी इलाही ज़िंदे बाशी

(तूने मुझ फ़कीर को अपने हाव भाव से मार डाला। बडा उपकार किया। भगवान तुझे जीवित रक्खे।)

गुफ़्तम ऐ दिल मरौ आनजा कि गिरफ़्तार शवी आक़िबत रफ़्त–ओ हमान गुफ़्तःअे मन पीश आमद

जान मी खूद बिरूद-ओ गम नीस्त
ग़म ऑस्त कि दरमियाने जानी।

(मेरी जान निकल रही है पर मुझे इसका गम नही। गम इसका है कि तू इस जान में बिराजमान है।)

वे समझते है कि जहाँ प्रेम होगा वहा बर्बादी अवश्य होगी और वे इस बर्बादी से सतुष्ट भी है कहते है.–

बि कुओे आशिक़ी अज़ आफ़ियत नशान न दहद
हर आन कसी कि बअू इन दहंद आन न दहद

(प्रेम की गली में सुरक्षा के चिह्न नहीं मिलते। जिसे यह (प्रेम) देते हैं उसे वह (सुरक्षा) नही देते।)

चुन इश्क जान बरदत शुक्र गूओ कि–ओन दौलत
अतिय्य इस्त कि कसरा बि रायगान न दहद

(जब इश्क तेरे प्राण ले तो तू धन्यवाद कह क्योंकि यह धन वह उपहार है जो किसी को व्यर्थ नही दिया जाता।)

ग़रज़, खुसरो की गजलों में इस तरह की बिजलियाँ जगह जगह कोंदती हुओ महसूस होती है। लेकिन इस करूणरस के साथ साथ खुसरो ने कुछ पदों में कल्पना की उडान से भी काम लिया है। कही कही कल्पना की यह उडान मज़ा भी दे जाती है जैसे वर्षा पर उनके ये शेर जिनका हम उल्लेख कर आए है –

तू रवी-ओ गिर्यां ती आयद मरा साजती बनशीन कि बारात बुगजुरद
गिर्यए खुसरो चूनिगह कर्द, गुफ्त खाने रवम जूद कि बाराने रसीद

कुछ और उदाहरण ये है.–

यक शब रूखे खीश चरागीन करम कुन
ता किस्सअे अन्दूहे तु हम पीशे तू ख्वानम

(किसी रात अपने मुख का दीप मुझे अर्पित कर ताकि (उसके प्रकाश में) मै तेरे दिए हुए दर्द का किस्सा तेरे सामने पढ कर सुनाउ।)

परन्तु अधिक स्थानों पर कल्पना की यह उडान कृत्रिम जान पड़ती है और यह साफ मालूम होता है कविने बस एक बात पैदा करने की कोशिश की है जैसे

रू–अे मन अज़ अश्कओ रूयत अज सफ़ा आईने शुद
रू–अे खुद दर रू–अे मन बीन, रू–अे मन दर रू–अे खीश

(मेरा मुख अश्रुओंसे (धुलकर) और तेरा मुख स्वच्छता के कारण आरसी बन गया है। मेरे मुख में तू अपना मुख देख और अपने मुख में मेरा मुख।)

गुफ़्ती अदर ख्वाब गहे गहे रू-ए-ख़ुद बिन मायमत
इन सुख़न बींगाने रा गू का-बाना रा ख्वाब नीस्त

(तू ने कहा कि मैं स्वप्न में कभी कभी अपना चेहरा दिखाऊंगी। ऐसी बात ग़ैरों से कह क्योंकि तेरे चाहने वाले को नीद कहाँ।)

वियोग की रात की लम्बाई को ध्यान मे रखते हुए कहते है :–

जहाँ उम्रे दराज़े आशिक़ान गर– शबे हिजरान हिसाबे उम्र गीरंद

(यदि वियोग की रातो की भी वय में गणना की जाए तो प्रेमियों जैसा दीर्घ जीवी कौन होगा।) गालिब भी कहते है :–

कबसे हूँ क्या बताऊँ जहाने खराब में– शबहाओ हिज्र को भी रखूँ गर हिसाब में
एक वचित प्रेमी की हसरतभरी तस्वीर देखिए :–

जानु-अश खुसरौ बि ज़ीरे सर नयाफ़्त
सर निहादे बर सरे जानू बि खुफ्त

(जब खुसरौ को अपने सिर के नीचे प्रेमिका का जघा सोने के लिए नही मिला तो वह अपने ही रान पर सर रख कर सो गया।)

देखिए प्रेमिका का मिलन किस्मत में न हो तो प्रेमी कैसे धैर्य की युक्ति निकालता है।

नीस्त चू बख़्ते विसालम बहरे सब्र अज़ खूने दिल
हरदमी यक जा नवीसम नामे तू बा नामे ख़ीश

(मेरे भाग्य में तेरा मिलन नही है तो धैर्य के हेतु से मै अपने रक्त से हर घड़ी तेरे नाम के साथ अपना नाम लिखता रहता हूँ।)

खुसरौ अस्त-ओ शबे अफसाना-ओ यार-ओ हर बार
कद्री गिर्यद व पसश बर सरे अफसान- खुद

(खुसरौ है, अपनी व्यथा सुनाने की रात है, प्रेमिका है और (हालत यह है कि) वह हर घडी थोड़ी देर रो लेता है और फिर अपनी व्यथा सुनाने में लग जाता है।)

जब प्रेमिका प्रेमीसे पूछती है कि हमारे बिना रात कैसे कटी तो प्रेमी का उत्तर देखिए –

माजरा ऐ दूस्त पुर्सीदी कि चून बुग जस्त हाल
ऐ सरत गर्दम। च मी पुर्सी, बिदुश्वारी गुज़श्त

(ऐ प्रेमिका तू पूछती है कि कैसा हाल गुज़रा? ऐ तेरे पूछने के कुर्बान जाऊँ। क्या पूछती हैं (बस समझ ले कि) बुरी गुज़री।)

प्रेमी के प्राण निकल रहे हैं परन्तु उसे अपने प्राणों के जाने का दुःख नहीं, केवल दुःख इसका है कि प्राणों में प्रेमिका वास करती है और प्राण के साथ वह चली जाएगी।

(मैंने तेरे ज़ुल्म की तलवार से खुद को मार डाला। तेरा काम सरल हो गया और मेरा भी।)

गम्ज़–ए तू बर दिले सुलतान ज़नद
वरना रंजी, बर दिले दर्वीश हम

(तेरी अदा बादशाह के दिल पर आक्रमण करती है और यदि तू बुरा न माने, तो (हम जैसे) फ़कीरो के दिल पर भी।)

अब तक हमने खुसरौ के जो शेर प्रस्तुत किये है उनमें प्रेमिका से छेड छाड का उल्लेख है हैं परन्तु इसका यह अर्थ नही है कि खुसरौ की शायरी में करुण रस नही मिलता। खुसरौ ने बार बार अपने कलाम में वेदना और व्यथा का उल्लेख किया है और वास्तव मे अधिक पदो में उन्हों ने देखनेमें सीधे सादे ढग से एक प्रेमी की बेचैनी और दुर्दशा का वर्णन किया है लेकिन इस सीधे सादे वर्णन की ओट व्यथा की एक दुनिया आबाद होती है। उदाहरणार्थ अपने ईर्ष्यालुओ को सबोधित करते हुए किस क़दर दर्द भरे अंदाज में कहते है :–

हसद मी बुर्दी ऐ दुष्मन बि अक़्ल–ओ दानिशे खुसरौ
बिया ता बर मुरादे खातिरे खुद बीनी अकूनश

(ऐ शत्रु, तू खुसरौ की बुद्धि और ज्ञान पर जलता था न तो आ देख कि किस तरह तेरी हार्दिक इच्छानुसार उनकी दशा बनी है)

एक जगह फरमाते है –

शुद अज़ दर्दे जुदाई जानेमन सद् पारे बिनगर ता
बि हरयक पारए जान जानेमन दर्दी जुदा बीनी

(वियोग की पीड़ा से मेरे प्राण के सौ टुकडे होगए है, ऐ जाने मन (मेरी जान) आ और देख कि हर टुकड़े में एक भिन्न व्यथा है।) छद के दोनो चरणो में शब्द 'जानेमन' की आवृत्ति ध्यान देने योग्य है।

प्रेमिका को संबोधित करते हुए किस वेदनापूर्ण स्वर मे कहते है।

करिश्मा चद कुनी? बर मन आखिर इन जान-अस्त!
नमी दमद ज़ि ज़मीन-ओ सबा नमी आरद

(तू कब तक हावभाव दिखा कर मेरी जान लेता रहेगा। आखिर यह मेरी जान है जो (घास की तरह) धरतीसे बार बार नही उगती और न (फूलो के समान) हवा के चलने से खिलती है।

कस च. दानद कि च रफ़्त अज़ ग़मे तू दूश बि मन
अज़ शबे तीरः खबर पुर्स कि महरम बूदःस्त

(कल जो मेरे दिल पर गुज़री उसे कोई क्या जाने। काली रातसे मेरा हाल पूछ ले कि वही मेरी सहभागी थी।)

दी जाती है) के सन्मुख नमाज़ पढ़ते हुए बहुत बुतपरस्ती (अधर्मीय कार्य) की है। अब अपने दोनों अब्रुओं की महराब के सामने मुझे फिरसे मुसलमान बना।)

वास्तव में विनोद ख़ुसरो की ग़ज़लों की विशेषता है जिसके कारण उनकी शायरी में बहुत आकर्षण पैदा हो गया है। इस विनोद पूर्ण शैली के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं।

अंदक अंदक गह गही बा यार बूदन ख़ुश बुवद
वर मुयस्सर गर्ददम बिस्यार बूदन हम ख़ुश–अस्त

(थोड़ा थोड़ा और कभी कभी प्रेमिका का साथ अच्छा होता है और यदि यह साथ अधिक उपलब्ध हो तो यह भी अच्छा है।)

गर मुसलमान बूदमी नतवानम अज़ दस्ते बुतान
चून मुगान सरबस्त–ए ज़ुन्नार बूदन हम ख़ुश–अस्त

(यदि बुतों के कारण मैं मुसलमान नहीं बन सकूगा तो अग्नि उपासकों की तरह जनेऊ बांध लेना भी अच्छा है।)

इज़्ज़ती गर हस्त मारा नज़्दे जानान अैब नीस्त
आशिकान रा पीशे ख़ूबान ख़्वार बूदन हम ख़ुश–अस्त

(यदि प्रेमिका के सामने हमारा सम्मान होता है तो कोई बुराई नही लेकिन सुदंरियों के सामने प्रेमियों का अनादर और अपमान हो तो यह भी अच्छा है।)

वअदा मी ख़ाहम–ओ दर बंद–ए वफ़ा नीज़ नयम
ग़रज़ आन–अस्त कि बारी बि तक़ाज़ा बाशम

(मैं उससे यह वचन लेना चाहता हूँ (कि वह मुझसे मिले) लेकिन इसे इस पर बाध्य करना नही चाहता कि वह वचन का पालन भी करे। मेरा अभिप्राय केवल इतना है कि उससे बारबार तकाज़ा करता रहूँ) ग़ालिब ने भी कहा है :–

यार से छेड चली जाए 'असद'–गर नही वस्ल तो हसरत ही सही।
गुफ़्तम च गुना मी कुशी–ओ ज़िंदे मी कुनी ?
अज़ यक निगाह कुश्त–ओ निगाहे दिगर न कर्द

(मैंने उससे कहा तू किस तरह मार कर पुनर्जीवित करता है सो उसने मुझे एक दृष्टि से मार डाला और दूसरी दृष्टि डाली ही नही।)

अज़ दुआयत मन चु ऐ ज़ाहिद न गश्तम नीक बख़्त
तू बया बारी चु मन बद्‌बख़्त शौ दर कारे इश्क़

(ऐ त्यागी, जब मैं तेरी प्रार्थना से भाग्यवान नहीं बन सका तो तू आ और प्रेम करके मेरी तरह अभागा बन जा।)

कुश्तम अज़ तीग़े जफ़ायत ख़ीश रा
बरतु आसान कर्दम–ओ बर ख़ीश हम

(यदि मैं उस बुत (मूर्ति अर्थात प्रेमिका) का क़ैदी हो गया हूँ तो ऐ धार्मिक मनुष्य, मेरी निंदा मत कर। आखिर जैसा गुमराह कुछ दिनो मुसलमान भी तो रहा है।) इस से जाहिर में तो ऐसा विदित होता है कि शायर अपनी बुत परस्ती को अधर्म कहता है और इस को अस्थायी सिद्ध करने के लिए कह रहा है कि मैं कुछ दिनों मुसलमान भी तो रहा हूँ पर कहने का ढंग कुछ ऐसा है कि इसका यह अर्थ भी निकलता है कि मेरा कुछ दिनो मुसलमान रहना अधर्मीय कार्य था।

दीवानए बुतान कु नद न रू बि कअबा जाँक
ताज़ीमे कअबा कुफ़्र बुवद बुत परस्तरा

(बुतोका दीवाना क़ाबे की ओर मुह नही करता क्योकि एक मूर्ति उपासक के लिए क़ाबे का का आदर कुफ़्र है)

एक शेर मे दिल को 'पुराना काफिर' कहते हुए फरमाते है –

दिल राज़ि इश्क चद मलामत कुनम कि हीच
इन काफिरे कदीम मुसलमान न मी शवद

(मै (अपने) दिल को प्रेम के लिए कब तक बुरा भला कहता रहू क्योकि यह पुराना काफिर कभी मुसलमान नहीं होने का।)

एक शेरमें प्रेमिका को कितने प्यार से डाँटते हुए कहते है।

बुती–ओ आफ़ते तक्वा–ओ आखिर इन न मी दानी !
कि दर शहरे मुसलमानान न बायद इन चुनीन आमद !

(तू बुत है और धार्मिक प्रवृत्ति का दुश्मन। क्या तू इतना भी नही जानती कि मुसलमानोके नगर में इस प्रकार (बन ठनकर) नही आया करते।)

एक शेर मे प्रेमिका से कहते है :–

हनूज़ ईमान–ओ दीन बिस्यार गारत कर्दनी दारी
मुसलमानी मयामूज इन दु चश्मे ना मुसलमान रा

(अभी तो तेरे पास धर्म और निष्ठा नाश करनेका बहुत काम बाकी है इस लिए अपनी इन दो 'नामुसलमान' आँखों को मुसलमानी न सिखा)

एक और शेर में अपने प्रेमिका के हाथो फिर से मुसलमान बनने की इच्छा प्रकट करते हुए कहते हैं :–

फ़िरावान बुत परस्तीदम बि महराबे नमाज़ अकनून
बि महराबे दु अब्रू–ॲ खुदम अज़ सर मुसलमान कुन

(मैने (मस्जिद के) महराब (वह अर्द्ध मंडलाकार भाग जहाँ खड़े होकर मस्जिद का इमान नमाज पढ़ाता है और इसके अर्द्ध वर्तुलाकार होने के कारण उसे प्रेमिका के अब्रूओं (भौंह) से उपमा

खुर्शीद परस्त शुद मुसलमानें
ज़ीन हिन्दुगाने शूखा–ओ सादे

इन चपल और सादा स्वभाव वाले हिंदुओं के कारण मुसलमान सूर्य की उपासना करने लगे हैं। (क्योंकि उन के मुख सूर्य समान हैं जिसे प्यार करना सूर्य की उपासना के समान है।)

करदंद मरा खराब – ओ सरमस्त
हिन्दू बचगाने पाक ज़ादे

(इन स्वच्छ स्वभाव वाले हिन्दू बालको ने मुझे लूट कर मस्त कर दिया है।)

एक शेर मे हिन्दोस्तानी अस्त्र 'कटार' का उल्लेख इस प्रकार करते है :–

सरे आन दुचष्म गर्दम कि चून हिन्दुवाने रहज़न
हमारा ज़ि नूके मिज़गान ज़दे बर जिगर 'कतारा'

(मैं इन दो आँखो के कुर्बान जाऊं जो अपनी नोकदार पलको से हिन्दू बटमारों की तरह जिगर पर कटार मारते है।)

फ़ारसी ग़ज़ल में "यार" को 'इस्लाम धर्म को लूटने वाला' और प्रेम मार्ग को अग्नि उपासक का धर्म और कुफ़्र' (अ धर्म) कहने की परिपाटी खुसरौ के युग तक निर्धारित हो चुकी थी। यह तो नहीं कहा जा सकता कि खुसरौ से पूर्व फ़ारसी शायरो में बुत (मूर्ति) और बूत खाने (देवालय) का उल्लेख बिल्कुल नही मिलता अल्बत खुसरौने फारसी में 'प्रेम' को अग्नि उपासको के धर्म के साथ साथ 'मूर्तिपूजा' कहने की परिपाटी अवश्य निर्धारित की है और यह संभवत हिन्दोस्तान ही की देन है। उन्होने अनेक ढग से अपनी मूर्तिपूजा और 'बुते काफ़िर' को नामुसलमानी का उल्लेख करते हुए प्रेम (इश्क) की उदारता प्रकट करने का प्रयत्न किया है। उनका यह शेर बहुत लोकप्रिय है।

खलक मी गूयद कि खुसरौ बुत परस्ती मी कुनद
आरी आरी मी कुनम बा खलक़ मारा कार नीस्त

(लोग कहते हैं कि खुसरौ मूर्ति पूजा करता है। हाँ हाँ मैं ऐसा ही करता हूँ। मुझे लोगों से क्या काम है ?)

इसने ग़ालिब से यह शेर कहलवाया :–

छोड़ूगा मैं न उस बुते काफ़र का पूजना–
छोड़े न खलक़ गो मुझे काफ़र कहे बग़ैर

इसी बात को एक जगह खुसरौ ने किस मजे से कहा है :–

गर मन असीरे बुत शुदम ऐ पारसा अँबम मकुन
आखिर मन ऐ गुमराह हम रोज़ी मुसलमान बूदे अम

कि मोर स्वर्ग का पक्षी है और हिन्दोस्तान में भी पाया जाता है। ग़ज़ल के एक शेर मे वे अपनी प्रेमिका को मोर से उपमा देते हुए कहते है :–

दूश सरमस्त आन निगारे नाज़नीन आमद बिरून
हम चु ताऊसी कि अज़ ख़ुल्दे बरीन आयद बिरून।

(कल मेरी मस्त नाज़ुक प्रेमिका (घर से) इस प्रकार बाहर आई जैसे मोर स्वर्ग से बाहर आता है।)

ख़ुसरौने 'नुहसिपहर' में 'सती' जैसी भारतीय रस्म की प्रशसा करते हुए यहा तक लिखा है कि–

गरचे दर इस्लाम रवा नीस्त चुनीन
लेक चू बस कारे बुज़ुर्ग – अस्त बिबीन
गर बि शरीअत बुवद इन नोअ रवा
जान बिदिहंद अहले सआदत सिवा

(यद्यपि इस्लाम में यह (रस्म) उचित नही है परन्तु तू देख कि यह कितना महान कार्य है। यदि इस प्रकार की बात की शरीयत में अनुमति हो तो नेक लोग ज्यादह से ज्यादह प्राणो की बलि देने लगे।)

एक गजल में भी वे 'सती' के संदर्भ में कहते है –

जान फिदाए दूस्त कुन, कम जान ज़ने हिंन्दू नई
कज़ वफाए शूए दर आतश बिसूज़द ख़ीशरा

(तू अपने मित्र (प्रेमिका) पर जान कुर्बान कर दे क्योंकि तू उस हिन्दू नारी से कम नही है जो अपने पति से वफ़ा करते हुए ख़ुद को अग्नि में भस्म कर देती है।)

'क़िरानुस्सअदैन' की एक गज़ल में वे अपने हिंन्दू मित्रो का उल्लेख कितने प्यार भरे स्वर में करते है।

ऐ दहेली–ओ ऐ बुताने सादे पग बस्ते–ओ चीरा कजनिहादे

(ऐ दहेली और उसके सादे स्वभाव वाले बुतो जिन्हो ने पगड़ी बांधी है और चीरा (एक प्रकार की लहरियादार कपड़े से बनी पगड़ी) तिरछी लगाए हुए हैं।)

फ़र्मान न बरंद अज़ान कि हस्तंद
अज़ इनायते नाज़े ख़ुद मुरादे

(वे कुछ ऐसे बने है कि किसी का कहा नही मानते क्योकि उनके हावभाव ही ऐसे है कि वे अपनी ही चलाते है।)

जाई कि बिदह कुनंद गुलगश्त
दर कुचे दमद गुले पियादे

(वे जिस गाँव में सैर करते हैं वहाँ की गली में गुले पियादा (एक प्रकार का पुष्प) उग आता है।)

(तेरे ओंठ, मुंह और चेहरा हरेक दिल के लिए आफ़तें है और मेरे पास केवल एक दिल है। वह (अकेला) क्या करे और किस किस की ओर अपना ध्यान आकर्षित करे।)

इस लिए तो ग़ालिब ने भी कहा था :—

दिल भी यारब कई दिये होते ।

खुसरौ की गज़लो का वातावरण पूर्णत इरानी है। बुलबुल बहार, सबा सभी इरानी वातावरण के निर्माण में भाग लेते है लेकिन फ़ारसी गज़लों में भी खुसरौ हिन्दोस्तानी रंग ले ही आते हैं। वर्षा भारत की विशेष ऋतु है बल्कि यही हिंदोस्तान की बहौर है। मसऊद सअद सल्मान ने इसी 'बर्षगाल' (वर्षकाल) के गुण गाए थे। खुसरौ ने भी अपनी फ़ारसी ग़ज़लों मे वर्षा का उल्लेख किया है।

अब्रे बारान–ओ मन–ओ यार सितादे बि विदाअ
मन जुदा गिर्येकुनान अब्र जुदा, यार जुदा

(बादल बरस रहा है। मै और मेरी प्रेमिका दोनो बिदा होने के लिए खड़े हैं। मै अलग रो रहा हू बादल अलग और प्रेमिका अलग रो रही है।)

गिर्ये.ए खुसरौ चु निगह कर्द गुफ़्त
ख़ाना रवम ज़ूद कि बारान रसीद ।

(उसने खुसरौ को रोते हुए देखा तो कहने लगा "घर जल्दी चलना चाहिए क्योंकि पानी आ गया है।)

तू रवी ओ गिर्ये मी आयद मरा—
साअती बिन्शीन कि बारान बुगुरद ।

(तेरे जाने पर मुझे रोना आ रहा है। कुछ देर बैठ जा कि पानी थाम जाए।)

एक पद में प्रेमिका की चाल को मस्त कबूतर की चाल से उपमा देते है। और यह निरी भारतीय उपमा है। शिबली लिखते है "फारसी कवि प्रेमिका की चाल को कब्क (चकोर) की चाल से उपमा देते थे। हिंदी में हंस की चाल साधारण उपमा है लेकिन कबूतर मस्ती की हालत में जिस प्रकार चलता है वह मस्ताना चाल की सब से अच्छी उपमा है।'

ज़िही खिरामशे आन नाज़नीन बि अैयारी
कबूतरी बि नशात आमद–अस्त पिंदारी ।

(उस चुलबुली नाज़ुक नार की चाल का क्या कहना। लगता है जैसे एक कबूतर मस्ती में आयी है।)

वर्षा की तरह मोर भी हिन्दोस्तान का विशेष पक्षी है। हिन्दोस्तान को स्वर्ग–समान सिद्ध करने के लिए खुसरौ ने अपनी मसनवी 'नुह सिपहर' में जो दस तर्क दिये है उनमें से एक तर्क यह है

१. शेअरुलअजम भाग २ पृ. १३८

कभी कहते हैं :–

बिरौ ऐ बाद बूसी ज़न बर आन पाय
वगर चीज़ी न गूयद बर दहान हम

(ऐ हवा जा और उसके चरण चूम ले और यदि वह कुछ न कहे तो मुंह भी ।)

खुसरो कभी लगावट में आकर अपनी प्रेमिका से कहते हैं ।

जाना अगर शबीन दहन बर दहन निहम
खुदराबि ख्वाब साज़–ओ–मगू इन दहाने कीस्त

(ऐ जान अगर मैं किसी रात तेरे मुह पर मुह रख दू तो तू खुद को सोता बनाले और यह न कह कि "यह मुह किसका है ।")

लगावट का यह रंग अमीर के यहा कही गहरा हो गया है लेकिन जब वे 'मुआम्मिलाबदी' को अपने नियंत्रण में रखते है तो यो भी कहते है :–

खुश आन ज़मान कि बि रूयश नज़र निहुफ्ता कुनम
चु सुए मन निगरद अू नज़र बिगर्दानिम ।

(क्या ही अच्छा हो कि मै उस मुख को कनखियो से देखता रहूँ और जब वह मेरी ओर देखने लगे तो नज़रे फेर लू ।)

मा बि नज्ज़ारए आन माह चुनान मुस्तग्रक़
कि हमा ख़ल्क़ बि नज्ज़ारए मा मी आयद ।

(हम उस चंद्र के दर्शन में ऐसे डूब जाते है कि जन समूह हमें देखने चला आता है ।)

दूश पिन्हान मी कशीदम ज़ुल्फे तू
चश्मे मस्तत नागहान बीदार शुद

(कल मैंने तेरी ज़ुल्फ को चोरी छिपे खीचा तो तेरी मस्त आँखें जाग पडी ।)

उनकी प्रेमिका इतनी सुदर हैं कि हज़ारो वर्ष तक उसे देखने पर भी उनका जी नही भरता ।

शवम फिदाए जमाली कि गर हज़ारान साल
कुनम नज़ारा हनूज़ आरज़ू बिजा बाशद ।

(मैं उस सुदरता का प्रेमी हूँ जिसे हज़ारों बरस भी देखता रहूँ तो इसकी अभिलाषा ज्यू की त्यूं रहेगी ।)

प्रेमिका के अनेक हाव भाव प्रेमी के मन पर आफ़त ढाते है और प्रेमी के पास एक ही हृदय होता है । सोचता है कि एक हृदय से किस किस अदा को चाहे ?

लब–ओ दहान–ओ रुख़त हर यकी बलाए दिल–अंद
यकी दिलम चे: कुनद, आनिब–ए कुदाम शवद ।

तू सारे विश्व को लूटता है। सब तुझ पर मरमिटे हैं। तेरी नर्गिसरूपी आँख से ईमान लूटने का चलन निकला है।

मैं सारी दुनिया घूम आया हूं मैंने सुंदरियों से प्रेम भी रचा है। मैंने कई रूपवतियाँ देखी हैं लकिन तुझमें बात ही कुछ और है।

हे सुखदायक तू, चलता फिरता सरो का पेड है। इस सरो-रूपी ऊँचाई के साथ इस तरह अपना आँचल खीचते हुए न जा क्योंकि इस तरह तू अपने साथ मेरे मन का सुख चैन भी लेता जाएगा।

मैं तुझ में विलीन होके 'तू' और तू मुझमें समाके 'मैं' हो गया हूँ ताकि फिर कोई यह न कहे कि मैं तुझसे और तू मुझसे भिन्न है।

खुसरौ एक परदेसी फकीर है जो तेरे नगर में आपड़ा है, इस आशा में कि तू भगवान के नाम पर एक दिन परदेसियों पर दया दृष्टि डालेगा।)

खुसरौ अपनी प्रेमिका के वियोग मे कभी सुबह की हवा से पूछते हैं :—

ऐ सबा बाज़ बिमन गूइ कि जानान चूनस्त ?
आन गुले ताज़ाओ आन गुचए खंदान चूनस्त ?
बा कै मय मी खुरद आन ज़ालिम-ओ-दर मय खुर्दन
आन रुखे पुर खुयो आन ज़ुल्फे परीशान चूनस्त ?
हम बि जान-ओ-सरे जानान कि कम-ओ-बीश मगूइ
गू हमीन यक सुखने रास्त कि जानान चूनस्त ?

(ऐ हवा मुझे फिर बता कि मेरी प्रेमिका किस हाल में है वह खिला हुआ फूल और वह हँसती हुई कली कैसी है ?

वह ज़ालिम किस के साथ शराब पी रही है और शराब पीते पीते उसके मुख पर पसीना और उसके बिखरे हुए बाल कैसे लगते हैं ?

तुझे मेरी प्रेमिका की जान और सिर की कसम, न कुछ घटा के कह न बढ़ा कर। एक सीधी सी बात बता दे कि मेरी प्रेमिका कैसी है ?)

कभी हवा से कहते हैं कि सुस्ती न कर मेरी प्रेमिका के पास जा और उसे मेरे पास लाकर मुझे खुश कर दे। अगर तू उसे नशे की हालत में देखे तो उसे सोयी हुई समझकर छोड न दे बल्कि उसी नशे की हालत में मेरे पास उठा ला।

ऐ बाद काहिली मकुन-ओ-सूए दूस्त रौ
मारा बिकुन बि आमदने आन निगार खुश
वर बीनियश कि मस्त बुवद खुफ्तःअश मदेह
हम हम चुनीं मस्त बि नज़्दे मन आर खुश

(हे तिरछी कुलाह वाली, हे क्रूर, हे तंग कबा वाली, तू कौन है ? हे लगावट वाली, मनोहर, हे ताव ताव भाव दिखानेवाली, तू कौन है ?कुलाह के नीचे से तेरी चोटी कमर तक पहुच रही है। तू ने चंचलता पर कमर बाध रखी है हे चुस्त कबा वाली, तू कौन है ? तूने घोड़े पर जीन कसी है और जुल्म की तलवार हाथ में ले रखी है। इस तरह बन ठन कर तू किस के लिए आई है ?

तू ने मेरे सीने में घर कर लिया है। मेरी आँखें तेरे चरणो तले हैं। हम सभों को तेरा मोह है। तुझे किस का मोह है ?

जबसे तूने अपना मुख दिखाया है। मेरी देह से प्राण निकाल लिए हैं। मेरे मनकी ज्वालाह भड़का दी है। हे प्रेम जगाने वाली तू कौन है ?

तेरे कारण खुसरौ के मुह से बोल नही निकलते। हे मेरे मधुर कठवाले तोते, तू किसके लिए चहक रहा है ?)

एक और गज़ल देखिए :—

ऐ चहरऐ ज़ेबाए तू, रश्के बुताने आज़री
हरचंद वस्फत मी कुनम दर हुस्न ज़ान बाला तरी
तू अज़ परी चाबुक तरी, वज अर्गे गुल नाजुक तरी
वर हरचे गूयम बेहतरीं, हक्का अजायब दिलबरी
ता नक्श मी बंदद फ़लक, हरगिज़ न दोदे इन नमक
हूरी नदानम या मलक, फर्जदे–आदम या परी
आलम हमा यगमाए तू खलकी हमा शैदाए तू
आन नर्गिसे शहलाए तू आवुर्दे रस्मे काफरी
आफाकहा गर्दीदे अम, महरे बुतान वरजीदे अम
बिस्यार खूबान दीदे अम, लेकिन तु चीज़े दीगरी
ऐ राहतो आरामें जान, बा कद्दे चून सर्वे रवान
जासान मरौ दामन, कशान, कारामे जानम मी बरी
मन तू शुदम तू मन शुदी, मन तन शुदम तू जान शुदी
ता कस न गूयद बादज़ीन मन दीगरम तू दीगरी
खुसरौ गरीबस्तो गदा, उफ़तादे दर शहरे शुमा
बाशद कि अज़ बहरेखुदा सूए गरीबान बिनगरी

(ऐ तू वह कि जिस के सुंदर मुखड़े पर आज़र जैसे) शिल्पकार की बनाई हुई सुदर मूर्तियाँ ईर्ष्या करे, मैं तेरी प्रशसा चाहे कितनी ही करूँ तू सुदरता में इस प्रशंसा से बढ चढ कर ही निकलेगी।

तू परी से अधिक चपल और पखुडी से ज्यादह नाजुक है। मैं तेरी प्रशसा में चाहे जो कहूँ तू उससे उत्तम है। तू भी सचमूच विचित्र मनमोहनी है। जब से आकाश चित्र बनाने लगा है उसने इतना नमक (आकर्षण) किसी और को नहीं दिया। समझ में नहीं आता, तुझे हूर समझूं या फ़रिश्ता, मानव जातिका समझू या परी कहूँ ?

होने, भोगविलास करने और अपनी वासनाओ की तृप्ति के अतिरिक्त और कुछ नहीं किया[१] "हर घर शराबखाना बन गया और शहर में शराब हजार हीलों बहानो से पास पड़ोस के देहातोंसे लाई जाने लगी। सुंदर गाने बजाने वालियाँ शहर में इकट्ठा हो गई। रूप के दाम बढ़ गए। एक कुमार, खूबसूरत नपुंसक या रूपवती लौंडी का मूल्य बाजार में पाँच सौ से एक हजार बल्कि दो हजार टके लगाया जाने लगा[२]। कुतुबुद्दीन की पिछलो खूबियाँ धीरे धीरे समाप्त होने लगी और वह दिन प्रतिदिन चरित्रहीन बनने लगा। विलास की धूनमें उसने अपना शाही रख रखाव तज दिया। और मजलिसों में जनाना वस्त्र एव भूषण पहन कर आने लगा। वह सामूहिक नमाज से अनुपस्थित रहने लगा और रमजान मे सभो के सामने उपवास तोड़ कर खाने लगता। उसने मलिक ऐनुलमुलक मुल्तानी और मलिक करा बेंग जैसे सुप्रसिद्ध अमीरो को वेश्याओं से गालियाँ खिलवाई जिन्होंने 'हजार सुतून' की अटारीपर बैठकर उन्हे ऐसी ऐसी गालियाँ दी जो इससे पहले महल में कभी सुनी नही गई। उसके दरबार में 'तौबा' नामक एक गुजराती भाड था जो इतना सिर चढा था कि वह दरबारी अमीरों-को माँ बहन की गालियाँ दिया करता, उनके कपडे गंदे कर देता और दूसरी अवांछनीय हरकतें किया करता"[३]।

यह था वह वातावरण जिस में खुसरो ने गजल—वाद्य छेडा। उन्हों ने अनेक सकलित गजलों मे अपनी प्रेमिका के बाहरी रूप की तारीफ लहक लहक कर बयान की है। ऐसा विदित होता कि उनके सम्मुख दरबारकी कोई कातिल सुंदरी रही होगी। बरनी ने कैकुबाद को विलास की ओर आकर्षित करनेवाली जिस सुदरी का सजीव वर्णन किया है उसे ध्यान में रखिये और अमीर खुसरो की ये गजलें पढिये —

कज कुलहा, सितमगरा, तंग कबाए कीस्ती ?
लाबा गरा, ओ दिलबरा, अश्वानुमाए क़ीस्ती ?
ज़ीरे कुलाहाएँ जअदेतू बर कमरत कशीदे सर
बस्ते बिचाबुर्की कमर, चुस्त कबाए क़ीस्ती ?
मरकबे नाज़ कर्दे ज़ीन, दादे बि गम्ज़ा तीगे क़ीन
साखते आमदे चुनीन, ता ज़ि बराई कीस्ती ?
सीनए बन्दः जाए तू, दीदे बि ज़ीरे पाए तू
मा हमा दर हवाए तू तू बि हवाए कीसर्ती ?
ता रुखे खुद नमूदे ई, जान ज़ि तनम खूदेई
आतशे मन फिज़ूदेई महर फिजाए कीसर्ती ?
खुसरवे खस्ते रा सुखन, बसते शुद अज़ तू दर दहन
तूतीए शक्करीने मन नगमासराए कीस्ती ?

---

१. वही पृ. ८९

२. LATER KINGS OF DELHI-*Ziauddin* DM Barni translated by Sir Elliot and edited by J. Darson p 134

३. LATER KINGS OF DELHI read with प्रस्तावना 'नुह सिपहर'—संपादक डॉ. वहीद मिर्ज़ा प्र. १८—२४ (अंग्रेजी)

बालिका ने जवाब में पढा :–

गम्ज़:ए आबिद फ़रीबम ज़ाहिदेसद् साला रा
मुए पीशानी गिरिफ़्ते पेशे ख़ुम्मार आवुरद ।

(मय पुजारियो को छलने वाली मेरी अदा शतवर्षीय उपासक को उसके मस्तक के बाल पकड कर मद्यविक्रेता के सामने खींच लाती है ।)

फिर वे शाही डेरे पर पहुँचे और बादशाह के आज्ञानुसार मजलिस शुरू-हुई । बादशाहने रूपवती को अतिथि बनकर साक़ी बनने की प्रार्थना की और रूपवती ने पहला प्योला बादशाह के हाथ मे देते हुए पढ़ा :–

मा गर चिकि ख़ूब तर ज़ि माहीम—
हम बदए बंदगाने शाहीम ।

(यद्यपि हम चंद्र से अधिक सुदर है फिर भी बादशाह के गुलामो के गुलाम है ।)

बादशाहने जवाब मे पढ़ा :–

कदह चू दौर मी आयद बि नजदीकाने मजलिस दह
मरा बुग्ज़ार ता हैरान बि मानम चश्म दर साकी ।

(जब शराब का दौर मुझ तक आए तो महफिल में मेरे निकटवर्तियो को पिलाओ । मुझे छोड़ दो ताकि साकी की आँखों के दर्शन में तल्लीन रहूँ ।)

बालिकाने कहा –

नूश शाहेजहान नूश शाहेजहान

(पी ऐ विश्वसम्राट पी)

शराब पीने के बाद सुलतान ने यह पद पढ़ा :–

अगर साक़ी तु रस्वा बूद मारा : कै मि गूयद कि मै ख़ुर्दन हरामस्त (यदि तू हमारा साकी बन जाए तो फिर कौन कहेगा कि शराब पीना हराम है ?) बालिकाने प्रतीक्षा करने वाले अपने साथियो का ज़िक्र किया और बादशाह से अनुमति मागी कि वे दरबार मे हाज़री दे ।

इसके बाद कैकुबाद इस अपार सागर मे ऐसा डूबा कि फिर उसे उभरना नसीब नही हुआ । "उसका दरबार जिसमें कभी (अर्थात बल्बन के युग में) किसी विदूषक या भाड की छाया भी दिखाई नही देती थी अब वह राजा इंद्र का अखाडा बन गया– दूर दूर से गवैये मस्खरे भाड और भानुमती उमड़े चले आते थे" और बरनी के कथनानुसार 'हर दीवार की छाया में एक परी नजर आने लगी और हर बाला खाने पर एक अप्सरा अपना दर्शन देने लगी' ।[१]

यही हाल अलाउद्दीन खिलजी के पुत्र कुतुबुद्दीन मुबारक शाह का था । बरनी ने लिखा है "चार साल चार महिने की कालावधि में सुलतान ने शराब पीने, गाने बजाने की महफ़िल में उपस्थित

१. 'अमीर ख़ुसरौ' डॉ. वहीद मिर्ज़ा कृत पृ ८९

पद्यबद्ध किया है) । बाप बेटे को उपदेश देता है कि वह भोगविलास से तौबा कर ले । बेटा बाप की नसीहत ग्रहण करता है । और अवध से दिल्ली लौटते हुए सुदरियों की संगत से दूर रहने लगता है । पूरी सेना को बुगरा खानकी यह नसीहत मालूम थी पर रसिक सरदार कब चूकने वाले थे । उन्हों ने कैकुबाद को विलासविलीन करने की युक्ति सोच ही ली और जिस प्रकार इस युवक बादशाह को दिल्ली पहुचने से पहले ही जाल में फासने का प्रयत्न किया गया उसका सजीव वर्णन ज़ियाउद्दीन बरनी ने इस प्रकार किया है "हर रोज़ चद्र मुखियो और पुष्परूपी गाल वाली और ऊँचे डील डौल-वाली सुदरियो का एक जमघट रास्ते पर खडा होता और जब सुलतान का शाही दस्ता निकट आता तो सामने आकर गाने लगता । एक दिन जब बादशाह की सवारी गुज़र रही थी कि एक चंद्रमुखी, चचल, चपल, बलाए आफ़त, बेमिसाल, सुवर्ण कबा (एक लबा ढ़ीला पहनावा) पहने, कमर से सुनहला तुनीर बाधे, सर पर शाही कुलाह (एक प्रकार की ऊँची टोपी) कानों तक लगाए, हरे रंग के घोडे पर सवार सेना के बीच से निकली, घोडे को एड लगाई और शाही दस्ते के पास जा पहुँची । सेना के साथ साथ चलने वाले निकटवर्ती सरदारो और सिपाहियों ने समझा कि कोई साई राजकुमार शिकार का पीछा करते हुए आ निकला है । शाही दस्ते के नकीब और चाऊश जो गदा लिए चल रहे थे इस गुलबदन के सौंदर्य से ऐसे मंत्रमुग्ध हुए कि वे इसे शाही छत्री के निकट आने से रोक नही सके । वह बालिका बादशाह के सामने धरती पर गिर पडी और सअदी की गज़ल का यह शेर मधुर स्वर में पढा :–

गर कदम बर चश्मे मन खाही निहाद ।
दीद. बर रहमी निहम ता मी र वी ।

(यदि तू मेरी आँखो पर पाँव रक्खे तो मै अपनी आँखे रास्ते में बिछा दूगी ता कि तू उस पर से गुज़रे ।)

यह पढकर वह सुदरी रुकी और कहा । 'शाह का भय इतना है कि शेष चरण पढने का साहस नही ।' बादशाह जो मौज मे आ चुका था कहने लगा 'भयभीत न हो, पढ'

उसने पढा –

सर्व सीमीना बि सहरा मी रवी ।
नीक बद अहदी कि बी मा मी रवी

(ऐ रूपवान तू वन में जा रहा है बड़ा ही वचन भजक है तू कि हमारे बिना ही चला जा रहा है ।)

जब उसने देखा कि बादशाह के मन का झुकाव उसकी तरफ़ हो रहा है तो बोली "मुझ जैसे सेकड़ों व्यक्ति हिन्दोस्तान के कोने कोने से दिल्ली आए हुए है ताकि बादशाह के दर्शन करके उन से लाभ उठाएँ ।" बादशाह ने, अब जिसकी तपस्या भंग हो चुकी थी, शराब मंगवाई और यह पद पढ़ा :–

शब ज़ि मय तौबा कुनीम अज बीमेनाज़े शाहिदान
बामदादाँ रूँए साक़ी बाज़ दर कार आवुरद ।

(हसीनों के ताव भाव की दृष्टि से हम रात शराब पीने से तौबा करते हैं परंतु प्रात:काल साक़ी का मुख देख कर फिर इसी काम में जुट जाते हैं ।)

जानकार की हैसियत से भी चाहे जाते है। अमीर ने भारतीय अरबी और ईरानी राग रागिनियों जो सामान्य विशेषताएं खोज निकाली उसके कारण और 'कौल' और 'कलबाना' के आविष्कारक की हैसियतसे उनका नाम आज भी आदर, श्रद्धा वरन् प्रेम से लिया जाता है।

अमीर खुसरौ ने फ़ारसी शायरी के अनेक काव्य प्रकारों में अपनी कला का परिचय दिया है। ऐतिहासिक मस्नवी लेखक की हैसियत से फ़ारसी साहित्य में उनका स्थान बेजोड है। 'खम्सए निज़ामी' के जवाब में उनकी लिखी हुई मस्नवियां मान्यता प्राप्त कर चुकी है। उन्होने पैगम्बर मुहम्मद और अपने गुरु का गुणगान करने के अलावा समकालीन बादशाहों की शान के कसीदे भी लिखे लेकिन गजल लेखक की हैसियत से भी वे फ़ारसी शायरी में उच्च और बेजोड़ स्थान रखते है वरन् यह कहना पडेगा कि हाफिज़े शीराज़ी की तरह उनकी अभूतपूर्व लोकप्रियता का मूल कारण उनकी गज़लो ही में खोजा जा सकता है। फारसी गज़ल को अब तक सअदी मिले थे जिन्हो ने इसकी रूपरेखा निर्धारित की थी। अमीर खुसरौ ने इस काफ़िर काव्य प्रकार को सवारा और उसे काफिर अदाए सिखाई। अमीर बाल्यावस्था ही से शायरी करते थे। उनके पाच दीवान है जिन में गज़लो के अलावा कसीदे भी है। 'तोहफ़तुस्सिगर' (बालोपहार) में युवावस्था का कलाम है जो उन्हों ने सोलह से उन्नीस बरस की उम्रमें लिखा था 'वस्तु लहयात' (मध्यावस्था) में चौबीस से उन्तीस साल की शायरी है 'गुर्रतुलकमाल' (पूर्ण प्रकाश) में चौतीस से पैंतालीस साल का कलाम है और 'बकियए नकिआ' (पवित्र शेष) और 'निहायतुल्कमाल' (पूर्ण कलाकौशल्य) में शेष वय में कहा हुआ कलाम शामिल है। बक़ियए नक़िया की प्रस्तावना में उन्होंने अपनी शायरी का विश्लेषण करते हुए बताया है कि 'तोहफतुस्सिगर' में अलकारों का प्राचुर्य है, 'वस्तुलहयात' में रवानी और गर्मी है। गुर्रतुलकमाल मे लताफ़त और रवानी के साथ साथ सोज भी है और 'बकियए नकिया' मे व्यथा का प्राचुर्य है।

खुसरौ की शायरी पर उनके युग का गहरा ठप्पा है और यह स्वभाविक ही है। शिबली के कथनानुसार इश्क और वासना में जो हालात पेश आते है उनके प्रकट करने को 'वकूअ गोई' कहते है। लखनऊ वालों ने उसका नाम 'मुआमिला बदी' रखा है। इस शैली को प्रथम बार पेश करने-वाले, जैसा कि शिबली ने लिखा है अमीर खुसरौ है;[१] इस मुआमिला बंदी की खोज खुसरौ के युग में लगाई जा सकती है। उनके ज़माने में कुछ बादशाह ऐसे भी गुजरे है जो विलास में डूबे हुए थे और उनके दर्बारियो और अमीरो मे मद्यपान और विलास की मनोवृत्ति सर्वसामान्य थी। जहाँ तक शराब का सबंध है खुसरौ युग का शायद ही कोई बादशाह इस से बच सका हो। ज़ियाउद्दीन बरनी ने 'तारीखेफिरोजशाही' में बताया है कि बल्बन भी सुलतान बनने से पहल शराब पीता था। बुगरा खान का यही हाल था कि बलबन ने उसे उसकी रंग रेलियो पर अनेक बार टोका था। यद्यपि बाद को अलाउद्दीन खिलजी ने मद्यनिषेध लागू किया था लेकिन पहले उसे भी शराब पीने की लत थी। मुइज्जुद्दीन कैकुबाद और कुतबुद्दीन मुबारकशाह तो माने हुए रसिक थे। यहाँ कैकुबाद के ज़माने की एक घटना वर्णनीय है। राजपाट के सूत्र हाथ में लेने के बाद जब कैकुबाद भोग विलास में डूबने लगा तो उसके पिता बुग़राखान ने जो लखनौती (बंगाल) मे स्वतंत्र राज स्थापित कर चुका था अपने बेटे को पत्रद्वारा डाटा। पत्र व्यवहार के पश्चात बाप बेटे अवध (अयोध्या) में एक दूसरे से गले मिलते हैं। (इस घटना को अमीर खुसरौ ने अपनी मस्नवी क़िरानुस्सअदैन में सविस्तार

१. शेरुल अजम भाग २ पृ. १५९

अमीर खुसरौ की फ़ारसी ग़ज़लगोई

डा० इस्मत जावीद

अमीर खुसरौ हिन्दोस्तान के वह प्रशसा-योग्य सपूत थे जिन्होने न केवल ईरानियोसे अपने भाषा प्रभुत्व का लोहा मनवाया बल्कि एक सच्चे हिन्दुस्तानी की हैसियतसे जिन्होंने इस देशकी संस्कृति और उसके ज्ञान विज्ञान मे गहरी रुचि दिखाई और उसकी मनमोहक आबोहवा की जी खोलकर सराहना की। खुसरौ उस युगसे संबंध रखते थे जब हिन्दोस्तान में एक नई गंगाजमनी संस्कृति की नीव पड़ रही थी जिसमे भारतीय सस्कृति और ईरानी संस्कृति के बिछुडे हुए उत्तम तत्व एक बार फिर गले मिलने लगे थे। खुसरौ इस गंगा जमनी तहज़ीब के प्रारंभिक रूप के प्रतिनिधि थे। इस प्रतिनिधित्व का अधिकार भी विधि की तरफ़ से अमीर खुसरौ के हिस्से में आया था जो अगर बाप की ओर से तुर्क थे तो माँकी तरफ से हिन्दुस्तानी भी थे। हिन्दोस्तान उनकी जन्मभूमि थी। खुसरौ बचपनही से बाप अमीर सैफुद्दीन महमूद की छत्र छाया से वंचित हो गये थे इसलिए उनका पालन पोषण उनके हिंदी श्याम वर्ण नाना इमादुल्मुल्क की देखभाल में हुआ जो गियासुद्दीन बलबन के काल में 'रावत-अर्ज़' का पद संभाले हुए थे और पान खाने के बडे रसिया थे। अमीर खुसरौ न केवल हिन्दोस्तान में पैदा हुए बल्कि उन्होने सारा जीवन यही बिता दिया। शिबली ने 'तारीखे फरिश्ता' के हवाले से लिखा है कि एक मुठभेड में तातारी उन्हे गिरफ्तार करके बलख ले गए थे जहाँ से दो वर्ष बाद भागकर वे दिल्ली आने में सफल हुए। लेकिन डॉ. वहीद मिर्ज़ा का यह अनुमान है कि वे रास्ते ही से भाग निकलने में कामयाब हो गए थे। अमीर खुसरौ ने बड़ी उथल पुथल का जमाना पाया था और दीर्घ जीवी होनेके कारण वे इस जमानेके सभी ऊँच नीच देख चुके थे। खुसरौ युग को राज-नीतिक अस्थि-रता का अनुमान इस बातसे लगाया जा सकता है कि खुसरौ ने अपने जीवन में ग्यारह बादशाहो को शतरंज के मोहरो की तरह मात खाते देखा था और छः बादशाहों से अपना सबंध बनाए रखा था। उन्होने मुइज्जुद्दीन क़ैकुबाद की आज्ञा से 'किरानुस्सअदैन' लिखी। जलालुद्दीन खिलजी के दरबार में 'अमीर' की पदवी प्राप्त की और उसके राजनीतिक विजयों को 'मिफ़ताहुलफ़ुतूह' के नामसे गद्य मे लिखा। अलाउद्दीन खिलजी के युद्धो को 'खजायनुल्फ़ुतूह' के नाम से पद्य में लिखा। कुतबुद्दीन मुबारक शाह की आज्ञा से 'नुह सिपहर' नामक मसनवी लिखी जिस में उस के काल की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं और युद्धो का वर्णन किया। गियासुद्दीन तुग़लक़ के जमानें की घटनाएं 'तुग़लक़ नामा' के नाम से लिखीं। इन शासको के अलावा वे गियासुद्दीन बलबन के भतीजे मलिक छज्जू, अवध के राज्यपाल खान जहाँ और शाहजादो बुगराखान विशेषकर सुलतान मुहम्मद के आश्रित रहे। सारांश यह कि अमीर का सारा जीवन बादशाहों और अमीरों के साथ गुजरा.लेकिन लोगों में वे निज़ामुद्दीन औलिया के आशिक और चहीते शिष्य की हैसियत से याद किये जाते है। वे हिन्दोस्तानी संगीत के

लिखे जो उनका व्यवसायिक काम था लेकिन उनके बारे में उनकी अपनी संमति यह थी कि वे निःसार थे। आखिरी उम्र में जब उन्होंने निजामुद्दीन अवलिया के पैर पकड़े और उनसे वाबस्ता हुये। वे जिंदगी भर के हालात को खानसाह में निजामुद्दीन अवलिया से बयान करते। और उनसे फैज उठाते। अमीर खुसरो जो जनता और खवास के बीच कड़ी थे वे सरदारों और दरबारियो से जिस आदर भाव से मिलते थे उतनी ही भावुकता से खानकाह में शेख के साथ थे अपने पीरभाइयोसे मिलते थे, सलीस फ़ारसी में अफजल उल फ़वाइद लिखते थे और छोटे मोटे लोगो की बोली बोलते थे। वे अति सूक्ष्म विषयो पर भी विचार प्रकट करते थे। हिन्दुस्तान की आबोहवा उनको भाती थी यहाँ के फल यहाँके मेवे उनको अच्छे लगते थे। पूर्व बगाल से मुलतान तक और दिल्ली से देवगिरी और वरंगलतक हर हर जगह वे रह चुके है। यह भाग्य अन्य इतिहासकारो को नही मिला था। उन्होने जो घटनाएँ बयान की है उन में अतिशयोक्ति अवश्य है पर वे सच्ची है और कलात्मक ढग से कही गयी हैं।

अमीर खुसरो को भारत से प्रेम था। उस पर उन्हें गर्व था। आक्सस (oxus) पार के अपने मुल्क के लोगों को "बालाई" (ऊपरवाले) कहा। हिन्दी भाषा और हिन्दुस्तानयो पर उनको गर्व था। उन्होंने अपने को 'तुर्क–ए–हिन्दी–अम' याने हिन्दुस्तानी तुर्क कहा। ऐसा हिन्दुस्तान के और इतिहासकारो ने नही कहा।

आमतौर पर जियाउद्दीन बरनीका उल्लेख पहले मुसलमान इतिहासकार की हैसियत से किया जाता है लेकिन अमीर खुसरो को ही हिन्दुस्तान का पहला मुसलमान इतिहासकार कहना चाहिए। उन्होंने हिन्दुस्तानके इतिहास के सच्चे निशानात छोड़े है वे हमेशा अहमियत की नजर से देखे जाएँगे।

यह सच है कि राजपूतोंने जब देखा कि लड़ना मुश्किल है तो उन्होंने जोहर जरूर किया और औरतें जलकर राख हुई। खुसरो ने बड़ी खुशी से लिखा है कि अलाउद्दीन खिलजी ने एक दिन में तीस हज़ार आदमी मारे। वहीद मिर्जा को "बड़े, दुर्भाग्य से" यह शब्द लिखना पड़ा'। पद्मिनी का जिक बरनी और अफीफ की किताबों में भी नही है। पहला जिक्र तारीख—ए—परिश्ता में मिलता है। मलिक मुहम्मद जायसी १५४० में जो पदमावत लिखी उसमें उसने खयाली पद्मिनी पैदा की और इस किस्से को सन् १६०१ में फिरिश्ते ने फैला दिया। फिर राजपूतों और भाण्ड़ों ने उसको लिया राजस्थान के क्रानिककल्ज में इस का जिक्र आ गया और यह बात पक्की हो गई।

चितौड में अलाउद्दीन खिलजी के साथ दाखिल होनेवाले खुसरो एक मात्र शख्स थे इस लिये उनका कथन सौ प्रतिशत ठीक होगा। उन्होने पद्मिनी का ज़िक्र नही किया है। अलबता उन्होंने बिम्ब का किस्सा बयान किया है जो प्रोफेसर हबीब की राय मे पद्मिनी की और इशारा हो सकता है।

ऐजाज—ए—खुसरवी में उन्होने बहुत से पत्रलेखन (epistles) के नमूने बताऐ हैं। उन में जो पत्र है उनमें अधिकाश काल्पनिक हैं। उनमें कतिपय ऐसे भी है कि जिनको वास्तव और ऐतिहासिक महत्व के कह सकते है।

एक इतिहासकार की हैसियत से खुसरो का जायजा लेते समय मानना पडेगा कि उस समय की ऐतिहासिक साधनो की कमी को देखते हुए उन्होने काफी अच्छा काम किया है। अगर वे कुछ न लिखते तो इतिहासकारोका काम बहुत मुश्किल हो जाता। दरबार के साथ उनका संबंध था इसलिये उनपर कुछ पाबन्दियाँ थी। किसीका दिल दुखाना मसलेहत के खिलाफ़ था। जो झगड़े थे वे दिल, में छुपे रहे और उनका बयान भी डरते डरते किया गया। निजामुद्दीन बारबस और मलिक काफ़ूर जिसको उन्होने 'मेहदीकुश' या अलाउद्दीन का हत्यारा कहा, के बारे में उन्होने अपनी व्यथा जाहिर की है मगर इतिहास के लेखन के बारे में उनपर बहुत पाबन्दियाँ थी इसलिये वास्तवता की खोज कठिन हो जाती है। सुलतानो की तारीफ करना उनका फर्ज़ था इसलिये उन्होने अपनी लाचारी जाहिर की है जैसे गालिब ने भी इसी विषय में की है। इसलिये उनकी किताबों का अध्ययन करते समय हमको इन बातोंको ध्यान मे रखना चाहिए।

बलबन से लेकर मुहम्मद बिन तुग़लक के जमाने तक सात सुलतानों का राज्यकाल जिसने देखा हो ऐसा अमीर खुसरो के सिवाय और कोई शख्स नही था। अबुल फजल ने अकबर का दौर देखा शाहजहाँ के ज़माने में अब्दुल हमीद लाहोरी वगैरेह हुये। औरंगज़ेब के काल में खाफ़ी खाँ थे। खुसरो ने जब आँखे खोली और अपनी चारपाँच साल की उम्रमें अपने नाना के साथ दरबार जाने लगे तो उस वक्त नासिरूद्दीन तख्त पर था। उसके बाद गियासुद्दीन बलबन, उसके बाद मैज़ुद्दीन क़ैक़ोबाद फिर क़ैमुर्स, जलालुद्दीन खिलजी, अलाउद्दीन खिलजी, शिहाबुद्दीन खिलजी, मुबारक खिलजी, खुसरो खाँ, गियासुद्दीन तुग़लक और आखिर में मुहम्मद बिन तुगलक ये बादशाह हुए। इन ग्यारह सुलतानों का दौर भी उन्होंने देखा। यह हाल बिलकुल ग़ालिब के जैसा था। ग़ालिब ने अपने खतमें लिखा कि मैंने ज़िंदगी में हजारों लोग देखे हैं, अवाम के नहीं खास उल खवास के। तहज़ीब को उभरते देखा गिरते हुए देखा। अमीर खुसरोंने एक सुलतान को आते हुए देखा जाते हुअे देखा। यह दुनिया उनकी नज़र में एक कारवान सराय थी। जो कुछ हुआ आँखों के सामने हुआ। उन्होंने कसीदे

अलाउद्दीन के राज्यकाल पर अलबत्ता उनकी किताब खजाइन उल फुतूह गद्य में है। और पद्य में देवलरानी और खिज्र खाँ का किस्सा है। ये दोनो कृतियाँ अलाउद्दीन खिलजी के ज़माने की हैं और यह हमारे दक्खन के इतिहास में दिलचस्पी रखनेवाले विद्यार्थियोके लिये बडा महत्व रखती है।

मध्ययुगीन इतिहास के लिए चौदहवी सदी में साधनो की कमी है। यही बात दक्खन के इतिहास के बारे में भी लागू होती है। दक्खन की तारीख पर भी चक्रधर स्वामी के इतिहास के अलावा और कोई चीज नही मिलती लेकिन जो प्रकाश पड़ता है वह खुसरो की किताब से पडता है और खुसरो पहले है और ज़ियाउद्दीन बरनी बाद के हैं और उन्होने खुसरो का अनुकरण किया है।

खुसरो ने दक्खन के हालात बयान किये है उन में पहली बात यह है कि अलाउद्दीन खिलजी ने १३०३ में पहली बार वरंगल पर हमला किया और उसने जो रास्ता इख्तियार किया वह उडीसा का रास्ता है जिस में वह मुह की खाकर वापस हो गया। सन् १३०७ मे दक्खन पर फिर हमला हुआ। रामदेवराव के बारे में यह शिकायत रही कि वह खिराज बराबर नही भेज रहा है। मलिक काफ़ूर आकर रामदेवराव को पकड ले गया। वहाँ उसका सत्कार हुआ और उसको वापस भेज दिया गया। सन् १३०९ में मलिक काफ़ूर को वरंगल फतह करने के लिए भेज दिया गया। खजाइन उल फुतूह में दक्खन के जो हालात बताए गये है वे आज भी दुरूस्त है। वरंगल के किले का घेर जो १२४६ बताया गया है, बराबर होगा। रास्ता भी बताया गया है, पहले दिल्ली से निकलकर चदेरी पहुँचते है जो मध्य प्रदेश में है और बाद में खरबून पहुँचते है फिर तापी पार करके खंडवा या बुरहानपुरा पहुँचते है वहाँ से बजाय दौलताबाद आने के, बराबर के रास्ते से आगे जाकर चॉन्दा जिला में पहुँचते हैं। वहाँसे जब सिद्धपुर पहुँचे तो वरंगल के राजा से पहली लडाई हुई। वहाँसे करीमनगर जाकर वरंगल पहुँचते है। इन सब रास्तो का विशद वर्णन है और यही बात देवगिरी के बारे में भी है। इतनी तफ़सीली तस्वीर और कही नहीं पाई जाती। अमीर खुसरो ने और कुछ भी लिखा नही होता केवल खजाइन उल फतूह की रचना की होती तो भी उसको हिन्दुस्तान के इतिहासकारो मे श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हो जाता। इस विशद वर्णन में अतिशयोक्तियाँ प्राप्त है जरूर पर वे काव्यात्मक है। इसमें कठिनाई यह है कि जब तक हम उनके इतिहास को वास्तववाद (Objectivity) के दृष्टिकोण से नही देखेंगे गलतफ़हमियाँ पैदा होने का अंदेशा है।

जहाँ खुसरो ने अपने दुश्मनो का जिक्र किया है दिल खोल कर कहा है। यदि वे हिन्दुओ का उल्लेख करेंगे तो कहेंगे वे साप हैं काले है यह समझ लेना चाहिए कि वे छः सौ साल पहले की बातें है या अपने बादशाह को खुश करने के लिए ये बातें लिखी गयी है। उनको हिन्दुओं के प्रति दुश्मनी नहीं थी मगर बादशाहों को खुश करना था इस लिये उन्होने बढ़ाचढा कर कहा।

चितोड के क़िलेपर भी केवल खुसरो की खजाइन उल फ़तूह से रोशनी पडती है। सोलहवी सदी तक चितोड के बारे में कोई ऐतिहासिक साधन नही मिलता। पद्मिनी का किस्सा मन घडत और मलिक मुहम्मद जायसी की पदमावत का नतीजा है। पद्मिनी नाम की कोई औरत नहीं थी और उसके बारे में कोई वाक़िया नहीं गुजरा।

है। नासिरूद्दीन बुग़रा खाँ और कैक़ोबाद नाकारी शख्सियतें है जो केवल खुसरो के कारण इतिहास में उभर आई है। खुसरो खुद महसूस करते हैं कि इस में जान नही है लेकिन बादशाह के हुक्म की तामील करना उनके लिये लाज़मी था।

खुसरो का यह कमाल है कि उन्हो ने इस विषय पर भी लिखा और उस में जान डालने की कोशिश की। हिन्दुस्तान की तारीफ़, अयोध्या के दृश्य, दिल्ली की जामा मसजिद, पुरानी दिल्ली, और हिन्दुस्तान के वे शहर जो कैक़ोबाद के रास्ते में पड़े थे इन सबका वर्णन किया है। इस वर्णन से अमीर खुसरो की हिन्दुस्तानियत उभर आती है। अमीर खुसरो के कलाम में आम की खुशबू है और पपीहा की पी सुनाई देती है। अयोध्या के फल, फूल आमवृक्ष और केवड़े इनका उल्लेख वे करते हैं। केवड़े का इस्तैमाल उत्तर में कम है पर दक्षिण में लडकियाँ केवडा बहुत पसंद करती हैं।

यह खुसरो की हिन्दुस्तानियत उनके इतिहासलेखन में भी पाई जाती है। उन्हें अपने मुल्क पर फ़ख्र है, ज़बान पर गर्व है, यहाँ के लोगो की संस्कृति और सभ्यता का अभिमान है। वे खुद देशके इतिहास में एक व्यक्ति मात्र थे परंतु उन्होंने हर चीज़ को समझने की कोशिश की है। दूसरे मुल्क के वासियों को समझाने के लिये यहाँ के लोगों की श्रेष्ठता बताते है।

सन् १२९० में जब कैक़ोबाद बहुत ही बीमार हो गया तो उसके लड़के कैमुर्स को तख्त पर बिठाया गया। वह दो साल का लड़का था इसलिये जलानुद्दीन खिलजी को उसका रीजेंट बनाया गया। उसका नतीजा यह हुआ कि कैकोबाद कत्ल किया गया और क़ैमुर्स का भी यही हश्र हुआ और दिल्ली के तख्त पर खिलजी खानदान आरूढ़ हुआ।

अमीर खुसरो वहा हाजिर थे। खिलजी ने उन्हें मसहफ़दार बनाया। उनके कारनामों पर एक मसनवी मिफताह उलफतूह लिखी गई। उनको बारह सौ तंगें (रुपयों) का वेतन निश्चित हुआ। कैकोबाद पीछे पड गया और जलालुद्दीन खिलजी की तारीफ होने लगी। राजस्थान के किले की फतह हुई और उसका भी खुसरो ने ज़िक्र किया है।

जलालुद्दीन के बाद उसके जामात, कड़ा मानिकपूर के सूबादार अलाउद्दीन खिलजी की बारी आयी। उसकी अपनी बेवी से लड़ाई होती थी और उससे उकताकर उसने दकन फ़तह करने का मनसूबा बनाया। अगर वह बेवी से झगड़ा न करता तो दकन में तुर्कों की हुकूमत इतनी जल्द तो न होती बहर हाल उसने दकन पर हमला किया और बहुत संपत्ति और दौलत हासिल की। खुसरो जलालुद्दीन के साथ ग्वालियर में थे। अगर अलाउद्दीन कड़ा मानिकपूर को लोटे तो उसको रोकने की सलाह जलालुद्दीन के मुसाहिबों नें दी। उसने सलाह नही मानी। वह इलाहाबाद पहुंचा और जैसे होना था कत्ल किया गया।

अलाउद्दीन खिलजीने सारी दौलत तक़सीम करनी शुरू कर दी और दिल्ली में दाखिल हुआ और तख्त पर बैठा। अब खुसरो वहाँ पहुँचे। अलाउद्दीन ने जलालउद्दीन को जो धोकेसे कत्ल किया इसपर एक लफ़्ज़ नही बोले। उन्होंने कहा जो होना था हुआ। क़िस्मत ऐसी थी। उनके कलाम को इतिहास में क्या हैसियत है इसको समझने के लिए इन बातोंको उपेक्षित नहीं किया जा सकता।

वाले इनकिलाब पर उनका ध्यान नही था। मध्य एशिया और खुरासान की संस्कृतियों को उन्होने नष्ट कर डाला था। हज़ारो, लाखो आदमी घरबार खोकर फिर रहे थे। इस महान परिवर्तन का किसी इतिहासकारने उल्लेख नही किया है। जियाउद्दीन बरनी और तबकात नासिरी में कुछ हद तक इनका ज़िक्र पाया जाता है लेकिन दार्शनिकता और विश्लेषण नज़र नही आता। सिराज अफ़ीफ़ की किताब तारीखे फिरोजशाही में भी मंगोलों के जुल्म और क्रूरता के उल्लेख पाये जाते है परंतु मध्य एशिया में जो भीषण हत्याकांड हुआ उसका विश्लेषण नही।

यह काल वह था जब दिल्ली में तुर्कों की हुकूमत उभर रही थी और गुलाम खान्दान में उत्तराधिकार के झगड़े चल रहे थे। चंगेज़ खान की भी हिन्दुस्तान पर नज़रे पडीं। १२१० के बाद इलतुतमिश के जमाने में सिंधू नदी तक मंगोलोंने पीछा किया। इस समय से लेकर १३२५ तक जो मंगोलो के हमले हुए और हिन्दुस्तान के उत्तरपश्चिम में जो संहार हुआ उसका अंदाज़ा आसानीसे नही हो सकता। अमीर खुसरो ने मगोलोके स्वरुप और स्वभाव का वर्णन किया है कोई साल उनके हमलों से खाली न था इसलिए उस जमाने में पजाब की क्या हालत होगी इसका अदाज़ा करना मुश्किल होता है।

ऐसे ज़माने में गुलाम खानदान की नजरे उत्तरपश्चिमी सरहदो पर लगी रही। यह खयाल कि इन सुलतानो की हुकूमत गज़नी और काबुल पर थी, दुरूस्त नही, अलबत्ता मुलतान उनका ज़बरदस्त हेडक्वार्टर था। लाहोर, सीमाना, देबलपुर में च्अछे अच्छे सिपहसालारो की कमान में फ़ौजे तैयुनात थी।

ऐसे समय में खुसरो की जिंदगी मे एक घटना हुई। सुलतान मुहम्मद मुलतान में अमीर खुसरो की शेरोशायरी की महफिलो में मशगूल था उस समय खबर आई कि मंगोलो की तीस हज़ार फौज लाहोर पर हमला करने आ रही है। सुलतान मुहम्मद मुलतान से निकला और रावी के किनारे लडाई हुई इस में वह मारा गया। खुसरो गिरफ्तार हुआ ओर इस सकट का खुसरो ने दर्दनाक वर्णन किया है। यह घटना ७ मार्च १२८३ में हुई और इस पर खुसरो का लिखा मर्सिया अनूठा है। यह मर्सिया जब बलबन के दरबार में सुनाया गया तो वह बेहोश हो गया। अपने बेटे के इन्तिकालसे वह व्यथित हुआ। उसने अपने बेटे नासिरूद्दीन बुगरा खाँ को बंगाल से बुला भेजा पर वह नहीं आया। तख्त के वारिस अब सुलतान मुहम्मद का लड़का कैखुसरू और नासिरूद्दीन का लड़का कैकोबाद थे बलबन ने वसीयत की कि मेरे बाद सुलतान मुहम्मद के लड़के को तख्तपर बिठाया जाय। लेकिन उसका इंतिक़ाल होते ही दिल्ली में कोतवाल के भतीज़े निज़ामुद्दीन ने जो राजकाज में प्रवीण था कैकोबाद को तख्तपर बिठाया। वह अठारह साल का लड़का था और अपने दादा की सख्त तालीम की पाबन्दियां उठ जाने पर बड़ा अय्याश हो गया। नासिरूद्दीन बंगाल से निकला और अयोध्या के मकान पर बाप बेटे की मुलाक़ात हुई। बाप ने देखा कि क़ैकोबाद की फ़ौज का मुक़ाबिला नही कर सकता तो उसने बात बदल दी और उससे कहा कि मैं तुमसे मिलने आया हू और खुद तुम्हारे सिर पर ताज रखना चाहता हूं। इस तरह यह झगड़ा खत्म हुआ।

अमीर खुसरो यहाँसे लौटने के बाद अवध में एक अमीर हाशम खाँ के आश्रय में रहे कैकोबाद के कहनेपर उन्होंने बापबेटे की मुलाक़ात पर एक मसनवी लिखी जिसको क़िरानुस्सादैन कहा जाता

खुसरो की पृष्ठ भूमि दिल्ली की पृष्ठ भूमि है। और तुर्कों की सलतनत कायम हुए पूरे पचास साल भी नहीं हुए थे। उनका दिमाग शेर और शायरी की तरफ झुका हुआ था और लोगों ने भी देखा कि ये बहुत आगे चले जा रहे हैं। उनके नाना उनके नाज़ उठाये जा रहे थे और २० साल की उम्र में सन १२७३ में नाना का इन्तिकाल हुआ। यह गियासुद्दीन बलबन का काल था जो नासिरुद्दीन के पश्चात् सुलतान बन गया था।

खुसरो बलबन के दरबार से संबद्ध होना चाहते थे लेकिन मालूम यह होता है कि बलबन की तबीयत सख्त थी और वह हर मामले में सतकर्ता से चलता था और फिजूल खर्ची टालता था। इसलिये उन्होंने सोचा कि किसी और के दरबार से सबद्ध हो जाएँ। संजोग से वे बलबन के भतीजे बारबक के दरबार से जुड़ गये। उस वक्त तक उनकी शायरी का दिल्ली में बड़ा बोलबाला हो चुका था। बीस सालकी उमर तक उन का जो कलाम था उनके दोस्त ने इकठ्ठा किया। उनके मना करने पर भी उनको एकजा कर ही दिया जिस के नतीज़े में उनका पहला दीवान तुहफ़तुस्सगर तैयार हो गया। उसके बाद वे किशलू खाँ के साथ थे। वहाँ एक घटना ऐसी हुई कि जिस की वजह से उनकी किसमत बदल गई। यह वाकिया यह रहा कि बलबन के जमाने में खानापीना गुलछड़ उडाना तवाइफ़बाजी इन सब पर बड़ी कड़ी पाबन्दिया थी इसलिए लोग चोरी छुपके एक दूसरे के घर में जमा होकर गाना बजाना सुनते थे। किशलू खाँ के मकान पर आते ही एक रात बलबन का छोटा लड़का दाखिल हुआ और वहाँ शेर ओ शायरी की जो महफिल जमी हुई थी उसमें खुसरो का कलाम सुनकर उसने जो तोहफा दिया वह खुसरो ने कुबूल कर लिया। यह बात किशलू खाँ को बहुत बुरी लगी। खुसरोने बराबर समझाने की कोशिश की कि मै इनकार नही कर सकता था क्यों कि वह आखिर शहजादा था लेकिन किशलू खाँ ने नही माना। डर के मारे खुसरो बुगरा खाँ के साथ चले गये और उसके मुसाहिब बन गये।

कुछ दिन गुज़रे तो बंगाल से बगावत की खबरे आने लगी। बलबन ने पै दर पै उनके खिलाफ फौज भेजी लेकिन वह हार कर वापस हुई। आखिर बलबन ने सोचा कि क्यों न खुद ही जाकर बगाल में तुगरल का बन्दोबस्त किया जाए। और जाते जाते उसने बुगरा खाँ से कहा कि तुम भी मेरे साथ चलो। बुग़रा खाँ के साथ खुसरो को भी जाना पडा वरना दिल्ली से खुसरो को जो भारी प्रेम था उसकी वजह से उसकी वजह से वह किसी तरह दिल्ली को छोड़ने के लिये तयार न थे। वे बलबन और बुग़रा के साथ बगाल पहुँचे। तुग़रल की बग़ावत को कुचल रखा गया। वह मारा गया और बुगरा खाँ को जब वहाँ का हाकिम बनाया गया तो बलबन ने कहा देखिये जो बगावत करते है उनका अंजाम!

अमीर खुसरो के दोस्त ने कोशिश की कि वह बंगाल में ही रहे लेकिन उन्होंने नही माना। बंगाल की आबोहवासे घबराए और वापस हो गये। वापसी के बाद दिल्ली में इस विजय का उत्सव मनाया जा रहा था। उसमें खुसरो शरीक हुए और बलबन के बड़े लड़के सुलतान मुहम्मद से उनकी मुलाक़ात हुई और वे बाद में खुसरो को अपने साथ मुलतान ले गये।

यहाँ मंग़ोलों के जो हमले हो रहे थे उनका उल्लेख करना आवश्यक है क्योंकि उस जमाने के इतिहासकारों की नजरें सिर्फ बादशाहों के हालात पर लगी हुई थी और मंग़ोलों के हमलों से होने

मत मुसलमानोंने क़ायम की थी। इस मामले में बड़ी एहतियात बरतने की जरूरत है। यहाँ तुर्कों ने जो हुकुमत क़ायम की थी उसमें उन्होंने मज़हब का केवल राजनीतिक उद्देश्य से सहारा लिया था उन्होंने उलमा को अपने कारोबार में दखल देने से रोका था। इन सुलतानो की निजी ज़िंदगी, उनके राजनीतिक संबंध उनका बरताव शरई मामलो में उनका दृष्टिकोण ये सब चीज़ें देखने पर इतिहासकार यही कहेंगे कि उनका धर्म इस्लाम भले ही हो, लेकिन उनकी हुक़ूमत को थियाक्रेसी कहना ग़लत है।

अंगरेज़ो के काल में लिखित इतिहास पुस्तकों में तीन काल बताए गये है, हिन्दू पीरिएड, मुस्लिम पीरिएड और ब्रिटिश पीरिएड। सन् १२०६ तक हिन्दू पीरिएड और १२०६ के बाद का मुस्लिम पीरिएड। अगरेज़ की चालाकी यह है कि उसने ब्रिटिश पीरिएड को क्रिश्चिय्रन पीरिएड नहीं कहा।

हिंन्दुस्तान में जिन बाहरके लोगो ने बड़ी जबरदस्त हुक़ूमत कायम की वे है तुर्क और अफगान। मुगल तो तुर्कों में से ही थे। यह कहना ठीक होगा मसलन् राजपूत पिरिएड, मौर्य पीरिएड, तुर्को अफगान पीरिएड, तुर्कोमुगल पीरिएड और उसके बाद ब्रिटिश पीरिएड। इस से एक ही पीढी के बाद विद्यार्थी यह नही कहेगे कि मुसलमानो ने यहाँ एक हज़ार साल हुकुमत की। हमारे मुल्क मे हिंन्दू मुसलमानो को क़रीब लाने के लिए यह बहुत ज़रूरी है। तुर्कों की जो हुकूमत दिल्ली मे क़ायम हुई वह ग़ुलाम वश की हुकूमत थी। सन् १२१० में कुत्बुद्दीन ऐबक का इतिकाल हुआ। इसके बाद शम्सुद्दीन इलततमिश १२१० से १२३४ तक तख्तपर रहा। इसके ज़माने में खुसरो का खानदान मध्य एशिया से हिन्दुस्तान आया। इस खानदान का सबध किस इलाके से था इस के बारेमें मतभेद है परंतु वहीद मिर्ज़ा के कथन के अनुसार पहले उसने बल्ख में पड़ाव डाला और फिर हिन्दुस्तान पहुँचा।

इस खानदान ने शम्सुद्दीन इलतुतमिश के काल में काफी नाम पैदा किया था। खुसरो के पिता को जागीर मिली और सन् १३५३ में पतियाली में अमीर खुसरो पैदा हुए। उनके बचपन में ही उनके पिता की मृत्यु हुई। लोगो का खयाल है कि यह काल नासिरूद्दीन का था जब कि मुल्क में यादवी लड़ाई चल रही थी। इसी को मराठी में "बेबन्द शाही" कहते है।

जब खुसरो की उम्र चार साल की थी तो उन्हें उनके नाना के पास भेज दिया गया। सभवतः उन्होंने उस समय के दिल्ली दरबार की रौनक़ देखी होगी और उस रौनक का सिक्का उनके दिल में बैठा होगा। हिन्दुस्तान के लिए सौभाग्य की बात यह हुई की उन की माता उन्हें लेकर दिल्ली आयी। नाना के आश्रय में खुसरों की शिक्षा शुरू हुई और ये नाना थे ईमाद उल मुल्क। अपने नाना के बारे में खुसरो ने जो जिक्र किया है उसके अनुसार वे तुर्क नही थे और गोरे नही बल्कि काले थे। यदि वे अपने बाप के साथ रहते तो उन्हे ज़िया उद्दीन बरनी की तरह श्रेष्ठ वंश का दावा रहता। नाना हिन्दी ठहरे, माँ हिन्दी ही बोलती होगी इसलिये खुसरो की मातृभाषा हिन्दी ही होगी। अलबत्ता तुर्की और फ़ारसी उनके लिये ओढ़ना बिछौना हो तो कोई अचम्भा नहीं।

अपने नाना के बारे में उन्होंने कहा है कि वे बहुत उदार थे और उनका दावतखाना बेहद बड़ा था। वे घुड़सवार पलटनों के मुहासिब थे और पान खाने के बड़े शौक़ीन।

और ये जयपुर में सुरक्षित रखे गये हैं। इस तरेह से आपको हिन्दुस्तान के विभिन्न ग्रंथालयों में जैसे, सालारजंग लाइब्रेरी हैदराबाद, आसफिया लाइब्रेरी हैदराबाद, खुदाबख्श लाइब्रेरी बांकीपुर, अबुल कलाम आजाद लाइब्रेरी अलीगढ़ और किस्म किस्म के ग्रंथालयों में आपको जो फ़ारसी में मैटर मिलता है, उसमें वकायें, स्वयंलिखित हालात मिलेंगे, रिपोर्टें मिलेंगी, याद दाश्तें मिलेंगी औरंगजेब के पत्र मिलेंगे और सलतनत के दरबारियों के लेख मिलेंगे और आये दिन ये मिलते ही जा रहे है।

औरंगज़ेब के ज़माने में जो हालात थे याने आर्थिक, खेतीबाडी के और सामाजिक हालात थे उनके बारेमें लिखने के लिये साधनों की कमी नही है लेकिन जैसे जैसे आप अकबर से पीछे के ज़माने की तरफ वापस होते है, आप महसूस करते हैं कि यह सामान एकदम लुप्त होता है। तेरहवीं और चौदहवी सदी का तो कहना ही क्या ? हिन्दुस्तान में आज सबसे पुराना जो फ़ारसी का कागज मिला वह सन १३८५ से पहले का है और वह बहमनी ज़माने का क़ागज़ है जो हैदराबाद के दफ्तर दीवान माल मे रखा हुआ है। इससे पहले के क़ागज़ात गये कहाँ ?

आज जब हम इस जमाने की तारीख का जायज़ा लेना चाहते है तो कौनसे साधन ढूढें ? सौभाग्य की बात यह है कि उस ज़माने में भी जब यह तुर्क सुलतानों की हुकुमतें दिल्ली में कायम हुई, महमूद गजनवी के ज़माने से वैसे भी लोग यहाँ जमा होते रहे जो खानदानों के हालात लिखते रहे। वे तो कोई पेशावर इतिहासकार तो थे नही लेकिन उनको लिखने का शौक था और उनकी किताबें काल की क्षतियोसे बची हुई हैं। लेकिन जिन साधनों की सहायता से उन्होंने वे किताबें लिखी है वे गायब है। आज भी अगर आप मध्ययुग का वह भण्डार देख लें, दस पाँच किताबों के भी नाम ले लें तो आप का यह जायजा ही खत्म हो जाता है। लेकिन औरगजेब, शाहजहाँ और जहांगीर के जमाने की बात ऐसी नही। इस ज़माने के साधनो का उल्लेख करते आप थक जाएगे। लेकिन अलाउद्दीन खिलजी मुहम्मद बिन तुगलक, या गियासुद्दीन बलबन या नासिरूद्दीन के जमाने के मुताल्लिक आप देखेंगे कि पाँच पच्चीस किताबो में सब मुआमला खत्म हो जाता है। और उसी पर आप को भरोसा करना पड़ता है। इसलिए यह जो कुछ भी जखीरा बचा हुआ है उसका महत्व शतशः बढ जाता है।

आप जानते है कि हिन्दुस्तान में जो जो हुकूमतें कायम हुई है, उन में गजनवियों की हुकूमत पहले पजाब में फैली। सन ९९९ में पेशावर उनके हाथ चला गया। सन् १०२७ में लाहोर उनके हाथ गया और महमूद ग़ज़नवी का खान्दान हिन्दुस्तान में आकर बस गया। फिर डेढ़ सो सालका समय हम देखते है और फिर सन् ११९३ में मुहम्मद ग़ोरी के ज़माने में दिल्ली के पास भयानक लड़ाई हुई। इस को तराई की लडाई कहते है। पहली लडाई में तो मुहम्मद ग़ोरी की हार हुई लेकिन दूसरी में जीत हुई और दिल्ली और अजमेर पर ग़ोरियों का क़बज़ा हुआ और मुहम्मद ग़ोरीके नायब कुत्बुद्दीन ऐबक को हिन्दुस्तान के गोरियो के इलाक़े का सूबादार बनाया गया। यह तुर्कों की सलतनत का प्रारंभ है।

इस सिलसिले में एक बात याद रखना ज़रूरी है। वह यह है कि जब इतिहास की चर्चा चल रही हो तो पूर्वसूरि कुछ भी कहते हों परंतु आधुनिक लोगों को तो यह नहीं कहना चाहिए कि हुकू-

किताब खुसरो ऐंड हिज टाइम्ज (Khusrau and his Times) में यह जो फ़रमाया है कि खुसरो की मादरी जबान नज्म थी और उन्हे गद्य लिखने में कठिनाई पेश आती थी बिलकुल सहीह है ।

गद्य में उनकी दो किताबें है एक वह है जो इँशा के तौर पर लिखी गई है याने 'ऐजाज खुसरवी'' और दूसरी वह जो तारीख से ताल्लुक़ रखती है याने अलाउद्दीन खिलजी द्वारा दकन के आक्रमण से । यद्यपि उस में राजस्थान की मुहिम्मात का भी उल्लेख है लेकिन उसमें ज्यादह तज़किरा आप को मिलेगा मलिक काफूर के दकन के आक्रमणो का जो दकन के इतिहास के लिए एक बहुत बडा साधन हैं । उसका नाम है "खजाइन उल फुतूह" । एक और छोटी सी किताब में उन्होने शेख निजामुद्दीन अवलिया के बचनो का सग्रह किया है । यह बहुत सरल फारसी मे है उसका नाम है अफ़जल उलफ़वाइद ।

खुसरो को हमेशा इस बात पर रश्क था कि उनके दोस्त हसन सजरीने "फवाइद उल फवाद" को तरतीब दी और उस में उन्होने शेख के इरशादात को कलमबन्द किया था । उन्होंने कई बार कहा था कि "काश ! वह किताब मुझे दे दें और मेरा पूरा कलाम ले लें । लेकिन खुद अपना मसविदा शेख को जरूर दिखा लेते थे और जैसा कि मजकूर है शेख ने उसको देखकर संशोधन भी किया है और यह भी कहा है कि यह कार्यप्रवणता बडी अच्छी है आप उसे जारी रखिए । साराश खुसरो का बेशतर कलाम पद्य में है गद्य मे कम है ।

यहाँ बडी उलझन इतिहास के अभ्यासको को आ पडती है और वह भी पद्य में और एक शायर लिख रहा है । तो तारीख की तरफ देखने के लिये जिस प्रकार के वास्तववाद (objectivity) की आवश्यकता है वह खुसरो में है या नही । लेकिन खुसरो को जो मौक़े हासिल थे अपने माहौल के अध्ययन के लिए उन्होंने जो भी फाइदा उठाया वह मध्ययुगीन इतिहास के अभ्यासकों के लिये बहुत ही कीमती साबित होता है ।

यह कहने की कोई जरूरत नही है कि हिन्दुस्तान के इतिहास के जो साधन है, पाण्डुलिपियाँ उक्तियाँ, दस्तावीज या प्रकाशित पत्र वगैरेह, वे सब सोलहवी सदीके बाद से प्राप्य है । अकबर नामा या आईन–ए–अकबरी की बुनियादें जिस सरकारी दफ़्तर पर कायम की गई थीं, अकबर नामा या आइन–ए–अकबरी में अबूल फज्लने जिन कागजात से फाइदा उठाया था, आज वह अभिलेखा, संग्रहालय एकदम लुप्त हो गया है । हम यह नही समझ पाते कि अकबर का वह रिकार्ड आफ़िस जिस में हजारो मसलें होगी राजदूतों के सवाद होंगे अधिकारियो वकायैनवीसों के वकायै होगें वे सब कहाँ गये ? आप अगर ढूँढें भी तो आप को पता नही चलेगा ।

लेकिन शाहजहान के जमाने से ये क़ागज़ात और पाण्डुलिपियाँ इतनी बड़ी संख्या में प्राप्य हैं कि जहाँ हमें अकबर के काल तक इतिहासकारो के ग्रंथो पर निर्भर रहना पड़ता है वहाँ औरंगजेबकी तारीख लिखनेवाले को बड़ी परेशानी होती है कि किस क़ागज से लाभ उठाया जाय । अखबाराते दरबार–ए–मुअल्ला जो औरंगजेबके जमाने के हैं और इन में से जो क़ागज़ात प्राप्त हुए है उनका बड़ा भाग लुप्त होने के बावजूद आज उन फ़ारसी क़ागज़ात की तादाद सात हजार है

एक इतिहासकार की हैसियतसे अमीर खुसरो की अहमियत[1]

सेतु माधवराव पगडी

अमीर खुसरो की शखसियत रंगीन हमागीर और प्रभावी है, क्या एक अदीब की हैसियत से, क्या एक शायर की हैसियत से क्या एक सूफीसाधु निज़ामुद्दीन अवलिया के भक्त की हैसियत से क्या हिन्दुस्तान के समाजी वायुमण्डल की बड़ी बारीक बीनी से अध्ययन करनेवाले एक बड़े सियासत दान की हैसियत से ।

अगर खुसरो की शखसियत के किसी भी पहलू पर आप नज़र कीजिए तो यह कहना बिलकुल सहीह होगा कि सदियाँ गुज़रने पर शायद कुदरतने एक आध ऐसा इनसान पैदा करना मंज़ूर किया होगा । यह हिन्दुस्तान के लिये एक गर्व की बात है कि एक विश्वव्यापी कीर्ति का बड़ा व्यक्ति हमारे देश में पैदा हुआ और आज यद्यपि उन को गुज़रे हुए कमोबेश छः सौ पचास साल हो गए हैं लेकिन इस के बावजूद मध्ययुगीन भारतीय इतिहास के अभ्यासको को अच्छी तरह से मालूम है कि उस समय के आर्थिक, सियासी और सांस्कृतिक शक्तियो का जायज़ा हमें लेना है तो खुसरो का कलाम देखे बग़ैर हम एक कदम भी आगे नही बढा सकते । इस में खुसरो की अहमियत एक इतिहासकार की हैसियत से मान्य की गई है । उनके पाँच दीवान है जो विभिन्न काल में लिखे गए है । एक तो ऐन उस समय जब कि उन की उम्र अठारह उन्नीस साल की थी । दूसरा उस समय का जब कि उन की उम्र चौंतीस पैंतीस साल की होगी । फिर जब वृद्ध हो गये थे उस के बाद के उनके दीवान, इस तरीक़े से उनके जो पाँच दीवान एक के बाद एक लिखे गये है ये हैं (१) तोहफ़त उस्सगर, (२) वसतुल हयात (३) गुर्रतुल कमाल (४) बकिया नकिया और (५) निहायतुल कमाल ।

जब उल्लाउद्दीन खिलजी के ज़माने में उनको यह खयाल गुज़रा कि निज़ामी गंजवी के जवाब में हम भी एक खमसा (पंचक) लिख डालें । तो एक छोटे अर्से में उन्होंने यह बताने के लिये कि हम भी उनके हमपल्ला है यह खम्सा लिखा और वही मज़मून उन्होने अपने खमसे के लिये लिया जो निज़ामी गजवीने लिखा था उसी तरह उन्होंने जो पाँच मसनबियाँ लिखी ये हैं (१) मतलै उल अनवर (२) शीरीन खुसरो (३) आईना–ए–सिकंदरी, (४) मजनूलैला और (५) हश्त बहिश्त ।

लेकिन हमें जिनपर ज्यादह बहस करनी है वे उनकी तारीखी मसनवियाँ हैं क्यों कि खुसरो की एक इतिहासकार की हैसियत से क्या अहमियत है वह हमे देखना है । प्रोफ़ेसर हबीबने अपनी

१. श्री सेतुमाधवराव पगडी के व्याख्यान पर आधारित

यह एक छोटी सी दास्तान है एक ऐसे चिन्तक के साहित्य तथा काव्य की उपलब्धियों की जिस का व्यापक व्यक्तित्व विद्या और पाण्डित्य, नीति और ज्ञान के समस्त अंगों पर छा गया है और जिस पर नज़ीरी का यह शैर पूरी तर से यथार्थ ठहरता है।

ज़ फ़र्क़ ता बक़द्म हर कुजा कि मी निगरम।
करिश्मे दामने दिल मी कशद कि जा ईं जास्त।

अन्धानुकरण करते हैं उनका शायर होने का दावा झूठा ठहराते हैं। उन्होंने श्रेष्ठ साहित्यकार और शैलीकारों की एवं श्रेष्ठ साहित्य और शैली के सम्बन्ध में कतिपय कसौटियाँ बतलायी हैं।

अमीर खुसरोके अरबी और हिन्दी कलाम के सम्बन्ध में एक लघु टिप्पणी इस प्रकार हैं :

खुसरोने अरबी में काफ़ी कविताएं लिखी हैं। ऐजाजे खुसरवी मुश्किल से शीर्षक होगा जिसमें उन्होंने अरबी के शेर दर्ज न किये हो। ये खुद उनके शेर हैं परन्तु उनका ढग मामूली है। उनका अरबी का अध्ययन गहरा था परन्तु अरबी में साहित्य सृजन एक कठिन बात है। न ही वे अरबी में कविता करना कोई गर्व की बात समझते थे।

"तुर्के हिन्दुस्तानियम मन हिन्दवी गोयम जवान
शकरे मिसरी न दारम कज़ अरब गोयम सुखन।

(मै हिन्दुस्तानी तुर्क हू इस लिए मै हिन्दवी में जवाब दे सकता हूँ।

मेरे पास मिसरी (अरबी भाषा) नही है इसलिए मै क्यो कर अरबी में शायरी कर सकूगा?)

इसके अलावा उन्हें हिन्दी भाषा पर गर्व था। गुर्रतुल कमाल की इस पक्ति से स्पष्ट हो जाता हैं :

"चू मन तूतिए हिन्द अम अर रास्त पुरसी
ज़ मन हिन्दवी पुर्स ता नग्ज गोयम।

(मै हिन्दुस्तान का तोता हू इसलिए मुझे हिन्दी के विषय पर पूछो तो मीठी बातें कहूगा।)

अमीर खुसरो की मातृभाषा हिन्दी थी और कभी कभार उस भाषा में वे काव्य रचना भी करते थे। वे देशभक्ति को ईमान समझते थे। यह खेद की बात है कि उनके हिन्दी साहित्य के नमूने ज़माने ने बचने नही दिये और जो बच भी गये है वे सन्देह से मुक्त नही हैं। फिर भी वे हिन्दी के निष्णात साहित्यकार हैं और काफ़ी साहित्य धन छोड गये हैं। उन की नष्ट कृतियो को खोज ने की पूरी कोशिश भी नही हुई। उनके हिन्दी साहित्य के नष्ट होने से हिन्दुस्तानी भाषा की अभिवृद्धि कई सदियाँ पीछे पड़ी। हिन्दुस्तानी भाषा जो तेहरवी और चौदहवी सदी में शायरी की ज़बान बन गई थी वह तीन सदी के बाद भी शैशवावस्था से आगे नही बढ़ी है।[1]

अमीर खुसरो की शायरी हिन्दुस्तान के उस दिलचस्प दौर का आईना है जब मुल्क के विभिन्न तत्त्व घुलमिल रहे थे। उन का कलाम प्राप्त होने से यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो जाती कि भारत सम्मिश्र सभ्यता, जिसका राग आजकल हर जगह अलापा जाता है अमीर खुसरो को देन है। यक़ीनन् उनकी हिन्दी शायरी, उनकी सहिष्णुता, मानवता प्रेम और सर्वकष विचार धारा पर प्रकाश डालती है

१ अमीर खुसरो ने जिस हिन्दी जबान में शायरी की होगी वह जबान देहलवी थी और खुसरो के कथन के अनुसार दिल्ली और आसपास के इलाके मे उसका रिवाज था। मसऊद साअद सलमान के हिन्दी दीवान के अस्तित्व पर औफी और खुसरो के कथन उल्लेखनीय हैं। हो सकता है कि उन्होंने लाहोरी भाषा में कविताएँ की होंगी। इससे यह बात सिद्ध हो जाती है कि करीब दो सदी पहले यह भाषा काव्य रचना की क्षमता रखती थी।

खिलजी के इन्तिकाल के बाद का कलाम शामिल है और आखरी दीवान निहायतुल कमाल" है। जिस में तुगलक सुलतानों के नाम कसीदे हैं और कुछ तारीखी मसनवियाँ भी हैं। यह तारीखी तरतीब शायद फ़ारसी अदब की तारीख में अपनी मिसाल आप हो।

गद्य में उन की दो रचनाएं हैं (१) "ख़जाइन उल फ़ुतूह" और "रसायल ऐजा जे खुसरवी"। इसके अलावा उन के दीवानों के मुकद्दमे हैं जिन में "गुर्रतुल कमाल का" मुकद्दमा जिक्र के काबिल है। ख़जाइन उलफतूह अलाउद्दीन खिलजी के दो बड़ी लड़ाइयो याने अरंगल (वरंगल) की फतह और माबर (तामिलनाडु) पर हमले के सम्बन्ध में है। उसकी शैली बहुत अरबीमिश्रित है और उसे आम आदमी तो क्या खवास भी उसको अच्छी तरह से समझ नहीं पाते। यह उन के नवीनताप्रेम के अनुरूप ही है हो सकता है कि इस क्लिष्ट शैली द्वारा वे दरबार की कुछ घटनाओ पर पर्दा डालना चाहते हो। उनके उपमा अलकार समझना विद्यार्थियोंके लिए कठिन है। यद्यपि आम आदमी के लिए गद्य ही स्वाभाविक सम्पर्क माध्यम है फिर भी खुसरो के लिये विचार प्रकटन का आसान माध्यम पद्य ही था। उनकी कविताओ मे गद्य की सभी खूबियाँ मौजूद है जब कि उनके गद्य में सभी प्रकार के दोष हैं।

शब्दो के सम्बन्ध मे खुसरो ने एक लम्बी बहस की है। रसाले लिखने के तरीक़े, फारसी और अरबी शब्दो के विभिन्न अर्थ, श्लेष इत्यादि पर उन्होने प्रकाश डाला है। समीक्षा के सम्बन्ध में भी उन्होंने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किये हैं। उनके दीवानो के मुकद्दमों में खास तौर से गुर्रतुल कमाल के मुकद्दमें उन्होंने समीक्षा के समग्र अंगो पर चर्चा की है। गद्य पद्य साहित्य का तौलनिक अध्ययन करते हुए उन्होने गद्य की उपेक्षा पद्य को अधिक महत्व दिया है और उस का एक तर्क यह पेश किया है कि पद्य को तोडो तो गद्य हो ही जाता है परन्तु गद्य कभी पद्य नही बन सकता।

इसी तरह उन्होंने फ़ारसी और अरबी शायरी की तुलना की है। हो सकता है कि उनके काल में इस विषय को बड़ा महत्व था परन्तु मौजुदा दौर का समीक्षातन्त्र पूरीतरहसे बदल चुका है इस लिए एक भाषा की शायरी को दूसरी एक भाषा की शायरी से अधिक पसन्द ठहराना ठीक नही होगा। अमीर खुसरो ने यह बात साबित करने की भी कोशिश की है कि दिल्लीवाले शायरी में तमाम दुनिया के लोगो से श्रेष्ठ हैं।

"सुकनाए देहली बतबअ अज नेकू तबआने–
हमा आलम गालिब आयन्द"

वे कहते हैं कि हिन्दुस्तान की फारसी भाषा ईरान की फारसी से अधिक शुद्ध है इसलिए कि ईरान की लिखित फ़ारसी बोलचाल की फ़ारसी से भिन्न परन्तु हिन्दुस्तान में लिखित और बोलचाल की भाषा में कोई भिन्नता नही पायी जाती।

अमीर खुसरो फ़ारसी के प्रमुख शैली कारों में हकीम सेनाई, अन्वरी, ज़हीर फ़ारयाबी और निजामी को मानते हैं। उनका अनुकरण करनेवालों को वे उनके शागिर्द कहते और जो उनका

"तुमको तो धूप में मुद्दतों फिरना पड़ा है, फिर तुम्हारे केश काले कैसे रह गए ?"

"तुम्हारी आँखें काली इस लिए है कि उन में सूरज का गुजर नहीं।"

"अगर विरह रजनी प्रेमी की उम्र में जोड दी जाए तो उसकी उम्र कितनी बढ़ जाती है।"

"महबूब किसी तरह नही चाहता कि आशिक़ की ग़म की रातें छोटी हों। यदी वे उसको कम होती दीखी फौरन् अपनी ज़ुल्फ़ो के पैवन्द लगाकर उनको दीर्घ बनाता है।"

"जब ज़ुल्फ दुनिया को फ़तह करनेवाली सेना हो तो उस को बिखरने की (परेशान करने की) घटना से दुनिया बरबाद हो जाती है। मानो महबूब को इसका भेद मालूम था उस वजह से उसने ज़ुल्फ़ को परेशान किया और दुनिया परेशान हो गयी।"

अमीर खुसरो के यहाँ अक्सर गज़लें ऐसी मिल जाती हैं जिसमें निरूपण की धारा अखण्डित रहती है। कई लोगों ने इसको गज़ल गोई की एक त्रुटि माना है। यदि यह एक दोष भी हो तो खुसरो ने उस को दूर करने की चेष्टा की है। फिर भी एक छोटे पद्य में विपुल कल्पनाविलास प्रकट करना खुसरो का कमाल है कि लोग दाद देने पर मजबूर होजाएँ।

अमीर खुसरो के शायराना कमालात का बयान अधूरा रह जाएगा अगर उनके मर्सियों का ज़िक्र न करे जो उन्होंने खान शहीद शहज़ादा सुलतान मुहम्मद की शिहादत पर कलमबन्द किये हैं। व इस घटना को देश तथा राष्ट्र की आफ़त कहते हैं इस लिए इस का दर्जा व्यक्तिगत शोकगीत (मर्सिये) से कहीं ऊँचा है। चूंकि वे स्वयं इस घटना के साक्षी थे इसलिए इस में एक तरफ शोक दर्द और तासीर है और दूसरी तरफ़ घटना की तफ़सील के साथ तारीख़। एक और वजह से उनके मर्सियों की अदबी और तारीखी हैसियत बढ जाती है वह यह है कि तातारों के उपद्रव का इस्लामी दुनिया से सम्बन्ध। इस संकट से इस्लामी दुनिया को जिस प्रकार की मुसीबतो में गिरफ़्तार होना पड़ा उस की मिसाल दुनिया की तारीख़ में शायद न हो। ये मर्सिए अमीर के दीवान वसतुल हयात में शामिल हैं। अमीर खुसरो ने अपने बेटे का मर्सिया ग़ुर्रतुल कमाल में और नाना का मर्सिया तोहफ़तुस्सगर में शामिल किया है। लड़के की वफात ऐसा सानिहा होता है जो सख्त से सख्त आदमी के दिल को दहला देता है। अमीर खुसरो ने एक मर्सिये में अपने जज़बात क़लमबन्द किये हैं लेकिन जो बात खान शहीद के मर्सिए में है उन से ये दोनो शख्सी मर्सिये खाली हैं। वजह जाहिर है कि वे क़ौमीओ मुल्की और राष्ट्रीय आफत है जो एक व्यक्तिगत शोकगीत से अधिक विचार योग्य है। अमीर की राष्ट्रीय भावना ने उसके इस मर्सिये को तासीर बढ़ा दी है।

अमीर खुसरो तबीयत से कोई न कोई नयी बात बनाने के शौक़ीन थे। यद्यपि वे किसी का अनुकरण भी करना चाहते तो उस में एक नया रास्ता निकाल लेते थे। उन्होंने मसनवियों के लिए नये वृत्त खोज लिये। अपने दीवानो की रचना इतिहास के अनुरूप बनायी है। पहला दीवान तोहफ़तुस्सगर" है जिस में सोलह साल से उन्नीस साल तक का कलाम है। दूसरा है "वसतुल हयात" जिस में बीस साल से चौतीस साल का कलाम है। तीसरा दीवान है "ग़ुर्रतुल कमाल" जिस में चौतीस साल से तैंतालीस साल तक का कलाम शामिल है। चौथा दीवान "बक़िया नक़िया" है जिस में अलाउद्दीन

अदब में तारीख़ी लिटरेचर शामिल हुआ और उससे उसकी विशालता भी बढ़ गई। उल्लेखनीय बात यह है कि अमीर खुसरो की परम्परा को सफलता के साथ कोई और शायर बरत न सका।

अमीर खुसरो के काव्य की विशेषता यह है कि जहाँ कतिपय शायर किसी एक साहित्य प्रकार में प्रवीण है वहाँ खुसरो का क्षेत्र विशाल है इसलिए शायद ही कोई शायर उनकी बराबरी का दावा कर सकता है। उनके विषय भी अनेक है इस लिये उनके कृतित्व को विश्वकोश कहा जा सकता है। इसका मुख्य कारण यह है कि उनका अनुभव अनेक प्रकार का है। एक सिपाही से लेकर, दरबारी सहचर, शायर, ग्रंथकार, सूफ़ी, ज्ञानी होनेके कारण उनके अनुभव में विशालता आ गुई थी इसलिए वे जिस विषय पर भी लिखते थे कि उस दर्जे का साहित्य कोई और सृजन नहीं कर पाता था।

खुसरो का शुमार ईरान के चोटी के शायरो में होता है। उनके काव्य-गुणों में, यथार्थ वर्णन भावुकता और अलकारों की प्रचुरता वग़ैरह है। फ़ारसी कवियो के यहाँ गुणवर्णन को बड़ा महत्व प्राप्त है। खुसरो की मसनवी किरानउस्सादैन में यद्यपि यह गुण अवश्य है फिर कुछ ऐसे महत्वपूर्ण तथ्य शामिल किये हैं कि उनकी कोशिश के लिये हमें उनको मशकूर होना चाहिए।

खुसरो की एक और विशेषता यह है कि वे हर मौके पर एक नयी बात पैदा करने की कोशिश करते हैं। शिबली नौमानी ने इस सम्बन्ध में सैकड़ों उदाहरण पेश किये है। माशूक़ के बारे में जो उन्होंने नयी दलीले पेश की है मसलन् यह कि अगर महबूब दोनों आलम देने के बाद हासिल हो फिर भी वह सौदा सस्ता ही होगा या महबूब को यह नसीहत कि मुसलमानों के शहर में इस ढग से आकर उनका दीन चौपट नही करना चाहिए, वगैरेह उन की शैली के खास अंग है। इसी तरह भावुकता को उत्तेजित करने के लिए भी उन्होने सैकड़ो नयी नयी तरकीबें इख्तियार की है। फारसी शायर माशूक की चाल को 'कबक' की उपमा देतें है परन्तु खुसरो कबूतर की तशबीह देते हैं जो बहरहाल नयी है। उनकी कोई ग़ज़ल मुश्किल से मिलेगी जिस में नयी उपमाएँ नही मिलेगी। मिसाल के तौर पर यह शेर है :–

अय दिल तू अपना खून से अंकित भेद मुझसे न कहो इस लिए कि यह कच्चा कागज़ है। इस में अक्षर फूट निकलेगा। दिल को कच्चा काग़ज़ कहना एक नयी उपमा है। इसी तरह यह "चान्द अन्धेरी रात में बुलन्दी पर नही चढ़ सकता जब तक तेरी जुल्फ़ों की सीढ़िया न लगाए। चान्द का अर्थ मुख है 'और जुल्फ़ों को सीढ़ियों की उपमा देना एक नयी कल्पना है। या यह कि : मरुस्थल में लाला पुष्प नही बल्कि अपने तलुएँ है हजारों जाम लिए हुए।", "तू चला जाता है और मुझे रोना आता है; जरा तो ठहर जा कि बारिश थम जाए।" मै नरगिस फूल का गुलाम हूँ क्योंकि वह फ़जर में हाथ में प्याला लेकर ख्याब से उठता है।" आम तौर से नरगिस से मिलाते हैं मगर शायर ने यह जिद्दत पैदा कि है कि गोया उसके हाथ में प्याला हो सकता है। फिर यह "साक़ी शराब बोतल मानो आग है जो पानी में मिला दी गयी है।" शराब की उपमा आग से आम है। लेकिन शराब और पानी के मिश्रण की उपमा नयी है।

अमीर खुसरो ने गजलों में नये नये विषय लिए हैं और दृष्टि से वे विषयचयन में एक आविष्कर्ता हैं। उनके पश्चाद्वर्ती कवियों में किसी कोई शायर इस एतिबार से उनकी बराबरी नहीं कर सकता। कुछ नयी कल्पनाएँ ये हैं।

इस में सन्देह नहीं कि अमीर खुसरो ने इतिहास की शायरी का बयान प्रचुर मात्रा में किया है इस लिए उसका शुमार एक अलग साहित्य विभाग में हो सकता है । बात यह है कि उनका उद्देश शायरी के लिए शायरी नहीं है बल्कि यह है कि उसके द्वारा इतिहास और सत्य पर से पर्दा भी उठाना चाहिए ।

खुसरो का ऐतिहासिक कृतित्व दो प्रकार का है एक तारीखी मसनवियाँ और दूसरे तारीखी पद्यावलि । पहले प्रकार में यह मसनवियाँ हैं ।

क़िरानुस्सादैन ६८८ हि.।१२८९ ई. में पूर्ण हो गयी । यह क़ैकुबाद और उसके बाप बुग़राखान की मुलाकात की घटना पर आधारित है । दूसरी छोटी मसनवी मिफ़्ताह उलफ़ुतूह जिस में जलालुद्दीन खिलजी की तख्तनशीनी और राज्य काल के प्रारंभ से संबंधित है । इसमें जो बातें बतायी गई है वे किसी और तारीख में नही मिलती ।

दीवान–इ–वसतुल हयात में दो वीर रस की मसनवियाँ मिलती है । पहली में २८० पद्य हैं जिन पर तुग़रल सुलतान बलबन की फ़तह, शहजादा मुहम्मद की प्रशंसा और उसकी विजयों का यथार्थ उल्लेख है । दूसरी मसनवी में १९० शेर हैं और उसमें सुलतान मुहम्मद की मुग़लों से जंग की घटनाएं है । अमीर खुसरो स्वयं उन घटनाओं के साक्षी थे । उनकी काव्य प्रतिभा के प्रभाव से यह ऐतिहासिक कविता भी काव्यगुणो से समृद्ध है ।

अमीर खुसरो की सबसे लोकप्रिय और प्रसिद्ध ऐतिहासिक मसनवी दवलरानी और खिज्र खाँ है । जो सात सौ पन्द्रह हिजरी में पूर्ण हुई । यह पूर्णतया ऐतिहासिक घटना है परन्तु इसकी शैली बहुत ही रुचिकर है और साहित्यिक मानदण्ड पर पूरी उतरती है । यह एक तरफ़ से इतिहास की सामग्री पेश करता है और दूसरी तरफ़ से रोमांची काव्य का उत्तम नमूना है । अगर खुसरो की परम्परा आगे बढाई जाती तो फारसी के प्रतीको (तलमीहात) की तरह दवलरानी भी एक प्रतीक बनती । इस में खुसरो के स्वभाव चरित्र के जो जोहर मिलते है वे उनकी और कविता ओ में नहीं मिलते ।

अमीर खुसरो की मसनवी नुःसिपहर जिसका उल्लेख बारबार आ चुका है, मुबारकशाह खिलजी के हुक्मसे लिखी गई । यह ऐतिहासिक घटनाओं का अनमोल संग्रह है और इस में खुसरो की काव्यकला का आविष्कार भी स्पष्टरूप से हुआ है । अमीर की धर्मसहिष्णुता, सन्तुलित विचार धारा भी सिद्ध होती है । इसकी एक विशेषता यह है कि यह कई वृत्तों में लिखी गई है ।

तुग़लक़नामा अमीर खुसरो का अन्तिम काव्य है । इसमें खिलजियों की बरबादी और तुग़लक वंश की सलतनत का दास्तान मिलता है । शायद इस से ज्यादह महत्वपूर्ण हस्तलिखित इस विषय पर मौजूद नही । इसके अलावा अमीर खुसरो का शुद्ध साहित्यिक कृतित्व भी इतिहास से सम्बन्धित सामग्री पेश करता है । तोहफ़तुस्सगर के क़सीदों से बलबन कालीन अमीरों का हाल मालूम करने में मदद मिलती है । वसतुल हयात से भी प्रचुरमात्रा में ऐतिहासिक सामग्री मिलती है ।

इन दिवानों के अलावा खुसरो के खम्से (पंच महाकाव्य) से हिन्दुस्तान की संस्कृति और सभ्यता से सम्बन्धित मनोरंजक जानकारी मिलती है । सारांश यह कि अमीर खुसरो के ज़रिए फ़ारसी

महत्व न रखती हों लेकिन उनके उल्लेख से साफ़ ज़ाहिर होता है कि अमीर खुसरो को अपनी मातृ-भूमि के बारे में गहरी मुहब्बत थी और इसी मुहब्बत के कारण उन्होंने देशभक्ति की शायरी की नींव डाली। यह बात फारसी साहित्य में भी एक नयी प्रवृत्ति है।

फ़ारसी साहित्य में भारतीय तत्वों का परिचय करा देने का एक नतीजा यह मालूम होता है कि अमीर खुसरो मानवता के प्रेमी थे। उनकी नज़र में धार्मिक संकुचित दृष्टि और सास्कृतिक तंगदिली निरर्थक हैं। वे सच्चे मुसलमान थे और उनका इस्लाम से गहरा ताल्लुक था लेकिन उसके बावजूद हिन्दू मज़हब और हिन्दुस्तानी तहज़ीब से उनका सम्बन्ध था और उसका इज़हार उन्होने निहायत मुखलिसाना और हमदर्दाना अन्दाज़ में किया है। यह बात विचार करने योग्य है कि उन लोगों के लिए जो कौमी इत्तिहाद का नारा केवल राजकीय उद्देशों को आगे बढ़ाने के लिए इस्तिमाल करते हैं, अमीर खुसरो मध्ययुग के यादगार हैं। उस वक्त मुसलमान तुर्क बादशाह हिन्दुस्तान पर राज करते थे। उनमें से बहुतेरे चाहे इस्लाम के मुजाहिद हो या न हो उसके दावेदार ज़रूर थे। इस दौर में हिन्दु मजहब और हिन्दू तहज़ीब की श्रेष्ठता का बयान अमीर खुसरो जैसे आज़ादखयाल शायर ही कर सकते थे। नुःसिपिह्रि का आप अध्ययन करें तो आप को मालूम होगा कि यह बयान कोई माज़ूरी बताने के लिए नही किया गया है। उसका लहजा निहायत बुलन्द है और शायर उसको बड़े गर्वके साथ पेश करता है। मज़हबी मामलों में खुसरो की विशाल दृष्टि का परिचय उनकी कुछ काव्य पंक्तियों से मिलेगा।

उन्होंने हिन्दू धर्म में कुछ ऐसे तत्व मालूम किए हैं जो इस्लाम और दूसरे जागतिक धर्मों में पाए जाते हैं:—

यद्यपि हिन्दू हमारी तरह दीनदार नही है फिर भी कुछ श्रद्धा स्थानो में हमारे साथ है। हिन्दू भगवान को, ज्ञानी, एकमेवाद्वितीय, सृष्टिक और प्रभजक मानते है। अच्छे बुरे कर्म उसकी प्रेरणासे ही किये जाते हैं। उसका ज्ञान अगाध और अपार है। मूर्तिपूजा की यथार्थता उन्होने इस तरह पेश की है। "यद्यपि ब्राह्मण (हिन्दू) मूर्ति की पूजा करता है वह मूर्ति को भगवान का प्रतीक मानता है न कि स्वयं भगवान"। हिन्दू कहते है कि हम मूर्तिपूजा को इस लिये अपनाते है कि वह हमारे पूर्वजों से प्राप्त हुई है। अमीर खुसरो मुसलमानों से कहते हैं, "तुम हिन्दुओ के खिलाफ ताने कसने की बजाए उनसे धर्म परायणता सीखो। खुसरो, तुम प्रेमकला में हिन्दू स्त्रीसे कम न ठहराए जाओ जो अपने मृत पति के प्रेम में अपने को जिन्दा जला लेती है। यह हिन्दुओं के "सती" व्रत की प्रशंसा है किसी और शायरने भी हिन्दू स्त्री की पतिभक्ति को इसी तरह सराहा है —

"चूं ज़ने हिन्दू कसे दर आशिक़ी मर्दाना नीस्त
सोख्तने बर शमाए मुर्दा कारे हर परवाना नीस्त"

(हिन्दू स्त्री के जैसा प्रेम कोई पुरुष नही कर सकेगा मृत के दीपक पर अपने को जला लेना किसी शलभ का काम नहीं।)

अमीर खुसरो ने फ़ारसी शायरी को तारीखी तत्त्वों से परिचित करा कर उसका आयतन बहुत विशाल कर दिया है। यद्यपि उसको अमीर खुसरो के श्रेष्ठ ग्रंथ नहीं कहा जा सकता लेकिन

के लिहाज से उल्लेखनीय है। हाथी का शरीर और बुद्धि का जिक्र करते हुए बताया गया है कि आदमी केवल अपनी वाक्शक्ति के कारण ही हाथी से श्रेष्ठ कहला सकता है वरना हाथी के गुणों का वर्णन करने के लिए एक दफ़्तर दरकार है।

खुसरोने हिन्दुस्तान के शहरों में दिल्ली का उल्लेख विशेष रूपसे किया है। वे उसी शहर में पले थे इस लिए उससे गहरी भावुकता स्वाभाविक है। उसके सिवा वह इस्लाम का एक मरकज भी था और मध्ययुगीन समस्त साहित्यिक और सांस्कृतिक चेष्टाओ का केन्द्र तथा इस्लामी और हिन्दी संस्कृति और सभ्यता का गहवारा। इस शहर में खुसरो के पीर ओ मुर्शिद हजरत निजामुद्दीन औलिया की कृपा के स्त्रोत बह रहे थे। खुसरो की अनेक किताबों में इस शहर का ज़िक्र बडी आबोताब से हुआ है। 'किरानुस्सादैन' में तो दिल्ली और उपनगरो का इतिहास की दृष्टिसे भी वर्णन पाया जाता है। तोहफ़तुस्सगर और गुर्रतुल कमाल की पीठिका में इस शहर का बयान बड़ा दिलचस्प है। वह इस तरह है :–

अरब या खुरासानी या तुर्क देहली या मुलतान या लखनवती में पूरी मुद्दत गुजारने के बाद सिवाय अपनी अपनी जबान के यहाँ की ज़बान में प्रवीणता प्राप्त नही कर सकता। यदि कोई रसिक दिल्ली में पला हो तो वह हर भाषा मे निपुण होकर गद्य पद्य में रचना कर सकता है। ऐसे हिन्दुस्तानी मिलते है जो अरब में कुछ दिन रहने के पश्चात् अरबी में कमाल हासिल करते है कि कईबार अरबीसे भी ज्यादा अच्छी अरबी बोलते है। इसी तरह हिन्दुस्तानी जो जन्म से तुर्क नही कभी कभी उसकी तुर्की ज़बान में प्रवीणता तुर्कों से भी बढ़ जाती है। खुसरो की राय में दिल्लीवाले शेर ओ शायरी में संसार भर में श्रेष्ठता रखते है। उपरोक्त दीबाचे में उन्होने दो बार इसका जिक्र किया है। फारसी के विषय में खुसरो ने कहा है कि दिल्ली की फारसी ईरान और खुरासान की फारसी से अधिक फसीह है इस लिए हिन्दी लोगो की विशेषता यह है कि वे तमाम ज़बानों में आसानी से निपुणता प्राप्त कर लेते है और यह विशेषता दुनिया के किसी मुल्क के लोगों की नही। मतलब यह कि खुसरो की सन्मति में दिल्ली बगदाद, मिस्र, खुरासान तबरेज, तिरमिज, बुखारा, और ख्वारज्म वगैरह से श्रेष्ठ है। इन तफ़सीलात से मालूम होता है कि फारसी साहित्य में हिन्दुस्तानी सास्कृतिक तत्त्वो के समिश्रण से एक ऐसा रास्ता तैयार किया जा सकता है कि जिस पर चल कर फारसी साहित्य की सास्कृतिक त्रुटियाँ दूर की जा सकती है।

हिन्दुस्तानी तत्त्वों के परिचय से फारसी साहित्य को तरह तरह के फ़ाइदे हुए। मसलन् फारसी शायरी और अदब में जो देशभक्ति और राजकीय तत्त्वोंकी कमी थी वह पूरी हुई। हिन्दुस्तान से मुहब्बत खुसरो का ईमान था और इसी प्रेम के कारण उन्होंने 'नुःसिपिहिर' में इसका उल्लेख बड़े विस्तार से किया है। उपरोक्त तफ़सीलात में उनकी देशभक्ति गौण रूप से प्रकट हुई है लेकिन यह भावना उनकी शायरी में अद्भुत गहरी है। उन्होने हिन्द–प्रेम के दो कारण बताए हैं। एक यह है हिन्द यद्यपि तुर्क भूमि से दूर है फिर भी मेरी मातृभूमि है दूसरे यह कि यद्यपि धर्म रसूल से प्राप्त हुआ है फिर भी देशभक्ति ही धर्मभक्ति है।

इन प्रारंभिक पद्यों के बाद अमीर खुसरो ने हिन्दुस्तान की अच्छी बातों और अन्य विशेषताओं के बारे में बयान किया है। हो सकता है कि आधुनिक काल के विद्वानों की नजर में ये बातें कुछ

फलफूल नदीनाले, शहर और गाँव, यहाँ के लोग, उनके असामान्य गुण, यहाँ की भाषाएँ, यहाँ के वस्त्र परिधान, यहाँ की सुन्दरता, यहाँ की सभ्यता, यहाँ तक कि मूर्तिपूजा जैसे विषयों पर भी जिस आत्मीयता के साथ पद्य रचना की है उससे अमीर ख़ुसरो के विशाल हृदय का सुबूत मिलता है। उनकी शायरी केवल रूढ़िमान्य शायरी नही थी इस लिये उसमें कालमान्य कल्पनाओं की भरमार नहीं पायी जाती। वे बड़े सिद्धहस्त और नयी बात कहने के अभिलाषी थे इस लिये वे रूढ़िमान्य काव्य रचना पसन्द नही करते थे इस लिये उन्होने इस उत्कट भावना का प्रतिनिधित्व किया जो उनके व्यक्तित्व का अंग था। यह विषय इतना विशाल है कि इस पर एक अलग किताब लिखी जा सकती है और एकाध कोशिश हुई भी है। फिर भी वाचको के मनरंजन के लिये यहाँ कुछ उदाहरण दिये जाते है। मसनवी 'नुःसिपिहर' में पाँच शीर्षको में हिन्दुस्तान की श्रेष्ठता बतलाई गयी है।

"हिन्दुस्तान स्वर्ग समान है जिसका स्पष्ट सुबूत मौजूद है। हिन्द देश हवा पानी के ऐतिबार से रूम, इराक, खुरासान और कन्दहार से बेहतर है। हिन्दुस्तान की भाषा अपने मनोहर शब्द भाण्डार के कारण फ़ारसी और तुर्की से श्रेष्ठ है। हिन्दुस्तान में ऐसे जानवर मौजूद है जो अपनी अकल की वजह से इनसान ही समझे जाते है। हिन्दुस्तान में ऐसी मिसाले मिलती है कि मुर्दे जिन्दा कर दिये जाते हैं और यह बात तो आम हे कि मृतो पर जिन्दा आदमी अपनी जान निछावर कर देते है।

हिन्दुस्तान को खुरासान पर अपनी आबोहवा और फलफूल के लिहाज़ से श्रेष्ठता की दस बातें हासिल हैं।

१) सर्दी अधिक होने के कारण यहाँ के लोगों को कोई नुकसान नही पहुँचता।

२) हिन्दुस्तान की गर्मी उतनी तकलीफ़देह नही जितनी खुरासान की सर्दी।

३) यहाँ के गरीब लोग सर्दी के मौसम में ज्यादह सामान किये बिना जिन्दगी गुज़ारते है।

४) खुरासान में फूल की बहार दो तीन हफ्ते से ज्यादह नही रहती। हिन्दुस्तान में फूल हमेशा खिला रहता है।

५) हिन्दुस्तानी फूल फुल्ल कुसुमित होते है।

६) हिन्दुस्तान के फूल सूख जाने पर भी सुगन्ध देते हैं।

७) खुरासान में दो मेवे यानी अंगूर और अमरूद उल्लेखनीय हैं। हिन्दुस्तान में आम, केला वगैरह लाजवाब है। इसके अलावा इलाची, काफ़ूर और लौंग की कोई मिसाल खुरासान में नहीं मिलती।

८) खुरासान के मेवे हिन्दुस्तान में मिलते हैं लेकिन हिन्दुस्तान का कोई मेवा खुरासान में नही।

९) केला ऐसा मेवा है जिस में गुठली नही। यहाँ पान मेवे की तरह खाया जाता है।

१०) पान जैसी अनूप वस्तु संसार में नहीं।

इसी तरह तोता, कव्वा, गौरय्या ये पंछी बुद्धिमान होते हैं और भेद की बातों की ओर इशारा करते हैं। इसी तरह मोर, हुदहुद, बगला, सक्का, बिल्ली, गीदड, बन्दर और बकरी भी अपनी अक्ल

शकर शिकन शवन्द हमा तूतियाने हिन्द
ज़ीं कन्द पारसी कि ब बंगाला-मी रवद

(हिन्दुस्तान के तोते शकर चबाते हैं, और फ़ारसी भाषा के कारण यह शकर बंगाला तक पहुँच गई है।)

मौलाना जामी खुसरो के बडे कद्रदानों में थे। वे लिखते है खुसरो का खम्सा निजामी से आगे न बढ सका। निजामी की पंज गंज राजमौक्तिक है और खुसरो का खम्सा शुद्ध सोना है।

अमीर खुसरो का कलाम तैमूर काल के अतमें बड़ा लोकप्रिय हुआ। अमीर खुसरो की शायरी की शोहरत जल्द ही फ़ारसी विश्व के कोने कोने में पहुंच चुकी थी और यह शोहरत उनकी जिन्दगी से लेकर आज तक बराबर कायम है। चुनाँचि मशहूर रूसी साहित्यकार और इतिहासकार बाबजान गफूरोफने समरकन्द की एक महफिल में जिस में लेखक भी मौजूद था, अमीर खुसरो को फारसी का सब से बड़ा शायर क़रार दिया।

इन प्रास्ताविक विषयों की चर्चा के बाद मैं अमीर खुसरो के शायराना कमाल के बारे में विस्तार से अर्ज करना चाहता हूँ :—

अमीर खुसरो एक ऐसे बुलन्द पाया साहित्यकार गुज़रे है जिन की वजह से फारसी शायरी के आशय में विस्तीर्णता आ गयी है। वे पहले शायर हैं कि जिन्होंने यह महसूस किया कि फ़ारसी शायरी की कमी यह है कि वह एक बडी सभ्यता से परिचित नही। हिन्दुस्तान की सभ्यता से जो अपनी प्राचीनता के कारण बहुत ही आदरणीय है फ़ारसी का दामन खाली है। यह कुछ अजीब सी बात थी कि हिन्दुस्तानी सभ्यता का प्रतिनिधित्व करनेवाली संस्कृत भाषा और फ़ारसी भाषा दोनों कुछ ही सदियों पहले एक ही जबान थी लेकिन जो जबानें तारीखी और भाषिकीय विचार से इतनी निकट हों उनमे सांस्कृतिक परायापन उल्लेखनीय है। फिर यह भी है कि फ़ारसी का एक महत्वपूर्ण केन्द्र भारत था जहाँ हिन्दी तहज़ीब जिन्दगी में रच बस गयी थी। अमीर खुसरो को शायद इस भाषिकीय निकटता का ज्ञान न रहा हो और अगर रहा भी हो तो उसका एहसास न था। अलबत्ता उनको विश्वास था कि हिन्दुस्तान में फ़ारसी की जड़ बहुत जमी नहीं है इस लिये कि वह एक बाह्य परंपरा से सम्बद्ध है और भारतीय परम्परा से खाली। वे स्वयं हिन्दुस्तानी थे और हिन्दुस्तान से अपार प्रेम रखते थे इस लिये इसको शामिल करने से ही उनको शान्ति मिलती होगी और फ़ारसी साहित्य के विषयों में काफ़ी विस्तार भी हो जाए। खुसरो ने ईरान की साहित्य परम्परा में भारतीयता को स्थान देकर उसको एक नयी दिलकशी दी, जो खास उनका कारनामा है। प्रोफ़ेसर निज़ामी साहबने अपने एक लेख में खुसरो के इस शेर में थोडा सा परिवर्तन कर इस तथ्य की ओर मनोज्ञ संकेत किया है "सरमस्त खुसरो ने हिन्द के प्याले में वह शराब मिला दी जो शेख सादी की शीराज़स्थित मधुशाला में थी।"

खुसरो को हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तान की सभ्यता से जो सच्चा लगाव था और जिसका भारी प्रभाव उनके कलाम में मौजूद है उसकी मिसाल न खुसरो से पहले किसी शायर में या ग्रंथकार के यहाँ है न बाद के शायर के यहाँ यह एहसास मौजूद है। यहाँ के मौसम, आबोहवा, यहाँ के प्राणी, पंछी,

वे एक तरफ़ तो अध्यात्मविद्या में पारंगत हुए और प्रेम औरज्ञानके रहस्यों से अच्छी तरह से परिचित हुए और दूसरी तरफ़ स्वाभिमान, स्वतंत्रविचार, मानवतास्नेह, उच्च ध्येयवाद संतुलित विचार-धारा इन विषयो में वे ऊँची श्रेणि को पहुचे और इस कारण वे जगन्मान्य हो गये ।

अमीर खुसरो अरबी, फारसी, तुर्की और हिन्दी इन चार भाषाओ पर प्रभुत्व रखते थे । अरबी भाशा कुरआन की भाषा थी, और वह सीखना लाज़मी था । फारसी ज्ञान और संस्कृति का भांडार थी, उस से उनका परिचय पारिवारिक कारणो से क़ायम था इस लिये कि उनके बाप तुर्क थे और यद्यपि तुर्कों की बोलचाल की जबान तुर्की थी फिर भी ज्ञान और दफ़्तरी कारोबार के सबंध में फारसी का उपयोग करते थे । इस तरह से फारसी और तुर्की दोनो जबानें उन्हें खानदानी उत्तराधिकार में बाप से मिली थी । हिन्दुस्तानी उनकी मातृभाषा थी । इस वजह से न सिर्फ़ वे इस भाषा से अपने गहन परिचय का उल्लेख करते हैं बल्कि उस पर गर्व करते है और उससे बहुत प्रेम करते है । अमीर खुसरो के पूर्व किसी उल्लेखनीय ग्रंथकार या शायर के यहाँ इस भावुकता की थोड़ी सी भी झलक नहीं मिलती जब कि अमीर के कलाम में इस की स्पष्ट किरणें मिलती है । अगर ऐसा न होता तो सातवी सदी हिजरी के इस शायर की जबान से यह शेर न निकलता :

तुर्क हिन्दुस्तानियम मन हिन्दुई गोयम जवाब
शकरे मिसरी न दारम कज़ अरब गोयमसुखन

(मै हिन्दुस्तानी तुर्क हू इस लिये मै आपका हिन्दूई में जवाब दे सकता हूँ । मेरे पास मिसरी शकर (अरबी भाषा) नहीं है इसलिये मै अरबी में बातचीत नही कर सकता ।)

अमीर खुसरो ने साहित्य और काव्य जगत में विप्लव पैदा किया । उनकी शायरी की शोहरत खुद उनकी हयात ही में हिन्दुस्तान की सीमाओ से बाहर पहुच चुकी थी । फलतः ईरान के चोटी के शायरो में से अनेकों नें न केवल उनका आदर भाव से उल्लेख ही किया है बल्कि पूरी तरह से उनसे फाइदा भी उठाया है । ख्वाज किरमानीने अमीर खुसरो को इस तरह सराहा है कि वे सूफी शिरोमणि मौलाना रूमी के समान विद्वान है । शाही सब्जवारीने कमाल खुजदी का यह कथन उद्धृत किया है कि खुसरो उस्ताद है बल्कि उनसे भी अधिक योग्यता रखते है इस लिये उनका अनुकरण करना कोई दोष नहीं कहलाता ।

खुसरो के कलाम की लोकप्रियता का एक बड़ा सबूत यह है कि उनके पंच ग्रंथों (खम्सा) में से तीन मसनवियाँ, शीरीं खुसरो, आईन-ए-सिकंदरी और हश्त बहिश्त हाफ़िज शीराजी की हस्त लिखित पाण्डुलिपि में शामिल है जो ताश्कन्द के सरकारी ग्रंथालय के प्राच्य विभाग में सुरक्षित हैं । यह पाण्डुलिपि सन् ७५६ हि॰ १३५५ ई. में पूर्ण हुई और उसके आखिर में हाफिज का नाम और तारीख दर्ज है । इसी तरह अन्य कातिबों ने उन से मतला उल अनवार और लैला मजनून की किताबत की है ।

यद्यपि हाफ़िज जैसे श्रेष्ठ कवि को इन मसनवियों का कातिब ठहराना तर्कसंगत नही मालूम होता फिर भी इस बात में कोई सन्देह नहीं कि उनकी किताबत शीराज में खुसरो की वफात से ३१ साल के अन्दर ही हो गयी थी और बात तो दर्क़नी है कि हाफ़िज की निम्नलिखित बैत में खुसरो देहलवी की तरफ़ इशारा किया गया है :

अमीर खुसरो के साहित्यिक और काव्य कलात्मक उपलब्धियों पर एक नज़र

डॉ. नज़ीर अहमद

अमीर खुसरो साहित्य और काव्य के आकाश के तेज़ोमय नक्षत्र थे। उनके साहित्यिक गुणों और काव्य-कला का मूल्यांकन करना एक विस्तीर्ण काम होगा। उसको एक ही प्रसंग के अंदर बयान करना असम्भव है।

अमीर खुसरो मध्ययुगीन सभ्यता के ऐसे नमूने थे जिस में उस की समग्र विशेषताएँ एक ही नज़र देखी जा सकती थी। उनका व्यक्तित्व व्यापक स्वरूप का था। वे बड़े विद्वान, ज्ञानी, लाजवाब शायर अनुपम गद्यलेखक, अद्वितीय इतिहासकार, दीर्घ अध्यवसायी शोधक, आलोचक, भाषाविज्ञान वेत्ता, गुणी संगीतज्ञ थे साराश यह कि ज्ञानविज्ञान का ऐसा कोई विभाग नही था जो उनके व्यक्तित्व का अंग न बन चुका हो। कभी एक सिपाही की हैसियत से लखनउती में लड़ रहे हैं, और कभी मुलतान में मगोलों के मुकाबिले में मुल्क और मिल्लत की सुरक्षा में व्यापृत हैं, कभी निज़ामुद्दीन अवलिया के चरणों में अध्यात्म के पाठ ले रहे है और कभी हूदूदे लामकान में इस तरह के नग़मे गुनगुनाते हैं :—

खुदा खुद मीर-ए-मजलिस बूद
शब्जाए कि मन बूदम

(उस संध्या में जब मैं हाज़िर था खुदा ही उस मजलिस का अध्यक्ष था।) कभी वे कवि संमेलनों के अलंकार थे और अपनी शायरी से सभिकों को मंत्र-मुग्ध कर देते थे। कभी ऐतिहासिक सत्य से ऐसा परदा हटाते थे कि विद्वान भी आश्चर्य-चकित हो जाते थे। उनका व्यक्तित्व जीवन के अनेक अंगो पर छाया हुआ था। उनके साहित्य और काव्य क्षेत्र के कारनामे उनके व्यापक व्यक्तित्व के परिचायक हैं और उनकी प्रवीणता को सिद्ध करते हैं।

उनका व्यक्तित्व इस तरह व्यापक होने में उनके नाना इमाद-उल-मुल्क, माता और निज़ामुद्दीन अवलिया की तरबियत को विशेष स्थान है। उनके पिता जो तुर्क थे बचपन में फ़ौत हो गये। उनका संगोपन उनके नाना के आश्रय में हुआ जो पूर्णतः भारतीय थे। उनकी माता भी हिन्दी थी इस लिये हिन्दुस्तान की मुहब्बत उनके अंगप्रत्यंग में भरी हुई थी। वे जब प्रौढ़ अवस्था में थे तो हज़रत निज़ामुद्दीन अवलिया की तरबियत उनको प्राप्त हुई। उन की सोहबत से उनके गुण निखर आये।

ज़माने के प्रसिद्ध कवि, दार्शनिक और संगीतकार थे साथ ही राजनीति और दुनियादारी में किसी तरह पीछे नहीं थे। यह उनके व्यक्तित्व की महानता थी कि उन्होंने अपने जीवन को हिन्दू–मुसलमान के सीमित दायरों में नही बाँटा। ख्वाजा निज़ामुद्दीन औलिया के 'तुर्क अल्लह' अमीर खुसरो ने जीवन की असाधारण ऊँचाइयों को अपनी जिन्दगी में ही छू लिया था। उन्हें किसी तरह का लालच नहीं था और न अपनी स्थिति को मजबूत बनाने की फ़िक्र। बस उनके हृदय में सच्ची भारत निष्ठा थी, देशप्रेम की अनूठी तड़प थी और भारत के प्रति अगाध भक्तिभाव था जो उनके साहित्य में प्रत्यक्ष हुआ है।

सातवां, मोर-मोरनी का संबंध अज़ीबो–गरीब है जो दूसरे परिन्दो से एक दम अलग है। खुसरो के मुताबिक़ यह बात नई नही है, बहुत पुरानी और मशहूर है कि मोरनी मोर की आख से आँसू का मोती चुग कर अंडा देती है।

आठवाँ, बगुला नाम का परिन्दा हिन्दुस्तान में ही होता है। वह तोता–मैना के मुकाबले में तेज है खास तौर से खाने–पीने के मामले में।

नवाँ, यहाँ एक ऐसी चिड़िया भी पाई जाती है जो आदमियों की तरह डोल से पानी खीच कर पीती है। इस चिड़िया को उन्होंने लखनौती में देखा था।

दसवाँ, कबूतर और बिल्ली एक दूसरे के दुश्मन है लेकिन फिर भी उनको एक साथ रखा जाता है।

ऊपर जिन दस कारणो की चर्चा की गई है उससे ऐसा जान पड़ता है कि अमीर खुसरो को तसकीन नही हुई इसलिए पशुओं की तारीफ़ में उन्होने पाँच कारण और पेश कर दिए:–

कि हिरन की चाल और सियार की आवाज़ से होने वाली घटनाओं का पता लग जाता है। उन्होंने बन्दर की अकल की तारीफ और खेल तमाशों का जिक्र करते हुए यह बतलाया है कि शिक्षा देने से जानवर भी इन्सान बन जाता है। हिन्दुस्तान के जानवर बड़े अज़ीबो ग़रीब हैं। वे बड़ी खूबियाँ रखते है, कहना मानते हैं, अक्लमन्द होते है। बन्दर की मनुष्य जैसी सूझ बूझ को देखकर एक हकीम ने ठीक ही कहा है.–

जानवरी ज़ीरक ओ नाक़िस बशरी।

नु.सिपेहर

(चालाक जानवर नामुकम्मल (अपूर्ण) इन्सान है।)

खुसरो ने १२० साल से ज्यादह जीनेवाले, सिखाए, पढ़ाये और सधाए हाथी के कामों और चमत्कारो की भी चर्चा की है।

इसके बाद अमीर खुसरो ने नु.सिपेहर में (पृ. १९१ से १९५ तक) भारत के चमत्कार पूर्ण जादू की चर्चा की है कि कैसे साँप द्वारा काटा हुआ आदमी ६ माह बाद भी जिन्दा किया जा सकता है। यहाँ के ब्राह्मण कितना जादू टोना जानते है। योगियों का दम साधना, उनका ग़ैब की खबर देना, अपनी आत्मा को दूसरों में डालना, भेड़िया, कुत्ता, बिल्ली को एक जैसा बना देना, शरीर का खून निकालकर फिर से उसमें वापस ले आना, स्त्री का सती होना पुरुषों का मूर्तियों और स्वामियों के लिए जान देना आदि आश्चर्य जनक कामों का ब्योरा लेखक ने बड़ी बारीकी से दिया है।

इस प्रकार अमीर खुसरो ने भारत की तारीफ़ में सफ़े के सफ़े लिख डाले हैं। उन्होंने अपने ज़माने के हिन्दुस्तान की ऐसी दिलकश तस्वीर पेश की है जो दूसरों के यहाँ आसानी से नहीं मिलती। कितने चाव और लगन से उन्होंने भारत की खुबियों को उभारा है। वे अपने

उन्होंने भारत की दूसरी भाषाओं[१] को सीखा, जाना और समझा। अरबो भाषा साहित्य और व्याकरण की दृष्टि से समृद्ध है लेकिन संस्कृत उससे कम नही है:– अगरचे दरी (फ़ारसी) मीठी और शक्कर की तरह है लेकिन संस्कृत में 'ज़ौके इबारत' (भावों की अभिव्यक्ति) उनसे कम नही:–

आनस्त ज़ुबानी बसिफ़त दर दरी
अज़ अरबी कम तर–ओ–बर तर ज़े दरी
गरचे: कि शीरी नस्त दरी–ओ–शकरी
ज़ौक़–ए–इबारत कम अज़ां नीस्त दरी

नु:सिपेहर

अमीर ख़ुसरो ने जहाँ हिन्दुस्तान की जिन्दगी, प्रकृति और ज्ञान-विज्ञान की चर्चा की है और उसे हर तरह से दूसरे मुल्को की तुलना में अच्छा और बेहतर बताया है वहाँ वे यहाँ के पशु पक्षिओ को नही भूले हैं। उनका ख्याल था कि अगर यहाँ के परिन्दो की ख़ूबी का जिक्र किया जाए तो उसके लिए बारह जिल्दें भी कम पडेगी। इससे मालूम होता है उनके व्यक्तित्व (शख़्सियत) में कितनी कलात्मक रूचियों का योग था। कितनी सूक्ष्म दृष्टि थी उनकी। उन्होने नु.सिपेहर में (पृ. १८१ से १९१ तक) हिन्दुस्तान के पशु पक्षिओ को तारीफ की है और उसके दस कारण गिनाए हैं। ख़ुसरो का बार-बार दस दलीलो का पेश करना अरस्तू की 'अकूल ए-अशए' (तर्क संबंधी दस बुद्धियो) का प्रभाव जान पडता है। यहाँ के पशु पक्षियो की श्रेष्ठता के दस कारण निम्नलिखित है:–

पहला, यह कि यहाँ के परिन्दे इन्सानो की तरह बाते करते हैं। इस सिलसिले में उन्होने तोता और मैना का जिक्र किया है।

दूसरा, यहाँ पक्षिओ को बोलना सिखाया जाता हैं।

तीसरा, पक्षिओ के बर्ताव से आगामी घटनाओ का पता चल जाता है। इस संबंध में न्होंने कौवे की मिसाल दी हैं।

चौथा, काली गौरय्या जो हिन्दुस्तान में आम हैं उसकी उड़ान, बोली और खाने–पीने के ढंग से आगे होने वाली घटनाओं की सूचना मिल जाती हैं।

पाँचवां, इस देश में ऐसे बहुत से परिन्दे हैं जिनकी आवाज़, भागदौड़, पंखों की हरकत से कुछ न कुछ बाते तयशुदा मान ली जाती हैं।

छठाँ, सिर से पैर तक मोर की सुन्दरता की बड़ी बारीकी और सूझबूझ के साथ तारीफ़ की गई है।

---

१) सिंदी–ओ–लाहारी–ओ–कश्मीरी–ओ–कनर
धौर समुद्री ओ–तिलंगी ओ गुजर
मआबरी ओ गौरी ओ बगाल–ओ–अवध
देहली–ओ–पैरामनश अन्दर हमे: हद

नु:सिपेहर पृ. १५९-१९०

१) इस देश में अपूर्व ज्ञान पाया जाता है।
दूसरे मुल्कों को इसके ज्ञान-विज्ञान का पूरा इल्म नहीं है।

२) हिन्दुस्तानी दूसरे देशों की भाषा आसानी
से बोल लेते हैं लेकिन दूसरे लोग
(ख़ता वाले, मुग़ल, तुर्क) हमारी भाषा
नहीं बोल सकते।

३) ज्ञान कौशल (इल्म–ओ–हुनर) सीखने
के लिए दूसरे मुल्को से लोग यहाँ आते
हैं लेकिन इस सिलसिले में ब्राह्मण
हिन्दुस्तान से बाहर नहीं जाते।

४) दुनिया वालों ने 'हिन्दसा' जैसी
चीज़ पैदा नही की। 'सिफ़र' (शून्य)
भारत की ईजाद है। गणित से
भवन–निर्माण कला और रेखा गणित
जैसे विज्ञान निकले जो यहीं का ज्ञान है।
यह ज्ञान 'आसा' नामक ब्राह्मण की
देन है। दुनिया के सारे ज्ञानी
'हिन्दसे' के कारण इस ब्राह्मण
के शिष्य हैं।

५) 'कलीला व दिमना' जैसी पुस्तक
यहाँ लिखी गई और दुनिया के
लोग उसे पढ़ते हैं।

६) शतरंज का खेल हिन्दुस्तान की ईजाद है।

७) हिंदसा, कलीला व दिमना और
शतरंज से सारी दुनिया को जीने
का ढंग मालूम हुआ।

८) सरोद जैसा बाजा दुनिया में
और कही नही पाया जाता।

९) हिन्दुस्तान का संगीत बड़ा आकर्षक है।

१०) ख़ुसरो जैसा शायर हिंदुस्तान में
पैदा हुआ।

अमीर ख़ुसरो ने फ़ारसी और तुर्की भाषा की तुलना में हिन्दुस्तान की भाषाओंको अच्छा कहा है।

(नुः सिपेहर पृ. १७२ से १८१ तक)

नवीं, इसी मुल्क के दो तोहफ़े बहुत ही अनूठे हैं। एक केला दूसरा पान। केले को ख़ुसरो मेव–ए–बेख़स्ता कहते हुए बताते हैं कि ऐसा मेवा दुनिया में कहीं नहीं मिलता और दूसरा वह पत्ता है जिसे बड़े लोग मेवे की तरह खाते हैं:–

मौज़ हमां मेव–ए–बे ख़स्तः निगर
बर्ग जे तम्बूल निगर नाइब–ए–ख़र

नुः सिपेहर

(देखो मौज वही मेव–ए–बेख़स्तः है और तम्बूल का पत्ता (पान) खाने का नायब (सहायक) है।

दसवीं, यह कि:–

हस्त दहुम आन्किः चु तम्बूल–ए–गुज़ी
मेवः नः बाशद बः हमः रू–ए–ज़मीं

नु. सिपेहर

(दसवाँ यह कि चुनिन्दा तम्बूल की मिसाल सारी दुनिया में कोई मेवा नहीं है।)

अमीर ख़ुसरो ने नु.सिपेहर के तीसरे सिपेहर में (पृ. १६१ से १७२ तक) भारत के ज्ञानकौशल तथा यहाँ के लोगों की बुद्धि और सहृदयता की प्रशंसा की है। इस संबंध में उन्होंने हिन्दुस्तानियों को ईरानियों पर तरजीह देते हुए लिखा है कि अगर दर्शन में रूम की बातें होती हैं और दर्शन का ज्ञान दुनिया को वहीं को वहीं से हासिल हुआ है:–

लेक नः हिन्दस्त अज़ा मायः तिही
हस्त दरु यकाँयक अज अन्दीशः बिही

नु:सिपेहर

(लेकिन हिन्दुस्तान इस दौलत से ख़ाली नहीं है इनकी एक–एक बात जितना सोचा जाए उससे भी ज्यादह है।)

हिन्दुस्तान का तर्कशास्त्र (लॉजिक) मशहूर भी है और पुराना भी। हिन्दुस्तानियों की ज्ञान–बुद्धि अरस्तू के दफ़्तर–ए–क़ानून को बेकार साबित कर चुकी थी। भौतिकशास्त्र (फ़िजिक्स) और गणित के ज्ञान में यह मुल्क दुनिया के दूसरे मुल्कों से आगे था। धर्म और दर्शन के क्षेत्र में अमीर ख़ुसरो हिन्दुओं को अपने जैसा दीनदार तो नहीं समझते लेकिन उनकी मेहनत, जानकारी और विचारधारा की तारीफ़ करते हैं। उनकी तारीफ़ इसलिए भी करते हैं कि वे (हिन्दू) एक ईश्वर (ख़ुदा) को मानते हैं। यह ईश्वर रोज़ी देने वाला, उम्र और ज़िन्दगी देने वाला, नेकी–बदी के कामों को जमा करने वाला है। उसका हुक्म हमेशा है और हमेशा रहेगा। हिन्दुस्तान के ब्राह्मण ईश्वर के निर्गुण रूप के क़ायल हैं। वह पत्थर, सूरज या जिसकी भी पूजा करते हैं सच्चे भरोसे के साथ करते हैं। उनका यह ढंग सदियों पुराना है जो उन्हें बाप–दादा से मिला है। इस सिलसिले में ख़ुसरो ने फिर से दूसरे मुल्कों पर हिन्दुस्तान को तरजीह देते हुए दस दलीलें पेश की हैं:–

चौथी, हिन्दुस्तान की प्राकृतिक खूबसूरती बेजोड़ है। यहाँ साल भर बहार, फूल और शराब मौजूद रहती हैः–

चारूम–ए–शां की तरफ़ अज सब्ज: आंगुल
हस्त हमेः साल बहार–ओ–गुल-ओ–पुल

नु:सिपेह्र

(जबकि खुरासान में फूल दो–तीन हफ़्ते ही रहते है जैसे सैलाब का पानी पुल पर आता और गुज़र जाता है।)

पाँचवी, वहाँ के फूल हमारे फूलों के मुकाबले में सुन्दरता और रंग की दृष्टि से बराबर है मगर हमारे फूलों की सी खुशबू उनमें नही होतीः–

पंजुमश ईं का गुल–ए–शा रुइ बरू
रंग-ए-खुश-ओ-चू गुल-ए-मा बू नः दरू

नु:सिपेह्र

छठी, यहाँ के फूल सूखने पर भी खुशबूदार होते हैः–

वइं गुल-ए-मा बअज़ी खुगर खुश्क शवद
तबलेः दुरूं नाफ़ए अज़ मुश्क शवद

नु:सिपेह्र

(हमारे फूलो में से कुछ ऐसे हैं कि सूखने पर भी वे कस्तूरी मृग की नाफ़ की तरह खुशबू से भरे रहते है।)

सातवी, उस तरफ अच्छे मेवों में अमरूद और अंगूर है वैसे यहाँ नही मिलते लेकिन उनके मुकाबले में खुसरो हमारे आम और केले पेश करते हुए कहते हैं कि हमारे यहाँ कुछ ऐसे मेवे हैं जो वहाँ नही होतेः–

मेवः दिगर कम निगरी कज महलश
लाची–ओ–काफ़ूर–ओ करनफुल बदलश

नु:सिपेह्र

(अगर इस मौक़े पर ये मेवे कम नज़र आते हो तो उसके बदले इलाइची, काफ़ूर और लोंग को पेश किया जा सकता है।)

आठवीं, खुरासान के बहुत से मेवे हिन्दुस्तान में पाए जाते हैं लेकिन यहाँ के मेवे वहाँ नहीं मिलतेः–

हस्तुमश आं शुद किः बसी मेव–ए–शा
हस्त ब हिंद–ओ–सू–ए–शां जी नः निशां

नु:सिपेह्र

लेक बहिंद अस्त नसीमिश दिगर
कांश दुरूं मी देहद अज़ जन्नत असर नु:सिपेहर

(लेकिन हिन्दुस्तान की ठंडी हवा की और ही बात है कि वह भीतर से जन्नत का असर रखती है।)

इस प्रकार हिन्दुस्तान खुसरो की दृष्टि में धरती का स्वर्ग है और ऐसे देश में रहना सिर्फ़ उनके लिए ही नही वरन् प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव की बात है।

खुसरो को हिन्दुस्तान की आबोहवा पर बड़ा फख्र था। क्योंकि एक तो यह जन्नत की आबोहवा से मिलती–जुलती है, दूसरे यहाँ के बाशिन्दों के लिए यह बड़ी सुहावनी और सेहत मन्द है। यह बारह महीने यहाँ की प्रकृति (नेचर) के रूप को सजाती–संवारती रहती है। हिन्दुस्तान की आबोहवा रूम, इराक, खुरासान और कधार से बहुत अच्छी है। इसकी प्रशंसा में उन्होंने एक दो नही दस दलीलें पेश की है।

पहली यह कि यहाँ की सर्दी खुरासान की सर्दी की तरह दु:ख देने वाली नही है। खुरासान में प्याज़ के छिलको की तरह दस–दस कपडे पहिनने पडते है जबकि हिन्दुस्तान में:–

शेर सिफ़त मर्द बयक तोइ कबा
गर्म चु शेरस्त गरश नीस्त अबा।

नु:सिपेहर

(मर्द (मनुष्य) शेर की तरह सिर्फ एक तोइ कबा (सर्दियों में) पहनता है मगर अबा न होने पर भी वह शेर की तरह गर्म रहता है।)

दूसरी, खुरासानी सर्दी के कारण बहरे होकर मेरी यह बात नही सुनते और इस जन्नती देश (हिन्दुस्तान) पर उसकी गर्मी के ख्याल से ताना मारते है। इस सिलसिले में अमीर खुसरो का कहना है कि.–

आन्कि: ब गर्मास्त हमान् रंजिश–ओ–बस्
लेक शवद कुश्ते: ज़े सरमा हमे: कस

नु:सिपेहर

(गर्मी में कुछ तकलीफ़ ज़रूर होती है मगर (वहाँ खुरासान में तो) सभी लोग सर्दी से मर जाते हैं।)

तीसरी, यहाँ सर्द हवा के डर से गरीबों को सर्दी से बचाव के सामान की ज्यादह ज़रुरत नहीं रहती। हिन्दू गडरिया एक पुरानी चादर में अपने छोटे गधे के साथ चारागाह में रात गुज़ार लेता है और:–

बर लब-ए-जू जे आब-ए-खुनुक बरहमनां
गुस्ल कुनंद आख़िर-ए-शब ग़ोते: जनां

नु:सिपेहर

(रात के पिछले पहर ब्राह्मण नदी के किनारे डुबकी लगा–लगा कर नहाते हैं।)

वहाँ के वातावरण और हवा का यह असर पड़ा कि जन्नत का खाया–पिया वहाँ उनको निकालना पड़ा। जब आदम हिन्दुस्तान आए तो यहाँ की वायु, सुगंध, हरियाली और शादाबी को बहुत पसन्द किया। क्योंकि उन्हें यहाँ वही ताज़गी और अनूठापन दिखाई दिया जो आसमान की जन्नत में था और क्यों न हो कि :–

हिंद हमः साल किः गुलरूई बुवद
ज़ी बुवद ओ गुल हमः खुशबूई बुवद

नुःसिपेहर

(हिन्दुस्तान सालभर फूलोंसे भरा रहता है। यह होता है और इसके फूल तरह–तरह की खुश बुओं से महकते रहते हैं।)

नै चु रय – ओ – रूम किः गुल नीस्त दरां
जुज़ दुसिः माही किः दर आयद गुज़रां

नुःसिपेहर

(रय और रूम की तरह नही कि जिन देशों में फूल दो–तीन महीने के लिए ही खिलते हैं।)

वां हमः जा सा किः गुल–ओ–लाला–ए–शा
बूइ नदारद ज़े यख–ओ–जालेः निशां

नुःसिपेहर

(और वह भी इस तरह होता है कि उनके गुलाब और लाले के फूल खुशबूदार नहीं होते। उन पर बर्फ़ और पाले के निशान होते हैं।)

छठी दलील यह है कि अहमद-ए-मुरसल (इस्लाम के पैग़म्बर) ने कहा है कि दुनिया की नेअमते हमारे लिए नही है बल्कि यह तब जन्नत के बदले में काफिरों को मिली हैं और आदम से लेकर दीन–ए–इस्लाम तक हिन्दुस्तान कुफ्र वालों के लिए ऊँची जन्नत बना रहा है। चुनांचे मुसलमानों और काफिरों दोनों ही के औसाफ़ (गुण) की दृष्टि से हिन्दुस्तान जन्नत है।

बस बहमेः हाल ज़े खूबी–ओ–बिही
हिंद बिहिश्त अस्त बइस्बात रही नुःसिपेहर

(बस हर हाल में अपनी खूबियों और गुणों के कारण हिन्दुस्तान सचमुच जन्नत बना रहा।)

हिन्दुस्तान को स्वर्ग प्रमाणित करने के संबंध में खुसरो के पास आखरी, पक्की और भरपूर दलील यह है कि मुसलमान हिन्दुस्तान में सच्चाई के साथ है और जब तक उसके जिस्म में ज़रा सी भी जान बाक़ी है तब तक दुनिया उसके लिए अपनी अच्छी और ज्यादह खूबियों के होते हुए भी एक क़ैदखानाही है। मगर हिन्दुस्तान की बात दुनिया से निराली है।) क्योंकि :–

ख़ुसरो का कहना है कि अगर हिन्दुस्तान को जन्नत या स्वर्ग मानने में सन्देह है तो मेरी तीसरी लील आसमान के बाग़ (जन्नत) से मोर और सफ़ी (आदम) के साथ साँप का यहाँ आना है। यह हीं और जाता तो बुरा होता। यहाँ आने के बाद उसे अपनी फ़िरदौसी मंजिल मिल जाती है :–

गर वतन अज़ हिंद शुदी हासिल–ए–ऊ
बाज़ ब फ़िरदौस शुदी मंजिल–ए–ऊ

नु:सिपेहर

(अगर हिन्दुस्तान उसका वतन हो जाए तो वह गोया दुबारा जन्नत का मकीं (रहने वाला) न जाएगा।)

चौथा कारण यह है कि जब हज़रत आदम ने हिन्दुस्तान के बाहर अपना क़दम रखा तो हव्वा ी जुदाई से वे बहुत परेशान हुए। अपने इस नये सफ़र में दो–तीन दिन के बाद शाम पहुँच गए गैर दमिश्क के रेगिस्तान में अपना जन्नत का खाया–पिया निकाल दिया जिसका तल (टीला) बन या। जन्नत में और खुद हिन्दुस्तान में उन्होंने ऐसा नही किया :–

गरचे: कि: आ नेअमत – ए – फ़िरदौस बुदश
दर ज़मीन – ए – हिंद निशानद न शुदश

नु.सिपेहर

(अगरचे : जन्नत की नेअमत उनके साथ थी लेकिन उन्होंने उसे हिन्दुस्तान की जमीन पर नहीं नकाला।)

बुर्द गुमां कानस्त मगर खुल्द – ए – दिगर
बद बुवद इन्जा जे चुनां माये: असर

नु.सिपेहर

(उनको यह ख्याल हुआ कि वह दूसरी जन्नत है इसलिए ऐसी चीज को यहाँ बाहर निकालना ुरी बात होगी।)

गर न बहिश्त अस्त हमः हिंद चिरा
दर हदश आ बार नयुफ़ताद रवा

नु:सिपेहर

(अगर हिन्दुस्तान जन्नत न होता तो उन्होंने इसकी हदों में इस बोझ को उतारना क्यों नासिब न समझा होता।)

पाँचवी दलील के संबंध में खुसरो ने लिखा है कि मुल्क–ए–शाम का नगर दमिश्क खुशहाली गैर जलवायु की दृष्टि से यद्यपि जमीन पर जन्नत का एक नमूना मालूम होता है लेकिन आदमा अपनी अक़ल से यह महसूस किया कि इसमें जन्नत की पूरी कैफ़ियत नहीं है।

यह बड़े महत्व की बात है कि इस मुसलमान हिन्दुस्तानी तुर्क ने बड़ी हिम्मत के साथ डं की चोट पर हिन्दुस्तान को दुनिया के दूसरे देशों (रूम, इराक, ख़ुरासान, क़ंधार आदि) पर तरजी दी है और इस मुल्क को धरती का स्वर्ग कहकर अपनी भारतीयता को दिल से सराहा है :–

किश्वर–ए–हिंद अस्त बहिश्ती ब ज़मी

नु:सिपेहर

(हिन्दुस्तान का मुल्क इस दुनिया में जन्नत है।)

बहिश्त–ए–फ़र्ज़ कुन हिन्दोस्तांरा
कज़ आन्जा निसबत अस्त ईंबोस्तारा

दवल रानी खिज़र खां

(हिन्दुस्तान को एक बहिश्त मान लो क्यों कि उस जगह (जन्नत) से इस बाग़ का संबंध है।

हिन्दुस्तान धरती का स्वर्ग क्यों है? अमीर ख़ुसरो ने अपनी रचना नु:सिपेहर में इसकी सा दलीलें पेश की हैं :–

पहला कारण यहाँ की बेहतरीन आबोहवा है। ख़ुदा ने हज़रत आदम को उनका कहना मानने की सज़ा में ख़ुरासान, अरब या चीन न भेज कर हिन्दुस्तान ही भेजा क्योंकि स्वर्ग में रह ले के बाद वे इन मुल्को की गर्मी और ठंडक बर्दास्त नही कर सकते थे :–

गश्त मुहक्क़क़ बचुनी वस्फ़–ए–मतीं
की हम: हिन्दस्त चु फ़िरदौस–ए–मही

नु:सिपेहर

(इस वज़नी दलील से यह साबित हो जाता है कि सारा हिन्दुस्तान एक बड़ी जन्नत की मिसा है।)

हिंद चू अज़ ख़ुल्दनिशां बूद दरु
ज़े–अम्र–ए–ख़ुदा यश क़दम आसूद दरू

नु:सिपेहर

(चूँकि हिन्द अपने अन्दर जन्नत की ख़ूबियां रखता था इसलिए ख़ुदाके हुक्म से उसने (आदम ने) अपने कदम यहाँ टिका दिए।)

दूसरा कारण इस देश में स्वर्गीय पक्षी मोर का पाया जाना है :–

गर न बहिश्त अस्त हमीं हिंद चिरा
अज़ पए ताऊस–ए–जिनां गश्त सरा

नु:सिपेहर

(अगर यह बहिश्त नहीं है तो जन्नत के मोर के लिए यह सराय क्यों बनता?)

अमीर खुसरो का हिन्दुस्तान

डॉ. जमीला अली जाफ़री

अमीर खुसरो मुसलमान तुर्क होते हुए भी दिल से पक्के हिन्दुस्तानी थे। उन्हें हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तान की संस्कृति से गहरा लगाव था। उन्होंने हिन्दुस्तान में जो कुछ देखा, परखा, पाया और भोगा वह सब उन्हें बहुत ही अच्छा लगा। इसकी बानगी उनके फ़ारसी और हिन्दी साहित्य में मिलती है जहाँ उन्होंने जी खोलकर हिन्दुस्तान की प्रत्येक वस्तु, यहाँ की प्रकृति, जलवायु, मनुष्य और उनके जीवन की प्रशंसा की है। अमीर खुसरो पटियाली (मोमिनपुर या मोमिनाबाद) जिला एटा में पैदा हुए थे। उनके पिता अमीर सैफुद्दीन महमूद तुर्क और उनकी माता हिन्दुस्तानी घराने से संबंधित थी। हिन्दुस्तान उनकी जन्मभूमि थी, यही वे परवान चढ़े, यही उनके हृदय के कवि दार्शनिक और संगीतकार ने आहिस्ता-आहिस्ता लोगो के दिलो दिमाग़ पर हुकूमत करने की ताक़त पैदा की, यही अपने पीर ख्वाजा, निज़ामुद्दीन औलिया के क़दमो में जगह और हमेशा-हमेशा की राहत पाई। चुनाँचे उनकी अपने इस वतन से गहरा लगाव था :-

आनस्त यकीं की ज़मीं अज़ दौर-ए-ज़मन
हस्त मरा मौलद-ओ-मावा-ओ-वतन

नुःसिपेहर

(मुझे यक़ीन है कि यह ज़मीन ज़माने के लिहाज़ से मेरा जन्म स्थान, परवान चढने की जगह और वतन है।)

और खुसरो की नज़र में यह लगाव दुनिया में इन्सानियत की बुनियाद है, अच्छे नागरिक की पहचान है, धर्म का जरूरी हिस्सा है, फिर रसूलिल्लाह की हदीस भी है :-

बी ज़े रसूल आमदेः किः ज़ूमर-ए-दी
हुब्ब-ए-वतन हस्त ज़े ईमा बः यक़ीं

नुःसिपेहर

(दीन के सिलसिले में रसूल ने यह कहा है कि वतन की मुहब्बत यक़ीनन ईमान का हिस्सा है।)

इसलिए वतन की मुहब्बत खुसरो के लिए भी ईमान का हिस्सा बन गई।

जाँ सबब-ए-खोर्स बर असहाब-ए-यक़ी
हिन्द तवाँगुफ्त कि खुल्दस्त बरीं।

याने अज्ञात स्वर्ग की अपेक्षा (भारत के) प्रत्यक्ष सुख के कारण जमीं जिन्दा है भारत पर स्वर्ग का बहुत प्रभाव पड़ा है। इसी लिए ज्ञानी लोग हिन्दुस्तान को भूस्वर्ग मानते हैं।

इस के अलावा अमीर खुसरो ने भारत की बोली को, चाहे उसे खड़ी कहें, अवधी कहें या व्रजभाषा, अपने कृतित्व से इतना बढ़ावा दिया कि उन को हिन्दी के आदि कवि मानना अतिशयोक्तिपूर्ण नही होगा। अमीर खुसरो की हिन्दी भाषा को देन उन की हिन्दी कृतित्व की गभीरता नहीं है बल्कि वह यह बात है कि भारत के विजेता तुर्कों की राजभाषा फारसी का ही पक्ष न लेते हुए उन्होने भारत की जनता की उपेक्षित बोली की ओर भी ध्यान दिया और उस को साहित्यभाषा कहलाने का अवसर दिया।

कई हजार साल पहले ईरान में जो भाषा थी–जिस को जन्द कहते हैं वैसी ही भाषा संस्कृत भारत में आई जिस को गीर्वाण या संस्कृत कहते है। सात सौ साल पहले अमीर खुसरो ने इरान का जैसा साहित्य भी इरान की फारसी भाषा में इस देश में निर्माण किया और इस तरह भारत ईरान सबन्ध वृद्धिगत हुआ।

अमीर खुसरो यद्यपि बड़े धार्मिक प्रवृत्ति के मुसलमान थे फिर भी उनका दृष्टिकोण विशाल मानवतावाद और हिन्दुमुस्लिम समन्वय के पक्ष में था। मध्य युगीन भारत में, प्रान्तीयता भाषा आदि भेदों को भुलाकर भारतीयता अपनाने का उपदेश करनेवाले अमीर खुसरो ने भारत को चिर ऋणी बना दिया है ।

हिन्द हमीं कायदा दारद बसुखन
हिन्दुई बुद अस्त दर अय्याम–ए–कुहन
सिन्दी ओ लाहोरी ओ कश्मरी ओ कबर
दोर समुदरी, ओ तिलंगी ओ गुजर
माअबरी ओ गौड़ी ओ बगाली, अवद
देहली ओ पैरामनिश हमा अन्द
ईं हमअ हिन्दवीस्त कि अज़ अय्याम–ए–कुहन
आमा ब कार अस्त व हर गुना सुखन (नुह सिपहर
४९–७१–७२–७३)

(प्राचीन काल से भारतीय सांस्कृतिक एकात्मता बनी आयी है। सिन्धी, पंजाबी, कश्मीरी, कन्नड (द्वारसमुद्र की भाषा) तिलंगी, गुजराती, उरिया (माबर,) गौडी, बंगाली, अवधी यह सब भाषाएँ हिन्दवी (अखिल भारतीय) ही हैं और अखिल भारतीय एकात्मका की परिचायक हैं।

आधार ग्रंथ

१. Life and works of Amir Khushrau : Dr. Wahid Mirza, Idara-e-Adabiyat-e-Dehli
२. शेर उल अजम : मौलाना शिबली
३. राष्ट्रवाणी, अमीर खुसरो विशेषांक : महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा.
४. नुह सिपहर : अमीर खुसरो

१ दिल्ली की प्रशंसा :

हज़रते देहली कनफ–ए–दीन ओ दाद
जन्नत–ए–अदनस्त कि आबाद बाद
गर शिनवद किस्सा–ए–ईं बोसताँ
मक्का शवद तायफा–ए–हिन्दोसताँ

[महामहिम दिल्ली न्याय और नीति (धर्म) का निवास है। यह अदन का स्वर्ग है! दिल्ली आबाद हो। यदि धर्मकेन्द्र मक्का को यह किस्सा (दिल्ली का) मालूम हुआ तो वह भी आदरभाव से दिल्ली की परिक्रमा करने लगेगा।]

दिल्लीवाले :

मर्दुम–ए–ऊ–जुम्ला फरिश्ता सिरिश्त खुर्शदिल व खुश खुए
चूँ अहल–ए–बहिश्त

[दिल्ली के लोग देवदूतो के समान सुस्वभावी होते हैं और स्वर्गीय जनता के समान वे खुश और अच्छी आदतोवाले हैं]

दिल्ली की आबोहवा

हर कि दर ईं मुल्क दम–ए–आब खूरद
गश्त दिल अज़ आबे खुरासानिश रफ्त.

(जिसने दिल्लीका पानी पिया है वह खुरासान की नदी का पानी भी भूल जायेगा।)

भारत की भाषा

गलत कर्दम गर अज दानिश ज़नी दम
न लफ्ज़ हिन्दीस्त अज पारसी कम

[भारत की भाषा (हिन्दी-संस्कृत) फारसी से कम समझना ग़लत है।]

भारत की विद्या

हिकमतो दानाई व इल्मो हुनर व आँचि दर हिन्द अस्त
मानीस्त दिगर

[अक्ल, अक्लमन्दी, विद्या और कला इन बातों में भारत एक विशेष स्थान रखता है]

भारतकी श्रेष्ठता : वैसे पुरातन काल से ही भारत के प्रति मुसलमानों को श्रद्धा रही है। खुद हज़रत मुहम्मद ने भी हिन्दुस्तान के बारे में गौरवान्वित उल्लेख किया है: "मुझे हिन्दुस्तान से सुगंध आती है." कवि इक़बाल ने भी इस बात को दोहराया हैं "मीर–ए–अरब को आई ठंडी हवा जहाँ से।" इस के अलावा मुसलमानो का यह खयाल है कि जब हज़रत आदम को स्वर्ग से निकाला गया तो वे भारत में ही उतरे। सरंदीब (श्री लंका) में उन का पदचिह्न होने का दावा किया जाता है। इसी परंपरागत आदर भाव से प्रभावित होकर खुसरो ने भी हिन्दुस्तान को भू स्वर्ग (खुल्दे बरीं) ही कहा है और अपनी श्रद्धा इस प्रकार प्रकट की है :–

गर्चे बर निसबते फिर्दोसे निहाँ
बा हमा लुत्फश चुं जिन्दास्त जहाँ
लेक ब हिन्दस्त नसीमश दिगर
कानिश दरूँ मीदिहद अज़ जन्नत असर

२ मतला उल अनवर : (स. १२९८ ई.)	निजामी "पजगंज" का जवाब देनेकी कोशिश में उस के "मख़ज़न उल असरार" की बराबरी करनेवाली मसनवी।
३ शीरीं ख़ुसरो : (स. १२९८ई.)	
४ आईना–ए–इस्कंदरी : (स. १२९९ ई.)	निजामी के सिकंदर नामे का जवाब है।
५ लैला मजनूं (उ. १२९८ ई.)	
६ हश्त बहिश्त : (स. १३०१ ई)	निजामी के हफ़्त पैकर का जवाब है।
७ ताज उलकुतूह : (१२९० ई)	
८ नुह सिपहर (१३१७)	कुत्बुद्दीन मुबारक शाह खिलजी के दक्षिणापथ अभियान पर लिखी गई मसनवी। इस की विशेषता यह है कि दिल्ली की सल्तनत के इतिहास तथा दक्खन के इतिहास का यह एक स्त्रोत है और भारत भारतीयो तथा भारतीय राष्ट्रवाद के संबम्ध में इस में काफी कविताएँ समाविष्ट हैं।
९ देवल रानी (स. १३१५ ई.)	खिजरखाँ (सुलतान अलाउद्दीन का बेटा), और गुजरात की राजकन्या देवलरानी की इश्क़ की मसनवी ।

अन्य कृतियाँ।

१ अफ़ज़ल–उल–फवाइद :	ख्वजा निजामुद्दीन अवलिया की वाणी है।
२ एजाज़ेल ख़ुसरवी : (१३१७ ई.)	यह गद्य ग्रन्थ है और इसमें प्रबन्ध लिखने के नियम पाये जाते है।
३ तुग़लक नामा :	गियासुद्दीन तुग़लक़ की विजय यात्रा।
४ ख़ज़ाइन उल फ़ुतूह :	सुलतान अलाउद्दीन खिलजी की दिग्विजय ।

ख़ुसरो की भारतीयता

इन कृतियों के अलावा, जिन को ख़ुसरो ने राजाश्रय के कारण ग्रथित किया, उन्होंने अपने भारत प्रेम से और खास तौर पर जनता की बोली के प्रेम से जो साहित्य निर्मित किया उस से विदेश में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी। अपनी फारसी मसनवियों में उन्होंने दिल्ली के वैभव का, भारत के सुन्दर फलफूलो और प्राणीयों (flora and fauna) का वसन्त और अन्य ऋतुओं का और भारतीय जनजीवन के त्योहारों और अनुभूतियो का यथार्थ वर्णन किया है। देश विदेशों में भारत के प्रति आदर तथा प्रेम की भावनाओं का फारसी काव्य द्वारा प्रसार अमीर ख़ुसरों ने ही किया । उन कथनों के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं।

गज़ल में उन्होंने सादी शीराजी का अनुकरण किया। नीतिपर काव्य में सिलाई और खाकानी के अनुयायी थे। कसीदों में उन्होंने कोई खास कारनामा नही छोड़ा है पर उसमें भी रजीउद्दीन नीशापूरी का मुरीद होना मानते हैं।

इस का अर्थ यह नही कि उन्होंने बड़े कवियों के ऋण से अपना हाट सजाया। कई नये विचार, नयी उपमाएँ और अभिव्यक्ति का लालित्य उन के कलाम में जाबजा देखा जा सकता है :

"राज़-ए-खून आलू द-ए-ख्वीश ऐ दिल मनिह् बा मन बरून
कीं वरक खाम अस्त हर्फ अज़ वे बरून ख्वाहद गुजिश्त"

(अय दिल अपना भेद मुझ से न कह क्यो कि यह कागज़ कच्चा है। इस में अक्षर फूट निकलेगा)

"न रवद मह बर ओज दर शब-ए-तार ताज़ ज़ुल्फे तो नर्दबान न बरद"

[जब तक तेरी ज़ुल्फोकी सीढ़ी नही पाएगा चाँद अंधेरी रात में आसमान में बहुत ऊँचाई पर नहीं पहुँचेगा]

अमीर खुसरौ का कृतित्व।

कविचरित्रकार (फारसी) यो तो कहते हैं कि खुसरौने पाँच लाख शैर कहे है—शायद ये पंक्तियाँ (बैत) हों। बहर हाल एक बात तो स्पष्ट है कि खुसरौ, जो केवल शायरी का ही पेशा नहीं करता था बल्कि, सिपाहिगरी, राजनीति और गुरूसेवा में भी घंटों व्यस्त रहता था, इतनी असंख्य कविताएँ लिख सका तो वह एक असामान्य पुरुष था। उन की प्रसिद्ध कृतियाँ इस तरह हैं :

दीवान (काव्य संग्रह)

१ **दीवान तोहफतुस्सगर :**	यह अमीर का पहला दीवान है जो उसने अपनी उम्र के सोहलवें बरस से १९ बरस की अवस्था तक के काल में मुरत्तब किया।
२ **दीवान–ए–वसतुल हयात :**	अपनी २० साल की उम्र से ३४ बरस की अवस्था तक के साल में इसकी रचना की। इस में मुहम्मद (खाँ शहीद) वग़ैरह के क़सीदे है।
३ **ग़ुर्रतुल कमाल :**	अपने भाई अलाउद्दीन अली के अनुरोध से लिखित।
४ **बक़िया नुक़िया :**	यह उसकी वृद्धावस्था की रचना है जिसमें अलाउद्दीन खिलजी का मर्सिया (शोक गीत) भी मौजूद है।
५ **निहायतुल कमाल :**	यह खुसरौ के अन्त्यकालकी कृति है क्यों कि उस मे स. ७२५ हि. (स. १३२४) का भी उल्लेख है जो खुसरो की मृत्युतिथि भी है।

२ मसनवियाँ।

१ **क़िरानुस्सादैन :**	यह पहली मसनवी है, जो उसने स. ६८८ हि. (१२८८ ई.) में लिखी। इससे पितापुत्र (कैकुबाद और बुगरा खाँ) की लड़ाई और सुलह का वर्णन है।

कसीदों (भाट गीत) के पुरस्कार के रूप में उन को कुत्बुद्दीन खिलजीने एक हाथी के वज़न के बराबर रुपये दिये थे, फिर भी वे प्रकृति से भक्त और प्रेमपुजारी थे। सूफी दर्शन मे वे डूबे रहते थे और उन के समय के दिल्ली के बड़े सूफी ख्वाजा निजामुद्दीन के वे प्रिय शिष्य थे। उन का आपस में इतना पारस्पारिक आकर्षण था कि ख्वाजा साहब ने अपने वसीयत नामे में लिखा था कि खुसरौ की कब्र भी अपनी क़ब्र के पास में हो। उसी तरह वे कहा करते थे कि अगर मुझ से कयामत के दिन सवाल किया जाय कि मै साथ में क्या लाया हूँ तो मै कहूँगा कि खुसरो को लाया हूँ। दुआ भी यही माँगते थे कि अल्लाह इस जुल्मी प्रियतम को मुझे दे ड़ाल" (इलाही ब सोज़-ए-सीन ए ईं तुर्क मरा बिबख्श)

इश्क के बारे में भी बहुतेरे किस्से सुनाये जाते है। फारसी का एक और मशहूर शायर हसन देहलवी उन का बड़ा चहीता था। हालाँ कि उन का प्रेम दार्शनिक या सूफियाना ढग का था फिर भी उनके आपसी रिश्ते की कटु आलोचना की जाती थी और मुहम्मद, मुलतान के राज्यपाल, से इस के बारे मे शिकायत की थी। एक रिवायत यह भी है कि जब मुहम्मद, ने उन दोनो को अलग किया और हसन के हाथ पर कोड़े लगवाये तो थोडी देर बाद जब अमीर उन से मिले तो उन की ~

ऐसी रिवायतें
सकता है कि ईरानी स
पर हूब हू उतरे। फार
(हिन्दी पपीहा) के नाम

उर्फी बख्ह्-ए-खुसरू अज इं पारसी शकर दादम
कि काम-ए-तूती-ए-हिन्दुस्तान शवद शीरीं।

(मैंने खुसरौ की आत्मा को इस लिए फारसी की शकर दी ता कि उन का कंठ मधुर हो)

ख्वाजा हाफिज :

शकर शिकन शवद हमा तोतियान-ए-हिन्द
जीं कन्द पारसी कि ब बंगाला रवद

(हिन्द के सभी तोते शकर तोड़ते है और हमारी फारसी भाषा अब बंगाल तक पहुँच चुकी है।)

अमीर खुसरौ जन्मत: काव्य-गुणो की संपत्ति अपने साथ लाये थे। न उनके खानदान में कोई शायर था न हिन्दुस्तान में दूसरा कोई बड़ा शायर था जिसका वे मुरीद (शिष्य) बन सकते। गुरु की कमी को उन्हो ने फारसी के बड़े बड़े कवियो के दीवान पढ़कर दूर किया और उन की जैसी कृतियाँ करने में प्रवीण हुये। उन्होने स्वयं कहा है कि उन्हो ने निजामी से प्रेरणा लेकर "लैला मजनूँ" मसनवी लिखी :

"जिन्दा अस्त न मानी उस्तादम
दरीं स्त मनश हयात दादम्"

लेकिन खुसरौ को अपने आश्रयदाता छज्जू खाँ की नज़र से गिराया एक मामूली बात ने। शाहज़ादा बुग़रा खाँ (गियासुद्दीन बल्बन का बेटा) खुसरौ के शेर सुनकर बहुत खुश हुआ और उन्हे थाली भरकर रुपये दिये। अपना आश्रित दूसरोंका अहसान उठाए यह बात छज्जू को बहुत बुरी लगी और यह फाँस उस के दिल से कभी न निकली। इस लिए खुसरौ को बुग़रा खाँ के आश्रय में जाना पड़ा और जब बुग़रा बगाल के प्रशासक बने तो उनका भी वास बगाल में हुआ। खुसरौ को बंगाल नही भाया इस लिए वे दिल्ली लौट आए। मुहम्मद का आन जो सुलतान गिससुद्दीन का बडा बेटा था, खुसरौ को अपने साथ मुलतान ले गया जहाँ वह हाकिम था। लेकिन इन ही दिनों में ईरान के सुलतान अरगूखा (हुलागू के पोते) का एक सरदार तैमूर खाँ हिन्दुस्तान पर हमले करने लगा था और मुहम्मद को कत्ल करके खुसरौ को बलख ले गया (स. २२८४ ई.) कुछ दो साल के पश्चात् जब तातारियों की क़ैद से मुक्ति प्राप्त करके खुसरौ दिल्ली लौटे तो उन्होंने दरबार में वह शोकगीत (मर्सिया) पढ़कर सुनाया जो उन्होंने मुहम्मद की मृत्युपर लिखा था। उस का प्रभाव गियासउद्दीन पर इतना जबरदस्त हुआ कि उस को शोक के कारण बुखार आया और उसीसे उसका इन्तिकाल हुआ। गियासउद्दीन के पश्चात् दिल्ली के तख्त पर बुग़रा खाँ का बेटा कैक़ुबाद बैठा मगर उस की अय्याशी उस बाप-बुग़रा को, जो बंगाल का हाकिम था पसंद नही आयी इस लिये वह दिल्ली की और रवाना हुआ। क़ैकुबाव ने भी लडाई की तैय्यारी की और बापसे लड़ना चाहा। लेकिन लडाई के बदले बापबेटे के बीच सुलह हुई। इसी घटना का हाल खुसरौ की मशहूर मसनबीं "क़िरान–उस्सादैत (पितापुत्रो का प्रीति संगम) में बयान किया है और इसी मसनबी से उनकी शोहरत को चार चाँद लगे।

खुसरौ "अमीर" बने।

दिल्ली के तख्त में जो भी इनकिलाबात हुए उन के साथ साथ खुसरौ के सितारे भी बुलन्द होते गये। कैकुबाद की मृत्युपर (सन् १२९० ई०) उस का ना बालिग बेटा शम्सुद्दीन कैकावस गद्दी पर आया मगर तीन महीनों के अंदर दरबार के उमरा ने उसे तख्त से उतार कर क़ैद कर दिया। शाही खानदान से कोई भी सिंहासन का दावेदार नही रहा। इस मौके का फाइदा उठाते हुये तुर्की उमरा के प्रमुख मलिक फिरोज़ शाइस्ता खाँ खिलजी, जिस की उम्र ७० बरस की थी, तख्त पर बैठा और जलालुद्दीन खिलजी के नाम से मशहूर हुआ। वह बडा समर्थ प्रशासक था और साथ साथ साहित्य में भी अनुरक्त था और रंगीन तबीयत रखता था। उसने खुसरौ को अपना नदीम (साथी) बना लिया और जामा और कमरबन्द, जो केवल अमीर लोगो को दिया जाता है, खुसरौ को दिया। तब से वह "अमीर" कहलाने लगे। अमीर, खिलजी खानदान के सभी सुलतानो के दरबार का राजकवि था और उस की मशहूर मसनवियाँ इनही सुलतानों के कारनामों का वर्णन करती है यानी उन्होंने जलालुद्दीन की विजय यात्रा "ताज उल फुतूह" में अंकित की है; अलाउद्दीन खिलजी की दिग्विजय उस की मसनवी "खजाइन उल फुतूह" की कथावस्तु है और आखरी खिलजीं सुलतान कुतुबुद्दीन के, जो कि एक आराम पसंद सुलतान था, बड़े कारनामे न होने पर भी उस की स्तुति में "नुसिपहर" लिखी।

अमीर खुसरौ के काव्यगुण

अमीर केवल सुलतानों को खुश करने के लिए कविताएँ नहीं कहते थे। यद्यपि उन के

हर मूए कि बरून ज़ुल्फे आँ सनम अस्त
सद बैज़ा अंबरीं बर आँ मूए सनम अस्त
चुं तीर बियाँ रास दिलश रा ज़ीराकि
चुं खरबूज़ा दँदानश दरूनेशिकम अस्त

(हर वह बाल जो प्रियतम के ज़ुल्फो में शामिल है सैकडो अबरी दानों के कारण महक रहा है। तू उस बाल को दिल को चीर कर जानेवाला तीर समझ ले क्यों कि तरबुज़े की तरह उस के दाँत उस के पेट के अँदर होते है।)

यद्यपि यह शैर अमीर खुसरौ के कलापूर्ण पद्यो में से नही है फिर भी उस से यह साबित होता है कि छोटी उम्र में भी वे मैआरी शेर बरजुस्ता कह सकते थे। निश्चय ही उन की परीक्षा लेनेवाले विद्वान को लगा होगा कि यह बच्चा आगे चल कर कविकुलगुरु अथवा शामर–ए–आज़म बनेगा।

"होनहार बिरवान के होत चीकने पात।"

शैर कहने के अलावा हाजिर जवाबी मे भी वे निपुण थे। उन के परीक्षक ख्वाजा अज़ीज़ुद्दिन ने जब उन से उन के [illegible]
"लाचीन" बताया
क्या तुम्हें तुर्क कह
(निर्दोष तुर्क हूँ)।
सलाह दी कि ने अ
में उनका तखल्लुस

खुसरौ का भाषाज्ञान भी काफ़ी था। अपनी मादरी जबान तुर्की के अलावा, फारसी अरबी और सस्कृत मे भी उन्होने शिक्षा प्राप्त की थी।

शाही दरबार से संबंध

खुसरौ जब युवावस्था को पहुँचे उस समय सुलतान गियासउद्दीन बलबन दिल्ली का बादशाह था और उस के दरबार के बारबक (दारोगा) कतलूखाँ (छज्जूखाँ) थे जिन का विद्या प्रेम असीम था और वे बडे फय्याज़ भी थे। खुसरौ को शाही दरबार मे रसाई उन के द्वारा प्राप्त हुई इस लिए वे छज्जू खाँ का उल्लेख बड़ीं कृतज्ञता से करते हैं :

बूद पिनहाँ आफताग आँदम कि सुबद
हमदमी बा बाद–ए–अंबर–बू नमूह
सुबहरा गुफतम कि खुरशीद कुजास्त
आसमाँ रूए मलिक छज्जू नमूद
(जब सुबह हुई तो हवा अबर की सुगंध
फैला रही थी मगर सूर्य छिपा हुआ था
जब मैं ने सुबह से पूछा कि
सूर्य कहाँ है तो आसमाँने मलिक
अंबर की ओर सकेत किया)

(गजनी) से ही हिन्दुस्तानी प्रदेश का प्रशासन करता रहा। भारत के मुसलमानी राज्य की राजधानी बनने का अवसर दिल्ली को सही मानों में अलाउद्दीन खिलजी (स. १२९६–१३१६) के काल में प्राप्त हुआ। इसी के साथ साथ फारसी को राजभाषा बनने का भी अवसर मिला। अमीर खुस्रौ अपनी वफात (१३२४–२५ स. ई.) तक बलबन से लेकर गियासुद्दीन खिलजी के राज्य काल में शाही दरबार का महाकवि रहा। केवल अपने ही जीवनकाल में अमीर खुस्रौने भारत में फारसी भाषा का स्थान सुलतानों और सरदारो की बोली से ऊँचा करके दिल्ली को शिराज, नीशापूर, तूस, गजा जैसे ईरान के फारसी साहित्य के मशहूर मरकजो का दर्जा दिलवाया। यह कोई मामूली कारनामा नही है। ईरान में फारसी भाषा कई सदियो पहले राजभाषा बन-चुकी थी और फिर्दौसी तूसी, निजामी गजवी, सादी जैसे महाकवियो ने उसमे जागतिक महत्व का साहित्य निर्माण किया था। ईरान से हज़ारो मील की दूरी पर हिन्दुस्तान में उतने ही ऊँचे दर्जे का साहित्य निर्माण करना अमीर खुस्रौ के असामान्य साहित्य गुणो का परिचायक है। इन खूबियो की एक और दलील यह भी है कि उन्होने मशहूर फारसी शायर निज़ामी गंजवी के कृतित्व "पजगंज" (पंचधन) (यानी मखजन-उल-असरार, लैलामजनू, खुसरौशीरी, हत्फ पैकर और सिकंदरनामा) के जवाब मे अपने भी पाँच महाकाव्य-प्रस्तुत किये। उनकी सृजन क्षमता भी इतनी ज़बरदस्त थी कि अपनी ७१ साल की आयु में उन्होने करीब ५ लाख श्लोक लिखे। मिर्जा बयसुंकुरने बहुत कोशिश करके उन मे से १२०,००० श्लोको का पता लगाया। लेकिन उस के बाद भी जब कुछ २००० गज़लो का पता चला तो उन्होंने अमीर खुस्रौ का समग्र वाङमय खोजना बहुत मुश्किल समझकर अपना प्रयत्न छोड़ दिया।

अमीर खुस्रौ की जीवनी

खुसरौ एटा ज़िले के पतियाली गाँव में सन् १२५४ मे पैदा हुए। उन के पिता सैफुद्दीन महमूद, लाचीन तुर्क थे और तुर्कस्तान के रहनेवाले थे। जब चगेजखाँ के (१३ वी सदी) हमले बल्ख पर शुरू हुये तो सैफुद्दीन हिन्दुस्तान को भाग आये और सुलतान मुहम्मद तुगलक[१] के दरबार में एक बड़े ओहदे पर नियुक्त हुए। लेकिन हिन्दुओ के साथ लड़ते हुये काम आये (शेरउल अजम हिस्सा २ पृ. ९६) उनके तीन बेटे थे, ऐजुद्दीन, हिसामुद्दीन और अमीर खुस्रो। पिता की मृत्यु के समय उनकी आयु ७ वर्ष की थी।

शिक्षा

सैफुद्दीन ने अपने तीसरे बेटे-अमीर खुस्रौ की तालीम का अच्छा इंतिजाम किया था। उनकी लिखावट सुदर हो इस लिये उन्हाने मौलाना सादुद्दीन खतात को मुकर्रर किया था मगर उनको अक्षरों से अधिक कविताओं की धुन रहती थी। छोटी उम्र में भी शेर कहने की उन की कुशलता देखकर बड़े बड़े उस्ताद हैरान हो जाते थें। एक दफा ख्वाजा अज़ीजुद्दीनने, जो उन दिनों नामवर शायर थे उन की परीक्षा लेने की ग़रज़ चार असम्बद्ध शब्दों का नाम लिया और अमीर खुस्रौ से कहा कि वे उन पर एक कविता बनाएँ। ये शब्द थे, मू (बाल) बैज़ा (अंडा) तीर और खरबूजा। अमीर खुस्रौने झट शेर कह डाला:

(१) इतिहास की दृष्टि से यह कथन (फिरिश्ता और दौलत शाह) का ठीक नहीं मालूम होता. यह सुलतान मुहम्मद शहीद (शहीद शाह) होगा।

अमीर खुस्रौ-मध्ययुगीन भारत का उद्गाता।

गुरुनाथ दिवेकर

एककड़ी तो जजीर नहीं,
एक मुक्ता तो तस्वीर नही.
तक़दीर क़ौमो की हुआ करती है,
हर शख़्स की तकदीर तकर्दीर नही

अमीर खुस्रौ भा
एक तुर्की परिवार मे पैदा
हुए कि उनके कृतित्व में प
देश के जनजीवन का प्रग
प्रतिष्ठा प्राप्त की थी कि
को भारत में आने का न्यौत.
हुए यह भी कहा : "दर हिन्द खुस्रौ बस अस्त" यानो खुस्रौ जैसा महाकवि हिन्दुस्तान मे मौजूद हैं तो मुझे वहाँ आने की क्या जरूरत है ?" अब हिन्दुस्तान के लोकजीवन के बारे में उनकी आत्मीयता तो इतनी पक्की थी कि उन्हों ने हिन्दुस्तान को सारी दुनिया का स्वर्ग पुकार कर उस का गौरव किया:— "किश्वरे हिन्द अस्त बहिश्त जमी ।" सभी दृष्टियो से इस देश का स्थान उन के दिल और नज़रों में, ऊँचा था । ज्योतिष, गणित, आयुर्वेद, संस्कृत साहित्य, गायन और नृत्य कला इन विषयो में हिन्दुस्तान इतनी प्रगति कर गया था और उन का अध्ययन करने के लिये बाहर के मुल्कों से विद्वान यहाँ आते थे। उस के विपरीत यहाँ के विद्वानों को कोई नई विद्या प्राप्त करने के लिये अन्य देशों को जाने की आवश्यकता नहीं थी । अलबत्ता, अब्बासी खलीफाओंके समय में (सन् ७५०–१२५८ ई.) बरामकी वज़ीर याह्या बिन खालिद के बुलावे पर कई विद्वान और विशेषज्ञ विद्यादान के लिये बग़दाद गये थे। इस बात का खुसरौ को बड़ा गर्व था।

अमीर खुस्रौ की साहित्य साधना की विशेषता यह है कि उन्होंने हिन्दुस्तान को फारसी साहित्य का एक सर्वमान्य केन्द्र बना डाला । ग्यारहवीं शती तक जब कि ग़ज़नी के सुल्तान मेहमूद (मृत्यु स. १०३० ई) के भारत पर हमले शुरू हुए थे फारसी भाषा इस देश में अपरिचित थी। मेहमूद के पश्चात् जो भी तुर्क दरे-खैबर से आकर भारत के इलाक़े जीतने लगे, वे अपने साथ फारसी भाषा और संस्कृति लाये। इस तरह से अमीर खुस्रौ के काल तक फारसी भाषा फौजी और मुल्की अधिकारियो की बोली रही । दिल्ली में मुसलमानों का आधिपत्य मुहम्मद गोरी ने ११९२ में स्थापित किया मगर वह अपनी मृत्यु तक (सन् १२०६) तक अफगानिस्तान

इनाम भी दिया गया था । उसकी कथा महाभारत से ली गयी है परन्तु श्री खांडेकर की शैली ऐसी भावगर्भित और विचारप्रवर्तक है कि उन्होंने इस उपन्यास द्वारा आधुनिक काल की अनेकानेक समस्याओंका हल खोजने का प्रयास किया है । राजा ययातिने अपने बुढ़ापे में भोगविलास का जीवन व्यतीत करनेके लिए अपने बेटे पुरू से उसकी जवानी माँग ली परन्तु वह विषयासक्ति के जीवन से जल्द ही उकता गया और अपने बेटे को उसकी जवानी लौटा कर स्वयं तपस्या के लिए चला गया । इस उपन्यास की खूबी यह है कि जहाँ हिन्दुस्तान की प्राचीन परंपरा में सन्यास को सराहा गया है वहाँ खाण्डेकरजीने बताया है कि किसी आदर्श के बिना सन्यास लेना भी बुद्धिमानी का काम नहीं है ।

खांडेकरजीने स्वयं यह कहा है कि ययाति को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त होने से मराठी साहित्य का सम्मान बढ़ गया है और हम भी उनकी इस राय से पूर्णतया सहमत हैं ।

*

***

*****

****

की है । हिन्दुस्तान में क़ौमी एकता के खुसरो सबसे बड़े अलम बरदार थे । हिन्दुस्तानी जबान के लिहाज से भी खुसरो की बड़ी अहमियत है । ब्रज भाषा के उत्कर्ष के जमाने में ही उन्होंने हिन्दुस्तानी का बीज बोया जो हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी और संपर्क की भाषा बनी । उन्होंने इस जबान में शायरी की प्रारम्भिक मिसालें यादगार छोड़ दी हैं । खुसरो की पहेलियाँ मुकरनियाँ कह मुकरनियाँ हिन्दुस्तानी जबान ओ अदब का कीमती भण्डार है जो हम तक पहुँचा है ।

इस साल जागतिक स्तर पर खुसरो की सात सौवी सालगिरा मनाई गयी हिन्दुस्तान पाकिस्तान रूस और दूसरे मुल्कों में खुसरो पर सेमिनार और तकरीरो का आयोजन किया गया और मुख्तलिफ रिसालो नें "खास नम्बर" शायै किये । महात्मा गांधी मेमोरिअल रिसर्च सेटर बम्बई ने, जिस का बुनियादी मक़सद कौमी एकता और हिन्दुस्तानी जबान को तरक्की देना है न सिर्फ जरूरी समझा कि वह भी 'हिन्दुस्तानी जबान' का खुसरो नम्बर शायै करे और कौमी एकता के इस ज्ञानी को श्रद्धाजली अर्पित करे। यह नम्बर इस सिलसिले की एक कोशिश है । उर्दू और हिन्दी दोनो हिस्सो के [illegible]
नम्बर हिन्दुस्तानी जब [illegible]

भारतीय ज्ञानपीठ [illegible]
अदब को पुरस्कार देती [illegible]
नदन पत, दिनकर ओर [illegible] । इस साल यह ईनाम मराठी के ज्येष्ठ साहित्यकार वि स खाडेकर को उनकी किताब ययाति पर दिया गया । विष्णु सखाराम खाडेकर सावतवाडी, ज़िला– रत्नागिरी में सन १८९८ में पैदा हुये । वे बडे बुद्धिमान विद्यार्थी रहे किंतु अकिंचनता तथा समाज की सेवा करने की उमग से उन्होंने इटर मिजिएट में ही तालीम को खैरबाद कहा और अध्यापक की वृत्ति अपनाई । श्री खाडेकरने उपन्यास रचना में प्रवीणता प्राप्त की । महाराष्ट्र मे कोकण को लोकप्रिय बनाने में उनका बड़ा हिस्सा है । उनके मशहूर उपन्यास है" "उल्का" "दोनध्रुव" "हिरवा चाफा" "दोन मनें", और 'क्रौंचवध' जिनके भारत की प्रमुख भाषाओ में अनुवाद हो चुके है । उनमे कोकण की दरिद्र जनता के जीवन का विभिन्न सामाजिक तथा दार्शनिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है । इस के अलावा उसमें भारत के स्वाधीनता सग्राम, गान्धी जी के आन्दोलन और मार्क्सवाद के प्रभाव का भी प्रतिबिम्ब पाया जाता है ।

खाड़ेकरजी का अतिप्रसिद्ध उपन्यास "ययाति" है जिस को हाल ही में ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है । यह उपन्यास उन्होंने सन १९५९ ई० में लिखा था और उसको साहित्य अकादेमी का

अपनी बात

सूफी मत का बुनियादी उसूल एकता, रवादारी और भाईचारा है। उसकी असल कसरत में वहदत की तलाश है। मुख्तलिफ मजहब और धर्म में यकसानियत पैदा करके सारी दुनिया के इन्सानो को इनसानियत की एक कड़ीमें पिरोने की कोशिश जो सूफियों और संतों ने की है उस की मिसाल समाज के दूसरे तबको में मुश्किल ही से पाई जाती है। सूफी अगर एक तरफ खुदा के इश्क में मसरूफ है तो दूसरी तरफ खुदा के इश्क ही के रिश्ते से सारी इन्सानियत मज़हब और धर्म के झगड़ो से अलग करके एक ही इन्सान की लड़ी में पिरोता है। समाजी इसलाह में बुनियादी अहमियत इसी बात को हासिल है कि इनसान मुख्तलिफ विचार धाराओ को अपनाने के बावजूद बुनियादी तौर से एक है और खयालात और विचारों मे फर्क़ एक ही अस्ल को समझने के लिये मुख्तलिफ तरीक़े है।

हिन्दुस्तान की मज़हबी तारीख में भी वेदो और उपनिषदों ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि इनसान अस्ल के लिहाज से एक है। इस्लामी तसव्वुफ हो या भक्ति की तहरीक, दोनो का मक़सद एक है। सियासी ताक़त हासिल करने के लिये मुख्तलिफ राजाओ और बादशाहोंने इख्तिला-फात को हवा दी और सूफियों और संतो ने उसे खत्म करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि "राम" और "रहीम" का फर्क़ मज़हबी या धार्मिक नही बल्कि लिसानी और भाषा वैज्ञानिक है वरना हक़ीक़त राम और रहीम दोनो की एक है। हिन्दुस्तान को मिली जुली तहज़ीब अता करने में और मुख्तलिफ विचारो सास्कृतिक परपराओ और भाषिकी रिश्ते को मजबूत करने में सूफियो की खानकाहो से ज्यादा मदद मिली जो दिलो को जोड़ने और रवादारी और भाईचारे को आगे बढ़ाने में पेश पेश थे। हिन्दुस्तान में आज जो लिसानी और सांस्कृतिक यकसानियत है उसका सेहरा सन्तों और सूफियों, शायरों और शिल्पियों के सिर है और अमीर खुसरो इस कारवान के सिपः सालार है।

खुसरो ने अपनी ग़ज़लिया शायरी में जहाँ प्यार और प्रीति के नग़मे अलापे वहीं पर उनकी मसनवियां हिन्दुस्तान की बड़ाई और अज़मत से भरी पड़ी हैं। उन्होंने उन मसनवियो में यहां के हुस्न, यहां की ज़बान, यहां के फूल और फल और इनसानी हुस्न को हर जगह के हुस्न पर तरजीह दी है दूसरी ऐतिबार से भी उन्होंने हिन्दूमत और इस्लाम में यकसानियत तलाश करने की कोशिश

हिन्दुस्तानी ज़बान

खुसरो नम्बर

साल ७ जुलै–अक्टूबर १९७५ नम्बर ३–४

१ – अपनी बात	डॉ अब्दुस्सत्तार दलवी	ii
२ – अमीर खुसरो मध्ययुगीन भारत का उद्गाता ..	गुरुनाथ दिवेकर	१
३ – अमीर खुसरो क		
४ – अमीर खुसरो वे और काव्य कल उपलब्धियो पर		
५ – एक इतिहासकार अमीर खुसरो की अहामयत	मतु माधवराव पगडा	३३
६ – अमीर खुसरो की फारसी गजलगोई .	डॉ इस्मत जावीद	४३
७ – शेख और खुसरो एक तुलनात्मक अध्ययन .	डॉ हामिदुल्ला नदवी	६९
८ – अमीर खुसरो की वाणी में सूफीमत के रहस्य और तथ्य ...	अब्दुर्रहमान परवाज़ इसलाही	८४
९ – अमीर खुसरो कालीन भाषीक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य और उनकी हिन्दवी शायरी ...	डॉ. अब्दुस्सत्तार दलवी	९२

रजिस्ट्रेशन न आर एन १८८१८/६

महात्मा गांधी मेमोरियल रिसर्च सेन्टर, बंबई–२

❀

मकसद

१. राष्ट्र–भाषा (क़ौमी ज़बान) हिन्दुस्तानी का प्रचार करना जो सारे हिन्दुस्तान की समाजी, राजनैतिक कारोबारी और ऐसी दूसरी ज़रुरतों के लिए देश भर में काम आ सके और अलग अलग ज़बानें बोलने वाले सूबों में मेल जोल और बात-चीत की भाषा (ज़बान) बन सके।

२ हिन्दुस्तानी को देवनागरी और उर्दू दोनों लिखावटों में आम करना।

३. पुरानी हिन्दी, उर्दू, ब्रज, अवधी, गुजरी, दक्खिनी वग़ैरा ज़बानों पर रिसर्च करना और हिन्दुस्तानी की समाजी और कल्चरल ज़िन्दगी को फैलाने में मदद देना।

४ हिन्दुस्तानी (हिन्दी और उर्दू) की कलमी (हस्तलिखित) और पुरानी छपी हुई किताबों को एडिट करके छापना।

५. हिन्दुस्तानी की बुनियादी छोटी बडी डिक्शनरियाँ, ग्रामर, रिफरेन्स (हवाला) की किताबें तैयार करना और हिन्दुस्तानी में आसान किताबें छापना।

❀

सालाना १२ रुपये   खुलरो नम्बर : कीमत बीस [redacted] रुपये   विदेश के लिये ५० रु

एडीटर, प्रिन्टर, पब्लिशर डॉ. अब्दुस्सत्तार दलवीने आंतर भारती मुद्रणालय, ४२ग. द. आंबेकर मार्ग, वडाळा, बम्बई ३१ से छपवाकर महात्मा गांधी मेमोरियल रिसर्च सेन्टर, एम. जी. एम. बिल्डिंग, नेताजी सुभाष रोड, बम्बई–२ से प्रकाशित किया। मालिक : हिन्दुस्तानी प्रचार–सभा एम. जी. एम. बिल्डिंग, नेताजी सुभाष रोड, बम्बई–२ प्रिंटर : केशव एस. चौधरी निरीक्षक, आंतर भारती मुद्रणालय, वडाळा, बम्बई–३१

हिन्दुस्तानी ज़बान



हिन्दुस्तानी प्रचार सभा